काशी हिन्दू विश्वविद्यालय
BANARAS HINDU UNIVERSITY

वार्षिक प्रतिवेदन
Annual Report
2016-17

सम्पादन समिति

अध्यक्ष
प्रो. एम.एस. पाण्डेय
अंग्रेजी विभाग, कला संकाय



सदस्य सचिव
श्री पी.के. सिन्हा
उपकुलसचिव (शिक्षण)

सदस्य

प्रो. एच.बी. सिंह
पादप कार्यिकी विभाग
कृषि विज्ञान संस्थान

प्रो. राकेश सिंह
कृषि अर्थशास्त्र विभाग
कृषि विज्ञान संस्थान



प्रो. वी.एन. त्रिपाठी
हिन्दी विभाग
कला संकाय

प्रो. के. एम. पाण्डेय
अंग्रेजी विभाग
कला संकाय



प्रो. आर. एस. उपाध्याय
जन्तु विज्ञान विभाग
विज्ञान संस्थान

प्रो. ए.के. पाण्डेय
सामाज शास्त्र विभाग
समाजिक विज्ञान संकाय

डॉ. सत्यपाल शर्मा
हिन्दी विभाग
कला संकाय

डॉ. पी. दलाई
अंग्रेजी विभाग
कला संकाय

डॉ. आरती निर्मल
अंग्रेजी विभाग
कला संकाय

डॉ. संजीव सर्राफ
उप पुस्तकालय अध्यक्ष
केन्द्रीय ग्रन्थालय

श्री विचित्रसेन गुप्त
हिन्दी अधिकारी

कुलसचिव, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित।

डिजाइन, लेआउट एवं मुद्रण: **एडमैक्स एसोसिएट,** वाराणसी

संस्थापक

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

महामना पण्डित मदन मोहन मालवीय

२५.१२.१८६१ – १२.११.१९४६

(पौष कृष्ण अष्टमी, वि. सं. १९१८ – मार्गशीर्ष कृष्ण पंचमी, वि. सं. २००३)

The Founder

of the

BANARAS HINDU UNIVERSITY

Mahamana Pandit Madan Mohan Malaviya

25.12.1861 – 12.11.1946

(Paush Krishna Ashtami, V.S. 1918 – Margashirsha Krishna Panchami, V.S. 2003)

न त्वहं कामये राज्यं न स्वर्गं नाऽपुनर्भवम् ।
कामये दुःखतप्तानां प्राणिनामार्तिनाशनम् ॥

"I do not covet kingdom, neither heaven, nor Nirvana
the only desire to serve Disconsolate."

– Mahamana Malaviya

कुलगीत

मधुर मनोहर अतीव सुन्दर,
यह सर्वविद्या की राजधानी।

यह तीनों लोकों से न्यारी काशी।
सुज्ञान धर्म और सत्यराशी।।
बसी है गंगा के रम्य तट पर,
यह सर्वविद्या की राजधानी। मधुर-।।

नये नहीं है ये ईंट पत्थर।
है विश्वकर्मा का कार्य सुन्दर।।
रचे हैं विद्या के भव्य मन्दिर,
यह सर्व सृष्टि की राजधानी। मधुर-।।

यहाँ की है यह पवित्र शिक्षा।
कि सत्य पहले फिर आत्म-रक्षा।।
बिके हरिश्चन्द्र थे यहीं पर,
यह सत्यशिक्षा की राजधानी। मधुर-।।

यह वेद ईश्वर की सत्यबानी।
बने जिन्हें पढ़ के ब्रह्मज्ञानी।
थे व्यास जी ने रचे यहीं पर,
यह ब्रह्मविद्या की राजधानी। मधुर-।।

वह मुक्तिपद को दिलाने वाले।
सुधर्म पथ पर चलाने वाले।।
यहीं फले फूले बुद्ध शंकर,
यह राज ऋषियों की राजधानी। मधुर-।।

सुरम्य धारायें वरुणा अस्सी।
नहाए जिनमें कबीर, तुलसी।।
भला हो कविता का क्यों न आकर,
यह वाग् विद्या की राजधानी। मधुर-।।

विविध कला अर्थशास्त्र गायन।
गणित खनिज औषधी रसायन।।
प्रतिची-प्राची का मेल सुन्दर,
यह विश्वविद्या की राजधानी। मधुर-।।

यह मालवी की है देश भक्ति।
यह उनका साहस यह उनकी शक्ति।।
प्रकट हुई है नवीन होकर,
यह कर्मवीरों की राजधानी।

मधुर मनोहर अतीव सुन्दर,
यह सर्वविद्या की राजधानी।

Kulgeet (English Translation)

So sweet, serene, infinitely beautiful
This is the presiding centre of all learning.

Radiant Kashi, wonder of the three worlds
Treasure-Chest of Jnana, Dharma and Satya
Nestling on Ganga's bank, centre for all disciplines.
(So sweet, serene, infinitely beautiful)

No Recent work of brick and stone
Primordial design of divinity alone
Mansions of Vidya, centre for all creation.
(So sweet, serene, infinitely beautiful)

Clear here is the doctrine pure
Truth first, then only one's self
Home of Harishchandra, Truth's testing ground.
(So sweet, serene, infinitely beautiful)

The Voice of God in Vedic record
Constant Inspiration for soul-accord
Work-shop of Veda Vyasa, centre for Brahma Vidya.
(So sweet, serene, infinitely beautiful)

Find here the steps to freedom
Tread here the path of Dharma
Flaming trail Buddha's and Shankara's centre for philosopher-kings.
(So sweet, serene, infinitely beautiful)

Life-Giving waters of Varuna and Assi
Sustenance of Kabir and Tulsi
Fountainhead of eloquent speech and poetry.
(So sweet, serene, infinitely beautiful)

Music, Economics, other arts so many
Maths, Mining, Medicine and Chemistry
Fraternal forum of East and West, university in truest sense.
(So sweet, serene, infinitely beautiful)

Patriotism of Malaviyaji
His intrepidity and energy
All in youthful manifestation,
centre for men of action.

So sweet, serene, infinitely beautiful
This is the presiding centre of all learning.

Dr. SHANTI SWARUP BHATNAGAR
Eminent Scientist
who composed the BHU Kulgeet

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

BANARAS HINDU UNIVERSITY

An Institution of National Importance established by an Act of Parliament

डॉ. नीरज त्रिपाठी

कुलसचिव

Dr. Neeraj Tripathi

Registrar

VARANASI-221 005 (INDIA)

Phone : 91-542-2368558, 2307222

Fax : 91-542-2369558, 2368174

e-mail : registrar@bhu.ac.in

website : www.bhu.ac.in

नवम्बर २८, २०१६

प्रस्तावना

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की वर्ष २०१६-१७ की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए मुझे अत्यन्त प्रसन्नता हो रही है। इस रिपोर्ट में विभिन्न संस्थानों, संकायों, विभागों, स्कूलों, केन्द्रों तथा अन्य इकाईयों में संचालित शैक्षणिक, पाठ्यक्रम-सहायक एवं विकासपरक गतिविधियों का समावेश है।

एक विश्वविद्यालय के रूप में हम न केवल विविध प्रकार की शिक्षा देने जैसे महत्त्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्यों का निर्वहन कर रहे हैं अपितु, भारतीय विकास प्रक्रिया में प्रत्यक्ष तौर पर महती योगदान भी दे रहे हैं। हमारे विद्यार्थियों व शिक्षकों तथा उनके ज्ञान-पद्धति एवं व्यावहारिक ज्ञान को दुनियाँ भर में स्वीकार किया जाता है। नि:संदेह हम गुणवत्तापरक शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को समाजिक परिवर्तन के महत्वपूर्ण साधन रूप में समर्थन करते हैं। हमारे इन कार्यों से विद्या के इस महान केन्द्र ने अनेक उपलब्धियाँ अर्जित की हैं।

पूरे वर्ष हमारा ध्यान मुख्य रूप से शिक्षा और शोध में उत्कृष्टता लाना रहा है। विचारशील एवं नवप्रवर्तनकारी क्षमता युक्त विद्यार्थी तैयार करने के उद्देश्य से हमने अनेक पाठ्यक्रमों की शुरूआत की है। हमने विद्यार्थियों को जीवन हेतु रोजगार चुनने की सीख दी है न कि रोजगार हेतु जीवन। शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से राष्ट्र सेवा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को धारणीय विकास की मालवीय जी के दृष्टिकोण की सीख व समेकन, लौकिक एवं पारलौकिक दोनों तरह से ज्ञान की पिपासा तथा मानवता के प्रति प्रेम पर दिये गए जोर में परिलक्षित किया जा सकता है। इस शैक्षणिक सत्र के दौरान विभिन्न संकायों एवं संस्थाओं में आयोजित व्याख्यान उल्लेखनीय हैं।

अपने संस्थान के दृष्टिकोण के अनुरुप, समग्र शिक्षा प्रदान करने के हिस्से के तौर पर हमारे विद्यार्थियों को जीवन-कौशल एवं आजीविका हेतु कौशल प्रदान करने हेतु अनेक उल्लेखनीय नीतियाँ व कार्यक्रम शुरू किए गए हैं। वर्ष के दौरान विद्यार्थी केन्द्रित अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए, यथा-छात्रावास सुविधाओं का विस्तार एवं उन्नयन, इनडोर एवं आउटडोर खेलकूद में सुधार, योग हेतु सुविधाएँ तथा प्रख्यात विद्वानों द्वारा आध्यात्मिक व नैतिक मूल्यों पर नियमित व्याख्यानों का आयोजन।

सम्पादक मण्डल के सभी सदस्यों और इससे सम्बद्ध उन सभी व्यक्तियों को जिन्होंने इस वार्षिक रिपोर्ट को तैयार करने हेतु अथक प्रयास किया है, उनकी सराहना करता हूँ और उन्हें हार्दिक धन्यवाद देता हूँ।

(नीरज त्रिपाठी)

विषय सूची

भाग- १

१. भूमिका

१.१. विश्वविद्यालय - एक दृष्टि में १५-२२
१.२. शैक्षणिक सत्र २०१६-१७ की प्रमुख विशेषताएँ २३-३६

२. विश्वविद्यालय के शैक्षणिक अवयव (अंग)

२.१. मुख्य परिसर

२.१.१. संस्थान

२.१.१.१. कृषि विज्ञान ३९-४५
२.१.१.२. चिकित्सा विज्ञान (आधुनिक, आयुर्वेद, दन्त चिकित्सा) ४७-५६
२.१.१.३. पर्यावरण एवम् संपोष्य विकास ५७-५८
२.१.१.४. प्रबन्ध शास्त्र ५९-६२
२.१.१.५. विज्ञान ६३-६९

२.१.२. संकाय

२.१.२.१. कला ७२-७७
२.१.२.२. वाणिज्य ७८
२.१.२.३. शिक्षा ७९-८०
२.१.२.४. विधि ८१-८२
२.१.२.५. संगीत एवं मंच कला ८३-८५
२.१.२.६. सामाजिक विज्ञान ८६
२.१.२.७. संस्कृत विद्या धर्म विज्ञान ८७-८८
२.१.२.८. दृश्य कला ८९-९१

२.१.३. महिला महाविद्यालय ९३-९४

२.१.४. अध्ययन केन्द्र

२.१.४.१. खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी ९६
२.१.४.२. आनुवांशिकी विकार ९७-९८
२.१.४.३. डी. एस. टी.-अन्तर्विषयक गणितीय विज्ञान ९९-१००
२.१.४.४. नेपाल अध्ययन १०१-१०२
२.१.४.५. महिला अध्ययन एवं विकास १०३-१०४
२.१.४.६. मालवीय शांति अनुसंधान १०५-१०६
२.१.४.७. समन्वित ग्रामीण विकास १०७-१०९
२.१.४.८. सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति अध्ययन ११०
२.१.४.९. हाइड्रोजन ऊर्जा केन्द्र १११
२.१.४.१०. नैनो विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी इकाई/केन्द्र ११२

२.१.५. स्कूल

२.१.५.१. सेन्ट्रल हिन्दू ब्वायज़ स्कूल	११५-११९
२.१.५.२. सेन्ट्रल हिन्दू गर्ल्स स्कूल	१२०-१२१
२.१.५.३. श्री रणवीर संस्कृत विद्यालय	१२२-१२३
२.१.६ का.हि.वि. ग्रंथालय प्रणाली	१२४-१३१
२.१.७ यू.जी.सी. ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेन्ट सेन्टर	१३२-१३३
२.१.८ मालवीय भवन	१३४-१३५
२.१.९ भारत कला भवन	१३६-१३८
२.२. दक्षिणी परिसर	१४०-१४१
२.३. विश्वविद्यालय के विशेषाधिकार के अन्तर्गत संचालित नगरीय महाविद्यालय	
२.३.१. आर्य महिला पी.जी. कॉलेज	१४१-१४९
२.३.२. वसन्त महिला महाविद्यालय	१५०-१५१
२.३.३. वसन्त कन्या महाविद्यालय	१५२-१५६
२.३.४. दयानन्द पी.जी. कॉलेज	१५७-१५९
३. अध्ययन हेतु पाठ्यक्रम	१६०-१६६
४. प्रदत्त उपाधियाँ/ सनद/ प्रमाण पत्र	१६७-१६८
४.१. छात्रों की संख्या	१६९-१७१
५. मानव संसाधन रूपरेखा	१७२-१७५
६. वित्तीय संसाधन	१७६-१७७
७. पुरस्कार, सम्मान व पेटेन्ट	१७८-२०४
८. छात्रवृत्तियाँ/ अध्येतावृत्तियाँ (छात्रों के लिये)	२०५
९. सुविधाएँ	
९.१. आवास	२०८
९.१.१. छात्रावास (बालक)	२०९
९.१.२. छात्रावास (बालिका)	२०९
९.१.३. छात्रावास (विवाहित/विदेशी छात्र)	२०९
९.१.४. विश्वविद्यालय कर्मचारियों के निवास हेतु आवास सुविधाएँ	२१०
९.२. अतिथि गृह संकुल	२१०
९.३. इन्टरनेट एवं संगणक	२१०-२११
९.४. सम्मेलन कक्ष	२११
९.५. पुरातन छात्र प्रकोष्ठ	२११
९.६. भारतीय सांस्कृतिक सम्बन्ध परिषद्	२११-२१२
९.७. इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय	२१२-२१३
९.८. अन्तर्राष्ट्रीय केन्द्र	२१३
९.९. समाचार पत्र प्रकाशन एवं प्रचार प्रकोष्ठ	२१३-२१५
९.१०. विद्युत, जल और दूरभाष केन्द्र	२१६
९.११. अनुरक्षण (भवन एवं उपकरण)	२१६-२२०

९.१२. स्वास्थ्य देखभाल (अस्पताल और स्वास्थ्य केन्द्र)	२२०-२२२
९.१३. विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद्	२२२-२२४
९.१४. छात्र अधिष्ठाता द्वारा आयोजित कार्यक्रम	२२४-२२८
९.१५. कैरियर विकास केन्द्र	२२८-२३०
९.१६. जलपान गृह	२३०
९.१७. राष्ट्रीय सेवा योजना	२३०-२३२
९.१८. नेशनल कैडेट कोर	२३२
९.१९. बैंक एवं डाक घर	२३२-२३३
९.२०. रेल आरक्षण पटल	२३३
९.२१. एयर स्ट्रिप एवं हेलीपैड	२३३
९.२२. विपणन संकुल	२३३
९.२३. काशी हिन्दू विश्वविद्यालय क्लब	२३३
९.२४. छात्र कल्याण	
९.२४.१. संस्थापन सेवा	२३३-२३५
९.२४.२. विश्वविद्यालय सेवायोजन सूचना एवं मंत्रणा केन्द्र	२३५-२३७
९.२४.३. छात्र परिषद्	२३७
९.२४.४. नगर छात्र निकाय	२३७-२३८
९.२४.५. छात्र कल्याण: समान अवसर एवं समावेशी पद्धति	२३८-२४०
९.२४.६. पाठ्येतर क्रियाकलाप	२४०-२४४
९.२५. हिन्दी प्रकाशन समिति	२४४

भाग – २

परिशिष्ट-१	विश्वविद्यालय कोर्ट, कार्यकारिणी परिषद् व विद्वत् परिषद् के सदस्यगण एवं अधिकारीगण	२४६-२५५
परिशिष्ट-२	वर्ष २०१६-१७ में विश्वविद्यालय के शिक्षकों के शैक्षणिक योगदान का विवरण	२५६-२७२
परिशिष्ट-३	विभिन्न अभिकरणों द्वारा वित्तपोषित शोध परियोजनाओं की सूची	२७३-२८२
परिशिष्ट-४	वर्ष २०१६-१७ में आयोजित कुछ प्रमुख संगोष्ठियाँ, सम्मेलन एवं कार्यशालाएँ	२८३-२९०
परिशिष्ट-५	वर्ष २०१६-१७ में शैक्षणिक विचार-गोष्ठियों में भाग लेने के लिए प्रतिनियुक्त शिक्षकों की संख्या का विवरण	२९१-३०९
परिशिष्ट-६	वर्ष २०१६-१७ में सीधी नियुक्ति और पदोन्नति	३१०

मालवीय भवन



हिन्दी संस्करण

वार्षिक रिपोर्ट २०१६-२०१७

प्रौद्योगिकी संस्थान, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

१ - भूमिका

सन् १९१६ में परिसर विन्यास संबंधी महामना की दृष्टि



विश्वविद्यालय परिसर में चार संस्थान अवस्थित हैं :

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, आई. आई. टी. (बी.एच.यू.)

चिकित्सा विज्ञान संस्थान (आई.एम.एस.)

कृषि विज्ञान संस्थान (आई.ए.एस.)

पर्यावरण एवम् संपोष्य विकास संस्थान (आई.ई.एस.डी.)

प्रबन्ध शास्त्र संस्थान

विज्ञान संस्थान

एवं **महिला महाविद्यालय (एम.एम.वी.)** भी परिसर में स्थापित है।

१.१. विश्वविद्यालय - एक दृष्टि में



काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (का.हि.वि.), देश के अति-प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में से एक है जिसकी स्थापना महामना पंडित मदन मोहन मालवीयजी द्वारा सन् १९१६ में की गयी थी। यह एक स्वायत्तशासी उत्कृष्ट संस्था है जिसके विज़िटर भारत के महामहिम राष्ट्रपतिजी हैं। यह एशिया का सबसे बड़ा आवासीय विश्वविद्यालय है। पं. मदन मोहन मालवीयजी, डॉ. एनी बेसेंट एवं डॉ. एस. राधाकृष्णन् जैसे मनीषियों की दूरदर्शिता की जीवन्त प्रतीक यह राष्ट्रीय संस्था प्राचीन भारतीय ज्ञान-विज्ञान एवं आधुनिक वैज्ञानिक चिन्तन दृष्टि का एक अद्‌भुत संगम है। अपने ज्ञानदीप्त संस्थापक द्वारा पल्लवित-प्रतिपादित शिक्षा की समग्र और पवित्रतामूलक पद्धति को नूतन आयामों से जोड़कर यह विश्वविद्यालय युवा वर्ग का उन्नयन कर रहा है तथा उनकी सृजनात्मक प्रतिभा का संपोषण कर उन्हें पर्याप्त सुविधाएँ प्रदान कर रहा है।

संस्थापक की दृष्टि

- ''यह मेरी हार्दिक इच्छा और उम्मीद है कि आज से स्थापित होने वाले इस प्रकाश स्तम्भ से ऐसे स्नातक दीक्षित हों जो न केवल बौद्धिकता में विश्व के किसी भी क्षेत्र के विद्यार्थियों के समतुल्य हों बल्कि एक सुसंस्कृत जीवन यापन करने वाले देशभक्त तथा धर्मनिष्ठ भी हों।''
- ''एक आवासीय विश्वविद्यालय अपने उद्देश्य के प्रति अपूर्ण है यदि वह अपने स्नातकों में समान उत्कंठा से उनके भावावेगों को समुन्नत नहीं करता जिस प्रकार उनके बौद्धिक विकास हेतु वह सचेष्ट है। अतएव इस विश्वविद्यालय ने अपना मूल लक्ष्य युवकों का चरित्र निर्माण के लिए निर्धारित किया है। यह संस्थान न केवल अभियन्ताओं, वैज्ञानिकों, चिकित्सकों, धार्मिक विचारकों, व्यापारियों को बनाने के लिए प्रयत्न करेगा बल्कि ऐसी प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करेगा जो अत्यंत चरित्रवान, नैतिक तथा सम्मान के योग्य होंगे, जिनका उदाहरण महान विश्वविद्यालय के महनीय उद्देश्यों के समरूप दिया जा सकेगा।''

विश्वविद्यालय

विश्वविद्यालय की स्थापना चरित्र निर्माण तथा अभिभावकत्व की मूल परिकल्पना के अनुरूप एक आवासीय विश्वविद्यालय के रूप में की गई। यह सम्भवत: विश्व का अनूठा विश्वविद्यालय है जिसमें ५५० हेक्टेयर (१३६० एकड़) के चहारदीवारी से घिरे तथा स्थापत्य की दृष्टि से अनुपम भवनों के परिसर में नर्सरी से लगायत डॉक्टरेट उपाधि तक की शिक्षा प्रदान की जाती है। इस विशाल हरीतिमा से परिपूर्ण परिसर में विज्ञान, अभियांत्रिकी एवं तकनीकी, मानविकी, समाज विज्ञान, वाणिज्य, विधि, शिक्षा, दृश्यकला, मंचकला, संस्कृत विद्या धर्मविज्ञान, कृषि, पुस्तकालय विज्ञान, पत्रकारिता तथा बड़ी संख्या में भारतीय एवं विदेशी भाषाओं आदि लगभग समस्त विधाओं की शिक्षा प्रदान की जाती है।

विश्वविद्यालय के ११ विभागों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के विशेष सहायता कार्यक्रम के अन्तर्गत (इनमें ६ उच्चानुशीलन केन्द्र तथा ६ विभाग डी. आर. एस. लेवल १ और ४) वित्तीय अनुदान प्राप्त हैं। अन्य ५ विभागों/ स्कूलों को विज्ञान एवं तकनीकी विभाग (भारत सरकार) के डी. एस. टी. - फिस्ट कार्यक्रम के अन्तर्गत वित्तीय अनुदान मिल रहा है। शहर में अवस्थित चार महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय द्वारा मान्यता प्रदान की गयी है। विश्वविद्यालय तीन विद्यालयों का भी संचालन करता है इसके अतिरिक्त एक केन्द्रीय विद्यालय भी परिसर में अवस्थित है। इनके अलावा मुख्य परिसर से ७५ किलोमीटर दूर मिर्जापुर जिले के बरकछा नामक स्थान पर १०९२.६ हेक्टेयर (२७०० एकड़) भूमि के विस्तृत परिसर में सन् २००६ में राजीव गाँधी दक्षिणी परिसर की भी स्थापना की गई है।

उत्कृष्टता का प्रतीक

इंडिया टुडे (३१ मई, २०१०) में प्रकाशित इंडिया टुडे-नील्सन सर्वेक्षण के अनुसार काशी हिन्दू विश्वविद्यालय को भारतीय विश्वविद्यालयों में प्रथम श्रेणी प्राप्त हुआ है। यह महत्वपूर्ण सर्वेक्षण प्रसिद्धि, शैक्षणिक गुणवत्ता, संकाय गुणवत्ता, शोध प्रकाशन/रिपोर्ट/परियोजना, बुनियादी संरचना एवं रोजगार अवसरों जैसे छ: विशिष्ट मानकों के विश्लेषण पर आधारित था। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में शिक्षण एवं शोध की गुणवत्ता के आयाम में सुधार करने के लिए निरंतर प्रयास किये गये हैं। सत्र २००९-१० के दौरान प्रतिष्ठित पत्रिका करेंट साइंस में प्रकाशित दस वर्षीय सर्वेक्षण में सूचकांक जर्नलों में अधिकतम शोध-पत्रों के प्रकाशन के लिए काशी हिन्दू विश्वविद्यालय को सर्वोच्च २५ भारतीय विश्वविद्यालयों में पहले स्थान पर रखा गया है। इंडिया टुडे के (जून २०१३) में प्रकाशित इंडिया टुडे-नील्सन के द्वारा कराये गये सर्वेक्षण के अनुसार काशी हिन्दू विश्वविद्यालय भारत के पाँच शीर्ष विश्वविद्यालयों में स्थान रखता है। अन्य एजेंसियों ने भी इस विश्वविद्यालय एवं इसके विभिन्न संकायों/विभागों को समान प्रकार की श्रेणी दी है।

कृषि विज्ञान संस्थान

समग्र कृषि और संबद्ध विज्ञान के सतत् और समान विकास के उद्देश्यों के प्रति प्रतिबद्ध, मानव संसाधन विकास अध्यापन, अनुसंधान एवं विस्तार के एकीकृत दृष्टिकोण के माध्यम से स्वतंत्रता, सुरक्षा और समृद्धि के द्वारा मानव संसाधन का विकास करना ज्ञान निर्माण कारक उपयोग दक्षता, फसलों / सब्जियों / फलों / पशुओं / मुर्गी / मछली में उत्पादन, गुणवत्तायुक्त बीज उत्पादन सुधार, आजीविका सुरक्षा में सुधार और भुखमरी मुक्त समाज के सपने को साकार करने की दिशा में संस्थान ने सतत् २०१२-१३ में उपलब्ध संसाधनों एवं विशेषज्ञताओं के सहयोग से शिक्षा (खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों सहित) और अनुसंधान (प्रसार गतिविधियों सहित) के क्षेत्र में उपलब्धियाँ हासिल की हैं।

आई.आई.टी. (बी.एच.यू.)

कृषि विज्ञान संस्थान

चिकित्सा विज्ञान संस्थान

सर सुन्दरलाल चिकित्सालय

ब्रोचा छात्रावास

चिकित्सा विज्ञान संस्थान एवं चिकित्सालय

विश्वविद्यालय द्वारा उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं झारखण्ड आदि राज्यों से आने वाले गरीबों को १२०० बिस्तर की क्षमता वाले सर सुन्दरलाल चिकित्सालय द्वारा सस्ती चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत १५० करोड़ रुपये की लागत से ट्रॉमा सेन्टर का निर्माण किया जा रहा है तथा इसके द्वारा बड़े पैमाने पर प्रसार, शोध एवम् अध्ययन-अध्यापन कार्यक्रमों का विस्तार होगा।

पर्यावरण एवं संपोष्य विकास संस्थान

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय ने वर्ष २०१० में एक राष्ट्रस्तरीय पर्यावरण एवं संपोष्य विकास संस्थान स्थापित किया। संस्थान का उद्देश्य संपोष्य विकास के बारे में शिक्षा (समाविष्ट के बारे में जागरूकता विकसित करना) एवं संपोष्य विकास हेतु शिक्षा (संपोष्यता की प्राप्ति हेतु शिक्षा को एक औजार के रूप में उपयोग करना) को शामिल करना है। संस्थान का लक्ष्य ऐसा शिक्षण, शोध व विस्तार कार्य करना है जिससे भविष्योन्मुख भारत का संपोष्य विकास हो तथा निर्धनता मिटे और देश के प्राकृतिक संसाधनों का कुशल व समुचित प्रबंधन बरकरार रहे।

एशिया का सबसे बड़ा आवासीय विश्वविद्यालय

विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों में संपूर्ण भारत एवं विश्व के ६५ देशों से ३०,००० छात्र एवं छात्राएँ अध्ययनरत हैं। विभिन्न विषयों के लगभग १५,००० अन्त:वासी छात्र-छात्राओं के लिए इन्टरनेट सहित सभी आधुनिक सुविधाओं से युक्त ६४ छात्रावास उपलब्ध है। १४०० कर्मचारी आवास एवं ७ अतिथि गृह भी हैं।

एन.सी.सी.कैडेट्स के लिए फ्लाइंग प्रशिक्षण

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय एकमात्र ऐसा विश्वविद्यालय है जिसके पास अपनी हवाई पट्टी एवं तीन हेलीपैड हैं। इनका उपयोग एन.सी.सी. कैडेट्स के प्रशिक्षण के लिए किया जाता है।

पुस्तकालय

का.हि.वि. के केन्द्रीय पुस्तकालय तंत्र में १३,००० ऑनलाइन शोध पत्रिकाओं, ५०,००० ई-पुस्तकों, डिजिटलाइज़्ड पाण्डुलिपियों सहित १५ लाख पुस्तकों का विशाल संग्रह है। यह पुस्तकालय विभागीय, संकायों तथा संस्थानों के पुस्तकालयों की शृंखला का समुच्चय है। इसके अतिरिक्त दिन-रात कार्यरत २०० से अधिक सीटों की एक वातानुकूलित साइबर लाइब्रेरी है जो गरीब छात्रों के लिए देर रात्रि तक अध्ययन की सुविधा प्रदान करता है विशेष रूप से उन छात्रों के लिए जो परिसर से बाहर रहते हैं। नवीनीकृत वातानुकूलित पत्रिका अध्ययन कक्ष की भी स्थापना की गई है जिसमें ६० व्यक्तिगत कक्ष शोध छात्रों एवं शिक्षकों के लिए उपलब्ध हैं।

सूचना एवं संचार संरचना

विश्वविद्यालय में १०० किलोमीटर लम्बी फाइबर ऑप्टिक नेटवर्क है जो समस्त शैक्षणिक एवं प्रशासनिक भवनों तथा छात्रावासों को लोकल एरिया नेटवर्क (LAN) द्वारा संगणक केन्द्र से जोड़ता है एवं उच्च क्षमता की संगणना एवं प्रशिक्षण की सुविधाओं से

हवाई पट्टी

साइबर लाइब्रेरी

केन्द्रीय पुस्तकालय

महिला महाविद्यालय

संगणक केन्द्र

युक्त है। विश्वविद्यालय को एन.एम.ई.आई.सी.टी. के अंतर्गत नेशनल नॉलेज नेटवर्क के तीन १ जी. बी. पी. एस. नोड् उपलब्ध है।

ब्राण्ड का.हि.वि.

भारत का यह ऐसा पहला केन्द्रीय विश्वविद्यालय है जिसने 'ग्राफिक आइडेन्टिटी कार्यक्रम' को लागू किया है। इसके अन्तर्गत सील, लोगो, द्विभाषी लोगोटाइप्स, टैगलाइन, कलर आइडेंटिटी के अतिरिक्त कार्यालयीय उपयोग की स्टेशनरी एवं साइनेज़ सिस्टम का मानकीकरण डिज़ाइन स्टूडियो, सोविनियर शॉप, इलेक्ट्रॉनिक, वेब एवं सोशल मीडिया की सहायता से किया जा रहा है।

मन्दिर

परिसर के केन्द्र में भगवान शिव का मन्दिर स्थित है जो 'श्री विश्वनाथ मन्दिर' के नाम से जाना जाता है। सफेद संगमरमर से निर्मित इस मन्दिर का विस्तृत ले-आउट एवं नक्शा स्वयं मालवीय जी की देखरेख में तैयार हुआ था। हरीतिमा युक्त मन्दिर परिसर तथा सुरुचिपूर्ण उद्यान दर्शनार्थियों के नेत्रों को ठंडक तथा मन को शांति प्रदान करता है। मन्दिर के केन्द्र में शिवलिंग तथा दीवारों पर हिन्दू शास्त्रों के श्लोक चित्रों सहित उत्कीर्ण हैं।

श्री विश्वनाथ मंदिर

भारत कला भवन

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय महत्व का संग्रहालय - भारत कला भवन है जिसमें प्राचीन कलात्मक वस्तुओं का अद्भुत संग्रह उपलब्ध है। भारत कला भवन में १३ कला वीथिकाएँ हैं जिनमें एक लाख से अधिक दुर्लभ कला वस्तुओं तथा दुर्लभ मूर्तियाँ, मिनिएचर पेन्टिंग्स, राजस्थान, मुगल एवम् पहाड़ी पेन्टिंग, सिक्के, गहनें, रत्न आदि सहित ऐतिहासिक महत्व की साहित्यिक वीथिका में प्रसिद्ध लेखकों की हस्तलिखित कृतियाँ संग्रहीत हैं। यहाँ दुर्लभ पुस्तकों का एक पुस्तकालय भी है।

भारत कला भवन

पर्यावरण जागरूकता एवम् सौन्दर्यीकरण

- का.हि.वि.वि. परिसर ५७५.७५ एकड़ का प्रक्षेत्र सुन्दर बागीचों एवं हरीतिमा युक्त है।
- ३३.५ कि.मी. का कटिलें बाड़ों का घेरा है।
- संस्थानों, संकायों, मैदानों एवम् आवासीय परिसरों के चारों तरफ १,४२,८०० झाड़ियाँ लगाई गयी हैं।
- ११ एकड़ की नर्सरी जिसमें ४०,५०० फलदार पौधे, २०,००० वन वृक्ष, १५००० सजावटी पौधे, १५ लाख मौसमी फल के पौधे एवं ५००० अन्य पौधे हैं।

राजीव गाँधी दक्षिणी परिसर

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय ने मिर्जापुर जिले के बरकछा में अपने दक्षिणी परिसर का विस्तार किया है। समाज के कमजोर वर्गों एवं जनजातियों के युवकों एवं युवतियों के लिए विशेषत: स्थापित इस शिक्षा केन्द्र का विकास शिक्षण, प्रशिक्षण एवम् उद्यमशीलता के लिए किया जा रहा है। विश्वविद्यालय का उद्देश्य इस पिछड़े क्षेत्र के निवासियों के लिए जीवनभर के लिए उपयुक्त शैक्षणिक सुविधाओं तथा नवीन अनुसंधान से लाभान्वित होने का अवसर उपलब्ध कराना है।

राजीव गांधी दक्षिणी परिसर

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय BANARAS HINDU UNIVERSITY

Bilingual Logotype with Seal

बीएचयू

सर्वविद्या की राजधानी

Logo with Tagline

शोध एवं शिक्षण

का.हि.वि. ने गुणवत्तापूर्ण शोध व अध्यापन को प्रोत्साहित किया है। इसमें कुछ मील के पत्थर निम्नलिखित हैं:

- यू.जी.सी. द्वारा 'पोटेंशियल फॉर एक्सलेंस' की मान्यता।
- परिसर स्थित 'भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, आई.आई.टी. (बी.एच.यू.) की स्थापना।
- दक्षिणी परिसर में पशु चिकित्सा विज्ञान संकाय की स्थापना हेतु विद्वत्/ कार्यकारिणी परिषदों की स्वीकृति।
- डी.बी.टी. (भारत सरकार) की सहायता से सेंटर फॉर फूड साइंस एवं टेक्नोलॉजी द्वारा स्नातक/ स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों का संचालन।
- डी. एस. टी. समर्थित अन्तर्वैषयिक सेंटर फॉर मैथेमेटिकल साइन्सेस।
- डी.बी.टी. समर्थित सेंटर फॉर जेनेटिक डिसआर्डर।
- डी.बी.टी. समर्थित अन्तर्वैषयिक जीव विज्ञान स्कूल।
- पी.एम.एस.एस.वाई. द्वारा ट्रॉमा सेंटर की स्थापना।
- यू.एस.ए.आई.डी.कार्यक्रम के अन्तर्गत कृषि विज्ञान संस्थान तथा अमरीकी विश्वविद्यालयों - कारनैल, जॉर्जिया, ओहियो, यू. सी. डेविस, टस्किजी, बफैलो, परदू तथा इलिनायस् के मध्य नवप्रवर्तन सहभागिता/भागीदारी।
- फैकल्टी ऑफ डेंटल साइन्स।
- आई.सी.ए.आर., नई दिल्ली द्वारा कृषि शिक्षा का सशक्तिकरण एवं विकास।
- आई.सी.ए.आर., नई दिल्ली द्वारा कृषि विज्ञान संस्थान में बायो कन्ट्रोल, टीशू कल्चर, फिशरीज़ एवं उच्च तकनीक संपन्न प्रयोगशालाओं के जरिए प्रयोग आधारित शिक्षण।
- भौतिकी विभाग के लिए टैन्डेट्रान एक्सेलेरेटर की मंजूरी।
- इसरो द्वारा का.हि.वि. में स्पेस साइंस एवं शोधकार्यो का सशक्तिकरण।
- आई.सी.ए.आर. द्वारा केन्द्रीय सुविधाओं के अन्तर्गत कृषि विज्ञान संस्थान में सीड अध:संरचनीय सुविधाएँ।
- संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सेंटर फॉर ह्यूमन वैल्यूज़ एण्ड एथिक्स एवम् सेंटर फॉर इण्टर कल्चरल स्टडीज़ की स्थापना के लिए सहयोग।
- संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अन्तर-सांस्कृतिक अध्ययन केन्द्र का स्थापना हेतु सहयोग।
- अनूठा भोजपुरी अध्ययन केन्द्र एवं लोक कला संग्रहालय।

का.हि.वि. में अन्तर्राष्ट्रीय पीठ

- यूनेस्को शान्ति एवं अन्तर्सांस्कृतिक सहमति पीठ
- नेपाल पीठ
- प्रस्तावित यूनिसेफ बाल अधिकार पीठ

भावी योजना

- राजीव गांधी दक्षिणी परिसर में ट्राइबल एवं जेनारिक मेडिसीन संस्थान।
- गंभीर संक्रामक बीमारियों पर अनुसंधान के लिए बायोसेफ्टी लेवेल चतुर्थ (बीएसएल-४) सुविधा।
- ट्रांसलेशनल अनुसंधान केन्द्र।
- सेन्टर फॉर बोन मैरो ट्रांसप्लांट एवं स्टेम सेल रिसर्च सेंटर।
- सेंटर फॉर एडवांस्ड फंक्शनल मैटेरियल्स।
- जेनोमिक्स एवं प्रोटियेमिक्स में शोध को बढ़ावा।
- संगणक केन्द्र, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया सेंटर, डिज़ाईन स्टूडियो, सोफिस्टिकेटेड इन्स्ट्रूमेन्टेशन सेंटर आदि सुविधाओं से युक्त 'अनुसंधान भवन'।
- भारतीय सांस्कृतिक परम्परा के अध्ययन को प्रोत्साहन।
- विश्वस्तरीय सुविधाओं से संपन्न एकीकृत खेलकूद परिसर।
- आवासीय अपार्टमेंट का बहुमंजिला भवन।
- १०,००० की क्षमता का कन्वेन्शन सेन्टर।
- ५०० कमरों की क्षमता का अन्तर्राष्ट्रीय छात्रावास।

पुरातन छात्र

अपने प्रतिष्ठित विद्वानों के माध्यम से विशिष्ट क्षेत्रों में उच्चतम शिक्षा व ज्ञान के प्रसार में योगदान करने के साथ ही सामुदायिक मूल्यों का पुनर्स्थापन एवं सतत् प्रवाह इस बात का प्रमाण है कि यहाँ से ज्ञान प्राप्त विशिष्ट व्यक्तियों की एक लम्बी शृंखला सम्पूर्ण विश्व में विभिन्न व्यावसायिक संगठनों के प्रमुख पदों पर आसीन हैं।

हमारे कुलपति

यहाँ के यशस्वी कुलपतियों में महामना मालवीयजी, सर सुन्दरलाल, डॉ.एस. राधाकृष्णन् एवं आचार्य नरेन्द्र देव जैसे महापुरुष रहे, जिन्होंने इस महान विश्वविद्यालय का नेतृत्व किया।

- सर सुन्दर लाल (०१.०४.१९१६ - १३.१२.१९१८)
- डॉ. पी.एस. शिवस्वामी अय्यर (१३.०४.१९१८ - ०८.०५.१९१९)
- पंडित मदन मोहन मालवीय (२९.११.१९१९ - ०६.०९.१९३८)
- डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् (१७.०९.१९३९ - १६.०१.१९४८)
- डॉ. अमर नाथ झा (२७.०२.१९४८ - ०५.१२.१९४८)
- पंडित गोविन्द मालवीय (०६.१२.१९४८ - २१.११.१९५१)
- आचार्य नरेन्द्र देव (०६.१२.१९५१ - ३१.०५.१९५४)
- डॉ. सी.पी. रामास्वामी अय्यर (०१.०७.१९५४ - ०२.०७.१९५६)
- डॉ. वी.एस.झा (०३.०७.१९५६ - १६.०४.१९६०)
- जस्टिस एन. एच. भगवती (१६.०४.१९६० - १५.०४.१९६६)
- डॉ. त्रिगुण सेन (०९.१०.१९६६ - १५.०३.१९६७)
- डॉ. ए.सी. जोशी (०१.०९.१९६७ - ३१.०७.१९६९)
- डॉ. के. एल. श्रीमाली (०१.११.१९६९ - ३१.०१.१९७७)
- डॉ. मोती लाल धर (०२.०२.१९७७-१५.१२.१९७७)
- डॉ. हरि नारायण (१५.०५.१९७८-१४.०५.१९८१)
- प्रो. इकबाल नारायण (१९.१०.१९८१ - २९.०४.१९८५)
- डॉ. आर. पी. रस्तोगी (३०.४.१९८५-२९.४.१९९१)
- प्रो. सी. एस. झा (०१.०५.१९९१ - १४.०६.१९९३)
- प्रो. डी. एन. मिश्रा (०८.०२.१९९४ - २७.०६.१९९५)
- डॉ. हरि गौतम (०२.०८.१९९५ - २५.०८.१९९८)
- प्रो. वाई. सी. सिम्हाद्रि (३१.०८.१९९८ - २०.०२.२००२)
- प्रो. पटचा रामचन्द्र राव (२०.०२.२००२ - १९.०२.२००५)
- डॉ. पंजाब सिंह (०३.०५.२००५ - ०७.०५.२००८)
- प्रो. डी. पी. सिंह (०८.०५.२००८ - २१.०८.२०११)
- डॉ. लालजी सिंह (२२.०८.२०११ - २२.०८.२०१४)
- प्रो. गिरीश चन्द्र त्रिपाठी (२७.११.२०१४ -)

दीक्षान्त सम्बोधन

८८वां दीक्षान्त समारोह : २००६;
भारत के राष्ट्रपति, महामहिम
डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम



८९वां दीक्षान्त समारोह : २००७;
भारत के उपराष्ट्रपति, महामहिम
डॉ. श्री भैरो सिंह शेखावत

९०वां दीक्षान्त समारोह : २००८;
माननीय भारत के प्रधानमंत्री,
डॉ. मनमोहन सिंह

९१वां दीक्षान्त समारोह : २००९;
भारत की राष्ट्रपति, महीयसी
श्रीमती प्रतिभा देवी सिंह पाटिल

९२वां दीक्षान्त समारोह : २०१०;
भारत के उपराष्ट्रपति, महामहिम
श्री हामिद अंसारी

९३वां दीक्षान्त समारोह : २०११;
माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री
श्री कपिल सिब्बल

९४वां दीक्षान्त समारोह : २०१२;
माननीय लोक सभा स्पीकर
श्रीमती मीरा कुमार

९५वां दीक्षान्त समारोह : २०१३;
कुलाधिपति, का.हि.वि.वि.
डॉ. कर्ण सिंह

विशेष दीक्षान्त समारोह
२५ दिसम्बर २०१२
भारत के राष्ट्रपति
महामहिम श्री प्रणब मुखर्जी

९६वां दीक्षान्त समारोह : २०१४;
पद्म विभूषण
प्रो. जयन्त विष्णु नार्लिकर

९७वां दीक्षान्त समारोह : २०१५;
पद्म विभूषण
डॉ. जी. माधवन नायर

९८वां दीक्षान्त समारोह : २०१६;
भारत के प्रधानमंत्री
माननीय श्री नरेन्द्र मोदी

९९वां दीक्षान्त समारोह : २०१७;
भारत रत्न
प्रो. सी.एन.आर. राव

प्रशासन

विश्वविद्यालय की प्रशासनिक व्यवस्था मुख्य रूप से कार्यकारिणी परिषद् एवं विद्वत् परिषद् द्वारा संचालित की जाती है। इस उच्च अधिकारयुक्त मण्डल में सत्र २०१५-१६ के सदस्यों के नाम परिशिष्ट-१ में वर्णित हैं। वर्तमान आंकलन अवधि (२०१५-१६) के अन्तर्गत निम्नलिखित महानुभाव विश्वविद्यालय के वैधानिक अधिकारियों के रूप में अपनी सेवाएँ प्रदान कर रहे हैं :

कुलाधिपति
डॉ. कर्ण सिंह (३०.११.२०१६ तक)

कुलपति
प्रो. गिरीश चन्द्र त्रिपाठी

कुलसचिव
डॉ. के.पी. उपाध्याय (३१.०१.२०१७ तक)
श्री वी. के. सिंह (०२.०२.२०१७ से ३१.०३.२०१७ तक)
डॉ. नीरज त्रिपाठी (३१.०३.२०१७ से)

छात्र अधिष्ठाता
प्रो. महेन्द्र कुमार सिंह

मुख्य कुलानुशासक
प्रो. सत्येन्द्र सिंह (०४.११.२०१६ तक)
प्रो. ओ.एन. सिंह (०५.११.२०१६ से)

वित्ताधिकारी
श्री ए. के. ठाकुर (३१.०७.२०१६ तक)
डॉ. एम.आर. पाठक
(०१.०८.२०१७ से ३१.०१.२०१७ तक)
डॉ. एस.बी. पटेल (०२.०२.२०१७ से)

पुस्तकालयाध्यक्ष
प्रो. एच.एन. प्रसाद
(प्रोफेसर इंचार्ज)

परीक्षा नियंता
डॉ. के. पी. उपाध्याय (३१.०१.२०१७ तक)
प्रो.एस.के. उपाध्याय (०२.०२.२०१७ से ३१.०३.२०१७ तक)
श्री मनोज पाण्डेय (३१.०३.२०१७ से)

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय कार्यकारिणी परिषद बैठक

१.२. शैक्षणिक सत्र २०१६-१७ की प्रमुख उपलब्धियाँ

उक्त अवधि के दौरान उनके महत्वपूर्ण शैक्षणिक एवं विकासपरक कार्यक्रम पूरे किये गये और नई पहलें भी की गईं। वर्ष २०१६-१७ के दौरान की मुख्य उपलब्धियाँ व पहलें नीचे दिये जा रहे हैं:

प्रवेश

नया शैक्षणिक सत्र मंगलवार, ४ जुलाई, २०१६ से प्रारम्भ हुआ और विभिन्न स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्क्रमों में १२४५२ नये विद्यार्थी (७९५२ पुरूष, ४५०० महिला) पंजीकृत हुये। विभिन्न स्नातक/स्नातकोत्तर/पीएच.डी. पाठ्यक्रमों में पुरूष व महिला विद्यार्थियों का संकायवार विवरण अध्याय ४.१ में दिया जा रहा है।

उक्त अवधि के दौरान २०० नये विदेशी विद्यार्थियों (१३५ पुरूष, ६५ महिला) ने विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिया। इन विद्यार्थियों का देशवार का विवरण अध्याय ४.१ में दिया जा रहा है।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान ५६४५ स्नातकों, ४४८४ परास्नातकों एवं ३१ एम.फिल. शोद्यार्थियों ने अपनी-अपनी उपाधियाँ प्राप्त की और ४६२ शोधाथियों को पीएच.डी. की उपाधि प्रदान की गई। उपाधि प्राप्तकर्ताओं का संकाय व पाठ्यक्रम विवरण अध्याय-४ दिया गया है।

शैक्षणिक योगदान

उच्च गुणवत्ता वाले शैक्षणिक परिवेश को प्रोत्साहित करने में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के संकाय सदस्य सदैव अग्रणी रहे हैं। वर्ष २०१६-१७ की अवधि के दौरान काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से ४१५५ से अधिक प्रकाशन (विवरण अनुलग्नक-२ में दिया गया है) निर्गत हुए हैं जिनमें ३०४६ शोध पत्र (अंतर्राष्ट्रीय जर्नल्स में १७५८ तथा राष्ट्रीय जर्नल्स में १२८८) शामिल हैं।

वर्ष २०१६-१७ की अवधि में शिक्षकों का शैक्षणिक योगदान

शोध पत्र	
राष्ट्रीय	१२८८
अंतर्राष्ट्रीय	१७५८
योग	३०४६
लेख	
राष्ट्रीय	३४५
अंतर्राष्ट्रीय	११५
योग	४६०
पुस्तकें	
राष्ट्रीय	१८४
अंतर्राष्ट्रीय	४४
योग	२२८
मोनोग्राफ्स	२०
मैनुअल्स	११
लीफलेट्स/अन्य	३९०
योग	४२१
कुल योग	**४१५५**

दीक्षांत समारोह

विश्वविद्यालय के ९९वें दीक्षांत समारोह के भाग के रूप में विभिन्न संस्थानों/संकायों का दीक्षांत समारोह १६ जनवरी, २०१६ को आयोजित हुआ। भारत रत्न प्रोफेसर सी.एन.आर. राव., एफ.आर.एस., राष्ट्रीय अनुसंधान प्रोफेसर तथा लिनस पॉलिंग अनुसंधान प्रोफेसर व मानद अध्यक्ष, जवाहर लाल नेहरू उन्नत वैज्ञानिक अनुसंधान केन्द्र, बैंगलोर ने मुख्य अतिथि के रूप में दीक्षांत समारोह सम्बोधित किया। दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता कुलपति प्रो. जी.सी. त्रिपाठी ने की।

सम्मान/पुरस्कार/मान्यता

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के शिक्षकों के शैक्षणिक योगदान को विभिन्न रूपों में मान्यता मिली है। (अध्याय-७ में सूचीबद्ध)। अनेक शिक्षक विभिन्न प्रतिष्ठित अकादमियों (यथा-इंडियन एकेडेमी ऑफ साइंस, नेशनल एकेडेमी ऑफ साइंस, नेशनल एकेडेमी ऑफ मेडिकल साइंस) के अध्येता चुने गए हैं। विदेशों में (उदाहरणार्थ-अलेक्जेंडर वॉन हम्बोल्ड अध्येत्तावृत्ति, जर्मनी; आई.एन.एस.ए.-डी एफ जी अध्येत्तावृत्ति, जर्मनी; फुलब्राइट-नेहरू अभ्यागत व्याख्याता अध्येतावृत्ति) उन्नत शोध के लिए कई शिक्षकों को अध्येतावृत्ति तथा एसोसिएटशिप प्रदान की गई है। व्यावसायिक संगठनों में पदाधिकारी, अध्यक्षता/विद्वत निकायों एवं सम्मेंलनों की अध्यक्षता, राष्ट्रीय/अन्तर्राट्रीय समितियों, पत्रिकाओं का संपादकत्व इत्यादि अन्य मान्यताओं में शामिल है।

शोध परियोजनाएं

उक्त अवधि के दौरान कुल रू.४४१५ लाख से अधिक अनुदान की १३९ नई शोध परियोजनाएं मंजूर की गई। साथ ही, ३९६ चालू परियोजनाएं (कुल अनुदान रू.१४४२१ लाख से अधिक) जारी रहीं। देश की प्रमुख निधियन एजेंन्सियों ने बी.एच.यू. को शोध में सहयोग प्रदान किया। शोध परियोजनाओं का विस्तृत विवरण अनुलग्नक-३ में दिया गया है।

सम्मेलन

विभिन्न विषय क्षेत्रों में हुए विकास का मूल्यांकन करने तथा शैक्षणिक विचार-विमर्श हेतु अवसर उपलब्ध करने के लिए बहुत से विभागों/संकायों में शैक्षणिक समागम आयोजित किये गये। जिसमें अधिकतर संकायों में बाहरी प्रतिभागी शामिल हुए। कुल मिलाकर सत्र २०१६-१७ के दौरान बी.एच.यू. में १०९ सम्मेलन आयोजित किये गए (विस्तृत विवरण में अनुलग्नक-४ में दिया गया है)।

देश एवं विदेशों में आयोजित संगोष्ठीयों/सेमिनारों/कार्यशालाओं इत्यादित में बी.एच.यू के शिक्षकों ने सक्रिय सहभागिता की। वर्ष २०१६-१७ के दौरान विभिन्न सम्मेलनों में भाग लेने हेतु विदेश में १०४ तथा भारत में १२९ शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गयी (विवरण अनुलग्नक-५ में दिया है)। बाहरी देशों में जो प्रतिनियुक्ति की गई थी, वे हैं- यू.एस.ए., कनाडा, अर्जेन्टीना, दक्षीण कोरिया, यू.ए.ई., दक्षिण अफ्रीका, चीन, यू.के., जापान, भूटान, आस्ट्रेलिया तथा जर्मनी।

NINETY-NINTH
Convocation

निन्यानबेवाँ
दीक्षांत समारोह
विक्रम संवत् २०७३, माघ कृष्णा, चतुर्थी

२०१६-१७ के दौरान शोध परियोजनाएं				
वित्त प्रदायी अधिकरण	**नवीन परियोजनाएं**		**पूर्व से संचालित परियोजनाएं**	
	संख्या	**स्वीकृत धनराशि (लाख रू.)**	**सख्या**	**स्वीकृत धनराशि (लाख रू.)**
विश्वविद्यालय अनुदान आयोग	३०	२१३.०३	६८	७०६.२८
अंतर विश्वविद्यालय त्वरण केन्द्र	०१	७.५०	०१	.७५
अनाज अनुसंधान एवं विकास निगम	०१	८.३२	०१	८.३२
जैव प्रौद्योगिकी विभाग	१३	६६५.०६	२१	१००७.४६
विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग	४१	१६२२.०९	११९	७७१२.७३
विज्ञान और प्रौद्योगिकी अनुसंधान परिषद्	०४	६६.०२	३४	६९३.३९
विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद् (उत्तर प्रदेश)	०७	६५.९४	२१	५०१.३०
भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद्	०१	७.४७	१०	१३८.१७
भू-विज्ञान मंत्रालय	-	-	०३	७०.०२
भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्-आई.आर.आर.आई	०१	२०.००	०१	२०.००
भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्	०६	१२८०.२८	२०	१५६३.००
इण्डो फ्रेंच सेन्टर फॉर द प्रमोशन एडवांस रिसर्च	-	-	०१	१९.२०
सेन्ट्रल काउन्सील फॉर रिसर्च आयुर्वेदिक साइंसेस	-	-	०२	५०.१५
भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी	०१	५.००	०७	३२.८५
परमाणु ऊर्जा विज्ञान	०४	६१.२०	०९	३५२.४२
धानुका एग्रीटेक लिमिटेड	०४	१२.२३	०३	१२.२३
विदेशी अभिकरण	-	-	०६	१३७.४५
सहयोग परियोजना, एस.टी.आर.ए.एस.ए	०१	२.८९	०४	१०.६३
रक्षा मंत्रालय	०१	८६.००	०४	१३.००
संस्कृति मंत्रालय	-	-	०१	१०.७०
भारतीय अन्तरिक्ष अनुसंधान संगठन	-	-	०१	६.००
उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी (यू.पी.एस.ए.सी.एस.)	-	-	०३	७.००
विश्व स्वास्थ्य संगठन	-	-	०१	२८०.०९
आई.सी.आर.आई.एस.ए.टी. (एक्सलेरेटर प्रोग्राम फॉर ग्री-टेक स्टार्ट-अप्स)	-	-	०१	११.२२
घरदा केमिकल लिमिटेड	-	-	०१	१.१०
बिल एण्ड मिलिंडा गेटस फाउन्डेशन यू.एस.ए.	-	-	०१	३१९.१२
संलयन विज्ञान एंव प्रौद्योगिकी अनुसंधान बोर्ड, गुजरात	-	-	०१	७०.१६
जी.बी. पन्त राष्ट्रीय हिमालय पर्यावरण एवं संधारणीय विकास संस्थान	-	-	०१	१४.१५
निजी अभिकरण	-	-	०१	१.१८
उत्तर प्रदेश प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड	-	-	०१	२४.०३
मानव संसाधन विकास मंत्रालय	-		०१	५.९३
रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन	-	-	०१	४९.५७
खाद्य प्रसंस्कृत उद्योग मंत्रालय	-	-	०१	४१.२७
भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी	१	३.६०	०१	३.६०
भारतीय तेल व प्राकृतिक तेल निगम	-	-	०१	२.८६
मालवीय शांति अनुसंधान केन्द्र	-	-	०१	१४.७४
केस्पोर माइक्रो क्रेडिट लिमिटेड	-	-	०१	९.४८
ग्लोबल फण्ड रैक, नई दिल्ली	-	-	०१	२६.७९

केरल आयुर्वेद लिमिटेड	-	-	०२	२०.४३
भारत सरकार	०१	६०.००	०१	६०.००
अन्तर्राष्ट्रीय मक्का तथा गेहूँ उन्नयन केन्द्र, सहयोगी परियोजना, हैदराबाद	०१	३.९५	०१	३.९५
फाउण्डेशन ऑफ नेशनल इंस्टिट्यूट	-	-	०१	५७.२९
भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान	-	-	०१	२.००
राष्ट्रीय शिक्षण योजना एवं प्रशासन विश्वविद्यालय	-	-	०१	२.०६
ग्वेर्नसे वित्तीय सेवा समिति	-	-	०१	१२.९८
भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद्	०८	३३.००	१६	१०९.८७
नेशनल इस्ट्यूट ऑफ हेल्थ ब्लूम्बर्ग	०१	१०.१४	-	-
आई.आई.टी., दिल्ली	०१	१.७५	०१	१.७५
इण्डोफिल इंडस्ट्री	०१	३.९०	०१	३.९०
जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, बेलगाम	०१	३.०७	०१	३.०७
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन	०१	१.५०	०१	१.५०
राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान, ब्लूम्बर्ग	-	-	०१	१०.१४
टाटा शिक्षा एवं विकास संस्था	-	-	०१	१०.७७
स्ट्रेस टॉलरेंट राइस फॉर अफ्रिका एण्ड साउथ एशिया राइस	-	-	०२	८.३०
यूनाईटेड नेशनल एण्ड चिल्ड्रेन फण्ड (यूनीसेफ)	-	-	०१	६.२५
उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद्	-	-	०१	४.६५
सेन्ट्रल इंस्ट्यूट ऑफ मेडिसिनल एरोमेटिक प्लॉट, लखनऊ	-	-	०१	२७.७४
टाटा एलोकेशन एण्ड डवलपमेंट ट्रस्ट, मुम्बई	०१	१०.७७	-	-
इण्डियन एसोसियन ऑफ डरमेटोलॉजिस्ट, वेनेरेलॉजिस्ट, लेप्रोलॉजिस्ट	-	-	०१	२.००
आर.टी.आर.ए.एस.ए. चावल	०१	८.३०	-	-
वीसकोन्सीन विश्वविद्यालय	०१	१३.८७	०१	१३.८७
सेन्ट्रल इंस्ट्यूट ऑफ मेडिसिन एण्ड एरोमेटिक प्लान्ट	०१	२७.७४	-	-
कोलम्बो, श्रीलंका	०१	९.४२	०१	९.४२
कोरनोमण्डल, सिकन्दराबाद	०२	१०१.०४	०२	१०१.०४
योग	१३९	४४१५.०८	३९६	१४४२१.३२

शैक्षणिक सत्र २०१६-१७ से प्रारम्भ होने वाला पाठ्यक्रम

- भोजपुरी व जनपदीय अध्ययन में दो वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा
- हिन्दी पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा
- भोजपुरी तथा जनपदीय अध्ययन में एक वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा
- पूंजी बाजार में एक वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा
- बैंकिंग प्रौद्योगिकी में एक वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा
- प्लास्टिक कला में एक वर्षीय प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम
- पत्रकारिता एवं जनसंचार में एक वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा
- खुदरा प्रबंधन में स्नातक व्यावसायिक पाठ्यक्रम
- लॉजिस्टिक प्रबंधन में स्नातक व्यावसायिक पाठ्यक्रम
- आतिथ्य एवं पर्यटन प्रबंधन में स्नात्तक व्यावसायिक पाठ्यक्रम
- खाद्य प्रसंस्करण एवं प्रबंधन में स्नात्तक व्यावसायिक पाठ्यक्रम
- चिकित्सा प्रयोगशाला प्रौद्योगिकी में स्नात्तक व्यावसायिक पाठ्यक्रम
- खुदरा प्रबंधन में स्नातकोत्तर व्यावसायिक पाठ्यक्रम
- लॉजिस्टिक प्रबंधन में स्नातकोत्तर व्यावसायिक पाठ्यक्रम
- आतिथ्य एवं पर्यटन प्रबंधन में स्नातकोत्तर व्यावसायिक पाठ्यक्रम।

विश्वविद्यालय की श्रेणी (रैंकिंग)

राष्ट्रीय संस्थागत श्रेणी ढांचा (एन.आई.आर.एफ.), भारत सरकार, मानव संसाधन एवं विकास मंत्रालय ने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय को वर्ष २०१७ में विश्वविद्यालयों में तृतीय तथा समग्र रूप से १०वीं श्रेणी प्रदान किया है।

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के विधि संकाय को आउटलुक इंडिया के "२०१७ में शीर्ष २५ विधि महाविद्यालयों" में ८वां स्थान तथा द वीक के "शीर्ष विधि महाविद्यालय, २०१७" में ७वां स्थान प्राप्त हुआ।

चिकित्सा विज्ञान संस्थान, काशी हिन्दू विश्वविद्याल को २०१७ में भारत के चिकित्सा महाविद्यालयों में इंडिया टुडे के द्वारा १०वां, द वीक के द्वारा ६वां तथा आउटलुक इंडिया के द्वारा ९वां स्थान प्रदान किया गया।

पीठों (चेयर) की स्थापना

प्रतिवेदन वर्ष को दौरान विश्वविद्यालय में डॉ. बी.आर. अम्बेडकर पीठ तथा पं. दीनदयालय उपाध्याय पीठ की स्थापना की गई। सामाजिक विज्ञान संकाय में डॉ. बी.आर. अम्बेडकर पीठ की स्थापना के लिए निदेशक, डॉ. अम्बेडकर संस्थान द्वारा, सामाजिक न्याय सशक्तीकरण मंत्रालय, भारत सरकार नई दिल्ली के पत्रांक १२-२/२०१६/डी.ए. दिनांक २६.०४.२०१६ के द्वारा विश्वविद्यालय को रू.७.०० लाख की राशि निर्गत कि गई। पं.दीन दयाल उपाध्याय के नाम से एक स्थाई पीठ के स्थापना हेतु उप सचिव, भारत सरकार के पत्रांक एफ-१९-३५/२०१६ –स्पेशल सेल दिनांक ३१.०३.२०१७ के द्वारा रू.५.०० करोड़ की समग्र निधि को मंजूरी देकर निर्गत किया गया।

शताब्दी वर्ष (२०१६-१७) समारोह

२५ जनवरी, २०१५ को यह विश्वविद्यालय के १००वें वर्ष में प्रवेश कर गया। इस अवसर को समारोह के रूप में मनाने के लिए विश्वविद्यालय ने अपने शताब्दी वर्ष में शैक्षणिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक एंव खेल-कूद गतिविधियों का आयोजन किया। वर्ष २०१५-१६ के दौरान प्रारम्भ होकर वर्ष २०१६-१७ में सम्पन्न होने वाली गतिविधियों का संक्षिप्ति विवरण निम्नानुसार है:

- **प्रख्यात व्यक्तियों के व्याख्यान माला का आयोजन:** शताब्दी वर्ष समारोह के हिस्से के रूप में विश्वविद्यालय स्तर पर अनेक प्रसिद्ध व्यक्तियों के शताब्दी व्याख्यान आयोजित किये गये। श्री कृष्ण गोपाल, श्री श्री रविशंकर जी, भारत रत्न प्रो. सी.एन.आर. राव, सुव्यख्यात वैज्ञानिक पद्मभूषण श्री आर. चिदम्बरम, पद्मभूषण डॉ. आर. डी. लेले, संयुक्त राष्ट्र के अवर सचिव मि. एडम दिंग, प्रो. आर. सी. त्रिपाठी पद्मश्री प्रो. पुष्पेष पन्त प्रमुख वक्ताओं में शामिल थे। पद्मभूषण प्रो. आर.डी. लेले के द्वारा डॉ. वी.बी. घानेकर के स्मृति में शताब्दी व्याख्यान, घीस माइकल रॉच के द्वारा 'भगवद्गीता के महान विचारों को व्यावसायिक एवं व्यक्तिगत विकास में कैसे उपयोग करे' विषय पर शताब्दी व्याख्यान, 'बी.एच.यू. शताब्दी मिशन' विषय पर देवी अहिल्याबाई विश्वविद्यालय, इंदौर (मध्य प्रदेश) के कुलपति प्रो. डी.पी. सिंह का व्याख्यान, पद्मविभूषण जे.वी. नार्लीकर द्वारा एक आदर्श विश्वविद्यालय हेतु महामना के दृष्टि विषयक शताब्दी व्याख्यान, 'हालोड जिओलॉजिकल मार्बल्स देट यूनिफाइड दी पिपुल ऑफ प्रीहिस्टोरिक इण्डिया' विषय पर जीओ डायनामिक्स यूनिट, उन्नत वैज्ञानिक शोध हेतु जवाहरलाल नेहरू केन्द्र, बैंग्लोर के मानित प्रोफेसर के.एस. वाल्दिया का शताब्दी व्याख्यान विश्व अर्थ व्यवस्था एवं अंतर्राष्ट्रीय मामला संकाय के विभागाध्यक्ष प्रो. अलैक्जेंडर लुकिन का शताब्दी व्याख्यान राष्ट्रीय शोध विश्वविद्यालय एवं अर्थशास्त्र उच्चतर विश्वविद्यालय इत्यादि के व्याख्यान भी आयोजित किये गये। नोबल पुरस्कार विजेता, श्री कैलाश सत्यार्थी का शताब्दी व्याख्यान १८ जनवरी, २०१७ को ११.३० सुबह स्वतंत्रता भवन, बी.एच.यू. में आयोजित किया गया। इसके अतिरिक्त संकाय स्तर पर भी विशिष्ट व्यक्तियों के व्याख्यान आयोजित किये गये।
- **जान-माने कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन:** शताब्दी वर्ष समारोह के भाग के रूप में वर्ष २०१५-१६ तथा २०१६-१७ के दौरान अपने क्षेत्र के नामी-गिरामी कलाकारों द्वारा अनेक सांस्कृति कार्यक्रमों का आयोजन पंडित ओंकारनाथ ठाकुर प्रेक्षागृह में किया गया। ये कार्यक्रम विश्वविद्यालय के साथ-साथ संकाय स्तर पर आयोजित किया गये। प्रतिवेदन अवधी के दौरान आयोजित किये गये। विश्वविद्यालय स्तर के कार्यक्रमों का विवरण निम्नानुसार है:

कार्यक्रम	दिनांक
ध्रुपद महोत्सव में सुश्री सर्वमिष्ठा मुखर्जी के द्वारा फॉरेस्ट ऑफ ब्लिस (कथक नृत्य)	११.०५.२०१६
ध्रुपद महोत्सव में सुश्री कलापिनी कोमकली के द्वारा पावस महोत्सव (स्वर संगीत)	१९.०९.२०१६
ध्रुपद महोत्सव में श्रीमती रंजीता मुखर्जी के द्वारा ध्रुपद महोत्सव (स्वर संगीत) तथा अंकित पारिख के द्वारा पखवांज	१७.१०.२०१६
ध्रुपद महोत्सव में भाई बलदीप सिंह एवं आशुतोष उपाध्याय की जुगलबधी	१७.१०.२०१६
ध्रुपद महोत्सव में पं. प्रेमकुमार मलिक (स्वर संगीत), पं. संतोष मिश्रा के द्वारा सांरगी तथा अंकित पारिख के द्वारा पखवाज	१७.१०.२०१६
ध्रुपद महोत्सव में डॉ. मधु भट्ट तेलंग (जयपुर) के द्वारा स्वर संगीत तथा श्री प्रवीण आर्य (जयपुर) के द्वारा (पखवाज)	१८.१०.२०१६
ध्रुपद महोत्सव में पं. दलचन के द्वारा स्वर संगीत तथा श्री अनीश मिश्रा के द्वारा सारंगी	१८.१०.२०१६
ध्रुपद महोत्सव में पं. उदय भावलकर के द्वारा स्वर संगीत तथा श्री प्रताप अवद के पखवाज	१८.१०.२०१६
ध्रुपद महोत्सव में श्रीमती सोमबाला के द्वारा स्वर संगीत तथा श्री पृथ्वी राजकुमार के द्वारा पखवाज	१९.१०.२०१६
ध्रुपद महोत्सव में उस्ताद मुहम्मद बहुद्दिन डागर के द्वारा रूद्र वीणा तथा श्री प्रताप अवध के द्वारा पखवाज	१९.१०.२०१६
ध्रुपद महोत्सव में पं. ऋत्विक सांन्याल के द्वारा स्वर संगीत तथा पं. दलचन्द शर्मा के द्वारा पखवाज	१९.१०.२०१६
पूर्वाचार्य स्मृति संगीत समारोह	२३-२५ जनवरी, २०१७

'राष्ट्रीय संस्कृति महोत्सव' का आयोजनः काशी हिन्दू विश्वविद्यालय ने १७ से २४ दिसम्बर, २०१६ तक संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के वृहद सांस्कृतिक आयोजन 'राष्ट्रीय संस्कृति महोत्सव' (आर.एस.एम.) की मेजबानी की। इस महोत्सव का उद्घाटन माननीय डॉ महेश शर्मा, केन्द्रीय मंत्री, संस्कृति मंत्रालय के द्वारा किया गया। इस वार्षिक समारोह के आयोजन का उद्देश्य भारत के समृद्ध सांस्कृतिक विरासत तथा विविधता को कला तथा संस्कृति के माध्यम से संरक्षित, प्रोत्साहित एवं प्रचलित करना है। विश्वविद्यालय ने प्रतिदिन विविध क्षेत्रों से संबंधित कलाओं जैसे नृत्य, संगीत, लोक गीत, हस्तशिल्पी आदि से जुड़े २००० से अधिक कलाकारों का प्रदर्शन आयोजित किया। इसके अतिरिक्त माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय संस्कृति महोत्सव के विवरण पुस्तिका का अनावरण किया तथा मनोज जोशी के द्वारा निर्देशित नाटक ''चाणक्य'' की विशेष स्क्रिनींग भी देखी। अपने–अपने क्षेत्र के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा विश्वविद्यालय स्तर पर एवं संकाय स्तर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गए। कार्यक्रमों का विवरण निम्नानुसार हैः

विद्यार्थी केन्द्रित पहल

- **आवासीय सुविधाओं में बढ़ोत्तरीः** कई छात्रावास निर्मित किये गये और उपयोग हेतु उपलब्ध हैं। केन्द्रिय लोक निर्माण विभाग के माध्यम से छात्रावासों में बड़े पैमाने पर मरम्मत कार्य किया गया तथा उन्हें आकर्षक बनाया गया। काफी लम्बे समय बाद यह कार्य किया गया है।
- **रोजगार परामर्श योजनाः** विश्वविद्यालय ने एक रोजगार परामर्श योजना शुरू की है जिससे विद्यार्थियों को अपने लिए उचित रोजगार के चयन में मार्गदर्शन मिलेगा। पूर्णकालिक दो परामर्शदाता रखे गये हैं जो छात्रावासों का दौरा करते हैं, विद्यार्थियों से मिलते हैं, उनसे बातचीत करते हैं और उनकी क्षमताओं का पता लगाकर उन्हें नियमित परामर्श देते हैं। इस पहल के अन्तर्गत संकल्प जैसे प्रतिष्ठित संस्थाओं के विद्वानों की वार्ताएँ एवं व्याख्यान भी आयोजित किए गए। विद्यार्थियों हेतु रोजगार की सम्भावनाएँ बढ़ाने के लिए अंग्रेजी बोलने तथा साक्षात्कार कौशल का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है।
- कॅरियर डेवलपमेंट सेन्टर की स्थापनाः विश्वविद्यालय में इस केन्द्र की स्थापना छात्रों के भावी जीवन की सम्भावनाओं को बेहतर बनाने एवं उनके सम्पूर्ण व्यक्तिव विकास को गतिशील बनाने हेतु की गई है। स्कील डेवलेपमेन्ट सेन्टर की स्थापना अधिसूचना सं. आर/जीएडी/स्कील डेवलेपमेन्ट सेन्टर/४२१८१ दिनांक १९.०१.२०१६ के द्वारा की गई है। तदोपरान्त इसका नाम बदल कर कॅरियर डेवलपमेंट सेन्टर कर दिया गया। कॅरियर डेवलपमेंट सेन्टर विश्वविद्यालय के हॉबी सेन्टर में स्थित है। इस सेन्टर ने

प्रतिवेदन अवधि के दौरान १६१ व्यक्तित्व विकास सत्र, ६५ एन्ड्रोयड एप्लीकेशन डेवलपमेंन्ट सत्र, ९२ बेसिक कम्प्यूटर, ५७ सी प्रोग्रामींग सत्र, ३३ बेबसाइट मेकींग सत्र, ७ प्लेनिंग ड्राइव, ९ अभिवृत्ति सत्र, साप्ताहिक गीता, दैनिक योग सत्र, ५ उद्यमिता सत्र, ८ इंग्लिश स्पोकेन सत्र, आई.आर.डी.एम. परास्नातक छात्रों के लिए सामूहिक चर्चा पर एक कार्यशाला, लोक प्रशासन परास्नातक छात्रों के मॉक साक्षात्कार एवं विश्वविद्यालय के छात्रों को यू.पी.एस.सी. के तैयारी हेतु १८ सत्रों का आयोजन किया। उपरोक्त के अतिरिक्त कैरियर डेवलपमेंन्ट सेन्टर ७ नवम्बर, २०१६ से समर्थ ग्राम अभियान में सक्रिय रूप से शामिल था जिनकी प्रमुख उपलब्धियाँ निम्नानुसार हैं:

- ८ ट्रिप में ४० गाँवों का भ्रमण किया।
- दिनांक ०४.११.२०१६ को जैविक कृषि सम्मेलन।
- दिनांक २७.०१.२०१७ को मधुपुर तथा मुरदेव में दन्त चिकित्सा शिविर तथा पौधा रोपण।

दिनांक	**राष्ट्रीय संस्कृत महोत्सव कार्यक्रम स्थल**			
	स्वतंत्रता भवन	**पंडित ओंकार नाथ ठाकुर सभागार**	**कला संकाय सभागार**	**जन संचार विभाग**
१८.१२.२०१६	श्री मनोज तिवारी के द्वारा लोक गीत	पंडित अजय चक्रबर्ती के द्वारा स्वर संगीत बांसुरी तथा कार्नेटिक बांसुरी संगीत की जुगल बंदी-पंडित चेतन जोशी व मैसोर ए चन्दन कुमार	गुडिया कठपुतली निर्देशक सुदीप गुप्ता	बाल फिल्म महोत्सव तथा गट्टू और हैप्पी मदर्स डे पर कार्यशाला
१९.१२.२०१६	राष्ट्रीय कवि सम्मेलन	संतुर युगल संगीत-पंडित भजन तथा रूस्तम सपोरी के द्वारा पंडित छन्नू लाल मिश्रा के द्वारा शास्त्रीय स्वर संगीत सोनल मानसिंह के द्वारा कथक नृत्य	माँ जगत जननी कन्दोयी थियेटर (डोरी कठपुतली) निर्देशक चैतन्य बेहरा	बाल फिल्म महोत्सव तथा गौरा (द जर्नी ऑफ करेज) और गोपी गवैया और बाघ बजैया पर कार्यशाला
२०.१२.२०१६	निजामी बन्धु के द्वारा कव्वाली	डॉ. एन.राजम, संगीता शंकर तथा नन्दनी और रागनी शंकर के द्वारा वायलीन संगीत पद्म श्री पंडित राजन व साजन मिश्रा के द्वारा बासुंरी वादन	मुगोल तमाशा निर्देशक-बिभूति भूषण साहू	बाल फिल्म महोत्सव तथा कृश त्रिश बाल्टीबॉय-१.तथा पप्पू की पगडण्डी पर कार्यशाला
२१.१२.२०१६	चाणक्य-नाटक	नाद भेदम आर्केस्ट्रा-पंडित हरी प्रसाद चौरसिया के द्वारा सुश्री प्रभा आत्रे के द्वारा स्वर संगीत कालक्षेत्र के द्वारा भरत नाट्यम नृत्य	रावण छाया (छाया कठपुतली) निर्देशक-खगस्वर प्रधान	बाल फिल्म महोत्सव तथा कफल पिंटी का साबुन पर कार्यशाला
२३.१२.२०१६	मालिनी अवस्थी के द्वारा भोजपुरी लोक गीत	पंडित उल्हास काशल्कर के द्वारा स्वर संगीत पंडित निलादरी कुमार के द्वारा सितार वादन	महाराष्ट्र का पारम्परिक कठपुतली निर्देशक-गन्नपा सखा राम मषगे	बाल फिल्म महोत्सव तथा छूटकन की महाभारत हालो पर कार्यशाला
२४.१२.२०१६	श्री वडाली बन्धू के द्वारा सूफी संगीत	श्री विजय घाटे (तबला), श्री भवानी शंकर (पखवाज), श्री राकेश चौरसिया (बासुंरी),श्री रविचारी (सितार),पंडित जसराज का स्वर संगीत	छाया कठपुतली निर्देशक-सिन्दे चिदम्बरा राव(एस.एन.ए अवार्डी)	
उपरोक्त के अतिरिक्त बहुत सारे कार्यक्रम १७ से २४ दिसम्बर,२०१६ को वाराणसी के विभिन्न घाटों, सारनाथ तथा आस-पास के गॉवों में आयोजित किये गये।				

१७-२४ दिसम्बर, २०१६ को राष्ट्रीय संस्कृति महोत्सव के अन्तर्गत आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी कार्यक्रम के दौरान 'चाणक्य' के कलाकार से मिलते हुए

राष्ट्रीय संस्कृति महोत्सव की पत्रिका का विमोचन

MAHOTSAV

- दिनांक ०२.०२.२०१७ को तारापुर तथा नरोत्तमपुर में महिला स्वाथ्य शिविर तथा पौधा रोपण।
- दिनांक ०४.०२.२०१६ को सामने घाट में पशु चिकित्सा शिविर।
- विद्यार्थियों में उद्यमशीलता कौशल के विकास की भी पहल की गई है।
- महिला विद्यार्थियों हेतु महिला संवेदीकरण, एन्टी रैगिंग इत्यादि जैसे सामाजिक मुद्दों पर भी मार्गदर्शन एवं परामर्श प्रकोष्ठ के गठन द्वारा कई पहलें की गई हैं और परामर्शदाताओं तथा एन्टी-रैगिंग दस्ता के सदस्यों को भी इसमें सक्रिय सहभागिता दी गई है जिससे रैगिंग की घटनाएँ न्यूनतम हों।
- खाली समय में विद्यार्थी खेल-कूद में लगे रहें इसके लिए हर छात्रावास में खेल-कूद की सामान्य न्यूनतम सुविधाएँ दी गई हैं ताकि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो सके।
- विश्वविद्यालय का प्रत्येक विद्यार्थी महामना के जीवन, दृष्टिकोण तथा कृत्यों से परिचित हो सके, इसके लिए उन्हें महामना विषयक एक पुस्तिका प्रदान की गई है।

- **बीएचयू पर वृत्तचित्रः** विभिन्न संकायों में प्रवेश के समय नये प्रवेशार्थियों को बीएचयू का इतिहास, इसका गौरव, इसके पुराछात्र एवं अपने क्षेत्र के अग्रणी शिक्षकों तथा विश्वविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं का चित्रण करने वाली एक वृत्त चित्र दिखायी गई जिससे कि नवप्रवेशार्थी अपने संकायों में प्रवेश से पूर्व विश्वविद्यालय से परिचित हो सके।
- **स्थापना दिवस पर झाँकी निकालने की परम्परा का पुनः प्रवर्तनः** विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस पर २४ जनवरी, २०१५ को बसंत पंचमी के दिन लगभग ३ दशकों के बाद विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों द्वारा झाँकी निकालने की उल्लेखनीय परम्परा पुनः शुरू की गई। संकायों द्वारा इसमें अद्‌भुत एवं पूरे जोश के साथ सहभागिता की गई। इस पहल से विद्यार्थी ज्ञान व कला की देवी की आराधना करने के लिए तथा अपने संरचनात्मक विचारों से बीएचयू के स्थापना दिवस का उत्सव मनाने हेतु काफी प्रेरित हुए। विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई झाँकी के माध्यम से प्राचीन व आधुनिक भारत के गौरवशाली इतिहास तथा भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की कई घटनाओं को प्रस्तुत किया गया।
- **गीता प्रवचनः** गीता समिति के पुनर्गठन के साथ काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की एक अनन्य विशेषता विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों हेतु आयोजित किए जाने वाले गीता प्रवचन की पुनः शुरूआत की गई है। इससे हमारे धर्मग्रंथों के जीवन्त, दार्शनिक व आध्यात्मिक विचार विमर्श की संस्कृति सुदृढ़ हुई है। शताब्दी समारोह के हिस्से के रूप में स्वामी श्रीवत्स गोस्वामी द्वारा मालवीय भवन में एक सप्ताह तक चलने वाले गीता व्याख्यान का आयोजन किया गया।
- **साइबर पुस्तकालय अध्ययन केन्द्रः** विद्यार्थियों को इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों का अभीष्ट उपयोग करने तथा स्वाध्याय हेतु प्रेरित करने के लिए एक उच्च क्षमता के साइबर पुस्तकालय अध्ययन केन्द्र की स्थापना की गई है। यह विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों (पत्रिकाओं एवं पुस्तकों) तक पहुँच प्रदान करता है। इस केन्द्र में २२० कम्प्यूटर टर्मिनल एवं उच्चगति की इंटरनेट पहुँच सुविधा उपलब्ध है जिसमें एक साथ २०० से अधिक विद्यार्थी बैठ सकते हैं। यह बीएचयू साइबर पुस्तकालय एक इलेक्ट्रॉनिक पुस्तकालय है जो वेब ऑफ साइंस, ऐनुअल रिव्यू, मैथसाइनेट, साइफाइडर स्कॉलर तथा कैब एबस्ट्रेक्ट्स नामक पत्रिकाओं और पुस्तकों के पूर्ण पाठ तक पहुँच प्रदान करता है। यह डिज़िटल लाइब्रेरी ऑफ इण्डिया, वर्ल्ड डिज़िटल लाइब्रेरी, युनिवर्सल डिजिटल लाइब्रेरी तथा प्रोजेक्ट गुटनबर्ग तक भी पहुँच प्रदान करता है। सेज ई-गुक्त, स्प्रिंगर ई-बुक्स, टेलर एण्ड फ्रांसिस, कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस, इनसाइक्लोपीडिया, ब्रिटानिक, मेडिकल रिसोर्सेस, (ईआरएमईडी) तथा पम्ब, इंजीनियरिंग साइंस रिसोर्सेस, इंस्टीट्यूशन रिपाजिटरीज़ नामक ई-पुस्तक साइबर पुस्तक में उपलब्ध है। हिन्दी समय, हिन्दी साहित्य दर्पण, हिन्दी कवितायें, कविता कोष, साहित्य शिल्पी, संस्कृत शोध प्रबंध तथा संस्कृत ई-बुक्स जैसे हिन्दी व संस्कृत सामग्रियों की इस साइबर पुस्तकालय में उपलब्धता है। पुस्तकालय में ''लाइब्रेरी ऑफ मोबाइल'' की भी शुरूआत की गई है जहाँ पुस्तक के ई-संसाधन मोबाइल प्रारूप में उपलब्ध कराये गये हैं जिसे इंटरनेट के जरिये स्मार्ट फोन से प्राप्त किया जा सकता है।

नई सुविधाओं का विकास

कई नये छात्रावास बनाये गये हैं जो वर्तमान में उपयोग हेतु उपलब्ध हैं।

- **केन्द्रीय अनुसंधान केन्द्र की स्थापना (सीडीसी):** विश्वविद्यालय एक केन्द्रीय अनुसंधान केन्द्र स्थापित कर रहा है जिसमें एडवांस इंस्ट्रूमेंटेशन, सेंटर फॉर एडवांस कम्प्यूटिंग, सेन्टर फॉर डिज़िटल मीडिया, मेजर रिसर्च इक्यूिपमेंट तथा अन्तर-विषयी शोधों के लिए अत्याधुनिक सुविधाएँ विद्यमान होगीं। यह भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (बीएचयू) समेत विश्वविद्यालय के उन सभी संकाय सदस्यों को जो नवोन्मेशी शोध करना चाहते हैं, के लिए एक केन्द्रीकृत सुविधाएँ प्रदान करेगा। केन्द्रीय अनुसंधान केन्द्र का भवन निर्माणाधीन है।
- **मालवीय विरासत संकुल का निर्माणः** मालवीय मूल्य अनुशीलन केन्द्र तथा अंतर-सांस्कृतिक अध्ययन केन्द्र (संस्कृति मंत्रालय के वित्तीय सहयोग से निर्मित) का शिलान्यास महामना पं. मदन मोहन मालवीयजी की १५०वीं जयन्ती की स्मृति में २५ दिसम्बर २०१२ को भारत के राष्ट्रपति ने किया। इस भवन का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है।
- **बोन मैरो ट्रान्सप्लांट एण्ड स्टेम सेल रिसर्च सेंटर की स्थापनाः** चिकित्सा विज्ञान संस्थान ट्रामा सेंटर में अपनी तरह का पहला स्टेम सेल रिसर्च तथा बोन मैरो ट्रांन्सप्लांटेशन सेंटर स्थापित कर रहा है।

इस प्रस्तावित शोध केन्द्र में cGLP तथा cGMP मानकों के अनुरूप चिकित्सीय एवं भौमिक शोध पर मरीजों पर शल्यक कार्य एवं अन्य चिकित्सीय उपचार करने के लिए अपेक्षित मूलभूत संरचनाएँ एवं संसाधन होंगे। बोन मैरो ट्रान्सप्लांट तथा स्टेम सेल शोध केन्द्र हेतु पूर्णतया सुसज्जित भवन का निर्माण कार्य पूर्ण हो चूका है।

- **भारत अध्ययन केन्द्र की स्थापना:** प्राचीन भारतीय ज्ञान एवं आधुनिक ज्ञान के बीच की खाई को पाटने के लिए प्राचीन भारतीय ज्ञान, संस्कृति, साहित्य, संगीत व परम्परा के अध्ययन हेतु भारत अध्ययन केन्द्र स्थापित किया गया है। इसकी हर तरफ से सराहना हो रही है। परियोजना रिपोर्ट का पूर्ण ब्योरा तैयार हो गया था तथा यू.जी.सी. को प्रस्तुत कर दिया गया है। इस केन्द्र की स्थापना हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने रु.२५ करोड़ की स्वीकृति दी है। केन्द्र के भवन निर्माण का कार्य जोर-शोर से चल रहा है। इस केन्द्र हेतु सेंटेनरी चेयर प्रोफेसरों तथा सेंटेनरी फेलोज के लिए सृजित पदों पर नियुक्तियाँ कर दी गई हैं।
- **गंगा, नदी विकास एवं जल संसाधन प्रबंधन हेतु मालवीय शोध केन्द्र की स्थापना:** नदियाँ तथा जल-बेसिन की समस्याओं के अध्ययन हेतु गंगा नदी विकास एवं जल संसाधन प्रबंधन हेतु मालवीय शोध केन्द्र स्थापित किया गया है। इसके वित्तपोषण हेतु विचारार्थ भारत सरकार को एक प्रस्ताव भी दिया गया है।
- **सौर ऊर्जा का उपयोग:** सौर ऊर्जा प्लांट लगाने और इस क्षेत्र में शोध हेतु हरित ऊर्जा केन्द्र स्थापित करने के लिए विश्वविद्यालय ने भारतीय सौर ऊर्जा निगम लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर किया है। उम्मीद की जा रही है कि सौर ऊर्जा प्लांट लग जाने से विद्युत उत्पादन के साथ ही विश्वविद्यालय की ऊर्जा जरूरतें भी पूरी हो सकेंगी। सौर ऊर्जा के माध्यम से बिजली उत्पादन के लिए विश्वविद्यालय के भवनों पर रुफ-टॉप पीवी पैनल लगाने का काम पूर्ण हो चूका है।
- जलवायु परिवर्तन पर महामना उत्कृष्टता केन्द्र की स्थापना हो चुकी है।
- **कैंसर अस्पताल की स्थापना:** महामना मालवीय कैंसर अस्पताल तथा अनुसंधान केन्द्र की मंजूरी माननीय प्रधानमंत्री, भारत सरकार के द्वारा दे दी गई है। जिसके लिए १५ एकड़ का भू-खण्ड सुन्दर बगिया में चिह्नित कर लिया गया है।
- **सर सुन्दर लाल अस्पताल की सुविधाओं का उन्नयन:** विश्वविद्यालय का सर सुन्दर लाल अस्पताल जिसकी स्थापना १९२४ में हुई थी, का व्यापक उन्नयन तथा विस्तार आवश्यक है ताकि उत्तर भारत क्षेत्र के वृहद आबादी को निर्विघ्न तथा गुणवत्ता परक स्वाथ्य सेवायें प्रदान की जा सकें। यह प्रस्ताव भारत सरकार के द्वारा मंजुर हो चुका है तथा रु.२०० करोड़ की लागत से सर सुन्दर लाल अस्पताल में एक सुपर स्पेशियालिटी कॉम्पलेक्स की स्वीकृती दी गई है।
- महामनाजी द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय गोशाला का सुधार कार्य किया जा रहा है। गोशाला संबंधी कार्यों के प्राथमिकता वाले क्षेत्र के हिस्से के तौर पर गाय की देशी नस्ल यथा-साहिवाल के संरक्षण व प्रजनन हेतु एक परियोजना शुरू की गई है। इसके अतिरिक्त गोबर गैस उत्पादन के लिए गाय के गोबर के प्रसंस्करण तथा उसके मूत्र के चिकित्सीय उपयोग हेतु शीघ्र अनुसंधान की तैयारी चल रही है।

प्रशासकीय सुधार एवं ई-गवर्नेंस पहल

- **संकाय भर्ती हेतु संशोधित प्रक्रिया:** अध्ययन-अध्यापन एवं शोध की गुणवत्ता सुधारने के लिए असाधारण गुणवत्ता सुधार के रूप में आईआईटी एवं आईआईएससी द्वारा अपनायी जाने वाली प्रक्रिया की तर्ज पर नवप्रवर्तनकारी संकाय भर्ती प्रक्रिया क्रियान्वित की गई है। संकाय चयन की प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने, शिक्षण के उच्च गुणवत्तायुक्त अभ्यर्थियों को आकर्षित करने हेतु रोलिंग विज्ञापन द्वारा ऑन लाइन चयन प्रक्रिया अपनायी जा रही है। विश्वविद्यालय ने अपनी उस चयन प्रक्रिया को विद्वत परिषद् व कार्यकारिणी परिषद् के अनुमोदन से संशोधित कर दिया है जो विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के विनियमों के अनुरूप नहीं थी और जिसकी वजह से अतीत में मुकदमेंबाजी भी हुई थी। नये विनियम विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के विनियमों के अनुरूप और पारदर्शी हैं। जिसकी वजह से विश्वविद्यालय में शिक्षकों व कर्मचारियों का निष्पक्ष व निर्बाध चयन हो पा रहा है। विश्वविद्यालय ने ५५० शिक्षकों की, ४१ समूह 'क' के अधिकारीयों, ३० स्कूल अध्यापकों तथा ९०६ समूह 'ख', 'ग' तथा गैर-शिक्षण कर्मियों का चयन किया है और प्रतिवेदन वर्ष में इतने ही लोगों को पदोन्नति भी दी है।
- **ख्यातिलब्ध शिक्षकों की अल्पकालिक नियुक्ति:** विश्वविद्यालय समय-समय पर नियुक्ति योजना के अंतर्गत संबंधित विभागों की नीति एवं आयोजन समिति की सिफारिश पर विज़िटिंग प्रोफेसरों, मानित प्रोफेसरों, विज़िटिंग फेलो तथा एक्सटर्नल एडजंक्ट फैकल्टी के तहत ख्यातिलब्ध शिक्षकों व विशेषज्ञों की नियुक्ति करता है। एक्सटर्नल एडजंक्ट फैकल्टी की नियुक्ति योजना को आकर्षक बनाने के लिए इसमें सुधार किया गया है। प्रतिवेदित वर्ष के दौरान उक्त योजना के अंर्तगत नियुक्तियाँ की गई। विश्वविद्यालय में विद्यमान पुराने एन्डोव्ड चेयर्स को पुन: प्रवर्तित करने के प्रयास किए गए हैं विश्वविद्यालय ने भारत अध्ययन केन्द्र के अंतर्गत सेंटेनरी चेयर प्रोफेसर्स के ०५ पद तथा सेंटेनरी विज़िटिंग फेलो के १० पदों का भी सृजन किया है।
- **प्रवेश एवं परीक्षा प्रक्रिया का स्वचालन:** प्रवेश में दक्षता और पारदर्शिता करने के लिए प्रवेश प्रक्रिया स्वचालित बनायी गयी है और इसे विश्वविद्यालय द्वारा विकसित भविष्यगत अनुकूलित कार्यक्रमों के माध्यन से ऑनलाइन किया गया है। विभिन्न पाठ्यक्रमों व कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया, प्रवेश पत्र जारी करने, प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित करना, अभ्यर्थियों द्वारा पाठ्यक्रमों में वरीयता चयन काउंसलिंग, प्रवेश का प्रस्ताव, प्रवेश शुल्क का भुगतान, छात्रावास आवंटन इत्यादि जैसी प्रक्रियाएँ

ऑनलाइन कर दी गई हैं। अभ्यर्थी बहुविकल्पीय प्रश्नों वाली प्रवेश परीक्षा (उन कुछ पाठ्यक्रमों को छोड़कर जिनमें समूह-चर्चा तक साक्षात्कार अथवा प्रायोगिक परीक्षा जाँच का आवश्यक अंग है) में शामिल होते हैं। उत्तर पत्रक ओएमआर मूल्यांकन आधारित है जिसका मूल्यांकन ओएमआर स्कैनर के माध्यम से किया जाता है। प्रवेश के लिए नामाकंन परीक्षा फार्म भरना तथा प्रवेश पा चुके अभिव्यक्तियों की अन्य महत्वपूर्ण नियमित परीक्षा प्रक्रियाएं भी ऑनलाइन कर दी गई हैं। स्वचलन की यह प्रक्रिया अन्य शैक्षणिक प्रशासनिक क्षेत्रों में भी जारी रहेगी।

- **ई-गवर्नेन्स का क्रियान्वयन:** विश्वविद्यालय ने प्रवेश, काउंसिलिंग तथा परीक्षा हेतु एक समर्पित ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से विद्यार्थियों के जीवन चक्र प्रबंधन का एक बड़ा हिस्सा पहले ही स्वचालित बना दिया है। इसी तरह से भर्ती तथा वित्तीय प्रबंधन की प्रशासनीय प्रक्रियाओं को भी आंशिक तौर पर स्वचालित कर दिया गया है। सरसुन्दरलाल अस्पताल में पूर्णत: कार्यक्षम अस्पताल सूचक प्रबंधन प्रणाली स्थापित की गई है। ई-खरीद एवं ई-नीलामी भी की जा रही है। प्रभावी आंकड़ा आधारित विश्वविद्यालय की वेबसाइट निर्माणाधीन है। बढ़ते कार्यभार तथा मानव संसाधन के बीच के अन्तर को पाटने के लिए अन्य महत्वपूर्ण प्रशासकीय प्रक्रियाओं के कम्प्यूटरीकरण का भी खाका तैयार कर लिया गया है। कार्यालयी कामकाज को स्वचालित बनाते समय प्रक्रियागत पुर्नसंरचना को भी ध्यान में रखा जा रहा है तथा इसमें दक्षता लाने के लिए तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। विश्वविद्यालय प्रभावी एवं दक्षतापूर्ण प्रबंधन हेतु आधुनिक उपकरणों के उपयोग के लिए सजग एवं सक्रिय प्रयास कर रहा है।
- पुराने अभिलेखों के डिजिटेलाइजेशन का कार्य प्रगति पर है तथा परिसर में बाई-फाई लगाने से सम्बन्धित कार्य अपने चरम पर है।

विस्तारण एवं सुदूर पहुँच

- **सामुदायिक विकास प्रकोष्ठ की स्थापना:** विश्वविद्यालय ने एक सामुदायिक विकास प्रकोष्ठ की स्थापना की है। प्रकोष्ठ ने पाँच गाँवों को आदर्श गाँव के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से गोद लिया है। आदर्श गाँवों के मानक तय किये गये हैं जिनके अन्तर्गत राष्ट्रीय कार्यक्रम यथा स्वच्छ भारत, स्वस्थ्य भारत तथा कौशल विकास शामिल है।
- **समर्थ ग्राम अभियान की शुरूआत:** विश्वविद्यालय ने भारत सरकार के महत्वाकांक्षी योजना उन्नत भारत अभियान के अन्तर्गत समर्थ ग्राम अभियान की शुरूआत की है। अभियान के हिस्से के तौर पर विद्यापीठ ब्लाक के अन्तर्गत आने वाले १०० गाँवों का चयन किया गया है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को शिक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य, जैविक खेती, वृक्षा रोपण, घरेलू जानवरों के स्वास्थ्य, घरेलू उद्यान, जल प्रबन्धन, पर्यावरणीय जागरूकता आदि के महत्व के बारे में शिक्षित करना तथा स्वयं-संपोष्य आत्मनिर्भर बनाने वाले विधिक मामलों की जानकारी प्रदान करना है। समर्थ ग्राम अभियान के तहत विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा गतिविधियां आयोजित की गईं। प्रतिवेदन अवधि के दौरान समर्थ ग्राम अभियान ग्राम दल द्वारा चिन्हित गाँवों में अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गये। कुछ महत्वपूर्ण गतिविधियाँ अग्रलिखित हैं: आधारभूत संरक्षण का आयोजन; ग्रामीण बालिकाओं द्वारा सिलाई, कढ़ाई तथा बुनाई का प्रशिक्षण; ग्रामीणों को जैविक खेती एवं इसके महत्व की जानकारी हेतु दिनांक ४ दिसम्बर, २०१६ को जैविक कृषि मेला का आयोजन; ३०-३१ मार्च, २०१७ को एन.सी.आर.आई. कार्यशाला का आयोजन; एन.एस.एस. द्वारा २१-२८ फरवरी, २०१७ के बीच गाँवों में आम, नीबू एवं आँवला के वृक्षों को रोपण; घरेलू उद्यान हेतु बीज वितरण; महिलाओं के स्वास्थ्य जाँच शिविर; पशु चिकित्सा शिविर; दन्त परीक्षण शिविर; आँख, नाक व गला सम्बन्धि चिकित्सा शिविर तथा अन्य चिकित्सीय शिविरों का आयोजन; ग्रामीणों हेतु योग कक्षाओं का आयोजन; शिक्षा एवं स्वास्थ्य के महत्व पर नुक्कड़ नाटकों का आयोजन आदि।

अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग

प्रतिवेदन अवधि के दौरान विदेशों के कई प्रतिनिधियों ने भी काशी हिन्दू विश्वविद्यालय का दौरा किया एवं यहाँ के प्रतिनिधियों ने भी विदेशों का दौरा किया। विश्वविद्यालय ने यूएसए, जापान, स्पेन, नेपाल, मारीशस इत्यादि देशों समेत कई देशों के विश्वविद्यालयों तथा संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर किया।

विश्वविद्यालय-उद्योग सहभागिता प्रकोष्ठ

उच्चतर शिक्षा एवं शोध को समाज एवं अर्थव्यवस्था के प्रति और अधिक प्रासंगिक बनाने के लिए विश्वविद्यालय में एक व्यापार प्रकोष्ठ स्थापित किया गया है। व्यापार प्रकोष्ठ की अवधारणा का केन्द्र बिन्दु यह है कि उद्योग क्षेत्र को चाहिए कि वह निर्देशन हेतु इनपुट प्रदान करे जिससे विश्वविद्यालय में शोध कार्य हो सके और दूसरी ओर शोध के माध्यम से विश्वविद्यालय द्वारा प्रौद्योगिकी/उत्पाद/प्रक्रियाएँ विकसित हों जिनका पर्याप्त मात्रा में विपणन हो ताकि औद्योगिक क्षेत्र उन्हें अपनाएँ और नवप्रवर्तनों का उत्पादनपरक उपयोग हो सके। विश्वविद्यालय के व्यापार प्रकोष्ठ के लिए यह अनिवार्य है कि वह उचित प्रौद्योगिकी के विकास, हस्तांतरण, व्यापार विकास और औद्योगिक शैक्षणिक पारस्परिक प्रभाव हेतु दिशा निर्देश दे। विश्वविद्यालय ने पाठ्यक्रमों,शोध एवं अपने संकाय सदस्यों द्वारा विकसित शोध-उत्पादों के वाणिज्यिक दोहन हेतु अरविन्द रेमेडीज़ प्रा.लि. के साथ एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर किया है। विश्वविद्यालय सेबी, एनएसई, एक्सिस बैंक तथा अन्य औद्योगिक संगठनों के साथ भी समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर करने की योजना बना रहा है।

शिकायत निवारण तंत्र का सुदृढ़ीकरण

समस्त शिकायतों को प्रस्तुत करने और संशोधित करने हेतु एक केन्द्र बिन्दु प्रदान करने के लिए सभी शिकायत निवारण समितियों के एक संपर्क अधिकारी के रूप में कार्य करने के लिए उप-कुलसचिव की अध्यक्षता में केन्द्रीय कार्यालय में एक केन्द्रीकृत शिकायत निवारण प्रकोष्ठ स्थापित किया गया है। सभी शिकायत निवारण समितियों को

पर्याप्त प्रबंधकीय एवं सचिवीय सहायता प्रदान करने और शिकायत निवारण समितियों से संबंधित दस्तावेजों के रख-रखाव हेतु प्रकोष्ठ को पर्याप्त कर्मचारी मुहैया कराए गए हैं। भेदभाव-निरोध अधिकारी की नियुक्ति की गई है।

महत्वपूर्ण बैठकें :

कार्यकारिणी परिषद् की बैठक

- अप्रैल २३, २०१६
- नवम्बर ०७, २०१६
- मार्च ३०, २०१७

विद्वत् परिषद् की बैठक

- मार्च १७, २०१७
- जनवरी १२, २०१७

वित्त समिति की बैठक

- अप्रैल २३, २०१६
- नवम्बर ०७, २०१६

संकाय की बैठकें

- कृषि विज्ञान संकाय ०२.१२.२०१६
- प्रबन्धशास्त्र संकाय १०.१२.२०१६
- मंच कला संकाय १७.०१.२०१७

विश्वविद्यालय की शैक्षणिक संरचना

क. संस्थान

- चिकित्सा विज्ञान संस्थान
- कृषि विज्ञान संस्थान
- पर्यावरण एवं सम्पोष्य विकास संस्थान
- प्रबन्ध शास्त्र संस्थान
- विज्ञान संस्थान

ख. संकाय

- कृषि
- कला
- आयुर्वेद
- वाणिज्य
- दन्त चिकित्सा विज्ञान
- शिक्षा
- पर्यावरण एवं सम्पोष्य विकास
- विधि
- प्रबन्ध शास्त्र
- चिकित्सा
- मंच कला
- संस्कृत विद्या धर्म विज्ञान
- विज्ञान
- सामाजिक विज्ञान
- दृश्य कला
- पशु-चिकित्सा एवं पशु विज्ञान संकाय

ग. महाविद्यालय

- **अंगीभूत महाविद्यालय :** महिला महाविद्यालय (वूमेन्स कॉलेज) परिसर के अन्दर स्थित

घ. अन्तर्विषयी उच्च शिक्षापीठ (स्कूल)

- जैव-प्रौद्योगिकी स्कूल
- जीवन विज्ञान स्कूल

च. अध्ययन केन्द्र

- खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी
- आनुवांशिक विकृति
- डीएसटी.सेन्टर फार इंटर डिसीप्लीनरी मैथमेटिकल साइंस
- नेपाल अध्ययन केन्द्र
- महिला अध्ययन एवं विकास
- मालवीय शांति अनुसंधान केन्द्र
- समन्वित ग्रामीण विकास
- सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति अध्ययन केन्द्र

छ. विश्वविद्यालय द्वारा अनुरक्षित विद्यालय

- सेन्ट्रल हिन्दू ब्वाय़ज स्कूल
- सेन्ट्रल हिन्दू गर्ल्स स्कूल
- श्री रणवीर संस्कृत विद्यालय

ज. विश्वविद्यालयी सुविधाओं की अनुमति के लिए स्वीकृत महाविद्यालय

- आर्य महिला पी.जी. कॉलेज
- दयानन्द पी.जी. कॉलेज
- वसन्त महिला महाविद्यालय
- वसन्त कन्या महाविद्यालय

झ. यू.जी.सी.-एस.ए.पी.: सी.ए.एस. व डी.आर.एस. कार्यक्रम

विशेष सहायकता कार्यक्रम (स्तर)

- शस्य विज्ञान (डी.आर.एस.)-१
- जैव प्रौद्योगिकी स्कूल (डी.आर.एस.)-३
- प्रबन्ध शास्त्र संकाय (डी.आर.एस.)-२

- भौतिकी (सी.ए.एस.)-५
- सांख्यिकी (डी.आर.एस.)-२
- भूगोल (डी.आर.एस.)-२
- रसायन शास्त्र (सी.ए.एस.)-२
- भूविज्ञान (सी.ए.एस.)-२

ट. यूजीसी-स्वीकृत कार्यक्रम (इनोवेटिव/टीआरआईईए/अन्य कार्यक्रम)

- **भौतिकी विभाग, विज्ञान संकाय –** इस्टैब्लिशमेन्ट ऑफ नेटवर्किंग रिसोर्स सेन्टर
- **मनोविज्ञान विभाग –** पी.जी. डिप्लोमा (वन इयर) इन काउन्सिलिंग, गाइडेन्स एण्ड साइकोलॉजिकल इन्टरवेन्शन (अन्डर इनोवेटिव 'टीआरआईईए' प्रोग्राम ऑफ यूजीसी)।
- **आनुवांशिकी विकार केन्द्र –** क्रोमोजोमल जेनेटिक एण्ड मॉलेक्यूलर डायग्नोस्टिक में स्नातकोत्तर डिप्लोमा, इनोवेटिव 'टीआरआईईए' प्रोग्राम ऑफ यूजीसी।
- **तेलुगू विभाग, कला संकाय –** स्नातकोत्तर डिप्लोमा ट्रांसलेशन स्कील फॉर वैरीड कॉम्पीटेन्सीज, इनोवेटिव 'टीआरआईईए' प्रोग्राम ऑफ यूजीसी।

ठ. विशेषज्ञ अनुसंधान के अन्य केन्द्र/कार्यक्रम

- सी.एफ.एस.टी., कृषि विज्ञान संस्थान – इन्हेन्सिंग रिसर्च कैपेसिटी एण्ड इनिटिएटिंग इन्टिग्रेटेड एम.एससी./एम.टेक. व पीएच.डी. प्रोग्राम इन द एरिया ऑफ फूड साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी।
- महिला अध्ययन एवं विकास केन्द्र, सामाजिक विज्ञान संकाय।
- सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशि निति अध्ययन, सामाजिक विज्ञान संकाय।
- नेपाल अध्ययन केन्द्र, सामाजिक विज्ञान संकाय।
- चिकित्सा विज्ञान संकाय, चि.वि.सं.– सेन्टर फार एक्सीलेन्स इन एच.आई.वी. केयर।
- चिकित्सा विज्ञान संकाय, चि. वि. सं. – डिटरमाइनिंग फैक्टर्स एसोसिएटेड विथ ए.आर.टी. ड्रग एडहेरेन्स एच आई वी पाजिटिव्स इन इंडिया (एन.ए.सी.ओ.), चिकित्सा विज्ञान संस्थान।
- विज्ञान संकाय – स्ट्रेन्थेनिंग स्पेस साइन्स एक्टीविटीज इन यूनिवर्सिटीज (इसरो), भौतिकी विभाग।
- बौद्ध अध्ययन केन्द्र, पालि तथा बौद्ध अध्ययन विभाग, कला संकाय – स्कीम ऑफ एपॉक मेकिंग ऑफ सोशल थिंकर्स ऑफ इण्डिया।

ड. डी एस टी-फीस्ट कार्यक्रम

(विश्वविद्यालय एवं उच्च शैक्षणिक संस्थानों में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के लिए आधारभूत कार्यक्रमों (फीस्ट) के उन्नयन के लिए कोष)

- भौतिकी
- वनस्पति विज्ञान
- शरीर रचना विज्ञान, चि.वि.स.
- कवक विज्ञान और पादप रोग विज्ञान
- रसायनशास्त्र

ढ. डी एस टी-पी.यू.आर.एस.ई.(पर्स)- कार्यक्रम

- विज्ञान संस्थान एवं चिकित्सा विज्ञान संस्थान

२. विश्वविद्यालय के शैक्षणिक अवयव (अंग)

२.१. मुख्य परिसर

२.१.१. संस्थान

२.१.२. संकाय

२.१.३. महिला महाविद्यालय

२.१.४. अध्ययन केन्द्र

२.१.५. स्कूल

२.१.६. का.हि.वि.वि. ग्रंथालय प्रणाली

२.१.७. यू.जी.सी. ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेन्ट सेन्टर

२.१.८. मालवीय भवन

२.१.९. भारत कला भवन

२.२. दक्षिणी परिसर

२.३. विश्वविद्यालय के विशेषाधिकार के अन्तर्गत संचालित नगरीय महाविद्यालय

कृषि विज्ञान संस्थान में कर्मचारी खेलकूद का आयोजन

२.१.१.१. कृषि विज्ञान संस्थान

कृषि विज्ञान संस्थान, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय ने क्षुधा-मुक्त भारत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान के साथ ८६ वर्षों की अपनी शानदार यात्रा पूरी कर ली है। भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के महत्व को समझते हुए काशी हिंदू विश्वविद्यालय के संस्थापक भारत रत्न पं. मदन मोहन मालवीय जी ने वर्ष १९३१ में कृषि अनुसंधान संस्थान की स्थापना की। तब से, कृषि अनुसंधान और शिक्षा काशी हिंदू विश्वविद्यालय का अभिन्न अंग बन गया। कालान्तर में संस्थान ने कार्य विस्तार के साथ-साथ अलग-अलग नाम ग्रहण किए और अंततः वर्ष १९८१ में कृषि के क्षेत्र में शिक्षण, अनुसंधान, विस्तार और विकास के एकीकरण के लक्ष्य के लिए कृषि विज्ञान संस्थान की स्थिति तक उच्चीकृत हो गया। वर्ष १९३१ में काशी हिंदू विश्वविद्यालय में कृषि अनुसंधान संस्थान की औपचारिक स्थापना से पूर्व, विश्वविद्यालय के संस्थापक भारत रत्न पं. मालवीय जी द्वारा धर्मविद्या विज्ञान के माध्यम से कृषि के महत्व पर बल दिया गया था। वास्तव में कृषि को ईश्वर पूजन के रूप में भूमि-पूजन से प्रारम्भ किया जाता है, जिसमें बसंत पंचमी, बैसाखी आदि जैसे अनेक त्योहारों के रूपों में फसल-कटाई का उत्सव मनाया जाता है। बसंत पंचमी पर मनाया जाने वाला काशी हिंदू विश्वविद्यालय का स्थापना दिवस, वसंत के मौसम के दौरान हमारी फसलों के पुष्पन के साथ सीधा संबंध रखता है। संस्थान ने कृषि विकास को बनाए रखने और इसमें वृद्धि के लिए मानव संसाधन विकसित करने, कृषि योग्य और पर्यावरण-अनुकूल प्रौद्योगिकियों के उत्पादन और प्रौद्योगिकी के प्रसार के लिए अपनी अनिवार्य जिम्मेदारियों का निष्पादन करना जारी रखा।

संस्थान हमारे देश में कृषि में स्नातकोत्तर शिक्षण और अनुसंधान को प्रारम्भ करने वाले प्रवर्तकों में से एक है। वास्तव में, यह संस्थान पहली बार स्नातकोत्तर (कृषि) एवं पीएच.डी. उपाधियों को प्रदान करने वाले कृषि अनुसंधान संस्थान के रूप में स्थापित किया गया था। वर्ष १९४५ में स्नातक की शिक्षा शुरू हुई और अभियंत्रण संकाय के अंतर्गत कृषि अनुसंधान संस्थान का नाम बदलकर कृषि महाविद्यालय रखा गया। वर्ष १९६८ में, कृषि महाविद्यालय, कृषि का एक स्वतंत्र संकाय बन गया। इसके बाद वर्ष १९६९ में छह विभागों क्रमशः पादप कार्यिकी, शस्य विज्ञान, अनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन, मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन, पादप रोग-विज्ञान और कृषि अर्थशास्त्र की स्थापना की गई। उद्यान विज्ञान, कीट विज्ञान एवं कृषि जंतु विज्ञान विभागों को वर्ष १९७१ में जोड़ा गया, जबकि प्रसार शिक्षा, पशुपालन और दुग्ध विज्ञान विभाग और प्रक्षेत्र अभियांत्रिकी को वर्ष १९८१ में जोड़ा गया। खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी केंद्र (सीएफएसटी) को वर्ष २००८ में स्थापित किया गया और वर्ष २०१६ में यह संस्थान का अभिन्न और स्थायी अंग बन गया।

मानव संसाधनों की आवश्यकता और २१ वीं सदी की विशेष मांग को ध्यान में रखते हुए २००६ के बाद से संस्थान ने ११ नए विशेष पाठ्यक्रमों यथा मास्टर ऑफ एग्रीबिजनेस मैनेजमेंट (एमएबीएम), एम.एससी. (कृषि वानिकी), एम.एससी. पादप जैवप्रौद्योगिकी (प्लांट बायोटेक्नोलॉजी), एम.एससी. मृदा एवं जल संरक्षण, मृदा एवं जल संरक्षण में एम.टेक., खाद्य विज्ञान में एम.एससी. और पीएच.डी., कृषि सांख्यिकी, मृदा एवं जल संरक्षण और कटाई-उपरांत प्रबन्धन में पीएच.डी. और बीज उत्पादन तथा विपणन में एक डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रारम्भ किया।

कृषि विज्ञान संस्थान का वर्तमान रूप निम्नलिखित उद्देश्यों के साथ बनाया गया था:

- शिक्षण, अनुसंधान और विस्तार के लिए एकीकृत दृष्टिकोण के साथ तकनीकी जनशक्ति की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए, जिससे सभी तीन पूर्वोक्त कार्यों के लिए एक व्यावहारिक आधार प्रदान किया जा रहा है और अनुसंधान को उत्पादनोन्मुख, समस्या सुलझाने वाला, व्यापक और अंत:विषयी बनाया जा रहा है। स्नातक कृषि के स्तर पर व्यावहारिक प्रशिक्षण पर विशेष रूप से जोर दिया गया है।
- अच्छी तरह संगठित, भली प्रकार सुसज्जित अनुसंधान प्रयोगशालाओं और प्रयोग केंद्रों से आसानी से अपनाने योग्य तकनीकी जानकारी के निर्माण के लिए।
- क्षेत्र के दूरस्थ भागों और किसानों तक शोध के परिणामों को संचारित करने और किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए उनको प्रयोगशालाओं तक लाने के लिए तकनीकी रूप से सक्षम और संगठनात्मक रूप से मजबूत विस्तार सेवा विकसित करना था।
- राज्य सरकार के सहयोग से शुद्ध और उन्नत बीज और संबंधित आदानों का एक भरोसेमंद आपूर्ति पथ संगठित करने के लिए।
- वर्तमान शैक्षणिक सत्र में स्नातक (कृषि) में प्रवेश के लिए काशी हिन्दू विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर के प्रवेश परीक्षा में ३३४५२ परीक्षार्थी उपस्थित हुए। स्नातकोत्तर (कृषि) में प्रवेश के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा में २२५७ अभ्यर्थी सम्मिलित हुए। औसत रूप से स्नातक (कृषि) की एक सीट पर २०४ आवेदकों तथा स्नातकोत्तर (कृषि) की एक सीट पर ४२ अभ्यर्थियों की उपस्थिति संस्थान में प्रवेश के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा को दर्शाती है। जुलाई, २०१६ में स्नातक (कृषि) में २०३ छात्रों तथा स्नातक (पशु-चिकित्सा विज्ञान) में ३० छात्रों को प्रवेश दिया गया। इनके साथ ही ११ विषयों के अन्तर्गत स्नातकोत्तर (कृषि) के २१५ और पीएच.डी. के ७७ छात्रों का प्रवेश सुनिश्चित किया गया। इसके अलावा १३२ छात्रों को छह विशेष स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में और एक डिप्लोमा पाठ्यक्रम में ३० छात्रों को प्रवेश दिया गया।
- अनेक राष्ट्रीय एजेंसियों द्वारा स्वीकृत ६७४ छात्रों (कुल १५०७ की वर्तमान संख्या सहित) को एक या अन्य अनुसंधान फेलोशिप/छात्रवृत्ति आदि प्राप्त हो रहीं हैं। कुल ४८२ छात्रों में, जिन्होंने सफलता पूर्वक अपनी पढ़ाई पूरी की और जिन्हें उपाधियों से सम्मानित किया गया, १८३ स्नातक (कृषि), छ: विशेष पाठ्यक्रमों समेत ११ विभागों और एक विशेष केंद्र के अंतर्गत २५३ स्नातकोत्तर (कृषि) और ११ विषयों में ४६ पीएच.डी. सम्मिलित हैं। ये उपाधियाँ और पदक दिनांक १६ जनवरी, २०१७ को आयोजित काशी हिंदू विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में प्रदान किए गए जिसमें इस विश्वविद्यालय के भूतपूर्व छात्र भारत रत्न डॉ. सीएनआर राव ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और दीक्षांत भाषण दिया। संस्थान का उपाधि वितरण समारोह दिनांक १६ जनवरी, २०१७ को आयोजित किया गया और डॉ. ए.के. श्रीवास्तव, निदेशक, भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद्-राष्ट्रीय डेरी अनुसन्धान संस्थान करनाल ने मुख्य अतिथि के रूप में समारोह में उपस्थित होकर स्नातकों को आशीर्वाद दिया।
- हमारी शैक्षणिक गतिविधियों, अर्थात् कृषि शिक्षा, अनुसंधान और आउटरीच कार्यक्रम के माध्यम से, संस्थान सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने और किसानों की आय दोहरीकरण में राष्ट्र को योगदान दे रहा है। संस्थान में वर्तमान में १० बहु-विषयक भाकृअनुप अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजनाएं ३०.४१ करोड़), ०२ भाकृअनुप नेटवर्क परियोजनाएं, ४७ नव स्वीकृत तदर्थ अनुसंधान परियोजनाएं (कुल परिव्यय-३.२७ करोड़ रुपये) और विभिन्न राष्ट्रीय एजेंसियों और उद्योगों द्वारा स्वीकृत ४० जारी तदर्थ अनुसंधान परियोजनाएं (कुल परिव्यय-२०.९१ करोड़ रूपए), और एक मेगा बीज परियोजना (फसल बीज, बागवानी और मशरूम उत्पादन को शामिल करते हुए-१.५ करोड़) संचालित हैं जिनका उत्पादन ४६ पीएच.डी. शोध प्रबंधों, २५३ स्नातकोत्तर (कृषि) थीसिस, २३८ संदर्भित शोध पत्रों, ८१ पुस्तकों/पुस्तक अध्यायों के माध्यम से प्रदर्शित होता है। पच्चीस नए उपकरणों का संयोजन किया गया है।
- इस सत्र में विभिन्न राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों और वैज्ञानिक समाज द्वारा कृषि शिक्षा, अनुसंधान और प्रौद्योगिकी मूल्यांकन/परिवर्तन में विशिष्टता के साथ कई शिक्षकों को सम्मानित किया गया है। इस संस्थान के समृद्ध संकाय ने अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में २१ शोध पत्रों और राष्ट्रीय सम्मेलन/संगोष्ठी/संगोष्ठी और कार्यशालाओं में १२३ शोध पत्रों का प्रस्तुतीकरण किया। भारतीय कृषि अनुसन्धान संस्थान-केंद्रीय आलू अनुसन्धान संस्थान (आईसीएआर-सीपीआरआई), भारतीय कृषि अनुसन्धान संस्थान-भारतीय सब्जी अनुसन्धान संस्थान (आईसीएआर-आईआईवीआर), भारतीय कृषि अनुसन्धान संस्थान-राष्ट्रीय कृषि नवोन्मेषी परियोजना (आईसीएआर-एनआईएपी), एग्रेटेक साइंस लिमिटेड, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पैकेजिंग, डीएसएम नेदरलैंड, एनबीपीजीआर, गेहूँ अनुसन्धान निदेशालय (डीडब्ल्यूआर), भारतीय चावल अनुसन्धान संस्थान (आईआरआरआई), एनआरआरआई, आईआईआरआर-हैदराबाद, यूएसएआईडी-एआईपी, इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय,

विश्व रैबीज दिवस समारोह, २०१६

विश्व रैबीज दिवस समारोह, २०१६

आईसीआरआईएसएटी (इक्रिसैट) सिमिट (सीआईएमएमआईटी), मैक्सिको, आईएफपीआरआई, कार्नेल, इलिनॉय, जॉर्जिया, डेनमार्क और विभिन्न डीबीटी और आईसीएआर अनुसंधान संस्थानों जैसे केंद्रों के साथ हमारा शोध सहयोग जारी है। संस्थान के ११ विभागों और तीन इकाइयों अर्थात्, डेयरी फार्म, कृषि फार्म और कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा संपन्न अनुसंधान, विकास और विस्तार गतिविधियाँ, उत्कृष्ट और अत्यधिक प्रशंसनीय रहे हैं। भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद् (आईसीएआर) की प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से कृषि अनुसंधान सेवा के लिए संस्थान के पांच छात्रों का अंतिम रूप से चयन किया गया। इसके अलावा, ११ कंपनियों और एनजीओ जिन्होंने संस्थान के प्लेसमेंट सेल के माध्यम से कैंपस साक्षात्कार का आयोजन किया, के द्वारा एक या दूसरी सेवा के लिए ५२ नव स्नातक/स्नातकोत्तर छात्रों का चयन किया गया, ०७ छात्र सहायक प्रोफेसर/वैज्ञानिक और ३५ छात्रों को भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद् की कनिष्ठ अनुसन्धान अध्येतावृत्ति (आईसीएआर-जेआरएफ) परीक्षा और अन्य प्रतिष्ठित बिजनेस स्कूल की परीक्षाओं में सफलता मिली।

विश्व पशु चिकित्सा दिवस, २०१६

वार्षिक दिवस

वार्षिक दिवस पर रंगोली बनाती छात्राएँ

वार्षिक दिवस पर छात्राओं द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुति

वार्षिक दिवस के अवसर पर रस्साकशी करते कर्मचारी

खेलकूद प्रतियोगिता में पुरस्कृत छात्र

प्रो. पंजाब सिंह सम्मान प्राप्त करते हुए

संधारणीय प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन : विज्ञान से व्यवहार तक

वर्तमान वर्ष के दौरान प्रमुख उपलब्धियाँ

- नव-स्थापित पशुपालन और पशु विज्ञान के संकाय के तहत बीवीएससी के नए पाठ्यक्रम में ३० छात्रों को प्रवेश दिया गया।
- पंचम डीन समिति की संस्तुतियों को लागू कराया गया, तदनुसार पाठ्यक्रम विषयवस्तु (कोर्स क्यूरिकुला) को संशोधित और बीएससी (कृषि) ऑनर्स के नामांकन को मंजूरी दे दी गई।
- भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद (आईसीएआर) से वित्तीय सहायता के साथ खाद्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी में एडवांस फैकल्टी ट्रेनिंग (सीएएफटी) का नया केंद्र स्थापित किया गया।
- ग्लैडीओलस की तीन प्रजातियों यथा, मालवीय किरण, मालवीय शताब्दी और मालवीय कुंदन का विमोचन किया गया।
- संस्थान का पुस्तकालय अब आईसीएआर की ई-ग्रंथ की कृषिकोश वेबसाइट से जुड़ गया है और छात्रों की खुली पहुंच के लिए विभिन्न विभागों की ४५९ पीएच.डी. और एम.एससी. (कृषि) थीसिस अपलोड की गई है।
- वाराणसी के प्रक्षेत्र गृहों के लिए फसलों, पशुधन, मुर्गी पालन, मत्स्य पालन, मशरूम, बाग और मूल्यवर्धन घटकों के साथ सिंचित परिस्थिति के लिए एक हेक्टेयर आईएफएस मॉडल विकसित किया गया जिससे शुद्ध वार्षिक आय रु.३६४४९९ दर्ज की गई।
- बेहतर मूल्य प्राप्ति के लिए, उच्च गुणवत्ता वाली फसलों के लिए एक कुशल आपूर्ति श्रृंखला मॉडल विकसित किया गया और किसानों के बीच मूल्य के सटीक पूर्वानुमान का प्रसार प्रभावी ढंग से किया गया।
- रिटॉर्ट तकनीक का इस्तेमाल करके त्वरित (इंस्टेंट) मशरूम सूप विकसित किया गया।
- भारतीय आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन सोसाइटी से एचयूडब्ल्यू-१२ किस्म के लिए सर्वोत्तम गेहूँ प्रजाति पुरस्कार प्राप्त।
- एआईसीआरपी चावल के लिए उत्कृष्ट शस्य-वैज्ञानिक कार्य के लिए सर्वश्रेष्ठ केंद्र का पुरस्कार प्राप्त हुआ।
- वर्तमान वर्ष में ७१ छात्रों को बैंकिंग क्षेत्र में अधिकारी, ४२ को सहायक प्रोफेसर/वैज्ञानिक, ५४ को केंद्रीय और राज्य सेवाओं में और ११२ छात्रों को विभिन्न कंपनियों और अन्य क्षेत्रों में विभिन्न सेवाओं के लिए चयनित किया गया।
- वर्तमान वर्ष के दौरान प्राप्त कुल आईसीएआर विकास अनुदान २.०४ करोड़ रुपए था।
- वर्तमान वर्ष के दौरान संस्थान द्वारा ४ अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों/ कार्यशालाओं और २७ राष्ट्रीय सम्मेलनों/ कार्यशालाओं/ प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।
- संस्थान ने प्राकारबाह्य शोध से ३३.१८ करोड़ रुपये जुटाए हैं।

पशु चिकित्सा तथा पशु विज्ञान संकाय

- पशु चिकित्सा तथा पशु विज्ञान संकाय ने २०१६-१७ सत्र के लिए पशु चिकित्सा विज्ञान तथा पशु पालन में स्नातक के प्रथम बैच का नामांकन (की भर्ती) कर लिया है।
- काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, बरकच्छा, मिर्जापुर के राजीव गाँधी दक्षिणी परिसर में पशु चिकित्सा तथा पशु विज्ञान संकाय का निर्माण कार्य प्रगति पर है।
- पशु चिकित्सा तथा पशु विज्ञान संकाय ने विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर एक 'पशु चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर' का संचालन सफलता पूर्वक किया। इस स्वास्थ्य शिविर का आयोजन माननीय प्रधानमंत्री के द्वारा चुने हुए गाँव जयापुर में दिनांक २९ अप्रैल, २०१६ को किया गया।
- पशु चिकित्सा तथा पशु विज्ञान संकाय, आई.ए.एस. काहिविवि के द्वारा विश्व पशु चिकित्सा दिवस कार्यक्रम का आयोजन के.एन.उडुपा सभा भवन में दिनांक ३० अप्रैल, २०१६ को किया गया।
- पशु चिकित्सा तथा पशु विज्ञान संकाय ने ''भेड़ व बकरी पालन तथा ग्रामीण युवाओं के लिए क्षमता निर्माण'' पर छः दिवसीय प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम दिनांक ०७ सितम्बर, २०१६ को सफलता पूर्वक संपन्न किया।
- पशु चिकित्सा तथा पशु विज्ञान संकाय ने विश्व रैबीज दिवस पर दिनांक २८ सितम्बर, २०१६ को पशु चिकित्सा तथा हेतु विज्ञान संकाय, आई.ए.एस में एक ''टीकाकरण तथा स्वच्छता कार्यक्रम'' का सफलतापूर्वक संचालन किया।
- पशु चिकित्सा तथा पशु विज्ञान संकाय ने कार्यों की पहल सफलतापूर्वक की है तथा संकाय नियुक्ति, विभिन्न विभागों का विकास, इमारत निर्माण, प्रयोगशाला समायोजन, पशु चिकित्सा अस्पताल को खोलना, कुक्कुट पालन का विकास इत्यादि।
- पशु चिकित्सा तथा पशु विज्ञान संकाय ने स्नातक पाठ्यक्रम (बी.वी.एससी. एवं ए.एच.) को चलाने के लिए भारतीय पशु चिकित्सा परिषद् से सफलता पूर्वक अनुमति प्राप्त कर ली है।
- मरीजों के लिए शैक्षिक कार्यक्रम हेतु अस्पताल के विभिन्न क्षेत्रों में एल.ई.डी टी.वी. संस्थापित किए गए।
- रक्त बैंक सुविधाओं में बढ़ोत्तरी। रक्त बैंक में ए.बी. एकाउण्ट जाँच की नई इकाई शुरू की गयी।

पाठ्येतर गतिविधियां

- (क) विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर पशु चिकित्सा तथा पशु विज्ञान, आई.ए.एस संकाय के द्वारा 'पशु चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर' की व्यवस्था। स्वास्थ्य शिविर का आयोजन माननीय प्रधानमंत्री के द्वारा चुने गए गाँव जयापुर में २९ अप्रैल, २०१६ को किया गया।
- (ख) विश्व रैबीज दिवस पर दिनांक २८ सितम्बर, २०१६ को पशु चिकित्सा तथा पशु विज्ञान संकाय, आई.ए.एस में 'टीकाकरण तथा क्रीमीरोधी कार्यक्रम' का आयोजन।

सृष्टि २०१७

पशु चिकित्सा तथा पशु विज्ञान संकाय के पशु चिकित्सा विज्ञान तथा पशु पालन (B.V.Sc & A.H.) स्नातक के प्रथम बैच के छात्रों ने सृष्टि २०१७ में भाग लिया। लगभग सभी छात्र इस कार्यक्रम के साक्षी बने लेकिन केवल दो छात्रों ने वाद-विवाद में भाग लिया। वाद-विवाद में भाग लेने वाले छात्र थे: १. राम नरेश २. सदेश चौधरी

पशु चिकित्सा तथा पशु विज्ञान संकाय के लिए यह बडे.ही हर्ष का क्षण था क्योंकि (B.V.Sc & A.H.) के प्रथम बैच के छात्रों ने कार्यक्रम में न केवल भाग लिया बल्कि दर्शकों को अपनी उपस्थिति का आभास भी कराया

परिसर विकास इमारत के कार्यक्रमों, नई इमारतों के निर्माण का आरम्भ या रिपोर्ट के अंतर्गत वर्ष के दौरान पूर्ण किए गए इमारतों की संक्षिप्त रिपोर्ट।

(क) काहिविवि के रा.गां.द.प., बरकच्छा, मिर्जापुर में पशु चिकित्सा तथा पशु विज्ञान संकाय का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

(ख) पशु चिकित्सा तथा पशु विज्ञान संकाय ने कुक्कुट पालन तथा पशु चिकित्सा नैदानिक शिक्षण संकुल से संबंद्ध कार्य प्रारंभ कर दिया है।

मौजूदा अध्यादेशों को निश्चित करने के लिए तथा नियमों आदि को तैयार करने हेतु नये अध्यादेशों/संशोधनों को सूत्रबद्ध करना। दीक्षान्त/महत्वपूर्ण आयोजनों के उपरोक्त फोटोग्राफ के अतिरिक्त, आपके संस्थान/ संकाय/ विभाग/ इकाईयों में आयोजित अन्य समारोहों को भी वर्तमान सत्र के वार्षिक रिपोर्ट में सम्मिलित किया जाना अपेक्षित है।

स्पन्दन २०१७

'स्पन्दन' काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के परिसर में होने वाले सबसे वृहद सांस्कृतिक कार्यक्रमों में से एक है। संकाय प्रमुख, प्रोफेसर रमा देवी निम्मनापल्ली ने पशु चिकित्सा विज्ञान तथा पशु पालन के सभी छात्रों को इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इसके अतिरिक्त, पशु चिकित्सा तथा पशु विज्ञान संकाय के छात्र सलाहकार, डॉ. नरेश कुमार सिंह ने भी समय-समय पर पशु चिकित्सा विज्ञान तथा पशुपालन के स्नातकों के प्रथम बैच के छात्रों में उनके तैयारी के समय साहस तथा उर्जा का संचार किया जिसके परिणम स्वरूप प्रत्येक छात्र ने स्पन्दन-२०१७ में अपनी भागीदारी में पूर्ण क्षमता लगा डाली। (B.V.Sc & A.H.) के प्रथम बैच का नेतृत्व राम नरेश (दल नेता) तथा अखिलेश वर्मा (सह.नेता) ने किया।

B.V.Sc & A.H. के प्रथम वर्ष के छात्रों की भागीदारी ने उन्हें निश्चित ही काहिविवि के परिसर तथा इसके विविध शैक्षिक उत्कृष्टाताओं के साथ संघटित किया होगा।

सर सुन्दरलाल अस्पताल, चिकित्सा विज्ञान संस्थान

२.१.१.२. चिकित्सा विज्ञान संस्थान

चिकित्सा विज्ञान संस्थान में तीन संकायों अर्थात् आधुनिक चिकित्सा, आयुर्वेद और एक नर्सिंग कॉलेज के साथ दंत चिकित्सा विज्ञान शामिल है। १९२२ में आयुर्वेद एक विभाग के रूप में शुरु किया गया जिसने १९२७ में एक अलग आयुर्वेदिक महाविद्यालय का रूप लिया। १९६० में इसे मेडिकल साइंस कॉलेज में परिवर्तित कर दिया। पद्मश्री प्रो. के.एन. उडुपा की समर्पित भक्ति एवं अथक प्रयास से कॉलेज को चिकित्सा विज्ञान संस्थान के रूप में सन् १९७१ में उन्नत किया गया। सन् १९७८ में संस्थान को दो संकायों चिकित्सा एवं आयुर्वेद संकाय में विभाजित किया गया। चिकित्सा विज्ञान संस्थान, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय पूरे देश में एक अद्वितीय संस्थान है, जहाँ आधुनिक चिकित्सा एवं आयुर्वेद समानान्तर में बढ़ रहे हैं और विकल्प आधारित सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। पिछले तीन दशकों के दौरान विकास अभूतपूर्व हुआ और वर्तमान में संस्थान में ५० विभाग हैं, चिकित्सा संकाय में २५ सामान्य एवं ११ सुपरस्पेशिलिटी विभाग के साथ एक सुसज्जित प्रयोगशाला है, जहां विभिन्न तरह की जांच होती है। संस्थान के आयुर्वेद संकाय में १५ विभाग एवं एकल विभाग के साथ दंत चिकित्सा विज्ञान संकाय एवं नर्सिंग कॉलेज है।

संस्थान के विभिन्न पाठ्यक्रमों में भर्ती छात्रों के लिए उन्नत शिक्षण, प्रशिक्षण और अनुसंधान सुविधाएं उपलब्ध है। शरीर विज्ञान विभाग के अन्तर्गत संस्थान में स्थापित इलेक्ट्रान माइक्रोस्कोप एक अद्वितीय उपलब्धि है, जो विश्वविद्यालय के सभी शोधकर्ताओं के लिए उपलब्ध है। इंटरनेट सुविधा के साथ संस्थान पुस्तकालय रविवार और सभी छुट्टियों में भी २४ घण्टे खुला रहता है। लगभग सभी इनडोर और आउटडोर खेल सुविधाओं के साथ ही छात्रावासों के छात्रों को इंटरनेट की सुविधा भी प्रदान किया गया है। सन् २००६ में संस्थान ने जनसंख्या, शिक्षा, विस्तार और अनुसंधान (कैपरे) का एक अनूठा केन्द्र स्थापित किया, जिसे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा वित्तपोषित किया गया है। सन् १९६० में आधुनिक चिकित्सा में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम (एमडी/एमएस) में १३४ सीटें आवंटित है। ११ सुपरस्पेलिटीज में कुल २४ सीटें हैं। देश में बायोस्टैटेशियन की जरूरतों को पूरा करने के लिए १० सीटों के साथ स्वास्थ्य स्टैटिसटिक्स स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के लिए सामुदायिक चिकित्सा विभाग में सन् २००४ में प्रारम्भ किया गया जो अब बढ़कर सीटों की संख्या २१ हो गई है। संस्थान के प्रमुख उद्देश्य के अन्तर्गत १५० से अधिक छात्र अन्तरविषयक अनुसंधान में अध्ययनरत हैं। इसके अतिरिक्त तकनीकी विशेषज्ञता की आवश्यकता को पूरा करने के लिए कई डिप्लोमा/सर्टिफिकेट कोर्स चलाये जा रहे हैं। जैसे नि:संज्ञा विभाग में पी.डी.सी.सी., पैथोलॉजी विभाग में डी.एम.एल.टी., रेडियोथिरैपी विभाग में मेडिकल टेक्नोलॉजी एवं वृक्क रोग विभाग में डायलिसिस थिरैपी में पी.जी. डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित है। आयुर्वेद संकाय में स्नातक पाठ्यक्रम (बी.ए.एम.एस.) ६० सीटों के साथ, स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम (एम.डी./एम.एस.) सभी विभागों में ३० सीटों के साथ चल रहा है। इस संकाय में लगभग १०० शोध छात्र पंजीकृत हैं।

इसके अलावा मातृ एवं शिशु देखभाल में पी.जी. डिप्लोमा, प्रसव विज्ञान में सर्टिफिकेट कोर्स, पंचकर्म में पी.जी. डिप्लोमा, क्षार कर्म में पी.जी. डिप्लोमा मानव संस्थान को समृद्ध कर रहे हैं। द्रव्य गुण विभाग के अन्तर्गत २०० औषधीय पौधों वाले १० एकड़ में एक औषधीय पौधशाला उद्यान इन पौधों के नये गुणों की तलाश में प्रयास कर रहा है। रस शास्त्र विभाग में एक हार्बेरियम और क्रूड ड्रग्स संग्रहालय का रखरखाव है। जिसमें ४५० हार्बेरियम नमूनों का समावेश है। पंचकर्म विभाग विभिन्न रोगों में क्रान्तिकारी उपचार प्रदान करता है। शल्य तंत्र विभाग के अन्तर्गत क्षारसूत्र इकाई, जो आयुष मंत्रालय द्वारा काफी महत्व दिया जा रहा है, गुदा रोग से पीड़ित रोगी उससे लाभान्वित हो रहे हैं।

दंत विज्ञान संकाय के अन्तर्गत स्नातक पाठ्यक्रम (बी.डी.एस.) ५० सीटों के साथ १२ सीटों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम (एम.डी.एस.) एवं दंत मैकेनिक व दंत हाजिनिस्ट में डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित है। नर्सिंग कालेज प्रत्येक वर्ष १०० छात्रों के प्रवेश के साथ कुशल मानव संसाधन विकसित करने का एक अच्छा स्रोत है।

विश्वविद्यालय अस्पताल (सर सुन्दरलाल चिकित्सालय) इस क्षेत्र के रोगियों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करा रहा है। इसमें कुल १५० बेड हैं जिसमें १८२ बेड आयुर्वेद, २४५ बेड डी.एम./एम.सी.एच. उच्च विशेषज्ञता वाले छात्रों के शिक्षण व प्रशिक्षण के लिए ३३४ बेड पूर्ण रूपेण सुसज्जित ट्रामा सेन्टर का सम्मिलित है। ४० बेड निजी वार्ड एवं १०० बेड आपातकालीन सेवाओं में एव २७ बेड आई.सी.यू. के लिए आवंटित है। जो मरीजों के लिए एक अतिरिक्त सुविधा है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में एकमात्र तृतीयक देखभाल स्तर के अस्पताल संस्थान से जुड़ा सरसुन्दरलाल अस्पताल है। कर्मचारी स्वास्थ्य केन्द्र और छात्र स्वास्थ्य केन्द्र परिसर संस्थान से जुड़े हैं जो २०,००० छात्रों और ६०,००० विश्वविद्यालय कर्मचारियों के सदस्यों को चिकित्सा कवरेज प्रदान करते हैं। अस्पताल पूर्वी उत्तर प्रदेश, पश्चिमी विहार और इसके आस-पास के क्षेत्रों की विशाल जनता को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रहा है। बनारस शहर के अस्पतालों का यह रेफरल हास्पिटल है। डी.एल.डब्ल्यू., सैनिक अस्पताल, एन.टी.पी.सी., कोल इण्डिया, भेल आदि सरकारी संस्थानों से भी रेफर मरीज यहां आते हैं। मूलत: सर सुन्दरलाल चिकित्सालय स्नातक छात्रों (एम.बी.बी.एस./ बी.ए.एम.एस./बी.डी.एस.) के लिए प्रशिक्षण सुविधा उपलब्ध कराता है। स्नातकोत्तर छात्रों (एम.डी./एम.एस.) डी.एम./एम.सी.एच., नर्सिंग एवं शोध छात्रों को भी सीखने का उचित प्लेटफार्म उपलब्ध कराता है। संस्थान की गुणवत्ता को देखते हुए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार ने प्रधानमन्त्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के अन्तर्गत ३३४ बेड वाला ट्रामा सेन्टर बनाने के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध करायी। इस अस्पताल के ब्लड बैंक को नाको द्वारा 'ए' ग्रेड दिया गया और एक करोड़ सैंतीस लाख कीमत की एक ब्लड बैंक वैन उपलब्ध कराया। अस्पताल में कलर डाप्लर, अल्ट्रासोनोग्राफी, पी.पी.पी. मॉडल के अन्तर्गत ६४ स्लाइस सी.टी. स्कैन, १.५ टेस्ला एम.आर.आई. इसके अतिरिक्त अस्पताल में कन्वेन्सनल रेडियोलॉजिकल इन्वेस्टीगेशन, विडियो इंडोस्कोपी, लेजर सुविधा, डेक्सा मशीन, हारमोनिक सर्जिकल नाइफ, हर्ट लंग मशीन, सी-आर्म विद डी.एस.ए. आदि उपकरण उपलब्ध हैं। अस्पताल में आई.सी.यू., कार्डियक कोरोनरी यूनिट आदि वयस्कों के लिए पेडियाट्रिक इन्टेन्सिव केयरयूनिट एवं पेडियाट्रिक सर्जरी केयर यूनिट बच्चों के लिए स्थापित है। सर सुन्दरलाल चिकित्सालय चौबीसों घंटे अपनी सेवाएं प्रदान करता है। इस चिकित्सालय में जांच एवं प्रसव कक्ष की भी सुविधायें हैं।

सन् २०१६ में बहिरंग रोगियों की संख्या १५२४४९९ एवं भर्ती मरीजों की संख्या ५८३९० थी। २०१६ में छोटा, बड़ा कुल ३०४१२ आपरेशन हुआ और ४९४ रोगी आपातकालीन चिकित्सा प्राप्त की। इसी सत्र में कुल २७८८ प्रसव सम्पन्न कराये गये। सी.सी.आई. द्वारा

२२७७८५३ विभिन्न प्रकार की जांच की। सरसुन्दरलाल चिकित्सालय में बहुत सी विशिष्ट क्लीनिक चल रही हैं। जिनमें विशिष्ट आवश्यकताओं की पूर्ति होती है जैसे बेबी क्लीनिक एवं टीकाकरण क्लीनिक, जेरियाट्रिक क्लीनिक, नशा उन्मूलन क्लीनिक, घाव क्लीनिक, डाट्स क्लीनिक, एडोलसेन्ट एण्ड मेनोपाजल क्लीनिक, हेमैटोलॉजी क्लीनिक, ग्लूकोमा क्लीनिक, क्षारसूत्र क्लीनिक, ए.आर.टी. क्लीनिक, पोस्ट पार्टम, मधुमेह व्यवधान क्लीनिक, बाल हेमैटोलॉजी-आंकोलॉजी, यूनिट थैलासीमिया डे केयर यूनिट, रिमैटोलॉजी क्लीनिक एवं डाइटेटिक्स क्लीनिक, मेडिसिन शाप, पंचकर्म (केरला आयुर्वेद) बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेन्ट, अन्नपूर्णा भोजनालय, नेस्लेकाफी कार्नर, अमूल पार्लर, शौचालय, एवं डायलिसिस सुविधाएं आदि प्रमुख हैं।

छात्रों का योगदान

वर्तमान सत्र के दौरान स्नातक, जूनियर रेजीडेंट्स, सीनियर रेजीडेंट्स और शोधछात्रों ने कई पुरस्कार जीते हैं और १०० से अधिक राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लिया है और शोध पत्र प्रस्तुत किये हैं।

समझौता ज्ञापन

संस्थान का शैक्षणिक, अनुसंधान और रोगी देखभाल के लिए विभिन्न संगठनों के साथ समझौता ज्ञापन है, ये निम्न हैं-

- राष्ट्रीय कौशल केन्द्र स्थापित करने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार
- वायरल अनुसंधान और नैदानिक प्रयोगशाला स्थापित करने के लिए भारत सरकार के स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग के साथ समझौता।
- शैक्षणिक सहयोग के लिए स्वास्थ्य विज्ञान संस्थान, प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मारीशस।
- अनुसंधान सहयोग के लिए सेंट जार्ज विश्वविद्यालय, लंदन।
- शैक्षणिक और अनुसंधान सहयोग के लिए डबलिन सिटी यूनिवर्सिटी, आयरलैण्ड।
- पी.पी.पी. मॉडल के तहत बाल चिकित्सालय के हेमोडायलिसिस का निर्माण।

संस्थान के प्रख्यात आंगतुक

७० से अधिक प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों ने संस्थान के विभिन्न विभागों का दौरा किया और शताब्दी वर्ष समारोह के रूप में अतिथि व्याख्यान दिया। उनमें से राष्ट्रीय आंगतुकों में प्रो. एम.के. अरोड़ा, एम्स, नई दिल्ली, प्रो. पी. भट्टाचार्या, वाराणसी, प्रो. सी. स्वामी-बंगलोर, प्रो. डी. चटर्जी- अध्यक्ष, इण्डियन एकेडमी ऑफ साइंस- बंगलोर, प्रो. एस.मजूमदार, टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेन्टल रिसर्च, मुम्बई, प्रो. एच.पी. पाती, एम्स, नई दिल्ली, प्रो. एस. पाण्डेय, जी.बी. पन्त हास्पिटल, नई दिल्ली, प्रो. एम भूषण सिंह, एम्स, नई दिल्ली, प्रो. ए. मिश्रा- मेघालय, डॉ. यू.के. सिन्हा, आई.एच.बी.ए.एस., नई दिल्ली, प्रो. एस. गोपाल जी, वाराणसी, प्रो. बी.एम. शुक्ला, पूर्व कुलपति, गोरखपुर, प्रो. एस. प्रधान, एस.जी.पी.जी.आई., लखनऊ, प्रो. एस. कुशवाहा, नई दिल्ली, डॉ. ओ.पी. टकर, नई दिल्ली, प्रो.एस.के. गुप्ता, एम्स, नई दिल्ली, प्रो. बी. मेधी, चंडीगढ़, डॉ. जे. देसाई, डॉ. एम. भण्डारी, प्रो. डी. दलेला, लखनऊ, श्रीमती वी.श्री गणेश, सी.ई.ओ., मुम्बई, प्रो. अनिल दत्त, हिमाचल प्रदेश, प्रो. एस.सी. वार्ष्णेय, वर्धा, प्रो. पी. भट्टाचार्य, डीन, शिलांग, डॉ. राम अवध विश्वकर्मा, निदेशक, इण्डियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीग्रेटिव मेडिसिन, (सी.एस.आई.आर.) आदि। २० जनवरी २०१५ को चीन दूतावास के प्रतिनिधियों ने संस्थान को देखा। २२ देशों के राजदूतों ने श्रीलंका और नेपाली प्रतिनिधियों ने भी पंचकर्म विधा को देखा। डॉ. डी. मजूमदार, अध्यक्ष प्रो. अनिल चन्द्रा, लखनऊ, प्रो. मोहन गुनडप्पा, तीर्थंकर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद, डॉ. रेखा शर्मा, दन्त चिकित्सा विज्ञान संस्थान, प्रो. बी.डी. शर्मा, स्वास्थ्य विश्वविद्यालय, रोहतक आदि ने भी संस्थान का दौरा किया। अन्तर्राष्ट्रीय वैज्ञानिकों ने भी संस्थान का दौरा किया, उनमें प्रो. आर. टण्डन, कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी, यू.के., प्रो. मेरी विल्सन, यू.एस.ए., डॉ. उपासना गौड़, यू.एस.ए., डॉ. अल्बर्ट पिकाडो, यू.के., डॉ. इप्वो हक्सर बेल्जियम, डॉ. डेविड, यू.एस.ए., डॉ. नसीम अख्तर, यू.एस.ए., प्रो. जेनेफर ब्लैकवेर्स, आस्ट्रेलिया, डॉ. एम. फैकियोला, यू.के., डॉ. क्रिश्चियन इंगवर्डा, आस्ट्रेलिया, प्रो. पाल एम. काये, यू.के., डॉ. फिलिप देशजेउक्स, यू.एस.ए., डॉ. सुसाने नाइलेन, मुरारीलाल दास, नेपाल, डॉ. ए.के. मण्डल, यू.एस.ए., प्रो. विजय तिवारी, कैलीफोर्निया विश्वविद्यालय, यू.एस.ए., एवं प्रो. आर.पी. अग्रवाल, मियामी विश्वविद्यालय, फ्लोरिडा, यू.एस.ए., डॉ. अर्चना आदि प्रमुख थे।

संस्थान द्वारा आयोजित आउटरीच कार्यक्रम

विभिन्न नैदानिक विभागों द्वारा वर्ष पर्यन्त सतत आयोजित होने वाले स्वास्थ्य शिविर एवं मेला थे। विशेष आउटरीच कार्यक्रमों में तम्बाकू से होने वाले कैंसर से रोकथाम के विषय में जागरूकता पैदा करना, सी.ए. फेफड़ा, सी.ए.ओसोफेगस, आर.एच.डी. का नियन्त्रण, ट्यूबरकुलर इमप्लाइमा के लिए रोकथाम और शिक्षा एवं रोगियों के लिए क्या करना है और क्या नहीं करना है के सम्बन्ध में जागरूकता। हस्त प्रक्षालन दिवस, विश्व स्वास्थ्य दिवस, विश्व एड्स दिवस, स्तनपान सप्ताह, मधुमेह स्क्रीनिंग शिविर, रक्तदान शिविर आदि का आयोजन किया गया। मिर्गी रोग में जागरूकता के लिए गांवों व स्कूलों में शिविर लगाया गया। तनाव प्रबन्धन के लिए कार्यशाला एवं परामर्श सत्र का आयोजन किया गया। कुछ कार्यशालाओं में यूरोलॉजी विभाग द्वारा आपरेशन का जीवन्त प्रदर्शन किया गया। कई दंत शिविरों का आयोजन हुआ। इसके अतिरिक्त बहुत से स्वास्थ्य रक्षण शिविरों का आयोजन किया गया जिसमें रोगों से बचाव प्रमुख था।

भविष्य का लक्ष्य

- राष्ट्रीय स्तर पर चिकित्सा विज्ञान संस्थान का उन्नयन।
- क्षेत्रीय कैंसर केन्द्र की स्थापना।
- अंग प्रत्यारोपण के लिए केन्द्र की स्थापना।
- कार्डियक साइंस के लिए केन्द्र
- सर्जिकल, एनेस्थीसिया, डेंटल सुपर स्पेशिलिटी विभाग का विकास

- उन्नत वायरल रिसर्च एण्ड डायग्नोस्टिक लैबोरेटरी
- उन्नत विष विज्ञान केन्द्र की स्थापना
- आपातकालीन चिकित्सा विभाग की स्थापना
- शारीरिक और मानसिक रूप से विकलांग बच्चों के लिए न्यूरोलॉजी केन्द्र की स्थापना करना।
- आयुर्वेदिक दवाओं के मानवीकरण, गुणवत्ता नियंत्रण के लिए अत्याधुनिक सुविधायुक्त प्रयोगशाला की स्थापना करना।
- आयुर्वेदिक प्रीवेंटिव मेडिसिन और भोग में उत्कृष्टता का केन्द्र स्थापित करना।
- एम.डी./एम.एस., एम.डी.एस. के विभिन्न विभगों में सीटों को प्रारम्भ /बढ़ोत्तरी करना।

नर्सिंग कॉलेज

नर्सिंग कॉलेज का स्तरोन्नयन कर नर्सिंग कालेज की मान्यता दी गई और उसमें चार वर्षीय बी.एस.सी. नर्सिंग पाठ्यक्रम की शुरूआत २००९-२०१० में ६० छात्रों के प्रवेश के साथ किया गया जो बाद में सीटों की संख्या बढ़कर १०० हो गयी। बी.एस.सी. (नर्सिंग) की १९ छात्रों ने केमोथिरेपी एरर एण्ड पैथेटिक पेलेएटिव केयर रियोटोरिज्म टू क्लीनिकल कम्पीटेन्स, विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी में सहभागिता दर्ज की। बी.एस.सी. (नर्सिंग) की छात्रों ने एल्युमनी मीट में भाग लिया। कॉलेज द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया।

भविष्यमत लक्ष्यः इग्नू के माध्यम से एम.एस.सी. (नर्सिंग) एव बी.एस.सी. (नर्सिंग) का प्रारम्भ।

चिकित्सा संकाय

विद्यार्थियों/आवसीय चिकित्साकों द्वारा किए गए कार्य

नि:संज्ञा विभाग

- हाँगकांग में आयोजित वर्ल्ड कांग्रेस ऑफ एनेस्थिसियोलॉती-२०१६ में भाग लेने हेतु डॉ. विशाल कृष्ण पई, जे.आर.-३ को डब्ल्यू.एफ.एस.ए. बेक्स्टर स्कालर अवार्ड प्राप्त किया।
- डॉ. रोनक राजन मानकांड ने ''उ.प्र. क्रिटिकॉन'' २०१६ के पोस्टर प्रेजेंटेशन में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया।
- डॉ. अमिया बारिक ने ''उ.प्र. आईसाकांन'' २०१६ में डॉ. डी. वर्मा श्रेष्ठ पी.जी. पेपर अवार्ड, टी.एन. झा एवं चंदसोरिया ग्रांट के साथ क्विज प्रतियोगिता में भी प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- डॉ. कुमारी स्नेह ने रेस्पकॉन २०१६ के पोस्टर प्रेजेंटेशन में उषा मेहता अवार्ड प्राप्त किया।

आईएमएस के विभाग मरीज का उपचार करते हुए

शरीर रचना विभाग

- रश्मि प्रीति, डॉ. दीपशिखा, डॉ. एस. खन्ना एवं डॉ. दीपशिखा ने विभिन्न संगोष्ठियों में सहभागिता की।
- डॉ. रूबी भोला एवं प्रो. रोयना सिंह को "यू.पी. एसिकान २०१६" में वेस्ट पेपर अवार्ड मिला।
- रश्मि, शारदा, प्रीति, बरखा(पी.एच.डी.) एवं समता, दीपशिखा, रूबी ने उ.प्र. चैप्टर ऑफ एनाटामी की संगोष्ठी २०१६ में शोध पत्र प्रस्तुत किए।
- डॉ. रूबी भोला एवं प्रीति को क्रमश: आई.सी.एम.आर. तथा यू.जी.सी. फैलोशिप प्रापत हुई।
- बरखा ने बी.एच.यू. आर.ई.टी. प्राप्त की।
- डॉ. एस. खन्ना ने टी.ई.एम. तथा इम्बरोलॉजी ट्रेनिंग प्राप्त की।

जैव रसायन विभाग

- डॉ. रेणु कुमारी तथा डॉ. रोशनी गविल को एम.डी. तथा डॉ. अखिलेश कुमार वर्मा को पीएच.डी. डिग्री अवार्ड हुई।

कार्डियोलॉजी विभाग

- प्राध्यापकों द्वारा विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठियों में सहभागिता की गई एवं पोस्टर प्रेजेंटेशन में ८ पत्र प्रस्तुत किए।

इण्डोक्रिनोलॉजी एण्ड मेटाबोलिज्म विभाग

- रासकान २०१६ में छात्रों द्वारा सहभागिता की गई। शोध छात्रों ने २१ दिवसीय तथा १० दिवसीय क्रमश: सांख्यिकी तथा एक्सेल न एसपीएसएस पर आयोजित कार्यशाला में भाग लिया।

कान, नाक, गला विभाग

- डॉ. पूर्णिमा जोशी ने अखिल भारतीय यंग जेनिक चैपियनशिप में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

फोरेन्सिक मेडिसिन विभाग

- डॉ. मयंक गुप्ता, डॉ. शमीम खा, डॉ. नीलेथ शाक्य एवं डॉ. पियूष कुमार गंगवार ने राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठियों में सहभागिता की।

गेस्ट्रोएनट्रोलॉजी विभाग

- डॉ. राजू कुमार, डॉ. संजय कुमार अग्रवाल एवं डॉ. मंजर हुसैन उस्मानी ने शोध संक्षेपिका प्रस्तुत की।

जनरल मेडिसिन विभाग

- डॉ. सात्विक चढ़ार ने हेमटोकान, जयपुर में पोस्टर प्रेंजेटेशन किया तथा राज्य एवं जोनल स्तर पर पुरूस्कार प्राप्त किए।
- डॉ. शुभम, डॉ. रूद्र, डॉ. अमित, डॉ. सौरभ, डॉ. चंद्रशेखर, डॉ. शरद, डॉ. शिवम, डॉ. कुंवर, डॉ. प्रियंका, डॉ. आनंद, डॉ. अभिषेक, डॉ. चंदन, डॉ. सौम्यनील, डॉ. रोहित, डॉ. अवधेश एवं डॉ. सिद्धांत ने विभिन्न संगोष्ठियों में सहभागिता की तथा शोध पत्र एवं पोस्टर प्रस्तुत किए।
- अभिषेक कुमार सिंह, श्री ओमप्रकाश सिंह तथा नीतू को १७वीं आई.सी.आई.डी. २०१६ में अवार्ड प्राप्त हुआ।
- अभिषेक कुमार सिंह को राष्ट्रीय गौरव अवार्ड, एएआई इंटरनेशनल ट्रेवल अवार्ड सहित अन्य अवार्ड प्राप्त हुए।
- भावना सिंह ने इटली के मौलीक्यूलर बायोलॉजी की कार्यशाला में भाग लिया तथा अनेक अन्य अवार्ड प्राप्त किए।

माइक्रोबॉयलॉजी विभाग

- डॉ. मीनष कुमार पूर्व तथा डॉ. सौरभ पाल ने सी. आई. डी. एस. सी. ओ. एन. २०१६, टी. आर. ओ. पी. ए. सी. ओ. एन. २०१६ तथा यू.पी. माइक्रोकॉन २०१६ में सहभागिता की तथा पोस्टर प्रस्तुत किया। इनके द्वारा राष्ट्रीय शोध पत्रिका में भी शोध पत्र प्रकाशित हुए।
- डॉ. चन्द्र भान प्रताप की डी.एस.टी. फास्ट ट्रेक यंग साइन्टिस्ट तथा यू.जी.सी. पोस्ट डॉक्टोरल फैलोशिप प्राप्त हुई।
- पल्लवी सिन्हा तथा आशीष कुमार सिंह के क्रमश: २ एवं ०१ शोध पत्र अंतर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय स्तर पर प्रकाशित हुए।

न्यूरोलॉजी विभाग

- आवासीय चिकित्साकों द्वारा राष्ट्रीय खेल में भाग लिया। पेपर प्रस्तुत किए तथा अकादमिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग

- डॉ. गायत्री तथा डॉ. आभा ने एस.ए.वी.एम.ए. २०१६ इलाहाबाद में क्रमश: प्रथम एवं तृतीय स्थान पेपर प्रेजेटेशन में प्राप्त किया।
- डॉ. आकांक्षा तथा डॉ. निमिता ने तात्कालिक ऑल इण्डिया फोगसी फोर्स २०१६ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

नेत्र रोग विभाग

- छात्रों ने शोध कार्य एवं आउटरीच प्रोग्राम के अंतर्गत नेत्र चिकित्सा शिविर में अपनी सहभागिता दर्ज की।

पैथोलाजी

- डॉ. मयूराक्षी दास ने विभिन्न क्विज प्रतियोगिता में भाग लिया तथा शोध पत्र भी प्रस्तुत किए।
- डॉ. मो. फैयॉज ने पैथकॉन २०१६ एवं यू.पी. सी.वाई.टी.ओ.सी.ओ.एन. २०१६ में पेपर प्रस्तुत किए।
- डॉ. अन्देब जेहरा जेआर-३ प्रेजेन्टेड पेपरस इन यूपी पैथकॉन-२०१६ यूपी साइटोकॉन-२०१६।
- डॉ. सचिदानन्द सिंहा, जेआर-३ प्रजेन्टेड पोस्टरस इन यूपी साइटोकॉन-२०१६ और यूपी पेथकॉन-२०१६।
- डॉ. पंकज पाण्डेय, जे.आर.३ने अप्पटकॉन-२०१६ में मौखिक प्रस्तुति दी।
- डॉ. अमितेश कुमार सिंह, जे.आर.-२ ने उत्तर प्रदेश पैथकॉन,२०१६ झाँसी में लेख प्रस्तुत किया।
- डॉ. स्तुति कुमारी व डॉ निवेदिता महतो, जे आर २ ने उत्तर प्रदेश सायटोकॉन,२०१६, अप्पटकॉन-२०१६तथा हेमटोकॉन, २०१६ में पोस्टर प्रस्तुत किया।

चिकित्सा विज्ञान संस्थान के वार्षिक दिवस का शुभारम्भ

आयुर्वेद संकाय के स्वास्थ्य मेले की झाँकी

- डॉ. रिशिला मजूमदार, जे.आर.-२ ने यूपी सायटोकॉन,२०१६ यूपी साइटोकॉन, २०१६ हेमटोकॉन, २०१६ में पोस्टर प्रस्तुत किया।
- डॉ. अपूर्व अग्रवाल, जे आर-२ यूपी साइटोकॉन, २०१६ में पोस्टर प्रस्तुत किया।
- डॉ. दीपशिखा, जे आर -२ ने पैथोलोजी, हिस्टोपैथालोजी तथा साईटो पैथोलोजी में अंतर्राष्टीय सी.एम.ई, २०१६ यूपी साइटोकॉन तथा यूपी पैथोकॉन-२०१६ में पोस्टर प्रस्तुत किया।
- डॉ. दिव्या सिंह जे.आर.-१ अपटोकॉन २०१६झाँसी में ''प्राथमिक स्वरयंत्र एन.एच.एल.-एक मामले की रिपोंट'' शीर्षक से पोस्टर प्रस्तुत किया।
- डॉ. नेहा गुप्ता, जे.आर.-१ ने अपटोकॉन, २०१६ गोरखपुर में ''कुष्ठ रोग-लिम्फाडेनोपैथी का एक दुर्लभ कारक – दो मामलों की रिपोंट'' शीर्षक से पोस्टर प्रस्तुति में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया
- डॉ. एस.वुणु, जे.आर.-१ ने यूपी पैथोकॉन-२०१६ झाँसी में ''गर्भाशय ग्रीवा का सौम्य परिवाहक टूयूमर (गर्भाशय ग्रीवा का मायोपेरी –साइटोमा- एक दुलर्भ मामले की रिपोंट)'' शीर्षक से पोस्टर प्रस्तुत किया।

बाल चिकित्सा

- डॉ. प्रशान्त छाबड़ा ने हेमटोकॉन २०१६ जय पुर में रूधिर विज्ञान प्रश्नोत्तरी में (राष्ट्रीय दौर) भाग लिया।
- डॉ. अभिजित तथा डॉ. विद्या ने पेडीकॉन २०१७ बैगंलोर में पी.जी. प्रश्नोत्तरी (राष्ट्रीय दौर में भाग लिया।
- ६ स्नातकोत्तर छात्रों ने राष्ट्रीय सम्मेलन में पोस्टर प्रस्तुत किया।

औषध विज्ञान

- सुश्री देवप्रिया, शोध छात्रा को सिंगापुर में अंतर्राष्ट्रीय फार्मेको-इकोनोमिक सम्मेलन में भाग लेने तथा शोध पत्र प्रस्तुत करने के लिए विश्वविद्यालय प्रतिनियुक्ति प्रदान किया गया।
- श्री दिनेश कुमार, शोध छात्र ने विशेष अध्येतावृत्त पुरस्कार के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय फार्मा-सह जागरूकता पाठ्यक्रम ,जे एस.एस.चिकित्सा विश्वविद्यालय, मैसूर में भाग लिया।
- डॉ. गोमधी जी., रेजीडेंट ने श्री रामचन्द्र चिकित्सा विज्ञान संस्थान चेन्नई में 'राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम औषध विज्ञान अनुसंधान तथा शिक्षा तथा नैदानिक औषध विज्ञान में शोध की रूप रेखा पर कार्यशाल में भी भाग लिया।

शरीर –क्रिया विज्ञान

- शुश्री अपर्णा अकेल्ला को पी.एच.डी. उपाधि प्रदान की गयी

प्लास्टिक सर्जरी

- विभाग के रेजीडेंट्स ने राष्ट्रीय संस्कृति महोत्सव में भाग लिया
- उन्होंने वाराणसी प्लास्टिक सर्जरी फोरम में बैटरी फटने से हर तरफ के जबड़ा की क्षति के मामले को भी प्रस्तुत किया

रेडियोथेरेपी तथा विकिरण औषधी

- डॉ. रितुषा मिश्रा, वरिष्ठ रेजीडेंट ने अप्रिकोकॉन -२०१६, वाराणसी में सर्वश्रेष्ठ लेख का पुरस्कार प्राप्त किया।
- सुश्री सजनी, रेजीडेंट चिकित्सा भौतिकी ने एप्रीकॉन-२०१६ में द्वितीय सर्वश्रेष्ठ लेख पुरस्कार प्राप्त किया।

क्षय तथा श्वास रोग

- डॉ. मुजीव रहमान के.के. जे.आर.-२ ने विश्व वक्ष कांग्रेस में भाग लिया तथा लेख प्रस्तुत किया। उन्हें यूरोपियन श्वास संघ तथा भारतीय वक्ष संघ के द्वारा क्रमश: ''युवा वैज्ञानिक रजक प्रायोजकता'' तथा ''युवा वैज्ञानिक'' पुरस्कार प्राप्त हुआ।
- डॉ. अवनीश जैन ने टी.वाई.एस.ए. वक्ष प्रश्नोत्तरी का जोनल दौर जीता तथा सितम्बर-२०१६ में यूरोपियन श्वास संघ के वार्षिक सम्मेलन में शोघ पत्र भी प्रस्तुत किया।
- डॉ.मृत्युंज्य सिंह (एस.आर.) डॉ. मोहित भाटिया (एस.आर.) तथा डॉ. मुजीव रेहमान के.के. (जे.आर.) को सितम्बर -२०१६ में यूरोपियन श्वास संघ का वार्षिक सम्मेलन, लंदन में भाग लेने तथा अपने शोध पत्र प्रस्तुत करने के लिए भारतीय वक्ष संघ से रू.५००० का यात्रा अनुदान प्रत्येक को प्राप्त हुआ।
- डॉ. अरवेन्द्र सिंह को भारतीय वक्ष संघ तथा राष्ट्रीय वक्ष चिकित्सा महाविद्यालय के संयुक्त राष्ट्रीय सम्मेलन नेपकॉन २०१६ मुबई में अपने शोध पत्र को प्रस्तुत के लिए राष्ट्रीय वक्ष चिकित्सा महाविद्यालय का युवा वैज्ञानिक पुरस्कार पाप्त किया।
- डॉ. मोहित भाटिया (एस.आर) डॉ मुजीब रेहमान के.के.(जे.आर.२)डॉ अविनाश जैन, डॉ. बालगोविंद, डॉ. अरवेन्द्र (जे.आर.२), ने भारतीय वक्ष नैपकॉन -२०१६ मुबंई में भाग लिया। उपरोक्त सभी ने पुरस्कार सत्र तेकं अपने-२ लेखों का सार प्रस्तुत किया।

आयुर्वेद संकाय

द्रव्यगुण

- एम.डी. (आयुर्वेद) के द्वितीय वर्ष अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए दिनांक ०६.०१.२०१७ से २१.०१.२०१७ तक एक हर्बल भ्रमण यात्रा का आयेजन किया गया।

कौमारभृत्य बाल रोग

- डॉ. सूरज इंगोले, एम.डी. छात्रा ने एक अंतर्राष्ट्रीय तथा एक राष्ट्रीय संगोष्ठी में लेख प्रस्तुत किया एक कार्यशाला में भाग लिया तथा एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लिया।
- डॉ. कुमारी वन्दना, एम.डी. छात्रा ने एक अंतर्राष्ट्रीय तथा दो राष्ट्रीय संगोष्ठियों में लेख प्रस्तुत किया, तीन कार्यशालाओं तथा एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लिया तथा एम अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया।
- डॉ. अनंत पावड़े, एम.डी. छात्र ने एक कार्यशाला में भाग लिया तथा दो चिकित्सा शिविरों में भी भाग लिया।

- डॉ. अम्बर साहू, एम.डी.छात्र ने एक अंतर्राष्ट्रीय तथा दो राष्ट्रीय संगोष्ठियों में लेख प्रस्तुत किया, तीन कार्यशालाओं, एक राष्ट्रीय संगोष्ठी तथा एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लिया।
- डॉ. अमृता चौधरी, एम.डी.छात्रा ने एक राष्ट्रीय संगोष्ठी में लेख प्रस्तुत किया, तीन कार्यशालाओं तथा एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लिया।
- डॉ. नेहा जायसवाल, एम.डी. छात्रा ने एक राष्ट्रीय संगोष्ठी में लेख प्रस्तुत किया, दो कार्यशालाओं तथा एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लिया।
- डॉ. स्मृति सिंह, एम.डी. छात्रा ने एक राष्ट्रीय संगोष्ठी में लेख प्रस्तुत किया तथा दो कार्यशालाओं में भाग लिया।
- डॉ. अजीत सिंह यादव, एम.डी. छात्र ने दो कार्यशालाओं में भाग लिया।
- डॉ. राजेन्द्र कुमार, एम.डी. छात्र ने दो कार्यशालाओं में भाग लिया।

काय चिकित्सा

- डॉ. कामोदकुमार शमराव गिरहेपुंजे ने डिबरूगढ़, आसाम में २१-२८ फरवरी २०१६ तक १३वे धनवन्तरी सेवा यात्रा तथा २१अगस्त, २०१६ को भारत रत्न महामना पं. मदन मोहन मालवीय स्वास्थ्य सेवा यात्रा में भाग लिया
- डॉ. कामोदकुमार शमराव गिरहेपुंजे ने दो राष्ट्रीय संगोष्ठियों तथा एक अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में लेख प्रस्तुत किया तथा एक राष्ट्रीय कार्यशाला में भाग लिया।
- डॉ. राजेश जैन ने शिव प्रताप स्मारक संस्था, वाराणसी के द्वारा ३जनवरी,२०१६ को आयोजित नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में भाग लिया।
- डॉ. राजेश जैन ने तीन अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों तथा एक राष्ट्रीय संगोष्ठी में लेख प्रस्तुत किया तथा एक राष्ट्रीय कार्यशाला में भाग लिया।
- डॉ. अमृत गोडबोल दो अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों, पाँच राष्ट्रीय संगोष्ठियों में लेख प्रस्तुत किया तथा एक राष्ट्रीय कार्यशाला में भाग लिया।
- डॉ. अमरेश मिश्रा, को औषधीय पौधों के प्रयोग तथा जीवन शैली प्रबंधन पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में सर्वश्रेष्ठ लेख प्रस्तुति के पुरस्कार प्राप्त हुआ।
- डॉ. ममता तिवारी, भारत सेवा संस्थान , लखनऊ और उत्तरी अमेरिका, यू,एस,ए, के आयुर्वेदिक प्रोफेशनल्स संघ द्वारा योग पतंजली सम्मान से सम्मानित
- पार्श्वनाथ विद्यापीठ, वाराणसी द्वारा शोघ पद्धति पर आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में कृष्णा को सर्वश्रेष्ठ पत्र प्रस्तुतिकरण का पुरस्कार।
- अमन आफताब को तीसरे व्यावसायिक बी.ए.एम.एस. परीक्षा में काय चिकित्सा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने के लिए आचार्य वैद्य यदुनन्दन आध्याय स्मृति स्वर्ण पदक व्यावसायिक बी.ए.एम.एस. २०१४ की सभी तीनों परीक्षाओं में कुल मिलाकर सर्वाधिक अंक प्राप्त करने के लिए राम देवी तिवारी स्मृति स्वर्ण पदक और बी.ए.एम.एस. परीक्षा २०१४ के अंतिम वर्ष में द्वितीय स्थान प्राप्त करने के लिए हिमालय ड्रग कम्पनी द्वारा रूपये १००००/- का आयुर्विशारद सम्मान दिया गया।
- डॉ. आभा सिंह द्वारा चार राष्ट्रीय संगोष्ठियो, एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में सहभागिता, पत्र प्रस्तुति, दो राष्ट्रीय कार्यशालाओं एक स्वास्थ्य शिविर मेला और भारत रत्न पं. मदन मोहन मालवीय स्वास्थ्य सेवा यात्रा २०१६ में सहभागिता।
- डॉ. ममता तिवारी, पी.एच.डी. शोधार्थी का म.प्र.लो.से.आ.में स्वास्थ्य अधिकारी के पद पर चयन।
- डॉ. अमन आफताब द्वारा रस शास्त्र विभाग आयुर्वेद संकाय, चिकित्सा विज्ञान संस्थान बी.एच.यू. द्वारा आयोजित 'आयुष मंत्रालय की आयुर्वेद की आवश्यक दवाओं की सूची, शीर्षक संगोष्ठी में सहमार्गता।
- श्रुति सिंह, पी.एच.डी. शोधार्थी द्वारा चिकित्सा विज्ञान संस्थान, बी.एच.यू. के कम्यूनिटी मेडिसिन विभाग के बायोस्ट्रैटिस्टिक्स अनुभाग द्वारा 'सांख्यिकी उपकरणों और साफ्टवेयरों के अनुप्रयोग'विषय पर आयोजित कार्यशाला में सहभागिता।
- कृष्णा, पी.एच.डी. शोधार्थी द्वारा एक शोध पत्र प्रकाशित, दो अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों और एक राष्ट्रीय संगोष्ठी में पत्र प्रस्तुति और एक राष्ट्रीय कार्यशाला में सहभागिता।
- अरूण कुमार वर्मा, पीएच.डी. शोधार्थी द्वारा एक शोध पत्र प्रकाशित, एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन और एक राष्ट्रीय कार्यशाला में पत्र प्रस्तुत और चार राष्ट्रीय कार्यशालाओं में सहभागिता।
- धर्मेन्द्र कैथल, पीएच.डी. शोधार्थी द्वारा एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन और दो राष्ट्रीय कार्यशालाओं में सहभागिता।
- दीक्षा सिंह, पी.एच.डी. शोधार्थी द्वारा एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में पत्र प्रस्तुत और तीन राष्ट्रीय कार्यशालाओं में सहभागिता।
- संदीप सिंह,पीएच.डी. शोधार्थी द्वारा शोध पत्र प्रकाशित, चार अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठियों में पत्र प्रस्तुति और दो राष्ट्रीय कार्यशालाओं में सहभागिता।
- रवि कुमार तिवारी, पा.एच.डी. शोधार्थी द्वारा दो राष्ट्रीय संगोष्ठियों और तीन राष्ट्रीय कार्यशालाओं में सहभागिता।
- संदीप चौधरी,पी.एच.डी. शोधार्थी द्वारा दो अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठियों और दो राष्ट्रीय संगोष्ठियों/कार्यशालाओं में पत्र प्रस्तुति सहभागिता।
- रिंकी कुमारी, पी.एचडी. शोधार्थी द्वारा छ: शोध पत्र प्रकाशित और एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में पत्र प्रस्तुति सहभागिता।
- डॉ. सौरभ यादव एम.डी. (आयु.) के विद्यार्थी द्वारा दो संगोष्ठियों और एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में सहभागिता।
- डॉ. संतोष कुमार रंजन, एम.डी.(आयु.) के विद्यार्थी द्वारा तीन अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों और दो राष्ट्रीय संगोष्ठियों में पत्र प्रस्तुत और दो राष्ट्रीय संगोष्ठियों एक राष्ट्रीय कार्यशाला और भारत रत्न पं.मदन

स्वास्थ्य मेला का शुभारम्भ

आई एम एस परिसर में स्वास्थ्य मेला

संस्थान के पद्म पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं का सम्मान

सर सुन्दरलाल अस्पताल में रसोईघर का शुभारम्भ

एस.एस. हॉस्पिटल में दर्द निवारक एवं शामक वार्ड का उद्घाटन

कैंसर दिवस पर रोगियों की देखभाल

प्रथम वर्ष के कनिष्ठ रेजिडेंटों हेतु अभिविन्यास कार्यक्रम का शुभारम्भ

सार्वजनिक स्वास्थ्य व्याख्यान माला का शुभारम्भ

आई एम एस का वसंत पंचमी (झाँकी) समारोह

मोहन मालवीय स्वास्थ्य सेवा यात्ता और स्वास्थ्य शिविर एवं मेला. चि.वि.सं.बी.एच.यू. में सहभागिता।

- डॉ. रवी सिंह द्वारा दो सम्मेलनों, दो कार्यशालाओं और दो सी.एम.ई.में पत्र प्रस्तुति एवं सहभागिता।
- डॉ. विमल प्रकाश द्वारा सम्मेलनों, दो कार्यशालाओं और दो सी.एम.ई. में पत्र सहभागिता।

शालक्य तंत्र

- डॉ. प्रियंका जोशी, पी.एच.डी. शोधार्थी, द्वारा एक सी.एम.ई. में सहभागिता।
- डॉ. अरविन्द गौतम, एम.डी. विद्यार्थी द्वारा चार संगोष्ठियों में सहभागिता और दो पत्र प्रकाशित।

सिद्धान्त दर्शन

- डॉ. देवानन्द उपाध्याय, एस.आर.और पी.एच.डी. विद्यार्थी द्वारा चार कार्यशालाओं, १२ संगोष्ठियों में सहभागिता और एक पत्र प्रस्तुत।
- डॉ. हिना खातून, एम.डी. विद्यार्थी द्वारा तीन राष्ट्रीय संगोष्ठियों, एक कार्यशाला में सहभागिता और एक लेख प्रकाशित।
- डॉ. श्रवरी रमाकान्त सरकार, एम.डी. विद्यार्थी द्वारा तीन राष्ट्रीय संगोष्ठियों में सहभागिता और एक लेख प्रकाशित।
- डॉ. सोनम जैन, एम.डी. विद्यार्थी द्वारा दो राष्ट्रीय संगोष्ठियों में पत्र प्रस्तुति।
- रविन्द्र सिंह,एम.डी. विद्यार्थी द्वारा दो राष्ट्रीय संगोष्ठियों में पत्र प्रस्तुति और एक संगोष्ठि में सहभागिता।
- अन्य पी.एच.डी. शोधार्थियों द्वारा दस संगोष्ठियों पांच कार्य शालाओं में सहभागिता और सात पत्र प्रकाशित।

स्वास्थवृत्ति और योग

शोध संगोष्ठियों स्नातक स्तर तथा मरीजो के लिए स्वास्थ्य शिविर तथा योगाभ्यास में सक्रिय सहभागिता और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में सहभागिता

- योगेश सी गुप्ता, पी .एच.डी. विद्यार्थी द्वारा एक अंतर्राष्ट्रीय और चार राष्ट्रीय सम्मेलनों में पत्र प्रस्तुति, छः राष्ट्रीय कार्यशालााओं में सहभागिता
- मुकेश कुमार उपाघ्याय, पी.एच.डी. विद्यार्थी द्वारा सात अंतर्राष्ट्रीय और दो राष्ट्रीय सम्मेलनों में पत्र प्रस्तुत, आठ राष्ट्रीय कार्यशालाओं में सहभागिता।
- डॉ. दाता राम, एम.डी. विद्यार्थी द्वारा दो अंतर्राष्ट्रीय और एक राष्ट्रीय संगोष्ठी में पत्र प्रस्तुत, एक राष्ट्रीय कार्यशाला में सहभागिता।
- डॉ. विनीता सिंह, एम.डी. विद्यार्थी द्वारा एक अंतर्राष्ट्रीय और एक राष्ट्रीय संगोष्ठी में पत्र प्रस्तुत, तीन राष्ट्रीय कार्यशालाओं में सहभागिता।

विकृति विज्ञान

- विभाग के एम.डी.(आयु.) और पी.एच.डी. विद्यार्थी अपनी शोध परियोजनाओं में संलग्न। प्रत्येक विद्यार्थी द्वारा शोध कार्य संबंधी एक दूसरें से जुड़ी गतिविधियों में समरस सहभागिता।
- अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय सम्मेलनों में सक्रिय सहभागिता और पत्र प्रस्तुति।

दंत विज्ञान संकाय

संकाय के सभी रेजिडस्ट्स द्वारा बी.एच.यू वाराणसी में हुई २१वीं आई.ओ.एस.पी.जी. कन्वेन्शन में सहभागिता।

२.१.१.३. पर्यावरण एवं संपोष्य विकास संस्थान

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने दिसम्बर, २००२ में अपने ५७वें सत्र में वर्ष २००५-२०१४ तक की अवधि के धारणीय विकास हेतु 'शिक्षा-दशक' (डीईएसडी) के रूप में घोषित किया था। डीईएसडी के दृष्टिकोण से धारणीय विकास हेतु शिक्षा से व्यक्तियों, समूहों, समुदायों, संगठनों एवं देशों की संपोष्य विकास के पक्ष में निर्णय लेने तथा विकल्प चुनने की क्षमता विकसित व मजबूत होगी। संयुक्त राष्ट्र के इस दृष्टिकोण के अनुसार उपयुक्त ज्ञान के विकास एवं संपोष्य विकास क्षमता के क्षेत्र में उच्चतर शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान होना चाहिए। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय ने वर्ष २०१० में एक राष्ट्र स्तरीय पर्यावरण एवं धारणीय विकास संस्थान स्थापित किया। वर्ष २०११ में शैक्षिक पदों पर भर्ती की गई।

संस्थान के उद्देश्य धारणीय विकास के बारे में शिक्षा (समाविष्ट के बारे में जागरूकता विकास करना) एवं धारणीय विकास हेतु शिक्षा (संपोष्यता की प्राप्ति हेतु शिक्षा को एक औजार के रूप में उपयोग करना) को शामिल करना है। संस्थान का मिशन ऐसा शिक्षण, शोध व विस्तार कार्य करना है जिससे भविष्योन्मुख भारत का संपोष्य विकास हो तथा गरीबी मिटे और देश के प्राकृतिक संसाधनों का कुशल व समुचित प्रबंधन बरकरार रहे। संस्थान के उद्देश्य- १) पर्यावरणीय एवं धारणीय विकास शिक्षा को बढ़ाना, इसमें सुधार करना एवं तत्संबंधी शिक्षा प्रदान करना, २) पर्यावरणीय एवं धारणीय विकास शिक्षा का स्तर बढ़ाने के लिए अंतर-अनुशासनिक उपागम में कार्य करना, ३) समुदाय स्तर पर धारणीय सामाजिक एवं आर्थिक विकास संबंधी मुद्दों और चुनौतियों के बारे में जन-जागरूकता बढ़ाने में योगदान करना, ४) धारणीय विकास के संदर्भ में पर्यावरणीय एवं सामाजिक समस्याओं की बेहतर समझ प्रदान करने के लिए एक विचार-विमर्श मंच तैयार करना, वैज्ञानिक चर्चाओं को बढ़ावा देना एवं निर्णयकर्ताओं के लिए उपयुक्त उपागम व विश्लेषण नीति विकसित करना तथा ५) एक राष्ट्रीय नीति विकसित करने एवं धारणीय विकास संबंधी पहलों को क्रियान्वित करने के लिए सरकारी एजेंसियों के साथ कार्य करना है।

शिक्षण कार्यक्रम

संस्थान पर्यावरण एवं धारणीय विकास के क्षेत्र में अंतर-अनुशासनिक शिक्षा प्रदान करता है। पर्यावरण एवं धारणीय विकास संकाय, आईइएसडी ने शैक्षिक सत्र २०१३-१४ और उससे आगे के लिए एकीकृत एम.फिल.-पीएच.डी. कार्यक्रम शुरू किया है। एकीकृत एम.फिल.-पीएच-डी. उपाधि कार्यक्रम संबंधी पाठ्यक्रम एवं अध्यादेश दिनांक ५ मार्च, २०१२ के एसीआर सं.-६८ के अंतर्गत विश्वविद्यालय के शिक्षण परिषद् द्वारा अनुमोदित किए गये थे। इसे ध्यान में रखते हुए आईइएसडी के संकाय सदस्य बी.एस-सी (विज्ञान संकाय), बी.ए. (मंच कला संकाय) एवं बी.ए.एम.एस. (आयुर्वेद संकाय) के छात्रों को पर्यावरणीय अध्ययन पाठ्यक्रम की शिक्षा देते हैं। संकाय ने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के महिला महाविद्यालय में एमएससी जैव सूचना, विज्ञान संकाय में एमएससी टेक. भूभौतिकी एवं एमएससी पर्यावरण विज्ञान में शिक्षण एवं विनिबंध मार्गदर्शन कार्यक्रम में भी सहभागिता की। आईईएसडी के संकाय सदस्य एम.फिल.-पी.एचडी. के एकीकृत छात्रों को पर्यावरण विज्ञान एवं धारणीय विकास की शिक्षा देते हैं। संकाय ने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में एम.एससी. भू-भौतिकी और एम.एससी. पर्यावरण विज्ञान में शिक्षण और विनिबंध मार्गदर्शन के कार्यक्रम में भी सहभागिता की।

शोध कार्यक्रम

संस्थान सामाजिक आवश्यकताओं को बेहतर तरीके से पूरा करने वाली प्रणाली को डिजाइन करने, मूल्यांकन व प्रबंधन करने वाले अंतर-अनुशासनिक एवं सहयोगी शोध का आयोजन एवं नेतृत्व करता है। आईइएसडी द्वारा चिन्हित पाँच प्राथमिकता प्राप्त शोध हैं: १) वैश्विक परिवर्तन एवं वातावरण-प्रदूषण, २) प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन ३) धारणीय कृषि, ४) वैकल्पिक ऊर्जा संसाधन तथा ५) धारणीय विकास के सामाजिक-आर्थिक एवं विधिक आयाम। आईइएसडी के संकाय सदस्यों ने शैक्षिक सत्र के दौरान ०५ शोध परियोजनाएँ संचालित की। इन परियोजनाओं के लिए ज्यादातर धनराशि भारत सरकार प्रयोजक एजेंसियों यथा- पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, जल संसाधन मंत्रालय एवं पर्यावरण व वन मंत्रालय से प्राप्त हुई। आमतौर पर इसरो, आई.एम.डी., डी.बी.टी, यूजीसी तथा एसडीएमसी-सार्क, नई दिल्ली जैसे संगठनों ने भी आईइएसडी के संकाय-संदस्यों की परियोजनाओं को धन प्रदान किया।

सुदूर पहुँच/विस्तार

यह संस्थान अपनी सुदूर गतिविधियों के माध्यम से समुदाय स्तरीय प्रदर्शन एवं संगोष्ठियों इत्यादि समेत धारणीयता को बढ़ावा देने के लिए कई तरह के भागीदारों को शामिल करना चाहता है। संस्थान का उद्देश्य तथ्यपत्र, स्थिति रिपोर्ट एवं शैक्षणिक संसाधन तैयार करना भी है। इस दिशा में सार्क आपदा प्रबंधन केन्द्र (एसडीएमसी), नई दिल्ली ने आईइएसडी को "सार्क देशों में जलवायु परिवर्तन अनुकूलन पर सारांश" तैयार किया।

आईइएसडी संकाय सदस्यों द्वारा शैक्षणिक/शोध/प्रशासनिक कार्यकलाप

- पर्यावरण विज्ञान एवं धारणीय विकास की स्नातकोत्तर स्तर पर एम.फिल. शिक्षण
- पर्यावरण विज्ञान (पर्यावरण प्रौद्योगिकी) की स्नातकोत्तर स्तर पर शिक्षण
- पर्यावरणीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में पी.एच.डी. कोर्स वर्क।
- भू-भौतिकी विभाग, पर्यावरण विज्ञान एवं प्रयुक्त सूक्ष्मजैविकी में एम.एस.सी. कक्षाएँ।

शताब्दी वर्ष समारोह

- १२अप्रैल, २०१६ प्रो. आर.एस. दूबे, कुलपति, तिलका मांझी विश्वविद्यालय, भागलपुर, बिहार के द्वारा ''जीवन, जैव-ऊर्जा और पर्यावरणीय तनाव'' विषय पर प्राध्यापक- छात्र संवाद।
- २१ फरवरी, २०१७ डॉ. प्रबीर के पात्रा, वरिष्ठ वैज्ञानिक, जएएमएसटीईसी, जापान के द्वारा ''ग्लोबल कलाइमेट चेंज: मानव गतिविधि की भूमिका, परिस्थितिक तंत्र और कृषि'' विषय पर प्राध्यापक- छात्र संवाद।

छात्रों के लिए उपलब्ध अनुसंधान सुविधायें

छात्र-छात्राओं के लिए शोध सुविधाओं हेतु संस्थान में सेन्ट्रल इन्स्ट्रूमेन्टल लैब की सुविधा प्रदान की गयी है, जिसमें गैस क्रोमैटोग्राफी, एचपीएलसी, सोलर फोटोवोल्टेक ट्रेनिंक किट, यूवी-विजिबल स्पेक्ट्रोमीटर, इलेक्ट्रोफोरेसिस सिस्टम, एरोसॉल सैम्पलर इत्यादि।

२.१.१.४. प्रबन्ध शास्त्र संस्थान

विश्वविद्यालय ने साठ के दशक के अंत में अपने महान स्थापक के स्वप्न को कार्यान्वित करने की दिशा में एक और मील का पत्थर पार किया जब सन् १९६८ में वाणिज्य संकाय में प्रबन्ध में परास्नातक एंव विद्यावाचस्पति के अध्ययन का शुभारम्भ हुआ।

प्रबन्ध में उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने की बढ़ती आवश्यकता के विचार से सन् १९८४ में प्रबन्ध अध्ययन विभाग को प्रबन्ध शास्त्र संकाय में परिणत किया गया और तब से राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठा के प्राध्यापकों के स्फूर्त नेतृत्व में व्यवसाय जगत के नवप्रवर्तनशील एंव आवश्यकता पर आधारित कार्यक्रमों को चलाने की भी चेष्टा की गई है। १६ दिसम्बर २०१५ को संकाय का उन्नयन संस्थान के रूप में किया गया।

आवश्यकता पर आधारित कार्यक्रम

व्यवसाय जगत की परिवर्तनशील आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए प्रबन्ध शास्त्र संस्थान ने इन वर्षो के दौरान विभिन्न नवप्रवर्तनशील प्रबंध पाठ्यक्रमों का संचालन किया है।

प्रबन्ध में विद्यावाचस्पति के अतिरिक्त संकाय ने द्विवर्षीय पूर्णकालिक स्नातकोत्तर उपाधि पाठ्यक्रमों – विशारद प्रबन्ध अध्ययन चलाया जो कि कालान्तर में विशारद व्यवसाय प्रबन्ध के नाम से जाना जाने लगा और वर्तमान में विशारद प्रबन्ध प्रशासन के नाम से जाना जाता है।

कार्यरत् अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए प्रबन्ध अध्ययन में त्रिवर्षीय अंशकालिक उपाधि पाठ्यक्रम विशारद व्यवसाय प्रबन्ध भी संकाय द्वारा चलाया गया। इसके अतिरिक्त त्रिवर्षीय अंशकालिक स्नातकोत्तर सनद पाठ्यक्रम कार्मिक प्रबन्ध विपणन प्रबन्ध एंव वित्त प्रबन्ध में कार्यरत अभ्यर्थियों के लिए चलाया गया।

दूरदृष्टि, लक्ष्य एंव उद्देश्य

वर्तमान जगत में जिसमें हम जीवन-यापन कर रहे हैं, प्रबन्ध शिक्षा अधिकाधिक प्रतिष्ठा और संवेग प्राप्त कर रही है।

वृत्तिक प्रबन्ध की प्रवीणता जीवनवृत्तियोन्मुखी पीढी को अपने स्वप्न पूर्ण करने के लिए अधिक आत्मविश्वासी एवं सफल बनाती है। विभिन्न संगठन भी अपने भविष्य की प्रगति उन्मुख योजनाओं की पूर्ति हेतु प्रबन्ध प्रावीण्य युक्त वृत्तिक जनबल की ही मांग करते है।

वर्तमान परिदृश्य में संकाय में, हम इस बात से भलिभांति परिचित है कि प्रबन्ध संस्थाओं और देश के प्रमुख प्रबन्ध संस्थानों में से एक होने के नाते हमारे संकाय के उत्तरदायित्व और चुनौतियां बढ़ रही हैं।

इन सबको दृष्टिगत रखते हुए निम्न दूरदृश्य, लक्ष्य एवं उद्देश्यों का निर्धारण किया गया है।

दूरदृश्य: संकाय प्रबन्धकीय ज्ञान एवं विकासशील सामाजिक संवेदनशील नेतृ-प्रबन्धकों के कार्यक्षेत्र को पुनर्परिभाषित करने हेतु

प्रतिबद्ध एवं सर्वप्रशंसित वैश्विक, उत्कृष्ण केन्द्रों में से एक बनने का अभिलाषी है।

लक्ष्यः प्रबन्ध शास्त्र संस्थान का लक्ष्य, उत्कृष्ट शिक्षा, शोध, मंत्रणा एवं अन्य सेवाओं द्वारा व्यवसाय, उद्योग तथा अन्य आवश्यक आयामों की आवश्यकताओं को पूरित करना है।

उद्देश्यः प्रबन्ध क्षेत्र में अपना भविष्य संवारने के अभिलाषी होनहार युवा प्रतिभागियों को आवश्यकता आधारित शिक्षा प्रदान करना।

- प्रबन्ध शिक्षा क्षेत्र को व्यवहारिक एवं वैचारिक दोनों प्रकार के शोध कार्यों एवं गुणवत्ता प्रकाशन के द्वारा समृद्ध बनाना।
- प्रबन्धकीय विकास कार्यक्रमों द्वारा व्यवसायिक प्रबन्धकों की निर्णय निर्धारण प्रवीणता एंव प्रशासनिक सामर्थ्य को बढ़ाना तथा मंत्रणा सेवा द्वारा उनकी विशिष्ट समस्याओं को सुलझाना।
- गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के माध्यम से विभिन्न प्रबन्ध संस्थानों के अध्यापकगणों के ज्ञान एवं प्रवीणता को समृद्ध करना।
- निगम एवं विश्वस्तरीय शैक्षणिक संस्थानों के साथ सहयोग करके प्रबन्ध शिक्षा के शोध को प्रोत्साहन प्रदान कर विभाजन रेखा का अन्तर मिटाना।
- संभाग के छात्रों और युवाओं में उद्यमिता के प्रति उन्मुखता को अंतर्निविष्ट करना ।

व्यवसाय जगत के साथ सहयोग

संकाय के व्यवसाय जगत से प्रबल सम्बन्ध है। संकाय में सामयिक विषयों पर अतिथि व्याख्यानों और छात्रों एवं संकाय के सदस्यों के साथ पारस्परिक व्यवहार हेतु संकाय उच्च व्यवसायिक कार्यकारियों को आमंत्रित करने में निरन्तर प्रयासरत रहा है।

संकाय द्वारा आयोजित विभिन्न शैक्षणिक आयोजनों जैसे कि वर्ष पर्यन्त व्याख्यान श्रृंखला, संगोष्ठियाँ, सम्मेलन, कार्यशालाएँ, बुद्धिशीलता/विचारावेश संकाय विकास कार्यक्रम, प्रबन्धकीय विकास और अन्य कार्यक्रमों में उद्योग जगत के वरिष्ठ कार्यकारियों को हमेशा ही से मुख्य संसाधक विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित किया जाता रहा हैं। इन शैक्षणिक पारस्परिक व्यवहारों ने निश्चित ही संकाय में शिक्षकों के ज्ञान को बढ़ाया है। हमें अपने पाठयक्रम पुनरीक्षण मे भी उद्योग जगत से सहयोग और सामृद्धिक सुझाव मिलते रहे है।

व्यावहारिक प्रशिक्षण, शोध प्रबन्ध एवं अंतिम स्थापन

व्यवसाय जगत के साथ सहयोग का एक और क्षेत्र है हमारे प्रबन्ध छात्रों का व्यावहारिक प्रशिक्षण पाठयक्रम का भाग होने के नाते हमारे छात्र प्रतिवर्ष गर्मियों के दौरान आठ सप्ताह का व्यावहारिक प्रशिक्षण लेते है।

हमें उद्योग से इस हेतु अपार सहयोग प्राप्त हुआ है। शोध प्रबन्ध की सफलता पूर्वक सम्पन्नता में भी हमारे छात्रों को सहयोग मिलता है।

परिसर स्थापन भी उद्योग जगत से अच्छे सम्बन्धों का एक और महत्वपूर्ण क्षेत्र है। अनेकों प्रतिष्ठित निजी एवं सरकारी क्षेत्र के संगठन परिसर स्थापन में सहयोग करते हैं। इनमे से भारतीय रिजर्व बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय कोयला निगम, डीएलएफ, पेन्टालून्स, इन्फोसिस, फाईनों, बैंक ऑफ इंडिया, देना बैंक, इण्डोगल्फ, आईसीआरएम, आईडीबीआई, एनसीएमएसएल, एक्सिस बैंक, वीजा स्टील, यूको बैंक, स्टैग इन्टरनेशनल कुछ प्रमुख नाम है।

पुरा छात्र सम्बन्ध

संकाय के ४५०० से भी अधिक पुरा छात्र विश्व भर में सेवारत है। पुरा छात्र संगठन संकाय के उद्योग जगत से सम्बन्धों के सशक्त बनाने में सक्रियता से सहयोग करता रहा है।

सहयोग

- इलाहाबाद बैंक चेयर
- नीमेट के अन्तर्गत संकाय विकास कार्यक्रम
- प्रबन्ध विकास कार्यक्रम, एनटीपीसी
- ग्रामीण विद्युतीय निगम राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम
- आईसीआईसीआई के साथ एक वर्षीय सनद पाठ्यक्रम
- मंत्रणा परियोजना यूएनडीपी के साथ
- विश्व स्वास्थ्य संगठन के साथ अध्येतावृत्ति कार्यक्रम

अन्तर्राष्ट्रीय शिक्षण संस्थाओं के साथ सहयोग

उच्चतम शिक्षा के विश्व प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ शैक्षणिक संयोजन के लिए संकाय दृढ़ता से अनुकरण करता आया है हाल ही में विभिन्न देशों के संस्थानों से चोटी के शिक्षकों ने संकाय का भ्रमण किया है।

इस पहल में विश्वविद्यालय ने हाल ही में जिन संस्थाओं के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं –

- इथियोपिया लोक सेवा कॉलेज, इथियोपिया
- विल्कीस विश्वविद्यालय, पेन्सिलेविया, संयुक्त राष्ट्र अमेरिका
- व्यवसाय विद्यालय, क्लेपियन विश्वविद्यालय, संयुक्त राष्ट्र अमेरिका
- लॉसित्ज विश्वविद्यालय, जर्मनी (हस्ताक्षर होना है)

उपर्युक्त संस्थाओं के अतिरिक्त, संस्थान ने विभिन्न अवसरों पर अन्य संस्थाओं के साथ भी बौद्धिक एवं शैक्षणिक भागीदारी की है। इनमें से कुछ निम्न है –

- व्यवसाय विद्यालय, कंसास विश्वविद्यालय, संयुक्त राष्ट्र अमेरिका
- कृषि एंव संगणक विज्ञान विद्यालय, टैनेसी राजकीय विश्वविद्यालय, संयुक्त राष्ट्र अमेरिका
- वैश्विक सामरिक प्रबन्ध इंक., संयुक्त राष्ट्र अमेरिका
- ग्राहक सम्बन्ध प्रबन्ध संस्थान, संयुक्त राष्ट्र अमेरिका

मान्यताएँ

- अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा छः दिवसीय गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम केन्द्र के रूप में अभिज्ञात।
- प्रबन्ध में राष्ट्रीय विद्यावाचस्पति अध्येतावृत्ति हेतु पोषक संस्थान के रूप में मान्यता।

- डी.आर.एस.–प्रावस्था द्वितीय (विशिष्ट सहयोग कार्यक्रम) वि.अ.आ.।
- उद्योग संस्थान भागीदारी प्रकोष्ठ (अ.भा.त.शि.प.)

योगदान

नियमित शैक्षिक कार्यक्रम

संकाय ने स्थापना से लेकर अब तक ४५०० से भी अधिक प्रबन्ध स्नातक निर्मित किये हैं जो कि विश्वभर में सरकारी एवं निजी क्षेत्र के संगठनों में मुख्य पदों पर अपनी सेवा दे रहे हैं। यह संख्या संकाय द्वारा संचालित स्नातकोत्तर सनद पाठयक्रमों एवं विद्यावाचस्पति प्रबन्ध शोध के सैकड़ों अभ्यर्थियों के अतिरिक्त है।

शोध प्रकाशन

संकाय की अपनी शोध पत्रिका – काशी हिन्दू विश्वविद्यालय प्रबन्ध समीक्षा – समसामाजिक प्रबन्ध शोध की एक पत्रिका (आईएसएसएन–२२३१०१४२) है। संकाय सदस्यों ने राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठा की पत्रिकाओं में लगभग ५०० से अधिक शोध पत्र एंव १०० से अधिक पुस्तकें प्रकाशित करवाई हैं।

विस्तृत गतिविधियाँ

- उद्योग शैक्षिक सम्मेलन २०१२
- उभरती अर्थव्यवस्थाओं में विपणन परिपेक्ष्य पर अन्तर्राष्ट्रीय कार्यशाला।
- पोस्ट एकोनोमिक मेल्ट डाऊन इरा पर एमडीसा के साथ अन्तर्राष्ट्रीय कार्यशाला।
- सम्मिलित वृद्धि एवं सूक्ष्म वित्त अभिगम्य पर सम्मेलन (सिगमा)
- उच्चतर शिक्षा में गुणवत्ता परिपेक्ष्य पर डायरेक्टर्स कान्क्लेव।
- भारतीय विश्वविद्यालय संघ के साथ उच्चतर शिक्षा संस्थानों में वित्तीय प्रशासन पर राष्ट्रीय कार्यशाला।
- चिरस्थायी विकास हेतु ऊर्जा पर्यावरण एवं आपदा प्रबन्ध पर अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन।
- कृषि एंव ग्रामीण विकास पर अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन।

इसके अतिरिक्त संस्थान ने पिछले दो वर्षों के दौरान ५० सभाओं का आयोजन भी किया। निम्न के लिए भी प्रशिक्षण कार्यक्रम भी संचालित किये गये।

- ग्रामीण विद्युतीकरण निगम लि.।
- मानव संसाधन विकास प्रकोष्ठ काशी हिन्दू विश्वविद्यालय।
- मा.सं.मं. के सहयोग से माईक्रोसाफ्ट द्वारा शिक्षण सशक्तिकरण कार्यक्रम।
- विज्ञान एवं तकनीकी विभाग नीमेट के सहयोग से संकाय विकास कार्यक्रम।
- अ.भा.त.शि.प. के सहयोग से गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम।

व्यवसाय निदानग्रह

संकाय द्वारा व्यवसाय निदान गृह की स्थापना हेतु एक नव प्रवर्तनीय कदम था। इस पहल का उद्देश्य – कक्षा के उपरान्त व्यवसाय अध्ययन के व्यवहारिक एवं सैद्धान्तिक अन्तर को मिटाना एवं व्यवसायियों एंव उद्यमियों को विशेषज्ञ सेवाएँ प्रदान कराना है।

सामुदायिक सेवाएँ

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा अनुदानित विशेष सहायता कार्यक्रम के अन्तर्गत डीआरएस१ की पहल के तहत संकाय के छात्रों के सामाजिक संघ-सेवार्थ, मानवता के लिए भी स्थापना की गई। इस पहल का उद्देश्य युवा पीढ़ी को समाज कल्याण के लिए आकर्षित करना एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की चेतना का अन्तर-निविष्टीकरण करना है।

अबतक की गतिविधियाँ

रक्तदान शिविर, सरसुन्दरलाल अस्पताल में भर्ती गरीब रोगियों को कम्बल वितरण, सामाजिक उद्यमियों से पारस्परिक व्यवहार, सामाजिक उद्यमों का भ्रमण, देने का आनन्द सप्ताह समारोह आदि।

पुराछात्र गतिविधियाँ

प्रबन्ध अध्ययन कार्यक्रम के सूत्रपात से आज दिन तक, विश्वविद्यालय ने ४५०० से भी अधिक प्रबन्ध स्नातक निर्मित किए हैं। जो विश्व के शासकीय और निजी संस्थानों में महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएँ दे रहे हैं।

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय प्रबन्ध पुरा छात्र संघ इस बिरादरी को सशक्त करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। 'भूमा' के भारत एवं विश्व में प्रादेशिक खण्ड हैं। संघ संकाय की विकासीय गतिविधियों में भी योगदान दे रहा है। व्यवसाय जगत से सम्बन्धों के प्रबलीकरण तथा संकाय के छात्रों में प्रशिक्षण एवं स्थापन की व्यवस्थाएँ आदि में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका हैं। संघ नियमित रूप से विश्वविद्यालय परिसर में वार्षिक सम्मेलन आयोजित करता है। संकाय अध्यक्ष इस संघ के पदेन अध्यक्ष एंव संरक्षक होते है।

संस्थान के क्रियाकलापों का संक्षिप्त प्रतिवेदन

वर्तमान सत्र के अन्तर्गत, संकाय ने नियमित पाठयक्रम के अन्तर्गत विभिन्न विकासीय गतिविधियों का आयोजन किया –

संकाय प्रबन्ध अध्ययन में परास्नातक पाठयक्रम चलाती है। छात्रों को अपने पाठयक्रम के समेकित भाग के रूप में लघु परियोजना शोध प्रबन्ध तथा आठ सप्ताह के व्यवहारिक प्रशिक्षण का प्रतिवेदन देना अनिवार्य है।

बौद्धिक अवसंरचना

संकाय की सबसे महत्वपूर्ण विशिष्टता इसके निष्ठावान संकाय सदस्य है जो कि अपने भावी प्रबन्धकों को उभरते प्रचलन के प्रति प्रबुद्ध करने एवं उनको व्यवसाय जगत की चुनौतियों को सामना करने के लायक बनाने में सदैव तत्पर रहते हैं। संकाय के चौदह आचार्य, पाँच सह आचार्य एंव आठ सहायक आचार्य मिलाकर कुल २७ संकाय सदस्य है। इसके अतिरिक्त चार संविदा आधारिक सकाय सदस्य भी है। उक्त में दक्षिण परिसर स्थित एम.बी.ए. एग्री बिजनेस के संकाय सदस्य सम्मिलित है।

बौद्धिक सहभाजन

प्रमुखतम सुविधा यह है कि एक ही छत के नीचे अन्तर्विषयी शोध एंव मंत्रणा के लिए बुद्विजीवी उपलब्ध हैं।

छात्र, शोध छात्र एंव संकाय सदस्य, विश्वविद्यालय में किसी भी अन्य संकाय या विभाग के संकाय सदस्यों के साथ पारस्परिक व्यवहार हेतु स्वतंत्र है। विश्वभर में यह सबसे दुर्लभ स्थितियों में से एक है।

छात्रों हेतु सुविधाएँ: छात्रावास, पुस्तकालय, पुस्तक बैंक, नि:शुल्कता एंव छात्रवृत्ति एवं संगणक अध्ययन सुविधा।

ग्रीष्म प्रशिक्षण, शोध प्रबन्ध, लघु परियोजना, प्रेरण एंव इंटर्नशिप

आठ सप्ताह की ग्रीष्म प्रशिक्षण शोध प्रबन्ध, लघु परियोजना आलेख एवं प्रेरक संकाय के एम.बी.ए., एम.बी.ए. आई.बी. और एम.बी.ए. एग्रीबिजनेस पाठयक्रमों का अन्य भाग है। छात्र इन परियोजना समनुदेशनों को संकाय सदस्यों के परामर्श पर करते है।

संकाय उक्त पाठयक्रमों के नवप्रवेशी छात्रों के लिए एक सप्ताह का प्रेरण कार्यक्रम भी आयोजित करता है।

इसका उद्देश्य नवागन्तुकों को संकाय, संकाय सदस्यों एंव उद्योग पर्यावरण वृत्तिक बनने के लिए आवश्यक मापदण्डों से परिचित करवाना है । इनमें से कुछ विषय प्रसंग निम्नानुसार है-

- सम्प्रेषण कौशल
- व्यक्तित्व विकास
- समूह चर्चा/साक्षात्कार तकनीक
- व्यवहार कुशलता विकास
- गैर लेखा कर्मियों के लिए लेखा ज्ञान
- पारसांस्कृतिक प्रशिक्षण
- सांगठनिक कौशल एंव समूह निर्माण

छात्रों की प्रतिपुष्टि के आधार पर संकाय अपने पाठयक्रमों के तत्व क्षेत्र, अवधि को औद्योगिक एंव शैक्षिक विशिष्टता के मिश्रण के साथ अद्यतन करती है।

शोध के नव प्रवेशियों को छः माहा पाठयक्रम सफलतापूर्वक पूर्ण करना अनिवार्य है जो कि मूलतः छात्रों को शोध कार्य पद्वति, सम्प्रेषण कौशल, सूचना प्रौद्योगिकी अस्त्र एवं तकनीकी तथा गहन साहित्य पुनरीक्षण से सम्बन्धित ज्ञान प्रदान करने में सहायक है।

इसके अतिरिक्त प्रत्येक छमाही में एमबीए एग्रीबिजनेस के नव छात्रों हेतु विशिष्टतः आकल्पित एक सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम मुख्य परिसर में आयोजित किया जाता है। प्रतिदिन कक्षाओं का आरम्भ लगभग ४५ मिनट के चिन्तन सत्र से होता है जो कि छात्रों को दिवस पर्यन्त पाठयक्रमों व गैर पाठयक्रमेत्तर गतिविधियों के दौरान सफूर्तित करता है।

२.१.१.५. विज्ञान संस्थान

लगभग सौ वर्षो के अध्यापन एवं शोध का शानदार सफर

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना के समय से ही इसके संस्थापक पं. पदन मोहन मालवीय जी ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की शिक्षा व शोध पर विशेष ध्यान दिया। **वर्ष २०१५-१६ में विज्ञान संकाय का विज्ञान संस्थान के रूप में उन्नयन एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।** विज्ञान संस्थान में भौतिकी, रसायन, गणित, जीवविज्ञान, संगणक विज्ञान तथा विज्ञान-शिक्षा के क्षेत्र में मौलिक अनुसंधान किए जाते है। मौलिक अनुसंधान के उद्देश्य को आगे बढ़ाने के लिए विज्ञान संस्थान के विभिन्न विभागों में शोध-केन्द्र स्थापित किए गए हैं। उत्कृष्टता को कायम रखने के लिए नैनो-विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी केन्द्र अन्तर्विषयी गणितीय विज्ञान केन्द्र आनुवंशिक रोग अनुसंधान केन्द्र, मस्तिष्क शोध केन्द्र तथा अन्तर्विषयी लाइफ साइंस स्कूल केन्द्र जैसे अनेक शोध केन्द्रों की स्थापना की गई है। डीबीटी-बीएचयू अन्तर्विषयी लाइफ साइंस स्कूल भारत सरकार के जैव प्रौद्योगिकी विभाग एवं इसरो से सहायित है। इन दोनों सस्थाओं ने भौतिकी विभाग के अतंर्गत अंतर्विषयी विज्ञान की शिक्षा एवं शोध के विकास के लिए पाँच वर्षो तक सहायता प्रदान की। भौतिकी विभाग प्रतिष्ठित यूजीसी नेटवर्किंग कार्यक्रम संचालित करने वाला देश का इकलौता विभाग है। विज्ञान संस्थान लगातार बेहतर कार्य कर रहा है और संस्थान के तौर पर इसने अपनी स्थिति और भी मजबूत की है।

विज्ञान संस्थान, काहिविवि भारत के अग्रणी शोध संस्थानों में से एक है। इसमें लगभग २८६ शिक्षक है, और इनमें से अधिकांश शिक्षक अपने-अपने विषयों में शोध के शिखर पुरूष हैं। समस्त शिक्षण-पाठ्यक्रमों के प्रवेश राष्ट्रीय स्तर आयोजित प्रवेश परीक्षाओं के माध्यम से होता है। ये शिक्षण-पाठ्यक्रम सेमेस्टर प्रक्रिया द्वारा संचालित किए जाते हैं। पाठ्यक्रमों के लिए क्रेडिट प्रणाली एवं मूल्यांकन हेतु ग्रेडिंग प्रणाली अपनायी गई है। अन्तर्विषयी समझ को बढ़ावा पाठ्यक्रम तथा स्नाकोत्तर स्तर पर लघु वैकल्पिक पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किए जाने वाले चयन-शिविरों के माध्यम से विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराये जाते हैं। शिक्षक, विद्यार्थियों को वैश्विक वैज्ञानिक समुदाय के सदस्यों के तौर पर चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करने का प्रयास करते हैं।

वर्तमान में विज्ञान संस्थान के अंतर्गत **१३ विभाग, २ स्कूल एवं २ अन्तर्विषयी केन्द्र** है जिनका संचालन एवं समन्वयन संस्थान के निदेशक द्वारा किया जाता है। इसके अतिरिक्त एक मस्तिष्क अनुसंधान केन्द्र भी है जो प्राणी विज्ञान विभाग, हाइड्रोजन ऊर्जा केन्द्र तथा भौतिकी विभाग द्वारा संचालित होता है।

यू.जी.सी. के विशेष सहायता कार्यक्रम के अन्तर्गत ८ विभागों को प्राप्त सहायता, जिसमें से ०५ उन्नत अध्ययन केन्द्र है तथा अन्य ०३ डी.एस.ए./डी.आर.एस. सहायता प्राप्त है, की उत्कृष्टता अध्यापन तथा

शाोध में प्रतिबिंबित होती है। कुछ विभाग/स्कूल प्रथम कार्यक्रम के तहत डी.एस.टी. से सहायता प्राप्त कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त डी.एस.टी.पी.यू.आर.एस.सी. कार्यक्रम से पाँच सालों के लिए रू.३५ करोड़ की पर्याप्त सहायता राशि प्राप्त हुई है। जैव प्रौद्योगिकी स्कूल तथा अन्तर्विषयी प्राणि विज्ञान स्कूल को डी.बी.टी. भारत सरकार के द्वारा सहायता प्रदान की जाती है।

विज्ञान संस्थान ज्ञान के मामले में सबसे आगे बढ़कर आठ दशकों से भी अधिक समय से अनुसंधान कार्यो को पूर्ण करने में लगा हुआ है, तथा सर्वोत्तम गुणवत्ता के अनुसंधान संस्थान के रूप में अन्तर्राष्ट्रीय महत्ता अर्जित की है। आई.एस.सी. (बी.एच.यू) से प्राप्त कुछ परिणामों ने अपने संबद्ध विषयों पर ऐसा प्रभाव छोड़ा है कि शाोध के नये क्षेत्रों की राह खुल गयी है। उनमें से कुछ की उच्च पाठ्यक्रमों में भी स्थान मिला है। आई.एस.सी. (बी.एच.यू) से उत्पन्न महत्वपूर्ण मौलिक वैज्ञानिक नतीजों का क्षेत्र विस्तार बीज गणीत, बीजगणितीय ज्यामिति, अंतर ज्यामिति, संख्या सिद्धान्त, समूह सिद्धान्त, साहचर्य, आंशिक अंतर समीकरण से लेकर ब्रह्मांडीय किरणें, खगोल भौतिकी, ब्राह्मण विज्ञान, प्लाज्मा भौतिकी, कण भौतिकी, अतिचालकता, सांख्यिकीय भौतिकी, संख्या सिद्धान्त, स्ट्रिंग सिद्धान्त, नैनोमैटेरियल्स, नाभिकीय चुंबकीय अनुनाद तथा आगे तंत्रिका जीवविज्ञान व विकासत्मक जीव विज्ञान तक फैला हुआ है। पिछले कई वर्षो से इस योगदान को मान्यता ३ पदम पुरस्कारों के रूप मिला।

वर्तमान संकाय २ शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कारों से सम्मानित है। आई.आई.एस.सी. (बी.एच.यू.) से प्रकाशन दर लगातार उच्च रहा है। वर्तमान सत्र में १३७० से भी अधिक प्रकाशन हुए। विशिष्ट संकाय सदस्यों ने ८७४ से भी अधिक स्नाकोत्तर डिग्रियों तथा १०९ पीएच.डी. उपाधियों के वितरण में योगदान दिया। इसके साथ ही प्रतिष्ठित संकाय सदस्य लगभग २४ करोड़ के विभिन्न व्यक्तिगत शोध परियोजनाओं पर काम कर रहे हैं, जिसके निधि लागत का वहन विभिन्न एजेंसिया यथा डी.एस.टी., डी.बी.टी., आई.सी.ए.आर.आई.सी.एम.आर., बी.आर.एन.एस., सी.एस.आई.आर., यू.जी.सी., डी.आर.डी.ओ. इत्यादि कर रही है। भारतीय संदर्भ में, आई.एस.सी. (बी.एच.यू.) उन कुछेक संस्थाओं में है जो मौलिक विज्ञान में मेगा प्रोजेक्ट्स को लेने में सक्षम है।

जैवरासायनिकी विभाग

जैवरासायनिकी विभाग में परास्नातक की डिग्री हेतु दो वर्षीय (४ सेमेस्टर) एम.एससी. शिक्षण कार्यक्रम संचालित करता है। एम.एससी. (जैव रासायनिकी) पाठ्यक्रम में प्रतिवर्ष ३३ छात्रों का प्रवेश लिया जाता हैं। इस पाठ्यक्रम में १४ सैद्धान्तिक पेपर होते हैं जिसमें जैव रासायनिकी के विभिन्न क्षेत्र यथा कोशिका जीव विज्ञान, शरीर क्रिया विज्ञान, पोषण, वायोमोलिक्यूल्स, आणविक जीव विज्ञान, चयापचप, रोग प्रतिरक्षा विज्ञान, पाचक रस विज्ञान पादप जैव रासायानिकी, तंत्रिकी जैव रासायनिकी इत्यादि सम्मिलित है। शोध के लिए प्रमुख रूझान क्षेत्रों में पाचक रस विज्ञान तथा एंजाइम प्रौद्योगिकी, पादपों में तनाव चयापचय, परजीवी इम्यूनोबायोलाजी, ट्राँसलेसनल तंत्रिका जीव विज्ञान तथा नैदानिक जैवरासायनिकी सम्मिलित है। पाठ्यक्रम को नियमित रूप से संशोधित तथा सामयिक बनाया जाता है। अंतिम बार यह २०१६ में सेमेस्टर प्रणाली के तहत संशोधित किया गया था।

जैव प्रौद्योगिकी स्कूल

जैव प्रौद्योगिकी स्कूल में एम.एससी. जैव प्रौद्योगिकी को संचालित किया जाता है जिसके शिक्षण में इस विश्वविद्यालय के बहुत से विभागों यथा सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग तथा जैवरासायनिकी (चिकित्सा विज्ञान संस्थान) आनुवांशिकी तथा पादप प्रजनन (कृषि विज्ञान सस्थान), रासायनिक अभियांत्रिकी तथा प्रौद्योगिकी विभाग (भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान का.हि.वि.वि.) तथा वनस्पति विज्ञान, प्राणि विज्ञान, जैव रासायनिकी रसायन शास्त्र व सांख्यिकी विभागों से योगदान प्राप्त हैं। विज्ञान संस्थान तथा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान का.हि.वि.वि. के कुछ विभागों के अध्यापक इस स्कूल के बहुविषयक शिक्षण कार्यक्रमों से जुड़े हुए है। अंतर विषयक जैविक/जीवन विज्ञान स्कूल (आई.एस.आई.एस.) में जैव प्रौद्योगिकी स्कूल की सक्रिय भागीदारी रहती है। यह स्कूल द्विवर्षीय (४ समेस्टर) एस.एससी. (जैव प्रौद्यौगिकी) शिक्षण कार्यक्रम संचालित करता है जिसमें प्रतिवर्ष जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा आयोजित एक राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा के माध्यम से २४ छात्रों को प्रवेश दिया जाता है। राष्ट्रीय प्रवेश परिक्षाओं यथा सी.एस.आई.आ./ यू.जी.सी.-एन.इ.टी., आई.सी.एम.आर. तथा डी.बी.टी. जे.आर.एफ. में हमारे छात्रों का प्रदर्शन तथा सफलता दर ८०प्रतिशत से उपर है। यह केन्द्र का.हि.वि.वि. के विभिन्न विभागों के पीएच.डी. छात्रों हेतु संगणकीय शोध प्रशिक्षण पर कार्यशाला का लागभग प्रतिवर्ष आयोजन करता है। यह स्कूल निम्निलिखित शोध क्षेत्रों में सक्रिय रूप से संलग्न है, जिसके अर्न्तगत कोशीय तथा आणविक प्रतिरोध क्षमता विज्ञान तथा आन्कोलाजी, कैसर तथा सूजन रोगों की रोग-प्रतिरक्षा चिकित्सा, कैसर के रोक थाम तथा इलाज में हर्बल घटकों की भूमिका, साइंस मॉडल लिवर कैंसर में जेनोमिक तथा प्रोटेओमिक स्तर, सायनोबैक्टेरिया सह उत्पादों की इम्यूनोटॉक्सिक तथा इम्यनोमाड्येलेट्री भूमिका का अध्ययन, एच पाइलोरी की आणविक टाइपिंग तथा पॉव अल्सर जनित बैक्टेरिया एन्जाइम आधारित निदान तथा प्रोटीन संरचना–कार्य संबंध पादप विकास को बढावा देने वाले बैक्टेरीया, पर जोर देते हुए आणविक सूक्ष्म जैविकी, बैक्टेरिया में यू.वी.-बी. विकिरण सहनशीलता का आणवीक आधार तथा कार्यात्मक जेनामिक्स, सम्मिलित है। ओ.एन.जी.सी. (अहमदाबाद) आई.आई.वी.आर. (वाराणसी) सी.डी.आर.आई., एन.बी.आर.आई., आई.आई.टी.आर., सी.बी.एम.आर. व सी.आई.एम.ए.पी. (लखनऊ) आई.सी.पी.ओ. (नोयडा) तथा दिल्ली विश्वविद्यालय के साथ सहयोगी कार्यक्रम गुरू हुआ हैं जैव प्रौद्योगिकी स्कूल के ओ.बी.सी. अनुदान के तहत एक जी+३ नवीन इमारत अपने निर्माण की अंतिम अवस्था में है। इसमें प्रयोगशालाएं तथा शिक्षण सुविधाएँ होगी जो कि छात्रों तथा शोधार्थियों हेतु जुलाई २०१७ के अंत तक उपलब्ध हो जाएगी।

वनस्पति विज्ञान विभाग

वनस्पति विज्ञान विभाग अपने उन्नत अध्ययन केन्द्र के साथ देश के विभिन्न विभागों में एक विशिष्ट स्थान रखता है। पादप आणविक जीव विज्ञान के गैर प्रमुख क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान के अतिरिक्त, इसके प्रमुख रूझान क्षेत्र पारिस्थितिकी शैवाल शास्त्र, कवक विज्ञान तथा पादप रोग विज्ञान है। पारिस्थितिकी, स्कूल में घास–फूस पारिस्थितिकी, प्राकृतिक

आवास संरक्षण, प्राथमिक उत्पादक, कार्बन अधिग्रहण, नदी पारिस्थितिकी, वैश्विक परिवर्तन प्रभावों, सी एम जी एस उत्सर्जन, परिस्थितिकी तंत्र का विश्लेषण तथा प्रदूषण के विरूद्ध पादप/ पौधों के क्षेत्रों में शोध कार्यो को संचालित किया है। पारिस्थितिकी स्कूल के द्वारा विकसित अवधारणाएं तथा प्रणालियाँ राष्ट्रीय सीमाओं से परे जा जुकी है तथा इसे विश्वव्यापी स्तर पर आत्मसात भी किया गया है। शैवाल विज्ञान स्कूल ने जैव रसायनिकी, शरीर क्रिया विज्ञान, पारिस्थितिकी विज्ञान, आनुवांशिकी, आणविक जीव विज्ञान, नाइट्रोजन नियतन, हाइड्रोजन उत्पाद, भारी धातु प्रदूषण तथा व्यावहारिक शैवाल विज्ञान के क्षेत्र में शोध कार्य जारी रखा है। कवक विज्ञान तथा पादप - रोग विज्ञान समूह का जड़ क्षेत्र के सूक्ष्म जैविकी, एंडोसिंबायोन्टस, लीफ सरफेस माइक्रोफ्लोरा, पादप रोग नियंत्रण के जैविक तथा अन्य रणनीतियाँ, फंगल अन्त:पादपी, प्राकृतिक कीटनाशक तथा पादप-जीवाणु पारस्परिक क्रियाओं में सक्रिय रूचि है। इस विभाग का दूसरा महत्वपूर्ण क्षेत्र जो सी ए एस में रूझान क्षेत्र के रूप में अभी नहीं माना जाता है, वह पादप आणविक जीव विज्ञान है। अजैव तनाव सहिष्णु पादपों के कार्यात्मक जिनोमिक्स में सराहनीय शोध कार्य चल रहे हैं। विभाग वनस्पति विज्ञान में स्नातक तथा स्नातकोत्तर छात्रों के लिए शिक्षण कार्यक्रम संचालित करता है तथा इसके साथ ही स्नातक स्तर पर औद्योगिक सूक्ष्म जैविकी व्यावसायिक पाठ्यक्रम तथा स्नातकोत्तर स्तर पर्यावरण विज्ञान तथा व्यावहारिक सूक्ष्म जैविकी व्यावसायिक पाठ्यक्रम तथा स्नातकोत्तर स्तर पर्यावरण विज्ञान तथा व्यावहारिक सूक्ष्म जैविकी पाठ्यक्रम भी संचालित करता है। माननीय भारतीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार इस विभाग के अध्यापक का.हि.वि.वि. के विभिन्न संकायों के छात्रों को पर्यावरण अध्ययन पाठ्यक्रम का शिक्षण प्रदान करने में भी संलग्न रहते है। विभाग विज्ञान संकाय के अन्य विभागों के एम.एस सी छात्रों हेतु वैकल्पिक पेपर का प्रस्ताव भी देता है। इस विभाग के अध्यापक विज्ञान संकाय के गणित से स्नातक करने वाले छात्रों हेतु जीव विज्ञान के सहायक पाठ्यक्रमों के शिक्षण में भी भागीदारी प्रदान करते हैं। विभाग निम्नलिखित मुख्य विषयों तथा पारिस्थितिक विज्ञान, शैवालशास्त्र, कवक विज्ञान तथा पादप रोग विज्ञान तथा पादप आणविक जीव विज्ञान में शोध शिक्षण भी प्रदान करता है। संकाय तथा शोध छात्र निम्नलिखित क्षेत्रों में शोध पर सक्रिय रूप से व्यस्त रहते है। गन्दे पानी से पोषक तत्व को अलग करने के लिए साइनोबैक्टेरिल बायोफिल्म्स, परिवर्तित भू-प्रयोग तथा विभिन्न फसल प्रणालियों के अन्तर्गत ग्रीन हाउस गैसों; (जी.एच.जी.एस.) का उत्सर्जन, चावल-गेहूँ कृषि पारिस्थितिकी तंत्र में अड़ियल तथा अस्थिर कार्बन पूल्स, लाल कीचड़ के साथ गाढ/मल संसोधित मृदा के फायटोरेमेडिएशन में लेमन ग्रास की क्षमता, अल्टरनेरिया अल्टरनहा तथा इसके टोकिसन्स से संक्रमित टमाटरों में जैवरासायनिकी परिवर्तनों का तुलनात्मक मूल्यांकन, एरिसिफी पीसी के विपरित मटर में प्रतिरोध का स्यूडोमोनास - ट्राइकोडर्मा व्यवहित अधिष्ठापन/प्रवर्तन, अजैव तथा जैविक तनाव के अन्तर्गत टमाटर में डब्लू.आर.के.वाई. ३ तथा डब्लू.आर.के.वाई. ४ प्रतिलिपि कारकों में संरचनात्मक तथा कार्यात्मक अन्तदृष्टि, टमाटर में फ्यूजेरियम विल्ट के विकास में फ्यूजेरिक अम्ल का एक कारक के रूप में मूल्यांकन, जैविक रूप से बिगड़ते कवक तथा सुरक्षा रूप-रेखा मूल्यांकन के विपरित रासायनिक विशेषताओं से मुक्त मेन्था कार्डियाक आवश्यक तेल का प्रभाव, एंटीमाइक्रोबॉयल तथा एंटी कैन्सरस बायोमॉलूक्यल्स के स्रोत के रूप में साइनोबैक्टेरिया तथा माइक्रोल्ज यूटोफिक तालाबों में पुष्प विकास तथा माइक्रोसिस्टीन के उत्पाद का विनियमन, गर्मी तनाव प्रबन्ध में कैल्शियम की भूमिका, ओजोन के प्रति उनके संवेदनशीलता तथा सहनशीलता के लिए गेहूँ के किस्मो की जाँच, बढ़े हुए यूवी-बी के तहत औषधीय पौधों में द्वितीयक (गौड़) चयापचय में परिवर्तन, स्टेरोल ग्लाइकोसिल्ट्रान्सफेरस का दमन विदैनोलाइड जैवसंश्लेषण को व्यवस्थित करता है तथा विदैनिया सोम्नीफरा के समझोत बुनियादी प्रतिरक्षा की ओर अग्रसर करता है, 'सी' शक्तियुक्त मृदा पर जैव उर्जा फसल की खेती करने पर भूमि परिवर्तन का प्रभाव, साइनोवैक्टेरिया से प्राप्त नैनोपार्टिकल्स तथा उनके संभाव्य अनुप्रयोग, साइनोबैक्टेरियम नोस्टोव एस.पी.एम.जी.एल. ००१ से एक नये एंटीबोटिक यौगिक का संरचनात्मक व्याख्या तथा आणविक डॉकिंग, ट्रासपेरेंट एक्सोपोलिमेरिक पार्टिकल्स (टी.ई. पी.) का डायटम चलित उत्पाद एक मौलिक युक्ति का प्रस्ताव देता है जिससे गंगा नदी में स्वत: शुद्धिकरण की क्षमता विकसित हो जाएगी, गंगा नदी वायुमंडलीय निक्षेप के माध्यम से एन तथा पी के उच्च स्तर को हद से अधिक ग्रहण करती है, पश्चिमी अशान्ति के परिणाम स्वरूप हिमालय के तराई क्षेत्रों में वृक्षों की कई नस्लों की उत्पत्ति बाधित हो गयी, नैनोपार्टिकल्स के अन्त: पादपी तथा जैव संश्लेषण की संरचनात्मक तथा कार्यात्मक विविधता, आइसोप्रोन के पतन के लिए बैक्टेरियल क्षमता का उपयोग, शुष्क उष्ण कटिबन्ध में सवाना के जंगलो के घास के मैदानों मृदा गुण धर्म तथा घास की किस्मों की विविधता, वर्धित द्वितीयक (गौण) चयापचय (मेटाबोलिज्म) के लिए एंटीमलेरिया पादम आर्टरमीटिया अनुआ का कार्यात्मक जेनोमिक्स, घास के मैदानों में हायप्टिस सूआवेआलेंस के आक्रमण (लंघन) का प्रभाव, गेहूँ पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव का अनुकरण, मेंगनीज-आक्सीकरण एसीनेटीबैक्टर एस पी के द्वारा आर्सेनिक अधिग्रहण, ओजोन क्षति, विषहरण तथा पौधों में आइसोप्रेनॉयट की भूमिका; पौधों के स्वास्थता को सुधारने हेतु अन्त:पादपीय जीवाणुओं का अनुप्रयोग, खाद्य सुरक्षा में पादप व्युत्पन्न उत्पादों का प्रभाव तथा उनके कार्य प्रणाली की व्याख्या फाइटो रोग जनित कवक की आणविक विविधता, साइनोवैक्टेरियल एल्काइल हाइडोपेराक्साइडेज रिडक्टेस (ए.एच.पी.सी.) की संस्थान; अजैवीय तनावग्रस्त साइनोवैक्टेरिया का प्रोटेओमिक्स। शैक्षिक गतिविधियां जैसे एन.ए.एस.आई-बी.एच.यू अध्यापकों हेतु शिक्षण कार्यक्रम १०-११ फरवारी, २०१७ तथा पारीस्थितिकी विज्ञान में मुद्दे तथा चुनौतियां पर राष्ट्रीय परिसंवाद २३-२५ फरवरी, २०१७ का आयोजन शैक्षिक सत्र २०१६-१७ में किया गया।

रसायनशास्त्र विभाग

रसायनशास्त्र विभाग यू.जी.सी-सी.एस.एस. लेवल २ तथा डी.एस.टी.-प्रथम लेवल २ के द्वारा प्रायोजित विभाग है जिसका मुख्य रूझान क्षेत्र औषधीय तथा प्रौद्योगिकी महत्व के सामग्रियों तथा अणुओं के संश्लेषण के लिए नवीन कार्यनीतियों के विकास की ओर है। यह विभाग

विज्ञान में स्नाकोत्तर (एम.एससी.) तथा डाक्टरेट (पी.एचडी.) के पाठ्यक्रमों को संचालित करता है। (एम.एससी.) पाठ्यक्रम के अन्तर्गत विशेषज्ञता क्षेत्र : विश्लेषणात्मक, अकार्बानिक, कार्बनिक तथा भौतिकी रसायन शास्त्र सम्मिलित है। बहुत सारे प्रमुख तथा लघु वैकल्पिक पाठ्यक्रम जैसे जैविक रसायनशास्त्र, पर्यावरण रसायनशास्त्र, रसायनशास्त्र में संगणक अनुप्रयोग, पदार्थ रसायनशास्त्र, आणविक प्रतिक्रिया गतिकी, कार्बनिक प्रकाश रसायनशास्त्र, अकार्बनिक प्रकाश रसायनशास्त्र, जैव कार्बनिक रसायनशास्त्र तथा वर्तमान अनुसंधान परिदृश्य के सन्दर्भ में विभन्न विषयों की शिक्षा प्रदान की जा रही है। शोध के प्रतिबद्धता का द्योतक बहुतायत संख्या में प्रचालित परियोजनाएं है जिनका वित्त पोषण विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी विभाग, नाभिकीय विज्ञान अनुसंधान मंडल, जैव प्रौद्योगिकी विभाग, वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग जैसी संस्थाएं कर रही हैं। राष्ट्रीय, अतंर्राष्ट्रीय तथा हमारे संकाय सदस्यों के अंतर विभागीय सहयोग से उच्च गुणवत्ता के शोध हो रहे है। विभाग के संकाय सदस्य वर्तमान रूचि के विभिन्न सीमान्त क्षेत्रों में अनुसंधान कार्य में इस लक्ष्य के साथ लगे हुए हैं। कि उनके क्षमता अनुप्रयोग को कार्यात्मक सामाग्री के रूप में विकसित कर सकें। जैसे कि सौर कोशिकाओं, जैव-अकार्बनिक रसायन शाास्त्र, जैव-कार्बनिक रसायन शाास्त्र, उद्दीपन, रसायनिक गतिज, रासायनिक प्रतिक्रिया गतिकी, रासायनिक सेंसर, रासायनिक स्पेक्ट्रोस्कोपी, कंडक्टिंग मैटेरियल्स, समन्वय रसायनशात्र, विद्युत रसायनशास्त्र, मुख्य समूह धातु रसायनशास्त्र, पदार्थ रसायनशास्त्र, मेसोजेनिक पदार्थ, प्राकृतिक उत्पाद रसायनशास्त्र, आर्गनोमेटलिक, कार्बनिक संश्लेषण, बहुलक रसायनशास्त्र, परिमाण रसायनशास्त्र, सुप्रामोल्युक्यूलर रसायनशास्त्र सांख्यिकी यांत्रिकी इत्यादि में। सत्र २०१६-१७ के लिए एम.एससी. प्रथम वर्ष में ८७ छात्रों का प्रवेश लिया गया जिनका राज्य-बार विवरण निम्न है-: ५६ (उत्तर प्रदेश), ०४ (बिहार), २२ (प.बंगाल), ०१ (उडीसा), ०१ (हरियाणात्र), ०१ (असम), ०१ (जम्मू एवं कश्मीर), १४ छात्रों का प्रवेश पीएच.डी. में लिया गया जिसमें सी.आर.ई.टी. के माध्यम से ०२ तथा सी.आर.ई.टी. (मुक्त) ११छात्र थे। १६ छात्रों को पीएच.डी. उपाधि प्रदान की गयी। वर्तमान में विभिन्न संकाय सदस्यों के अर्न्तगत २३ शोध परियोजनाएं चल रही है। जिनकी कुल लागत रू.५.२ करोड़ है। वर्तमान वित्त वर्ष के दौरान डी.एस.टी. ने ३ करोड़ की अनुदान राशि कुछ परिष्कृट शोध सामाग्री जैसे एच.आर.एम.एस. इत्यादि के क्रय हेतु स्वीकृत की है। सी.ए.एस.-२ कार्यक्रम के तहत विश्वविद्यालय अनुदान आयोग पहले ही अनुदान दे चुका है। विभाग में कुल १३७ शोध छात्र तथा ११ पोस्ट डाक्टोरल फेलोज कार्यरत हैं। प्रति वर्ष औसतन २०० लेख अंतर्राष्ट्रीय उल्लिखित पत्रिकाओं में छप रहे है तथा २० छात्र पीएच.डी. शोध प्रबंध जमा करते है। संकाय सदस्यों के प्रकाशित कुछ लेख अंर्तराष्ट्रीय स्तर पर उद्धृत है। तीन संकाय सदस्य भारत के विभिन्न विज्ञान अकादमियों के सदस्य है। रसायनशास्त्र के सीमान्त क्षेत्रों में छुपी उन्नति के साथ कदम मिलाकर चलने के लिए हमारे संकाय सदस्य विभिन्न देशों (यू.एस.ए., यू.के, जर्मनी, फ्रांस, जापान, आस्ट्रेलिया, कनाडा, स्पेन, इत्यादि) के जाने माने रसायन प्रयोगशालाओं का प्रयोग करते हैं तथा उनके साथ सहयोग परियोजनांए भी चलाते हैं। विभाग में किये जा रहे शोधों का मुख्य केन्द्र बिन्दु प्रौद्योगिकी जैविकी महत्व के सामाग्रियों का विकास करना है। शिक्षण तथा शोध में उत्कृष्टता ही हमेशा इसका दोहरा उद्देश्य रहा है। शोध परियोजनाओं के लिए विभाग को यू.जी.सी., सी.एस.आई.आर., डी.एस.टी., डी.ए.टी., डी.आर.डी.ई., ए.आई.सी.टी.ई., बी.आर.एन.एस. तथा डी.आर.डी.यू. इत्यादि से अनुदान प्राप्त होता है। वर्तमान में विभिन्न राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय सहयोगात्मक अनुसंधान परियोजनाएँ परिचालित हैं।

संगणक विज्ञान विभाग

संगणक विज्ञान विभाग मुख्य परिसर में संगणक विज्ञान का स्नातकोत्तर कार्यक्रम संचालित करता है तथा राजीव गाँधी दक्षिण परिसर में पेड सीट के तहत एम.सी.ए. पाठ्यक्रम का संचालन करता है तथा बी.एससी. (आनर्स) ३ वर्ष के महिला महाविद्यालय के छात्राओं हेतु विभाग में थियरी (सिद्धान्त) कक्षाए भी आयोजित की जाती है। रिक्तियों के आधार पर विभाग वर्ष में दो बार नये पीएच.डी. छात्रों का नामांकन करता है।

आनुवंशिक विकार केन्द्र

आनुवंशिक विकार केन्द्र का मुख्य कार्य समाज में आनुवंशिक रोगों के बोझ का आकलन करना है, तथा उसके आधार भूत आणविक तंत्र का पता लगाकर इसके जाँच, इलाज तथा प्रबंधन के नीतियों को विकसित करना है। इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु, इस केन्द्र के पास आनुवंशिक तथा जटिल विकारों हेतु, गुण सूत्र तथा अनुवंशिक विकार के लिए एक जाँच इकाई तथा शोध, निदान एवं प्रबंधन के लिए तकनीकी रूप से कुशल संसाधन कर्मियों को तैयार करने हेतु एक शिक्षण कार्यक्रम है। यह केन्द्र उल्लिखित/ निर्दिष्ट मामलों का विभिन्न गुण सूत्रीय तथा आनुवंशिक विकारों का आनुवंशिक निदान संचालित कर रहा है। तथा संपूर्ण जीनोम अनुक्रमण पर एक ठोस अनुसंधान चल रहा है-मानव दंत उत्पत्ति के कारण को समझना, रिनल सेल कार्सिनोता का आणविक विश्लेषण, पारम्परिक गतिविधियों का मूल्यांकन, पॉलीसिस्टिक किडनी विकार का जेनोमिक्स, पार्किन्सन की बिमारी के विशेष सन्दर्भ में न्यूरोडिजेनेरेटिव डिसआर्डर की आनुवांशिकी, मिश्रित धातु से बने बायोकम्पैटिवक दंत इम्पलांट का विकास, दुर्लभ आनुवंशिक विकारों हेतु लिम्फोब्लास्ट्वायड सेल लाइन की तैयारी, अल्जाइमर बिमारी की आनुवंशिकी, तीसवें दाढ़के दाँत तथा छूटते गिरे दाँतों से व्युत्पन्न मानव दंत पल्प स्टेम सेल्स का पृथकत्व तथा रिरूपण, बच्चों में ठोस ट्यूमर का आनुवंशिकी, डाउन सिंड्रोम लाइव बर्थ के लिए मातृक आनुवंशिक जोखिम मूल्यांकन, टर्नर सिन्ड्रोम, जैसे माहवारी से संबंधित महिलाओं में एक्स गुणसूत्र का आणविक साइओजेनेटिक्स मानचित्रण, नि:सन्तान महिलाओं में कैंडिडेट (उम्मीदवार) जीन का संघ विश्लेषण, ओराफेशियल क्लेफ्ट विकारों का आणविक आनुवांशिक विश्लेषण तथा जन्मजात अंश विकृतियों का जेनोमिक्स तथा सामान्य अंग विकास।

भूगर्भशास्त्र विभाग

देश का सबसे बड़ा भूगर्भशास्त्र विभाग, भूगर्भशास्त्र के लगभग सभी शाखाओं में शिक्षण तथा शोध कार्य आयोजित करता है। इस विभाग के अन्तर्गत हम्बोल्ट (जर्मनी) कामनवेल्थ (यू.के.) मैरी क्यूरी (फ्रांस),

लिबरहोम (यू.के) तथा कई अन्य सम्मानित यू.एस., कनाडाई, इतावली, स्पैनिश, हंगरीयन, जर्मन, जापानी, ब्राजीलीयन, फेलोशिप धारक, प्रतिष्ठित भारतीय तथा विदेशी अकादमियां साम्मिलित हैं। यहाँ एक ओ.एन.जी.सी. मालवीय पेट्रोलियम भूगर्भशास्त्र पीठ है तथा एक पुनर्नियुक्त प्रोफेसर है। यह विभाग राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्टीय स्तर पर विख्यात है और इसका कारण इसके उच्च गुणवत्ता वाले शोध है जिसमें स्ट्रेटीग्राफी, जीवाश्म विज्ञान, सूक्ष्म-जीवाश्म विज्ञान तथा समुद विज्ञान, तलछट, आर्थिक भूगर्भशास्त्र, कोयला भूगर्भशास्त्र, आग्नुय तथा कायांतरित शिला-विज्ञान संरचनात्मक भूगर्भशास्त्र तथा वास्तुकला, भू-रसायन विज्ञान, संरचनात्मक भूगर्भशास्त्र तथा वास्तुकला, भू-रसायन विज्ञान, हाइड्रजीलॉजी, जी.आई.एस. दूरस्थ संवेदन, इत्यादि जैसे विषय क्षेत्र शामिल हैं। भारतीय खनिज तथा उर्जा क्षेत्रों में आने वाली चुनौतियों का सामना करने हेतु आगामी शैक्षिक सत्र में नये पाठ्यक्रमों को तैयार किया गया है। यह विभाग डी.एस.टी.-एफ.आई.एस.टी. फेज-२ द्वारा प्रायोजित विभाग है। उत्कृष्ट शोधों को ध्यान में रखते हुए, यू.जी.सी. ने इस विभाग को २०१० से भूगर्भशास्त्र से उन्नत उध्ययन केन्द्र के रूप में विकसित किया। यह विभाग वहुत सारे आधुनिक शोध उपकरणों से सुसज्जित है, जिसके अन्तर्गत स्कैनिंग इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप, एक्स-रे डीफैक्टोमीटर, उन्नत प्रतिबिंबित प्रकाश तथा कम्प्यूटर के साथ संलग्न फ्लोरोसेंट माइक्रोस्कोप, उन्नत शैल विधा तथा त्रिविम माइक्रोस्कोप, थिन सैन्कशन प्रेपरेशन वर्क स्टेशन सम्मिलित है। हाल ही में विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी विभाग ने एक शोध परियोजना में इस विभाग की इलेक्ट्रॉन प्रोब माईको-एनलायजर (ई.पी.एम.ए.) की स्वीकृती दी जो कि प्रचालन में है। तथा राष्ट्रव्यापी स्तर पर वैज्ञानिकों के द्वारा अपने-अपने शोध कार्यो के लिए प्रयोग किया जा रहा है। विभाग ने सभागार को आधुनिक सुविधाओं से अघतन कर दिया है तथा रिमोट-सेन्सिंग जी.आई.एस. सॉफ्टवेयर से पूर्णतया सज्जित कम्पूटर लैब को तैयार किया गया है। ताकि इस आधुनिक प्रौद्योगिकी को सीखा और प्रयोग किया जा सके। भूगर्भ शास्त्र में अपने अग्रणी शाोधों के लिए राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक पहचान बनाकर,विभाग को यू.जी.सी. के उन्नत उध्ययन केन्द्र के रूप में विकसित कर दिया गया है। तथा प्रथम फेज-२ के अगले उच्च स्तर पर उन्नयन कर दिया गया है। वर्तमान में विभाग त्रिवर्षीय (६ सेमेस्टर) बी.एससी. (आनर्स), भूगर्भशास्त्र में त्रिवर्षीय (६समेस्टर), एम.एससी.टेक. भूगर्भशास्त्र में दो वर्षीय (४ सेमेस्टर) एम.एससी., पेट्रोलियम जीयोसाइंस में दो वर्षीय (४ सेमेस्टर) एम.एससी. तथा भूगर्भशास्त्र में पीएच.डी. पाठ्यक्रमों को संचालित करता है।

भूगोल विभाग

भूगोल विभाग बी.ए. (आनर्स; कला तथा सामाजिक विज्ञान) तथा बी.एससी. (आनर्स; एम.ए/एम.एससी. तथा पी.एच.डी. पाठ्यक्रमों और डिप्लोमा स्तर पर एक विशेष पाठ्यक्रम रिमोट सेंसिंग व जी.आइ.एस. को संचालित करता है। स्नाकोत्तर स्तर पर विशेषज्ञता के तीन विशिष्ट समूह है यथा (क) जनसंख्या व समाधान भूगोल (ख) योजना तथा (ग) कार्टोग्राफी तथा रिमोट सेंसिंग। भूगोल विभाग में बहुत सारे प्रयोगशाला है : थिओडलिट, डम्पी लेवल, प्रिज्मैटिक कम्पास इत्यादि उपकरणों

प्रो. सी.एन.आर. राव को वैज्ञानिक अनुसंधान में उत्कृष्टता पुरस्कार

समेत सर्वेक्षण प्रयोगशाला, मृदा तथा जल परीक्षण पोर्टेबल किट के साथ पर्यावरण प्रयोगशाला, मफल फर्नेस, बी.ओ.डी. इनक्यूवेटर, ध्वनि परिधि, उच्च ताप ओवल फ्लेम फोटोमीटर तथा स्पेक्ट्रोफोटोमीटर इत्यादि। दर्पण तथा लेंस स्टिरियोस्कोप इत्यादि के साथ कार्टोग्राफी लैब। (४) जी.आई.एस. तथा इमेज प्रोसेसिंग साफ्टवेयर आर्क इंफो, ई.एन.वी.आई. तथा ई.आर.डी.ए.एस. ४२ स्कैनर, ए.ओ. साइज प्रिंटर उच्च रेज्यूलेशन डिस्प्ले मॉनिटर, मल्टीमीडिया प्रोजेक्टर तथा १५ कम्प्यूटरों के नेटवर्क सेट अप के साथ जी.आई.एस. प्रयोगशाला (लगभग २० लाख)

भू- भौतिकी विभाग

भू-भौतिकी विभाग में एम.एस.सी.(टेक.) की डिग्री हेतु तीन वर्षीय स्नाकोत्तर पाठ्यक्रम संचालित करता है। विभाग परास्नातक की डिग्री सेमेस्टर प्रणाली की परीक्षाओं के तहत देता है। तथा दो विशेषज्ञता क्षेत्रों तथा अन्वेषण भू भौतिकी तथा अंतरिक्ष विज्ञान के संशोधित तथा अद्यतन पाठ्यक्रमों के शिक्षण में सक्रिय रूप से व्यस्त रहता है तथा तीन वर्ष की अवधि में ६ सेमेस्टर होते है। संकाय सदस्य हमेशा सक्रिय रूप से भू-भौतिकी के विभिन्न क्षेत्रों में शोध कार्य (सैद्धान्तिक तथा पर्यवेक्षणीय) तथा क्षेत्र अन्वेषण में व्यस्त रहते हैं। विभिन्न सरकारी तथा अर्द्ध सरकारी संगठनों के साथ मिलकर कार्य किये गए हैं तथा अनुरक्त (इच्छित) एजेसियों को परामर्श सेवाएं भी प्रदान की जाती है। शोध के मुख्य क्षेत्र है: जल भू भौतिकी जल संसाधन तथा मोडलिंग, जीयो-इलेक्ट्रोमैगनेटिक तथा मैगनेटोटेल्यूरिक्स, नान लिनियर डायनामिक्स, भग्न गतिकी तथा मोडलिंग, सइट प्रतिक्रिया तथा भूकंपीय माइक्रोजोनेशन तथा भूमि टूटन/फटना भूकंपीय संकट निर्धारण, क्रस्टल लक्षणों की वस्तु कला, संख्यात्मक मौसम पूर्वानुमान, मानसून तथा मानसून परिवर्तनशीलता का उर्जा-विज्ञान, जलवायु परिवर्तन, मानसून तथा मानसून परिवर्तनशीलता का उर्जा विज्ञान जलवायु परिवर्तन तथा सामाजिक क्षेत्रों में इसका प्रभाव, फसल उपज पूर्वानुमान के साथ कृषि अंतरिक्ष विज्ञान तथा सलाहकार सेवाएं और पर्यावरण अंतरिक्ष विज्ञान/ वायु प्रदूषण/ यह विभाग, प्राथमिक डाटाबेस को एकत्रित करने के लिए, भारतीय अंतरिक्ष/मौसम विज्ञान विभाग, भारत सरकार के साथ एक मौसम ताराघर/ आकाशलोचक, एक भूकंमपीय ताराघर एक ओजोन इकाई तथा केन्द्रीय भू-जल मंडल के साथ एक पिज्योमीटर टैप के साथ मिलकर उन्हे भी सहायता प्रदान कर रहा है। एम.ओ.ई.एस. परियोजना सी.ए.आई.पी.ई.ई.एक्स. के अन्तर्गत वर्षा जल रसायनिकी के अध्ययन

हेतु, विभाग आई.आई.टी.एम. पुणे के साथ मिलकर भी काम कर रहा है। शोध के क्षेत्र में संकाय सदस्यों के योगदान के अन्तर्गत: विस्तृत भू-भौतिकी अन्वेषण क्षेत्र, भूंकप विज्ञान, कृषि मौसम विज्ञान, जलवायु विज्ञान, जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण मौसम (अंतरिक्ष) विज्ञान तथा संबद्ध क्षेत्र शामिल है।

गृह विज्ञान

गृह विज्ञान सक्रिय रूप से शिक्षण तथा शोध में व्यस्त है। पिछले एक वर्ष में साथ राष्ट्रीय तथा सात अंतर्राष्ट्रीय लेख प्रकाशित हुए है। तीन राष्ट्रीय तथा एक अंतराष्ट्रीय लेख प्रकाशित हुए है। तीन राष्ट्रीय तथा एक अंतर्राष्ट्रीय पुस्तक प्रकाशित हुआ है। विभाग के वरिष्ठ अध्यापक भारत के कई स्थानों पर चयन समितियों के विशेषज्ञ सदस्य, सम्मेलन सत्रों के अध्यक्ष के रूप में तथा सम्मेलनों एवं कार्यशालाओं में व्याख्यान देने हेतु भ्रमण कर चुके है। शोध के लिए पूर्ण संसाधित/सुसज्जित प्रयोगशाला की व्यवस्था वर्तमान वित्त वर्ष में कर दी गयी है तथा छात्रों को गृह विज्ञान में अंतरविषयक गुण वाले अनुसंधान के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

अंतरविषयक जीवन विज्ञान स्कूल

अंतरविषयक जीवन विज्ञान स्कूल (आई.एस.एल.एस.) की स्थापना का मुख्य उद्देश्य जीवन विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में उन्नत तथा अंतर्विषयक शोध एवं शिक्षा को प्रोत्साहित करता है। यह पाँच जीवन विज्ञान विभाग जिसमें जैव रासायनिकी, जैव प्रौद्योगिकी, वनस्पति विज्ञान, प्राणि विज्ञान तथा आणविक तथा मानव आनुवंशिकी (एम.एच.जी.) व आनुवांशिक विकार केन्द्र के साथ मिलकर काम करता है। विभागीय सीमा से आगे निकलकर, सात क्षेत्रों को चिन्हित किया गया जिसमें सरंक्षण जीव विज्ञान, रोग जीव विज्ञान, कार्यात्मक जेनोमिक्सत्र, माइक्रोबियल पारिस्थतिकी, तांत्रिकी जीवन विज्ञान, प्रजनन जीवन विज्ञान तथा तनाव जीव विज्ञान शामिल है। पूर्णतया निर्मित इमारत का उद्घाटन १९ मई, २०१७ को किया गया। आई.एस.एल.एस. उन्नत शोधों तथा शिक्षा के लिए परिष्कृत उपकरणों की सुविधा भी प्रदान करता है। इसका प्रयोग विज्ञान, चिकित्सा विज्ञान संस्थान, कृषि विज्ञान संस्थान पर्यावरण तथा संधारणीय विकास विभिन्न तथा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, का.हि.वि.वि. के संकाय सदस्यों तथा शोध छात्रों के द्वारा किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त इन सुविधाओं का उपयोग का.हि.वि.वि. से बाहर के शोध छात्रों जैसे डी.आर.डी.ओ. (दिल्ली) इलाहाबाद विश्वविद्यालय तथा अन्य के द्वारा भी किया जाता है। वर्तमान शैक्षिक सत्र से जीवन विज्ञान में एकीकृत एम.फिल.-पी.एच.डी. पाठ्यक्रम शुरू किया जा चुका है।

आणविक तथा मानव आनुवांशिकी विभाग

आणविक तथा मानव आनुवांशिकी विभाग सफलतापूर्वक एक अनूठे शिक्षण कार्यक्रम को अपने पाँच कोर संकाय सदस्यों के सहायोग से संचालित कर रहा है, जिसमें इसें विज्ञान संस्थान के अन्य विभागों तथा विश्वविद्यालय के अन्य संकाय जिसमें चिकित्सा विज्ञान संस्थान भी शामिल है के द्वारा भी उचित सहायोग प्राप्त होता हैं। विभाग आणविक तथा मानव आनुवंशिकी में एम.एस.सी. तथा पीएच.डी. पाठ्यक्रमों को संचालित कर रहा है। यह देश के सभी भागों के छात्रों को आकर्षित करता है।

गणित विभाग

गणित विभाग के विकास में विभिन्न राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त गणितज्ञों, शोधार्थियों तथा अध्यापकों का योगदान है। अपने उपलब्ध २५ संकाय सदस्यों के साथ, विभाग ने इस वर्ष सराहनीय प्रगति किया है। संकाय सदस्यों, शोध छात्रों तथा पोस्ट डाक्टर फेलोज के सक्रिय भागीदारी के फलस्वरूप विभाग ने पर्यावरण पारिस्थितिकी तथा प्रकोप तंत्र का गणितीय मोडेलिंग पर कार्यशाला, ''गणितीय माडेलिंग तथा सिमुलेशन्स'' पर अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन तथा गणितीय संघ, का.हि.वि.वि. का ३२वां वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया। विभाग, २२०० से भी छात्रों हेतु, बी.एस.सी./बी.ए.(आनर्स), एम.एस.सी./एम.ए. तथा पीएच.डी. पाठ्यक्रमों को नियमित शिक्षण/शोध कार्यक्रमों के माध्यम से संचालित कर रहा है।

भौतिक विज्ञान विभाग

भौतिक विज्ञान विभाग ने सीमान्त क्षेत्रों में शोध कार्य जारी रखा है जैसे-नैनो विज्ञान, नैनो प्रौद्योगिकी, हाइड्रोजन भंडारण सामाग्री डी.एन.ए. विकृतिकरण, पॉलीमर, प्रोटीन की तह स्फटिक, क्वार्क-ग्लुओं प्लाज्मा, लेजर स्पेक्ट्रोस्कोपी, बायोमोलिक्यूल्स की संरचना, वायुमंडलीय विज्ञान, परमाणु भौतिकी तथा कंपन डिफेजिंग, उच्च तापमान सुपरकंडक्टर, कोलोजल मैगनाइट्स, लेजर ग्लासेज, सीमित ज्यामिति में आयोनिक लिक्विड, अल्ट्रासोनिक्स, गेज सिद्धान्त, आप्टिकल फाइवर, क्षेत्र सिद्धान्त इत्यादि साथ ही साथ स्नातक तथा परास्नातक दोनों स्तर पर नये पाठ्यक्रमों को लागू कर दिया गया है।

एक्स-रे डिफ्रैक्टोमीटर

भौतिकी विभाग और जापान के बीच समझौता

डी.एस.टी. का सैद्धान्तिक भौतिकी संगोष्ठी सर्किट कार्यक्रम तथा आ.पी.ए. के स्थानीय अध्याय का वैशिष्ट्य नियमित रहा है। लगभग दर्जन भर भौतिक शास्त्री विभाग में आये, व्याख्यान दिया तथा संकाय एवं छात्रों से पारस्परिक वार्तालाप की।

सांख्यिकी विभाग

सांख्यिकी विभाग दो प्रकार के पाठ्यक्रम संचालित करता है सांख्यिकी तथा व्यावहारिक सांख्यिकी/कला तथा विज्ञान संकाय के छात्रों को प्रस्तावित पाठ्यक्रम में सांख्यिकी प्रक्रिया के संकल्पना तथा सैद्धान्तिक विकास पर जोर दिया जाता है। व्यावहारिक सांख्यिकी की रूपरेखा मुख्य रूप से सामाजिक विज्ञान संकाय के छात्रों हेतु तैयार की गयी है, जहाँ पर ज्यादा महत्व इस बात पर दिया जाता है कि व्यवहारिक समस्याओं के लिए विभिन्न सांख्यिकी उपकरणों/साधनों को कैसे उचित चुनाव तथा अनुप्रयोग किया जाए। सैद्धान्तिक पेपरों के अलावा, स्नातक एवं परास्नातक स्तर पर व्यवहारिक/प्रायोगिक पेपर भी होते है जो सांख्यिकी तकनीकियों के उचित प्रयोग के बारे में जानकारी देते हैं। ४ सेमेस्टर वाले परास्नातक पाठ्यक्रम को, यू.जी.सी. के निर्देशानुसार तथा सांख्यिकी सिद्धान्तवादियों एवं प्रयोगकर्ताओं के माँग के अनुसार, २०१५ में पूर्ण रूप से संसोधित किया गया था। स्नातक तथा परास्नातक के पाठ्यक्रमों में विस्तृत प्रायोगिक प्रशिक्षण के लिए प्रोजेक्ट वर्क को भी शामिल किया गया है। उपरोल्लिखित सामान्य पाठ्यक्रम के अतिरिक्त, विभाग अन्य संकाय के छात्रों हेतु प्रमाणपत्र कार्यक्रम भी संचालित करना है, ताकि वे छात्र अपने शोध कार्यों में सांख्यिकी के तरीकों को यदि आवश्यकता पड़े, उपयोग कर सकें। २०१५-१६ सत्र से शोध स्तर के छात्रों हेतु विभाग ने सांख्यिकी तथा गणना में स्व-वित्त पोषित एक वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम भी शरू किया है। इस पाठ्यक्रम को अन्य संकाय के छात्रों को कम्प्यूटेशनल निपुणता प्रदान करने के उद्देश्य से निरूपति किया गया है। इस विभाग के संकाय सदस्य अन्य संकायों तथा विभागों में भी सांख्यिकी का शिक्षण प्रदान कर रहें हैं यथा गृह विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, संगणक विज्ञान, जैव सूचना विज्ञान पर्यावरण विज्ञान इत्यादि। हम अन्य विभागों के शोधकर्ताओं को उनके डाटा के उचित सांख्यिकी विश्लेषण में निर्बाध सलाह भी प्रदान करते है। विभाग में निम्न क्षेत्रों में संतोष जनक शोध गतिविधियां चल रही है : सांख्यिकीय अनुमान, जीवन परीक्षण तथा विश्वसनीयता, स्टोकेस्टिक मॉडेलिंग तथा जनसंख्या अध्ययन। वर्तमान सत्र में यू.जी.सी. के द्वारा एस.ए.पी.-डी.आर.एस.आई को एस.ए.पी.-डी.आर.एस.-२ में परिवर्तित कर दिया गया यद्यपि औपचारिक पत्र मार्च-२०१६ में प्राप्त हुआ। उपरोक्त दो प्रमुख विषय क्षेत्रों के अतिरिक्त एक नया विषय क्षेत्र बेज़ियन सांख्यिकी को भी शामिल किया गया है। डी.आ.एस.-२ के तहत कुल स्वीकृत राशि लगभग रू.५६ लाख थी।

प्राणि विज्ञान विभाग

प्राणि विज्ञान विभाग पशु विज्ञान के शिक्षण तथा शोध के लिए देश के अग्रणी विभागों में से एक है। पशु व्यवहार का समावेशन तथा हाल ही में शिक्षण में आणविक तथा मानव आनुवंशिकी, आणविक एंडो-क्रिनोलोजी, तांत्रिका जीवन विज्ञान, आर्थिक प्राणि विज्ञान इत्यादि को सम्मिलित करके, विभाग अग्रिम पंक्ति में आ गया है। शिक्षण में विकास तथा विविधता (शारीरिक रूप से अक्षम छात्रों हेतु दृश्य-श्रव्य उपकरण सुविधाएं) संकाय सदस्यों के प्रगतिशील तथा प्रतिस्पर्धात्मक प्रवर्तन के द्वारा संभव हुआ जिनका विभिन्न क्षेत्रों में जैसे जरण (उम्र बढ़ना) का जैव रासायनिकी तथा आणविक जीव विज्ञान, आणविक तांत्रिका जीवन विज्ञान, कैंसर, प्रजनन का हार्मोनल नियंत्रण, रोग प्रति रक्षा तथा रिदम्स, पादप उत्पाद तथा प्रजनन व शरीर क्रिया विज्ञान पर इसके प्रभाव, विकिरण प्रभाव, कैंसर जीव विज्ञान, कीड़े तथा मत्स्य शरीर क्रिया विज्ञान, आनुवांशिक गुण सूत्र विकास, नान कोडिंग आर.एन.ए. का कार्य तथा विनियमन) गहन शोध ने न केवल सीमान्त क्षेत्रों में ज्ञान का वर्धन किया है अपितु एक ऐसा परिवेश तैयार किया जिसमें रचनात्मक शोध के लिए प्रेरणा मिलती है। इस स्तर का विकास संकाय के बहुत से व्यक्तिगत शोध परियोजनाओं के माध्यम से अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं के विकास के फलस्वरूप संभव हो पाया है।

इसके अतिरिक्त यू.जी.सी. के द्वारा विशेष सहायता कार्यक्रम ने विभाग को एक उन्नत अध्ययन केन्द्र के रूप तक पहुँचाया, सी.ओ.एस.आई.एस.टी. तथा डी.एस.टी., एस. एफ.आई.एस.टी. का उपकरणों/संसाधनों के रूप में विभाग को प्रदत्त सहयोग ने भी विभाग को शिक्षण तथा शोध में उपलब्धियां प्राप्त करने में योगदान दिया। संकाय के वैज्ञानिक योग्यता को मान्यता, समय-समय पर विभिन्न सम्मानों, पुरस्कारों तथा पद्मश्री, एस एस भटनागर, जवाहर लाल नेहरू, एफ.आई.सी.सी.आई., हरि ओम ट्रस्ट,यू.जी.सी. करियर अवार्ड, विज्ञान रत्न तथा प्रतिष्ठित राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय (एलेक्जेंडर वोन हम्बोल्ट, जे.एस.पी.एस., डी.ए.ए.डी., आई.बी.आर.ओ.-यू.एन.ई.एस.सी.ओ., फुल ब्राइट इत्यादि) फेलोशिप तथा चिकित्सा अकादमियों के माध्यम से प्राप्त होती रहती है।

विभाग के पास एक संपूर्ण सुसज्जित शोध प्रयोगशाला, केन्द्रीय परिष्कृत उपकरण तथा सभी शोध प्रयोगशालाओं तथा कक्षाओं तक इंटरनेट सुविधा एवं नेटवर्किंग के साथ एक कम्प्यूटर लैब भी है। विभाग ने सफलतापूर्वक सी.ए.एस. फेज-५ पूर्ण कर लिया है तथा सी.ए.एस. फेज-VI २०१७-२२ के लिए स्वीकृति प्राप्त कर ली है। विभाग के शिक्षक सक्रिय रूप से विभिन्न क्षेत्रों जैसे जैव रसायनिकी, साइटोजेनेटिक्स, प्रजनन जीव विज्ञान तथा एण्डोक्रीनोलोजी, इकोफिजियोलोजी तथा अन्य क्षेत्रों इम्यूनोलोजी तथा क्रोनोबायोलोजी के शोध कार्य में व्यस्त हैं।

कला संकाय
FACULTY OF ARTS

२.१.२. संकाय

२.१.२.१. कला संकाय

वाराणसी, असीम कांति से पूर्ण नगर जो कि भगवान शिव के त्रिशूल पर बसा हुआ है, सम्पूर्ण विश्व में अनेक कारणों से जाना जाता है, जिनमें गंगा, सारनाथ तथा काशी हिन्दू विश्वविद्यालय उल्लेखनीय हैं। सन् १९१६ में स्थापित का.हि.वि.वि. महान दिव्यदर्शी तथा असाधरण राष्ट्रवादी नेता पं. मदन मोहन मालवीय के सपनों का वास्तविक आविर्भाव है। इस का.हि.वि.वि. में कला संकाय को मानविकी के केन्द्र के रूप में विकसित किया गया जो कि पूर्व में सेन्ट्रल हिन्दू कॉलेज के नाम से जाना जाता था तथा १८९८ में एनी बेसेन्ट के द्वारा स्थापित किया गया था। यह वह नींव साबित हुआ जिस पर का.हि.वि.वि. की महान इमारत तथा आशावादी भाविष्य का निर्माण हुआ। निश्चित रूप से इन्हीं कारणों से कला संकाय का का.हि.वि.वि. से ऐसे संबंध स्थापित किया गया है, जहाँ पर ज्ञान की धारा निरन्तर अबाधित रूप से प्रवाहित होती रहती है।कला संकाय पारंपरिक तथा आधुनिक ज्ञान व्यवस्था के बीच एक अद्वितीय समन्वय को विकसित करने की परिकल्पना करता है तथा सर्वदा ऐसे मतों एवं विचारों को विकसित करने की योजना में संलग्न रहता है जो कि मानवता के समग्र अवधारणा के अनुकूल हो। अपनी आंतरिक उर्जा को संरक्षित रखते हुए यह संकाय अन्तर्विषयी शोधों के नये परिदृश्यों को प्रोत्सहित करता है ताकि ''मानव स्वतंत्रता'' के सिद्धान्त को जीवंत बनाकर उसे मूर्त रूप दिया जा सके। २१ विभागों तथा ०४ महत्वपूर्ण केन्द्रों-भोजपुरी अध्ययन केन्द्र, मालवीय मूल्य अनुशीलन केन्द्र, अंतर-संस्कृति अध्ययन केन्द्र तथा अनुवाद अध्ययन केन्द्र के साथ, यह संकाय विभिन्न पारम्परिक तथा देशज ज्ञान स्त्रोतों तथा उनके पारम्परिक महत्व के मूल्यांकन हेतु संवाद को प्रोत्साहन देता है। छात्रों तथा अध्यापकों को और जागरूक, जीवंत तथा परस्पर संवादात्मक बनाने हेतु, यह संकाय समय-समय पर राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठियों/सम्मेलनों तथा कार्यशालाओं का आयोजन करता रहता है। एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम के रूप में, संकाय ''तुलनात्मक साहित्य'' पर एक अभिविन्यास पाठ्यक्रम का आयोजन करता है। जिसकी परिकल्पना साहित्य के प्रति अंतर्विषयी दृष्टिकोण के क्षेत्र में संकाय सदस्यों की जागरूकता को बढ़ाने के लिए की गयी है। संकाय की वार्षिक पत्रिका 'अपूर्वा' का प्रकाशन एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। क्योंकि यह अध्यापकों के शोध-पत्रों के प्रकाशन के लिए एक मंच प्रदान करता है।

मूलरूप से संकाय का केन्द्र बिन्दु त्रिआयामी है- यह छात्रों को दोनों भाषाओं भारतीय तथा विदेशी भाषाओं में शिक्षण प्रदान करता है जैसे कि एक ओर हिन्दी, संस्कृत, पाली, उर्दू, तेलगू, तमिल मराठी, बंगाली, भाषा-विज्ञान है तो दूसरी ओर अंग्रेजी, फ्रेंच, जर्मन, स्पैनिश, अरबी, परसीयन, रूसी, तथा चीनी भाषाएँ हैं। यह छात्रों को इतिहास, संस्कृति, पुरातत्व, कला का इतिहास, दर्शन तथा धर्मशास्त्र के क्षेत्र में नूतन प्रगति से भी परिचित करवाता है। इसका तीसरा आयाम वृत्तिक तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रमों जैसे- पत्रकारिता व जन संचार, पुस्तकालय व सूचना विज्ञान, पर्यटन व यात्रा प्रबंधन संग्रहालय विज्ञान तथा प्रयोजनमूलक हिन्दी के परिचय से संबंधित है। इसमें तनिक भी अतिशयोत्ति नहीं होगी यदि हम कहें कि कला संकाय मानव विकास की प्रक्रिया तथा एक स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण में एक उल्लेखनीय भूमिका निभा

रहा है। अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त विद्वानों की एक लम्बी सूची है जो कि इस संकाय से सम्बद्ध हैं तथा का.हि.वि.वि. की छवि को बढ़ा चुके हैं। उसमें से कुछ इस प्रकार है- डॉ एस. राधाकृष्णन, बी.एल. अत्रेया, टी.आर.वी. मूर्ति, जे.एल. मेहता, देवराज (दर्शनशास्त्र); बाबू श्याम सुन्दर दास, आचार्य राम चन्द्र शुक्ल, केशव प्रसाद मिश्र, हजारी प्रसाद द्विवेदी, नंद दुलारे वाजपेयी, विश्वनाथ प्रसाद मिश्र, शिव प्रसाद सिंह, नामवर सिंह, केदार नाथ सिंह (हिन्दी); सी.एन. मेनन, राम अवध द्विवेदी, डॉ. साहनी, विक्रमादित्य राय, हरीश त्रिवेदी (अंग्रेजी), रामावतार शर्मा, ए.बी. ध्रुव, पी.एल. वैद्य, बलदेव उपाध्याय, रेवा प्रसाद द्विवेदी, सत्यव्रत शास्त्री (संस्कृत); राय कृष्ण दास, राय आनन्द कृष्णा, कपिला वात्सयायन (कला इतिहास); ए.एस. आल्टेकर, राजबली पाण्डेय, वासुदेव शरण अग्रवाल, आर.सी. मजूमदार तथा ए.के. नारायन (प्रा.भा.इति.संस्कृति व पुरातत्व) कहने की आवश्यकता नहीं कि ये लोग भावी पीढ़ी के लिए शक्ति और प्रेरणा के महान स्त्रोत थे।

कला संकाय को न केवल सबसे पुराना संकाय होने का सौभाग्य प्राप्त है बल्कि-सबसे बड़े संकायों में से भी एक है-जिसके अर्न्तगत २५० संकाय सदस्य, ४००० छात्र तथा १२ कार्यालय कर्मचारी हैं। इसके पास सबसे बड़े २१ शिक्षण विभागों के होने का एक विरल विशिष्टता प्राप्त है जो कि निम्नलिखित है- प्राचील भारतीय इतिहास संस्कृति व पुरातत्व के साथ संग्रहालय विज्ञान अलग अनुभाग के रूप में, अरबी, बंगाली, अंग्रेजी, विदेशी भाषाएं (रूसी, चीनी, जापानी, स्पैनिश तथा पोलिश), फ्रांसीसी अध्ययन, जर्मन अध्ययन, हिन्दी, कला इतिहास, भारतीय भाषाएं (नेपाली, तमिल), पत्रकारिता व जनसंचार, पुस्तकालय व सूचना विज्ञान, भाषा विज्ञान, संस्कृत, तेलगू तथा उर्दू। इन विभागों के अतिरिक्त संकाय के पास व्यावसायिक वर्ग जैसे कार्यालय प्रबंधन व सचिवालयी तकनीक, विज्ञापन व विक्रय कला, सुरक्षा (बीमा) प्रबंधन, लेखा एवं लेखा परीक्षा, पुरातत्व विज्ञान व संग्रहालय विज्ञान तथा यात्रा एवं पर्यटन प्रबंधन भी है। इन विभागों के माध्यम से संकाय विभिन्न प्रकार के शैक्षणिक कार्यक्रम जो कि प्रमाणपत्र व डिप्लोमा पाठ्यक्रम से लेकर शोध स्तर तक जैसे पी.एचडी. और डी.लिट. तक के कार्यक्रमों को प्रदान करता है।

प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग

यह विभाग उन्नत अध्ययन केन्द्र की विशिष्टता के साथ भारत विद्या अध्ययनों का प्रमुख विभाग है। इसके शिक्षण तथा शोध के मूलभूत क्षेत्र के अंतर्गत कला एवं वास्तुकला, धार्मिक तथा दार्शनिक अध्ययन, पुरालेख विद्या तथा प्राचीन शिलालेखों का अध्ययन, मुद्राशास्त्र व पुरातत्व तथा संग्रहालय विज्ञान सम्मिलित हैं। संकाय के सबसे बड़े पुस्तकालय के साथ ही विभाग के पास आर्कियोमेटालर्जी में वैज्ञानिक शोधों, मृत्तिका कला तकनीक अकार्बनिक (अजैवीय) पदार्थों से संबंधित आंकड़ों को संभालने हेतु एक प्रयोगशाला भी है। अतीतकाल के विस्तृत तथा वैज्ञानिक ज्ञान हेतु विभाग के पास पुरातत्व विभाग, कैम्ब्रीज विश्वविद्यालय, आई.आई.टी., कानपुर, बीरबल, साहनी प्राचीन शिलालेख अध्ययन संस्थान, लखनऊ जैसे संस्थानों के साथ सहयोगी शोध कार्यक्रम भी हैं। वर्तमान सत्र के दौरान विभाग के द्वारा शिक्षण तथा शोधों की नियमित गतिविधियां निष्पादित की गयी हैं।

संगोष्ठी और कार्यशाला

- २८-२९ जनवरी, २०१७ को वाराणसी संस्कृति और धरोहर विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी।
- वाराणसी की सांस्कृतिक छवियाँ: नवीन उपागम विषय पर १६-२२ मार्च २०१७ को कार्यशाला।
- २३-२५ मार्च २०१७ को 'प्राचीन भारतीय इतिहास लेखन: वर्तमान संदर्भ और भविष्य की दिशाएं' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी।

विशिष्ट व्याख्यान-शोध की गुणवत्ता बढ़ाने और प्रा.भा.इ.सं. एवं पुरातत्व में हुए नवीन विकासक्रम से वरिष्ठ विद्यार्थियों को अवगत कराने के लिए दूसरी शैक्षणिक संस्थाओं के सहयोग से विभाग ने समय-समय पर भारत के कुशल विशेषज्ञों का विशिष्ट याख्यान आयोजित किया। निम्नलिखित विशिष्ट व्याख्यान आयोजित किए गये:

प्रो. वी.एच. सोनवाने	- एम.एस. विश्वविद्यालय, बड़ोदरा, २९ जुलाई २०१६
प्रो. एन.आर. शाह	- एम.एस. विश्वविद्यालय, बड़ोदरा, ९ और १० अगस्त, २०१६
प्रो. मारूति नंदन तिवारी	- कला इतिहास विभाग, बी.एच.यू. २२ सितम्बर, २०१६
प्रो. वी.के. शुक्ला	- भूगर्भ विज्ञान विभाग, बी.एच.यू. ४ अक्टूबर, २०१६
प्रो. सुचन्द्रा घोष	- कलकत्ता विश्वविद्यालय, कोलकाता, २४ अक्टूबर, २०१६
प्रो. आर. के मोहन्ती	- देक्कन कॉलेज, पुणे २५ और २६ अक्टूबर, २०१६
प्रो. एल.एस. निगम	- रायपुर, २३ नवम्बर, २०१६
डॉ. राजेश पुरोहित	- इलाहाबाद, संग्रहालय, इलाहाबाद, ७ जून, २०१७
प्रो. हेराल्ड बीज	- लिपजिंग विश्वविद्यालय, जर्मनी, १४ और १५ फरवरी, २०१७
प्रो. वसन्त शिन्दे	- कुलपति, डेक्कन कॉलेज, पुणे, २१ फरवरी, २०१७
प्रो. रवि कोरिसत्तार	- डॉ. वी.एस. वाकांकर, पुरातत्व अनुसंधान संस्थान, धारवाड़, कर्नाटक, ०२ मार्च, २०१७
डॉ. ए.के. शर्मा	- पुरातात्विक सलाहकार, भारत सरकार, ९ मार्च, २०१७
प्रो. विभा उपाध्याय	- राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर, २२ मार्च, २०१७

बंगाली विभाग

०६.०४.२०१६ को तीन वक्ताओं का तीन विशिष्ट व्याख्यान: बंगाली विभाग, कला संकाय, बी.एच.यू. ने समकालीन बंगाली कहानियाँ विषय पर निम्नलिखित वक्ताओं का तीन विशिष्ट व्याख्यान आयोजित किया- प्रो. प्रकाश कुमार मैती, अध्यक्ष, बंगाली विभाग, कला संकाय, बी.एच.यू.; मि. बितन चक्रवर्ती, बंगाली कहानी लेखक, कोलकत्ता; प्रो. नमिता भट्टाचार्य, बंगाली विभाग, कला संकाय, बी.एच.यू.।

- १६ अगस्त २०१६ को प्रो. सत्यव्रत गिरि (सेवानिवृत्त), जादवपुर विश्वविद्यालय, कोलकत्ता ने 'मध्य कालीन बंगाली कविता' पर व्याख्यान दिया।
- १९ फरवरी, २०१७ को प्रो. मुकुल बन्दोपाध्याय (सेवानिवृत्त) बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर, बिहार ने रवीन्द्रनाथ टैगोर विषय पर व्याख्यान दिया।
- २८ फरवरी २०१७ को प्रो. अचिन्त्य विश्वास (सेवानिवृत्त) जादवपुर विश्वविद्यालय, कोलकत्ता ने 'आधुनिक बंग्ला साहित्य' पर व्याख्यान दिया।
- बंगाली विभाग, कला संकाय, बी.एच.यू. ने ४-५ मार्च २०१७ को प्रेमचन्द्र सभागार, नवीन व्याख्यान संकुल, कला संकाय, बी.एच.यू. में दो प्रसिद्ध बंग्ला लेखकों प्रो. जयन्ती चटोपाध्याय (सेवानिवृत्त) आधुनिक भारतीय भाषा और साहित्य अध्ययन, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली-७ और डॉ. कीर्ति सेन गुप्ता, प्रख्यात बंग्ला लेखिका, कोलकत्ता (पं.बं.) के ६ विशिष्ट व्याख्यान (३-प्रत्येक) आयोजित किया। उपरोक्त व्याख्यानों के उपरान्त निम्नलिखित तीन पुस्तकों का लोकार्पण किया गया।
- मेधा वृद्धिर दवाई, प्रो. प्रकाश कुमार मैती
- शरणार्थी, मि. वितन चक्रवर्ती
- मुमुक्षा, मि. कौशिक आचार्य

सांस्कृतिक कार्यक्रमः दिनांक १०.०८.२०१६ को गुरूदेव रबीन्द्र नाथ टैगोर की पुण्य तिथि- बंगाल के अन्य शिक्षण तथा सांस्कृतिक संस्थानों की तरह, बंगाली विभाग के छात्रों तथा संकाय सदस्यों ने गुरूदेव रवीन्द्र नाथ टैगोर की पुण्यतिथि की स्मृति में भाग लिया। एक संक्षिप्त किन्तु भावपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करके छात्रों ने कवि गुरू को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित किया।

दिनांक २१.०२.२०१७ को बंगाली विभाग में अंतर्राष्ट्रीय भाषा दिवस का उत्सव आयोजन।

Students dancing on the songs of Vasant Utsav

अंग्रेजी विभाग

अंग्रेजी विभाग ने कुछ पुस्तकों और ३० से अधिक शोध पत्रों को विभिन्न जर्नलों में प्रकाशित करके साहित्य अध्ययन के क्षेत्र में योगदान किया। अध्यापकों ने भारत और भारत के बाहर विभिन्न संगोष्ठियों और सम्मेलनों में पत्र प्रस्तुत किया और मुख्य वक्ता, विशेषज्ञ वक्ता, आमंत्रित वक्ता के रूप में वक्तव्य दिया। विभाग ने ०६ से २६ दिसम्बर २०१६ को एच.आर.डी.सी. बी.एच.यू. में अंग्रेजी का ९वाँ पुनश्चर्या पाठ्यक्रम और अध्ययन की विधियाँ विषय पर अल्पकालिक पाठ्यक्रम आयोजित किया। अंग्रेजी विभाग की स्थापना के १०० वर्ष पूरे होने पर विभाग ने पुराछात्र सम्मेलन के साथ 'भारत में अंग्रेजी अध्ययन: बदलाव और चुनौतियाँ' विषय पर १७-१८ नवम्बर २०१६ को राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया। 'वोल्कानो' के अतिरिक्त विभागीय पत्रिका 'रिसर्च एण्ड क्रिटिसिज्म' का सातवाँ अंक प्रकाशित किया। चालीस से अधिक छात्रों को विभिन्न सरकारी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसर की नौकरी मिली।

लगभग १५ छात्रों ने यू.जी.सी. की नेट/जे.आर.एफ. उत्तीर्ण किया। लगभग बीस छात्रों को पी.एचडी. की उपाधि दी गयी। शाधार्थियों के लिए पाक्षिक शोध प्रस्तुतिकरण का आयोजन किया गया और विभाग तथा संबद्ध महाविद्यालयों के परास्नातक छात्रों के लिए विलियम शेक्सपीयर की ४००वीं पुण्यतिथि पर 'रंगमंच में शेक्सपियर' पर २७ अक्टूबर, २०१६ को रंगमंच कर्म का आयोजन हुआ। मि. पवन वर्मा को वैकल्पिक शिक्षा पर व्याख्यान के लिए आमंत्रित किया गया। प्रो. चंचल नाइक (इफ्लू हैदराबाद) और प्रो. संजयदत्त राय (इलाहाबाद विश्वविद्यालय) ने भी विभाग को संबोधित किया। श्री पुरोहित स्वामी स्मृति व्याख्यान भी आयोजित किया गया। विभाग के शिक्षकों ने अर्थशास्त्र विभाग के परास्नातक छात्रों को 'अंग्रेजी संप्रेषण' का ज्ञान कराया और कैरियर विकास केन्द्र के अंतर्गत कौशल विकास हेतु अंग्रेजी बोलने का पाठ्यक्रम संचालित किया।

विदेशी भाषा विभाग

सन् १९४८ में स्थापित इस विभाग की महत्ता है कि यह एशिया व यूरोप के सात प्रमुख भाषाओं यथा चीनी, जापानी, सिंघली, रूसी, इतालवी, स्पैनिश तथा पोलिश भाषाओं के शिक्षण कार्यक्रम को संचालित करता है। इस विभाग का वर्तमान केन्द्र-बिन्दु चीनी भाषा एवं साहित्य, संस्कृति, इतिहास, राजनीति, चीनी, भारतीय बातचीत, रूसी भाषा तथा साहित्य है। वर्तमान सत्र के दौरान विभाग के द्वारा शिक्षण तथा शोधों की नियमित गतिविधियां आयोजित की गयीं।

फ्रेंच/फ्रांसीसी अध्ययन विभाग

दिनांक २३-२५ फरवरी २०१५ को डॉ. गीताजंलि सिंह, असिस्टेन्ट प्रोफेसर द्वारा 'रेसिट, डे वोयागे डैन्स ला लिटरेचर फ्रान्सेस एट फ्रांकोफोन' अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें १५० से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

सोविनियर-कम-एब्सट्रैक्ट पुस्तक का विमोचन करते हुए अतिथिगण

कला इतिहास विभाग

कला इतिहास विभाग द्वारा मार्च २०१६ से फरवरी २०१७ के मध्य निम्नलिखित संगोष्ठी/ कार्यशाला/ स्मृति व्याख्यान आयोजित किये गये –

- बदलते वैश्विक परिप्रेक्ष्य में भारतीय कला विरासत: चुनौतियाँ एवं संभावनाएँ पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी (२७ फरवरी से ०१ मार्च, २०१७)। ठुमरी साम्राज्ञी गिरिजा देवी मुख्य अतिथि थीं।
- इंप्रेशन पर अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला
- भारतीय कला विरासत एवं प्रासंगिकता (१८ मार्च २०१६) पर राष्ट्रीय संगोष्ठी
- 'वाराणसी : एक शाश्वत नगरी' पर राष्ट्रीय कार्यशाला (१९-२० अक्टूबर, २०१६)
- द्वितीय फ्रेंक सी. चोकोलिंगो एवं इवामारिया आर. चोकोलिंगो स्मृति व्याख्यान (०१ मार्च, २०१७)
- प्रो. शारदा श्री निवासन, (प्रोफेसर एण्ड डीन, स्कूल ऑफ ह्यूमनिटिज नेशनल ऑफ एडवांसड स्टडीज इण्डियन इन्स्टीट्यूट ऑफ साइंस कैम्पस, बंगलौर) ने ''मैपिंग शिफ्टिंग आइकोनोग्राफिक्स: आर्क्योटेक्नोलॉजीकल इनसाइड्स ऑन चोला एण्ड विजयानगर ब्रोन्जेस'' विषय पर स्मृति व्याख्यान दिया।

दर्शनशास्त्र तथा धर्म विभाग

छ: विशिष्ट व्याख्यान क्रमश: प्रो. जगतपाल, नेहू, प्रो. ऋषिकान्त पाण्डेय, दर्शनशास्त्र विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय और प्रो. जटाशंकर, दर्शनशास्त्र विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के आयोजित किये गये। इन व्याख्यानों के साथ चाकोलिन्गो स्मृति व्याख्यान शृंखला आयोजित की गयी जिसमें प्रो. आर. सी प्रधान, दर्शनशास्त्र विभाग, हैदराबाद विश्वविद्यालय, हैदराबाद, प्रो. एस. आर. भट्ट, अध्यक्ष, आई.सी.पी.आर., नई दिल्ली, प्रो. पी. आर. भट्ट, दर्शनशास्त्र विभाग, आई.आई.टी., बाम्बे, पवई तथा प्रो. अम्बिकादत्त शर्मा, सागर

विश्वविद्यालय ने दर्शन शास्त्र के विविध मुद्दों पर व्याख्यान दिया। इन व्याख्यानों के अतिरिक्त प्रो. देवेन्द्र नाथ त्रिपाठी की 'लैंग्वेज, बीइंग एण्ड कोग्निशन' शीर्षक से एक पुस्तक प्रकाशित हुई। भारत अध्ययन केन्द्र, बी.एच.यू. द्वारा विभाग के सहयोग से प्रतिवेदन अवधि के दौरान दो विदेशी विद्वान विशेषज्ञों का दो विशिष्ट व्याख्यान भी विभाग में आयोजित किया गया।

पाली तथा बौद्ध अध्ययन केन्द्र

भारत में बौद्ध अध्ययन के क्षेत्र में यह विभाग अग्रणी संस्थानों में से एक है। यद्यपि इस विभाग की स्थापना १९८२ में हुयी, लेकिन भीखु जगदीश कश्यप, भारत में बुद्ध धर्म के पुनर्जीवन के अग्रदूत के प्रयास से काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में पाली की शिक्षा १९४० में ही प्रारम्भ हो गयी थी। वर्तमान सत्र के दौरान विभाग के द्वारा शिक्षण तथा शोधों की नियमित गतिविधियां आयोजिन की गयीं। उर्दू विभाग, अरबी विभाग, जर्मन अध्ययन विभाग, हिन्दी विभाग, भारतीय भाषा विभाग, पत्रकारिता तथ जनसंचार विभाग, पुस्तकालय तथा सूचना विज्ञान विभाग, भाषा-विज्ञान, मराठी विभाग, पारसी विभाग, शारीरिक शिक्षा विभाग, संस्कृत विभाग एवं तेलगू विभाग में वर्तमान सत्र के दौरान विभाग के द्वारा शिक्षण तथा शोधों की नियमित गतिविधियां आयोजित की गयीं।

मालवीय मूल्य अनुशीलन केन्द्र

- प्रोफेसर सुखदेव की ८३वीं जन्म तिथि के अवसर पर दिनांक २४.०७.२०१६ को संगोष्ठी का आयोजन।
- बुद्धि तथा सामर्थ्य का अर्थ: भारतीय पारम्परिक दृष्टि/मत'' विषय के अंर्तगत दिनांक ०२.०८.२०१६ को विशेष व्याख्यान का आयोजन।
- महामना तथा काशी हिन्दू विश्वविद्यालय'' विषय पर दिनांक १६.०९.२०१६ को विश्वविद्यालय तथा संबंद्ध कॉलेजों हेतु निबंध प्रतियोगिता का आयोजन।

व्यावसायिक तथा विशेष पाठ्यक्रम अध्ययन

छात्रों में कौशल विकास के संवर्धन हेतु, कला संकाय व्यावसायिक तथा विशेष पाठ्यक्रमों के अध्ययन की सुविधा प्रदान करता है। इस संकाय में व्यावसायिक पाठ्यक्रम सन् १९८५ से चल रहे हैं। पर्यटन तथा कार्यालय प्रबंधन में दो वर्षीय अंशकालिक डिप्लोमा कार्यक्रम इस संकाय में बहुत प्रचलित पाठ्यक्रम हैं। इन कार्यक्रमों के अन्तर्गत कक्ष शिक्षण के साथ-साथ अध्यवसाय में व्यवहारिक सत्र तथा क्षेत्र स्तरीय अनुभव के लिए शैक्षिक यात्रा भी सम्मिलित है।

उर्दू विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी

२.१.२.२. वाणिज्य संकाय

वाणिज्य संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय वर्तमान में देश का सबसे बड़ा वाणिज्य विभाग है। वाणिज्य विभाग का प्रादुर्भाव सन् १९४० में विश्वविद्यालय के रजत जयंती समारोह के अवसर पर अर्थशास्त्र विभाग का.हि.वि.वि. के एक अनुबंध के रूप में हुआ। सन् १९५० में यह एक स्वतंत्र विभाग बना और सन् १९६५ में उच्चीकृत होकर इसने एक संकाय का दर्जा प्राप्त किया। इस संकाय द्वारा सत्र २०१६-१७ की अवधि में बी.कॉम्. (प्रतिष्ठा), एम.कॉम्. तथा पीएच.डी. का पाठ्यक्रमों का संचालन जारी है। इसके साथ ही एम.बी.ए.-एफ.एम., एम.बी.ए.-आर.एण्ड आई. और एम.बी.एम.-एफ.टी. जैसे विशेष स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम संचालित हैं। इसके अतिरिक्त वर्तमान सत्र में राजीव गाँधी दक्षिणी परिसर (रा.गाँ.द.प.), बरकछा, मिर्जापुर में भी वाणिज्य संकाय के नियंत्रण में पेड सीट श्रेणी के आधार पर बी.कॉम्. (प्रतिष्ठा) और एफ.एम.एम. के पाठ्यक्रम भी संचालित हैं।

संकाय ने अफगानिस्तान, नेपाल, भूटान, इरान, पोलैण्ड और श्रीलंका इत्यादि जैसे अनेक विदेशी राष्ट्रों के छात्रों को आकृष्ट किया है। इस वर्ष में छात्राओं का प्रवेश वाणिज्य संकाय में विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा। वर्तमान सत्र में लगभग चार सौ छात्रों का प्रवेश हुआ।

संकाय के सदस्यों ने पीएच.डी. धारक तैयार करने, शोध पत्रों/लेखों एवं पुस्तकों के प्रकाशन, भारत व विदेशों में विभिन्न स्थानों पर सम्पन्न हुए। संगोष्ठियों एवं सम्मेलनों में सहभागिता के द्वारा तथा का.हि.वि.वि. और विश्वविद्यालयों के विभागों में परीक्षा या अतिथि वक्ता के रूप में कार्य करके अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

संकाय के शिक्षक सदस्य अध्यापन के कार्यक्रमों जैसे बी.कॉम. (आनर्स), एम.काम., एम.बी.ए.-एफ.एम., एम.बी.ए.- आर. एण्ड आई. और एम.बी.ए.-एफ.टी. तथा शोध शिक्षा में कार्यरत रहे। कुछ शिक्षक महिला महाविद्यालय, कला संकाय, संगणक विज्ञान विभाग एवं सांख्यिकी विभाग में भी संलग्न रहे।

छात्रों के लिए सुविधाएँ

छात्रों को गुणवत्ता एवं उनके प्रदर्शन में उत्थान की दृष्टि से संकाय उन्हें अनेक प्रकार की सुविधाएँ प्रदान करता है। वे सुविधाएँ हैं :

- विभागीय पुस्तकालय
- वाणिज्य संघ पुस्तकालय
- एम.एफ.एम./एम.एफ.एम.आर.आई./एम.एफ.टी पुस्तकालय
- पाठ्यपुस्तक बैंक सुविधा
- योग्यता एवं प्रतिभा छात्रवृत्ति
- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग शोध छात्रवृत्ति
- बीएचयू पीएच.डी. अनुसंधान छात्रवृत्ति
- अनुसूचित जाति/अनु. जनजाति के छात्रों को छात्रवृत्ति
- एन.सी.सी.
- एन.एस.एस.
- अतिथि शिक्षक व्याख्यान
- परियोजना प्रशिक्षण
- व्यापारिक अधिकारियों के साथ संवाद

छात्रों को अन्य सुविधायें : कम्प्यूटर-८०, लैपटाप-३४, फोटो कापियर-०२, लेजरप्रिंटर-६५ उपरोक्त सुविधाओं के साथ ही छात्रों के लिए वाई फाई इन्टरनेट सुविधा भी उपलब्ध है। छात्रों के प्रायोगिक सुविधा के लिए कम्प्यूटर लैब भी उपलब्ध है।

२.१.२.३. शिक्षा संकाय

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के कमच्छा प्रांगण में १५ अगस्त, १९१८ को शिक्षा संकाय की स्थापना एक (अध्यापक प्रशिक्षण केन्द्र) 'टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज' के रूप में हुई थी जो बाद में पूर्णत: एक संकाय के रूप में विकसित हुआ। प्रारम्भ से ही यह संकाय, समाज एवं राष्ट्रीय विकास का कार्य संस्कृतिनिष्ठ, आधुनिक दृष्टिकोण एवं शिक्षण तकनीकी से ओत-प्रोत शिक्षकों को सामयिक परिवर्तनों के अनुरूप तैयार कर रहा है।

यह एक एकल विभाग एवं संकाय है, जहाँ पर स्नातक, परास्नातक एवं शोध की सुविधा उपलब्ध है। संकाय में बी.एड., बी.एड. (स्पेशल), एम.एड., एम.एड. (स्पेशल) एवं शोध (पी.एचडी.) की सुविधा उपलब्ध है। उपरोक्त सभी पाठ्यक्रम दो वर्षीय (४ सेमेस्टर) एवं पी.एचडी. सहित शोध कार्यक्रम विश्वविद्यालय के नियमानुसार संचालित किये जाते हैं। बी.एड. पाठ्यक्रम की शिक्षा राजीव गाँधी दक्षिणी परिसर, बरकछा, मीरजापुर में भी प्रदान की जाती है। संकाय को यह विशिष्टता भी प्राप्त है कि यहाँ पर इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय का अध्ययन केन्द्र भी संचालित होता है।

संकाय में ''याद करो कुर्बानी- आजादी ७० कार्यक्रम'' २२-२३ अगस्त २०१६ को सम्पन्न हुआ। जिसमें वाद-विवाद, वक्तृत्व कला, प्रश्नोत्तरी, निबन्ध लेखन, कविता पाठ, एकल मंचन एवं देशभक्तिपूर्ण गीतों समेत कई सांस्कृतिक आयोजन इस कार्यक्रम में सम्पन्न हुए।

संकाय के व्याख्यान कक्ष में २९ सितम्बर से २ अक्टूबर २०१७ तक प्राचार्या मीनाक्षी सिंह, संयोजिका एवं डॉ. आर.एन. शर्मा, महासचिव द्वारा शिक्षा संकाय के पुरा छात्र संगठन (ए.ए.ई., का.हि.वि.वि.) द्वारा १०० स्नातकोत्तर एवं शोध के छात्रों हेतु व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

२६ एवं २७ नवम्बर २०१६ को शिक्षा संकाय के पुरा छात्र संगठन द्वारा ''भारतीय शिक्षा में समावेश : प्रवृत्ति एवं चुनौतियाँ'' विषय पर राष्ट्रीय परिसंवाद का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. आर.एन. शर्मा एवं डॉ. आलोक गार्डिया द्वारा पुरा छात्र मिलन का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, इस राष्ट्रीय आयोजन में २२५ प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। विशिष्ट पुरा छात्रों का अभिनन्दन भी किया गया। नेता सुभाष चन्द्र बोस जयन्ती (२३ जनवरी २०१७) पर ईको क्लब द्वारा पौध रोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सभी अध्यापक एवं बी.एड. तथा एम.एड. के छात्रों ने हिस्सा लिया।

संकाय के प्रोफेसर हरिकेश बहादुर सिंह का जय प्रकाश नारायण विश्वविद्यालय, छपरा, बिहार के कुलपति के रूप में २३ जनवरी २०१७ के रुप में नियुक्ति संकाय की एक बड़ी उपलब्धि है।

प्रथम सप्ताह में बी.एड. चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों हेतु स्काउट एवं गाइड कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मानव संसाधन विकास मन्त्रालय, नई दिल्ली की पंडित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय शिक्षक एवं शिक्षण अभियान (पी.एम.एम.एम.एन.एम.टी.टी.) योजना द्वारा लगभग रुपये ९.४५ करोड़ की सहायता द्वारा संकाय को शिक्षा का विद्यालय की प्रतिष्ठा से अलंकृत किया गया।

संकाय में प्राध्यापक, उच्च शिक्षा, दुरहम विश्वविद्यालय एवं दुरहम सेन्टर के एकेडेमिक प्रैक्टिस के निदेशक प्रोफेसर रेलैण्ड द्वारा ''प्रीपेयरिंग स्टूडेन्ट्स फॉर हायर लेवल लर्निंग एण्ड वेन्चरिंग इन्टू स्ट्रेन्ज प्लेस ग्रेजुएट्स फॉर २१स्ट सेन्चुरी'' नामक विषय पर व्याख्यान दिया गया। सुश्री मंगला राय, सहायक निदेशक, ब्रिटिश काउन्सिल ने भी ''इनटरनेशनाइजिंग हायर एजूकेशन अपारचुनिटीज फॉर कोलैबरेशन बिटवीन यू.के. एण्ड इण्डिया'' विषय पर ६ एवं ७ मार्च को व्याख्यान दिया।

बी.एड. चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम के अनुसार ९-१२ अप्रैल २०१७ तक त्रिदिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के लिए चित्रकूट घुमाने का आयोजन किया गया। वर्तमान सत्र की संकाय पत्रिका ''समीक्षा'' प्रकाशित कर सभी छात्रों, कर्मचारियों एवं विशिष्ट व्यक्तियों को वितरित की गई।

नवनिर्मित प्रेक्षागृह ''चाणक्य'' में २१५ केवीए जेनरेटर एवं टांसफार्मर स्थापित करने का कार्य लगभग पूरा हो चुका है।

२.१.२.४. विधि संकाय

विधि शिक्षा के परिष्कार और उसकी सामाजिक प्रासंगिकता की निर्मिति की दृष्टि से शुरू से ही बनारस लॉ स्कूल की महती भूमिका रही है। तीन वर्षीय पूर्णकालिक एल.एल.बी. पाठ्यक्रम एवं दो वर्षीय एल.एल.एम. पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने में यह संस्था अग्रणी रहा है। सत्र १९९८-९९ से लॉ स्कूल ने 'ह्यूमन राइट्स एण्ड ड्यूटीज एजूकेशन' में दो वर्षीय एल.एल.एम. पाठ्यक्रम की शुरूआत की और सत्र २००१-०२ में 'एनिमल लॉ' से सम्बन्धित एक प्रश्नपत्र को उसमें प्रारम्भ किया। 'बार काउंसिल ऑफ इण्डिया' के निर्देशानुसार लॉ स्कूल ने सत्र २००९-१० में पाठ्यक्रम का पुनर्निधारण/पुनर्निर्माण करते हुए एल.एल.बी. (प्रतिष्ठा) पाठ्यक्रम की शुरूआत की। लॉ स्कूल ने सत्र २०१०-११ के विश्वविद्यालय आर्डिनेंस के अनुसार उसी सत्र से लॉ स्कूल ने एल.एल.बी. (प्रतिष्ठा), एल.एल.एम. और एल.एल.एल (एचआरडीई) पाठ्यक्रमों में 'च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम' लागू किया। इसके अतिरिक्त जनवरी, २०११ से पी-एच.डी. प्रोग्राम में 'कोर्स वर्क' को प्रारम्भ कर दिया है।

एल.एल.बी. स्तर की शिक्षा इस बात को ध्यान में रख कर दी जाती है कि विद्यार्थी विधि व्यवसाय की चुनौतियों के अनुसार तैयार हो सकें और व्यवसाय, वाणिज्य और उद्योग के क्षेत्र में भी लॉ ग्रेजुएट के रूप में अपने को योग्य प्रमाणित कर सकें। समुदायोन्मुख कई पाठ्यक्रमों को भी लॉ स्कूल ने प्रारम्भ किया है जो समाज, पर्यावरण, उपभोक्ता, महिलाओं, बच्चों एवं अन्य और भी की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। 'एग्रीकल्चरल लैंड लॉ एण्ड रिफार्म्स' की दृष्टि से तत्सम्बन्धी ग्रामीण समस्याओं के निमित्त विधि शिक्षा का प्रबंध है। निर्धन एवं साधनहीन व्यक्तियों को १९७८ से विधिक सहायता प्रदान की जा रही है।

'बनारस लॉ स्कूल' एक स्तरीय जर्नल निरन्तर 'बनारस लॉ जर्नल' के नाम से प्रकाशित कर रहा है जिसमें भारत एवं विदेश के अध्यापकों, प्रख्यात व्यावसायिकों एवं शिक्षाविदों के शोध आलेख/पुस्तक समीक्षा प्रकाशित होते रहते हैं। भारत एवं भारत से बाहर के अनेक महत्वपूर्ण एवं मूल्यवान जर्नल्स के आदान-प्रदान का यह जर्नल एक प्रमुख आधार है। हाईकोर्ट, सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों एवं शोध छात्रों के द्वारा इस जर्नल में उल्लिखित का नजीर के रूप में उपयोग किया जाता है।

शैक्षणिक सत्र की प्रमुख गतिविधियाँ

- प्रत्येक पाठ्यक्रम में प्रवेश, अध्यापन एवं परीक्षा की समस्त गतिविधियां निर्धारित समय पर सकुशल सम्पन्न हुए।

- बी.एच.यू. एवं अन्य विश्वविद्यालयों द्वारा आयोजित संगोष्ठियों, ओरियन्टेशन कोर्स-रिफ्रेशर कोर्स एवं राष्ट्रीय कार्यशालाओं में विभाग के अनेक अध्यापकों ने स्रोत विद्वान के रूप में सहभागिता की।
- ९९वें दीक्षांत समारोह के अंग के रूप में लॉ स्कूल का दीक्षांत समारोह १६ जनवरी, २०१७ को सम्पन्न हुआ।
- एल.एल.बी. एवं एल.एल.एम. के कई विद्यार्थी बिहार, छत्तीसगढ़, उत्तराखण्ड, मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश में ज्यूडिसियल और प्रासीक्यूशन ऑफीसर के रूप में चयनित हुए।
- वर्तमान सत्र में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 'स्पंदन' सांस्कृतिक समारोह में लॉ स्कूल के विद्यार्थियों ने शार्ट प्ले, क्विज, नृत्य, गायन, इलोक्यूशन आदि में भाग लिया तथा पुरस्कार प्राप्त किए।
- वर्तमान सत्र के दौरान दो राष्ट्रीय संगोष्ठियाँ आयोजित की गयीं। पहली राष्ट्रीय संगोष्ठी विधि विद्यालय में २५-२६ फरवरी २०१७ को ''परिवार कानून: समकालीन मुद्दे तथा चुनौतियां'' पर थी। इस संगोष्ठी में देश के विभिन्न भागों से ५०० से भी अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। माननीय न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा, भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में माननीय प्रोफेसर गुरदीप सिंह, उपकुलपति, आर.एम.एल.एन.एल.एस., लखनऊ तथा प्रोफेसर उषा टंडन, दिल्ली विश्वविद्यालय भी उपस्थित थे। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता माननीय प्रोफेसर जी.सी. त्रिपाठी, कुलपति, का.हि.वि.वि. वाराणसी के द्वारा की गयी। पूर्व में ''बच्चों के अधिकार : मुद्दे तथा चुनौतियां'' पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का अयोजन १३ सितम्बर, २०१६ को किया गया।
- २४-२५ मार्च २०१७ को अखिल भारतीय वाद-विवाद कोर्ट का अयोजन किया गया।
- विधि संकाय को विधि संस्थान में उन्नयन करने हेतु कार्य प्रगति पर है।

शिक्षण-अध्ययन के कार्यक्रम

देश के अन्य लॉ स्कूलों में पढ़ाए जाने वाले पारंपरिक विषयों के अतिरिक्त लॉ स्कूल बी.एच.यू. अन्य अनेक पाठ्यक्रमों का संचालन करता है। यथा-अपराध एवं दण्डशास्त्र, अन्तर राष्ट्रीय अर्थ/आर्थिक कानून, कारपोरेशन एवं पब्लिक कंट्रोल कानून, ग्रामीण विकास सम्बन्धी कानून, रेन्ट कंट्रोल संबंधी कानून, मिलिटेरी लॉ, हिन्दू एवं मुस्लिम विधि शास्त्र आदि। उसी प्रकार विगत कई वर्षों से अनेक सेमिनार पाठ्यक्रम (सेमिनार कोर्सेस) भी लॉ स्कूल आयोजित करता है। यथा-लॉ एण्ड सोसाइटी, लॉ एण्ड पावर्टी, लॉ एण्ड एजूकेशन, लॉ एण्ड रिलीजन, लॉ एण्ड वीमेन, लॉ एण्ड चाइल्ड, लॉ एण्ड प्लानिंग, लॉ एण्ड कन्ज्यूमर, लॉ साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी, लॉ एण्ड मेडिसिन आदि। इसके अतिरिक्त एल.एल.एम. (ह्यूमन राइट्स एण्ड ड्यूटी एजूकेशन) पाठ्यक्रम में जिन विषयों को पढ़ाया जाता है वे इस प्रकार हैं-मानवाधिकार एवं विधि शास्त्र, मानवाधिकार एवं भारत, अन्तर्राष्ट्रीय विधि एवं मानवाधिकार, मानवाधिकार वं आपराधिक न्याय, अन्तर्राष्ट्रीय शरणार्थी कानून, अन्तर्राष्ट्रीय मानवता कानून, मानवाधिकार एवं पर्यावरण, मानवाधिकार एवं महिलाएं, मानवाधिकार एवं बच्चे, लॉ साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी एवं मानवाधिकार आदि। एल.एल.एम. डिग्री प्राप्ति के लिए विद्यार्थियों द्वारा लघु शोध प्रबन्ध लिखना आवश्यक है।

पुस्तकालय

लॉ स्कूल के १६०० विद्यार्थियों, अध्यापकों एवं शोध छात्रों की दृष्टि से एक बड़ा पुस्तकालय है। एल.एल.बी. के विद्यार्थी ऋण योजना के अधीन पुस्तकें प्राप्त कर सकते हैं। फोटो कॉपी और रिप्रोग्रेफिक की सुविधा भी यहाँ उपलब्ध है। अन्य सहयोगी संस्थाओं के अध्यापक भी इस पुस्तकालय का लाभ प्राप्त करते हैं। आवश्यक संदर्भों के लिए स्थानीय वकील भी इस ग्रंथालय का लाभ लेते हैं। मई से जुलाई इसका समय ०९.३० प्रात: से ५.०० सायं तक है और अगस्त से अप्रैल तक ०९.३० प्रात: से सायं ६.०० बजे तक है। पुस्तकालय अपने सदस्यों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए निरन्तर प्रयत्नशील रहता है।

पुस्तकालय के बारे में

लॉ स्कूल लाइब्रेरी संकाय की लाइब्रेरी है तथा यह देश की ख्याति प्राप्त लाइब्रेरी है। संकाय के शैक्षणिक प्रखण्ड के ऊपर प्रथम तल पर यह स्थित है। इसका क्षेत्रफल १८७०० वर्गफीट है। लगभग १५० छात्रों के बैठने की दृष्टि से एक बड़ा रीडिंग रूम यहाँ उपलब्ध है। पुस्तकालय ज्ञानार्थियों के लिए अपने खुले द्वार के साथ हमेशा उपस्थित है। लॉ स्कूल पुस्तकालय निम्नलिखित सुविधाएं प्रदान करता है –

अध्ययन कक्ष सुविधा, विद्यार्थियों के लिए पुस्तक ऋण सुविधा, एससी/एसटी विद्यार्थियों के लिए बुक बैंक सुविधा, फोटोकॉपी सुविधा, कम्प्यूटर एवं इंटरनेट सुविधा, विधिक डाटाबेस हेतु खुली पहुँच सुविधा (मनुपत्र, वेस्ट लॉ इण्डिया)।

पुस्तकालय संग्रह	पुस्तकों की संख्या	शामिल पुस्तकों की संख्या
पुस्तकें	५२८३६	७९२
पीरियाडिकल्स (सजिल्द)	२९३०५	११०
पीरियाडिकल्स (करेंट टाइटिल्स)	३५	
पीरियाडिकल्स (बनारस लॉ जर्नल से आदान-प्रदान द्वारा)	३३ विदेशी, ११७ भारतीय (कुल ५०)	
शोध प्रबंध एवं लघु शोध प्रबंध	१६७७	१०५
कुल	८३८१८	१००७

२.१.२.५. संगीत एवं मंच कला संकाय

शास्त्रीय गायन वादन एवं नृत्य आदि कलायें भारतीय संस्कृति एवं उदात्त परम्पराओं की संवाहक हैं। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय का संगीत एवं मंच कला संकाय उक्त पारम्परिक कलाओं के संरक्षण एवं संवर्धन में निरन्तर संलग्न है। भारतरत्न पं. महामना मदन मोहन मालवीय जी के संकल्पानुसार पं. श्री गोविन्द मालवीय जी (तत्कालीन कुलपति का.हि.वि.वि.) के भगीरथ प्रयास के फलस्वरूप संगीत-मार्तण्ड पं. ओंकारनाथ ठाकुर के संरक्षकत्व में सन् १९५० में संगीत एवं ललितकला महाविद्यालय की स्थापना हुयी। कालान्तर में उक्त महाविद्यालय संगीत एवं मंच कला संकाय के रूप में प्रतिष्ठित हुआ। यह संकाय अपनी स्थापना के आरम्भ से ही सफलता के साथ गायन, वादन एवं नृत्य तीनों सांगीतिक विधाओं का उत्तर एवं दक्षिण भारतीय परम्परानुसार शिक्षण एवं प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। इस संकाय को देश में सर्वप्रथम संगीतशास्त्र विभाग स्थापित करने का गौरव भी प्राप्त है। इस संकाय से प्रेरणा लेकर देश के अनेक विश्वविद्यालयों ने अपने यहाँ संगीत एवं संगीतशास्त्र का अध्ययन अध्यापन प्रारम्भ किया।

वर्तमान में इस संकाय में गायन, वादन, नृत्य एवं संगीतशास्त्र चार विभाग संचालित हैं। संकाय में नृत्य विभाग की स्थापना २००७-२००८ में हुयी और भरतनाट्यम् एवं कथक नृत्यों का शिक्षण स्नातकोत्तर स्तर पर आरम्भ हुआ। संकाय में निम्नलिखित पाठ्यक्रम संचालित हो रहे हैं- शोध (पी.एचडी.), स्नातकोत्तर (एम.पी.ए.), स्नातक (बी.पी.ए.), जूनियर डिप्लोमा (प्राय: सभी विभागों में) गुरूवासरीय कार्यक्रम इस संकाय की एक महत्वपूर्ण परम्परा है। इससे छात्रों, शिक्षकों एवं संगीतानुरागियों का ज्ञानवर्धन होता है। संकाय में ऐसे ही अनेक सांगीतिक कार्यक्रम ख्यातिलब्ध कलाकारों के द्वारा आयोजित किये जाते हैं।

महामना जी के स्वप्न एवं संकल्प के अनुसार विश्वविख्यात विद्यामन्दिर-काशी हिन्दू विश्वविद्यालय समाज एवं संस्कृति के चतुर्दिक विकास में अपने दायित्व का निर्वहन कर रहा है, तदनुगत संगीत एवं मंच कला संकाय भी भारतीय कलाओं एवं विद्याओं के संवर्धन एवं संरक्षण में निरन्तर संलग्न है। १९७१ में तत्कालीन संकाय प्रमुख प्रो. लालमणि मिश्र द्वारा प्रारम्भ किये गये गुरूवासरीय एवं पूर्वाचार्य स्मृति संगीत समारोह, संकाय के महत्वपूर्ण प्रकल्प हैं। प्रति सप्ताह आयोजित होने वाले गुरूवासरीय कार्यक्रम में छात्रों एवं अध्यापकों को समानरूप से अवसर प्रदान किया जाता है। प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले पूर्वाचार्य स्मृति संगीत समारोह में सप्ताह पर्यन्त देश के प्रतिष्ठित संगीताचार्यो द्वारा विभिन्न सांगीतिक प्रस्तुतियाँ की जाती हैं। इसके अतिरिक्त संकाय में वर्ष पर्यन्त यथासमय, अभ्यागत आचार्यों के व्याख्यान, सोदाहरण व्याख्यान, कार्यशालायें, संस्कृत नाट्य प्रयोग एवं अन्य सांगीतिक-शैक्षणिक अनुष्ठान सम्पन्न होते हैं।

संकाय में आयोजित शताब्दी वर्ष समारोह

क्र. सं.	कार्यक्रम	दिनांक
1.	वाद्य विभाग द्वारा आयोजित कार्यशाला	28.03.2016 से 03.04.2016
2.	नृत्य विभाग द्वारा आयोजित कार्यशाला	05.04.2016 से 11.04.2016
3.	नृत्य विभाग द्वारा आयोजित नाटक स्वप्न वासु दत्ता	18.04.2016
4.	संकाय दिवस	27.04.2016
5.	'जयपुर एवं किराना घराने की गायिकी एवं विशिष्ट बन्दिशें' विषय पर गायन विभाग, मं.क.सं. द्वारा किराना घराना बैंगलोर के अतिथि कलाकार पं. नागराज हवलदार (गायक) द्वारा व्याख्यान–प्रदर्शन	29.04.2016
6.	विख्यात नृत्यांगना पद्म विभूषण सोनल मान सिंह का सम्मान समारोह	02.05.2016
7.	संगीत विभाग, राजशाही विश्वविद्यालय, बांग्लादेश द्वारा भारतीय शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुति	06.05.2016
8.	विख्यात नृत्यांगना शर्मिष्ठा मुखर्जी का नृत्य कार्यक्रम	11.05.2016
9.	अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (श्री पी .सी. होम्बल, विभागाध्यक्ष नृत्य एवं डा. शिवराम शर्मा, संगीतशास्त्र विभाग द्वारा योग पर व्याख्यान)	21.06.2016
10.	भारतीय सांस्कृतिक संम्बन्ध परिषद् (विदेश मंत्रालय, भारत सरकार), क्षेत्रीय कार्यालय, वाराणसी एवं संगीत एवं मंच कला संकाय,बी.एच.यू. के संयुक्त तत्वावधान में **कथक नृत्य** कलाकार–समीक्षा शर्मा (जयपुर घराना)	19.08.2016 से 20.08.2016
11.	भारत वर्ष के 70वें स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर**'जरा याद करो कुर्बानी'** अन्तर विभागीय देश भक्ति समूह गीत प्रतियोगिता–2016 का आयोजन	22.08.2016
12.	नृत्य नाटिका (प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम (1857) अमर विरांगना रानी लक्ष्मीबाई की जीवन गाथा **"खूब लड़ी मर्दानी वह तो झांसी वाली रानी थी"**	23.08.2016
13.	व्याख्यानः डॉ. अरविन्द कुमार विभागाध्यक्ष, संगीत विभाग, मगध महिला महाविद्यालय, पटना द्वारा विषयः "लोक एवं शास्त्रीय संगीत का अन्तःसम्बन्ध" गायन विभाग द्वारा आयोजित।	17.09.2016
14.	गायन विभाग द्वारा आयोजित गायन कार्यक्रमः गायन–कलापिनी कोमकली (देवास, मध्यप्रदेश) द्वारा, तबला संगतकार – श्री रामेन्द्र सिंह सोलंकी (भोपाल), हारमोनियम संगतकार–श्यामा कुमार भारती दिल्ली),	19.09.2016
15.	'कालिदास के नाटकों में नृत्य प्रसंग' विषय पर डॉ. राजेन्द्र उपाध्याय का व्याख्यान–प्रदर्शन	18.11.2016
16.	'नृत्य : जीवन की क्रियाशीलता' विषय पर डॉ. नीरज खन्ना का व्याख्यान	23.11.2016
17.	राष्ट्रीय संस्कृति महोत्सव : काशी हिन्दू विश्वविद्यालय	17.12.2016 से 24.12.2016
18.	शताब्दी वर्ष के सांस्कृतिक आयोजनों का समापन एवं पूर्वाचार्य स्मृति संगीत समारोह (शताब्दी वर्ष समारोह प्रकोष्ठ एवं संगीत एवं मंच कला संकाय द्वारा संयुक्त आयोजन)	23.01.2017 से 25.01.2017

२.१.२.६. सामाजिक विज्ञान संकाय

सामाजिक विज्ञान संकाय काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के सबसे पुराने तथा प्रतिष्ठित अधिगम केन्द्रों में से एक है। सामाजिक विज्ञान संकाय (कला संकाय जो कि पहले केन्द्रीय हिन्दू महाविद्यालय था, से विभाजित) की स्थापना १९७१ में हुई, जिसके अंतर्गत पाँच विभाग-अर्थशास्त्र, इतिहास, राजनीतिशास्त्र, मनोविज्ञान तथा समाजशास्त्र शामिल हैं। यह संकाय विभिन्न केन्द्रों को भी संचालित करता है यथा- एकीकृत ग्रामीण विकास केन्द्र, नेपाल अध्ययन केन्द्र, सामाजिक अपवर्जन तथा समावेशी अध्ययन केन्द्र, महिला अध्ययन तथा विकास केन्द्र तथा मालवीय शान्ति एवं अनुसंधान केन्द्र। इस संकाय के अध्यापकों ने अपने बौद्धिक कार्यों के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय प्रसिद्धि प्राप्त की है। यू.के., यू.एस.ए., जर्मनी, इटली तथा अन्य विकसित देशों से विभिन्न सामाजिक वैज्ञानिक यहाँ शैक्षिक भ्रमण पर आते रहते हैं। आई आर डी पी, मालवीय शांति एवं अनुसंधान केन्द्र तथा महिला अध्ययन एवं विकास केन्द्र ने मानव संबंधों तथा सामाजिक एकजुटता के विकास के क्षेत्र में सराहनीय शैक्षिक परिणाम प्रस्तुत किये हैं।

वर्तमान सत्र के दौरान सामाजिक विज्ञान संकाय में स्थापित पीठः

- डॉ. बी. आर. अम्बेडकर पीठ: निदेशक, डॉ. अम्बेडकर संस्था, सामाजिक न्याय तथा सशक्तिकरण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली (स्वीकृत राशि रू.७.०० लाख)
- पं. दीन दयाल उपाध्याय पीठ: उप सचिव, भारत सरकार (स्वीकृत राशि रू.५.०० करोड़)

लैंगिक संवेदीकरण (जागरूकता) प्रकोष्ठः संकाय में महिला छात्रों के हित लाभ को संरक्षित करने हेतु सामाजिक विज्ञान संकाय में ०१.१०.२०१६ को लैंगिक संवेदीकरण (जागरूकता) प्रकोष्ठ की स्थापना की गयी। इसके अतिरिक्त, अन्य गतिविधियां इस प्रकार हैं:

- २५.११.२०१६ की विश्वविद्यालय के समर्थ ग्राम अभियान के तहत जीएससी के द्वारा वाराणसी जिले के २० गांवों का सर्वेक्षण कार्यक्रम।
- २२.०१.२०१७ की डॉ. अनिल चौबे, भू.पू. कुलसचिव, विधि विश्वविद्यालय, भोपाल का विशेष व्याख्यान तथा लैंगिक जागरूकता पर वृत्तचित्र की प्रस्तुति।
- ०१.०२.२०१७ को विश्वविद्यालय स्थापना दिवस पर जीएससी के द्वारा झाँकी कार्यक्रम।
- २३.०२.२०१७ को प्रोफेसर जगदीश शुक्ला, यूएसए का विशेष व्याख्यान।
- ''विश्व रंग मंच दिवस'' पर २७.०३.२०१७ को जीएससी के द्वारा संदेश प्रेरक नाटक 'अवरुद्ध' का आयोजन।

२.१.२.७. संस्कृत विद्या धर्म विज्ञान संकाय

संस्कृतभाषा विश्व की प्राचीन भाषाओं में से एक है। इसका वाङ्मय भारतीय संस्कृति के सभी अंगों की प्रामाणिक एवं व्यापक अभिव्यक्ति करता है। इस भाषा एवं साहित्य के ऐतिहासिक महत्त्व का अनुभव करते हुए काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में संस्कृत कॉलेज (महाविद्यालय) की स्थापना सन् १९१८ में हुई थी। बाद में इसी का नामान्तर प्राच्यविद्या धर्मविज्ञान संकाय हुआ। वर्तमान में यह संस्कृतविद्या धर्मविज्ञान संकाय के नाम से सुविख्यात है।

यह संकाय मुख्य रूप से प्राचीन शास्त्रों, संस्कृत भाषा और साहित्य के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु समर्पित है। साथ ही इसका एक अन्य प्रयोजन पूर्व और पश्चिम में सार्थक संवाद स्थापित करना है।

यह संकाय अपनी प्रकृति में विलक्षण है। इसमें शास्त्रीय ग्रंथों का शब्दशः अध्ययन-अध्यापन प्राचीन पद्धति के अनुसार होता है। इसमें छात्रों का मौखिक और लिखित-उभयविध परीक्षण किया जाता है। इस संकाय को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के व्यापक परिवेश में आधुनिक चिंतन, विज्ञान और तकनीक से संवाद स्थापित करने का विशिष्ट अवसर प्राप्त है, क्योंकि इस प्रकार का व्यापक परिवेश भारत के अन्य किसी भी संस्थान में दुर्लभ है।

वर्तमान में इस संकाय के अन्तर्गत कुल आठ विभाग कार्यरत हैं- वेद विभाग, व्याकरण विभाग, साहित्य विभाग, ज्योतिष विभाग, वैदिकदर्शन विभाग, जैनबौद्ध दर्शन विभाग, धर्मशास्त्र मीमांसा विभाग एवं धर्मागम विभाग। इन विभागों में लगभग २३ विषयों का शिक्षण होता है तथा त्रिवर्षीय (छः सेमेस्टर) शास्त्री सम्मान और द्विवर्षीय (चार सेमेस्टर) आचार्य उपाधियाँ दी जाती हैं। इसके अतिरिक्त सभी विषयों में उच्चकोटि के अनुसंधान की सुविधा भी उपलब्ध है जिसके माध्यम से विद्यावारिधि की उपाधि दी जाती है। इन पाठ्यक्रमों के अतिरिक्त धर्मागम विभाग के अन्तर्गत एकवर्षीय संस्कृत प्रमाणपत्रीय पाठ्यक्रम तथा द्विवर्षीय 'डिप्लोमा इन शैवागम' पाठ्यक्रम भी संचालित होते हैं। इन पाठ्यक्रमों का भारतीय और विदेशी - सभी छात्र समान रूप से लाभ लेते हैं। वेद और ज्योतिष विभाग क्रमशः कर्मकाण्ड में प्रमाणपत्रीय पाठ्यक्रम और ज्योतिष तथा वास्तुशास्त्र में द्विवर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित करते हैं। शोध सहित सभी पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश दिया जाता है। स्नातक, स्नातकोत्तर एवं शोधार्थियों के लिए छात्रवृत्ति एवं छात्रावास की सुविधा उपलब्ध है। संकाय का अपना स्वतंत्र पुस्तकालय है, जिसमें लगभग २५ हजार सामान्य और दुर्लभ पुस्तकें एवं पाण्डुलिपियों का संग्रह है। यह ग्रंथालय भारतीय एवं विदेशी जिज्ञासुओं को अपनी सेवाएं प्रदान करता है। शिक्षकों एवं छात्रों के अनुसंधानपरक गंभीर लेखों के प्रकाशनार्थ 'संस्कृतविद्या' नामक वार्षिक पत्रिका का प्रकाशन भी यह संकाय करता है। प्रकाशन की गतिविधियाँ संकाय के प्रकाशन अनुभाग के माध्यम से संचालित होती हैं। संकाय का पंचांग अनुभाग सन् १९२६ से नियमित रूप से विश्वपंचांग का प्रकाशन कर रहा है।

इस संकाय के छात्रों के लिए सावधि जमा छात्रवृत्ति, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की छात्रवृत्ति, राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान द्वारा प्रदत्त अनेक छात्रवृत्तियों की सुविधा उपलब्ध है। इस वर्ष छात्रों की योग्यता के आधार पर राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान द्वारा कई छात्रों को छात्रवृत्तियाँ प्राप्त हुई हैं। इसके अतिरिक्त समस्त शोध छात्रों को ८०००/- रु. प्रतिमाह विश्वविद्यालय द्वारा यू.जी.सी. छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है तथा निर्धन छात्रों को श्री विश्वनाथ मंदिर द्वारा नि:शुल्क भोजन भी प्रदान किया जाता है।

संकाय के विद्वानों द्वारा विभिन्न संगोष्ठियों में सहभागिता

देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों में राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठियों में इस संकाय के विद्वानों की सहभागिता रही है तथा व्याख्यान दिये हैं, जिनमें विद्वानों ने विविध सत्रों की अध्यक्षता के साथ ही शोध-पत्रों का वाचन किया है तथा व्याख्यानमालाओं में व्याख्यान प्रस्तुत किये हैं।

शोध एवं प्रकाशन

विगत कतिपय वर्षों में संकाय के विद्वानों की लगभग २०० से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। अन्तर्राष्ट्रीय तथा राष्ट्रीय शोध प्रत्रिकाओं में लगभसग ४०० शोध लेख प्रकाशित हो चुके हैं। कई लेख अखिल भारतीय सम्मेलनों में पुरस्कृत भी हो चुके हैं। संकाय में मुख्यत: प्राचीन शास्त्रों में स्थित विभिन्न विषयों पर शोध किया जाता है। जिससे आधुनिक अन्य सम्बद्ध विषयों के शोधार्थी लाभान्वित होते हैं। संकाय से प्रतिवर्ष शोध-पत्रिका 'संस्कृतविद्या' प्रकाशित होती है, जिसमें संकाय के विद्वानों के शोधपरक लेख प्रकाशित होते हैं।

संकाय ग्रंथालय

संकाय ग्रंथालय में लगभग २५,००० से भी अधिक पुस्तकों तथा सैकड़ों पाण्डुलिपियों का विशाल संग्रह है। संकाय के पंचांग अनुभाग द्वारा प्रतिवर्ष विश्वपंचांग का निर्माण एवं संपादन होता है। संकाय के प्रकाशन अनुभाग द्वारा महत्त्वपूर्ण संस्कृत ग्रन्थों का प्रकाशन होता है। इस अनुभाग द्वारा 'संस्कृतविद्या' शोध-पत्रिका का प्रकाशन प्रतिवर्ष किया जाता है।

भावी योजनाएँ

वेद विभाग

- अध्यापन में शैक्षणिक श्रेष्ठता लाने के लिए वैदिक ग्रन्थों के व्याख्यान में वेदों के आधिदैविक पक्ष के विज्ञान को प्रकाशित करना।
- वेदों में निहित प्राचीन विज्ञान को शोध एवं प्रकाशनों के द्वारा लोगों के समक्ष प्रस्तुत करना।
- अनुसन्धानपरक उपर्युक्त तथ्यों को सामने लाने के लिए वैदिक प्रयोगशाला प्रस्तावित है।
- वैदिक श्रौत यागों का प्रयोग एवं प्रशिक्षण
- महत्त्वपूर्ण वैदिक ग्रन्थों का अनुवाद
- सर्टिफिकेट कोर्स एवं डिप्लोमा कोर्स चलाने का प्रस्ताव

व्याकरण विभाग

- छात्रों को संस्कृत भाषा में निपुण बनाकर व्याकरण शास्त्र का गम्भीर ज्ञान कराना एवं व्याकरण शास्त्र को समाजोपयोगी बनाना विभाग का प्रथम संकल्प है।
- पाणिनिव्याकरण के प्राचीन ग्रन्थों का परम्परागत पद्धति से पंक्तिश: अध्ययन एवं अध्यापन के माध्यम से व्याकरण शास्त्र की संरक्षा।
- पाणिनीय व्याकरण में निहित भाषातात्त्विक तत्त्वों को शोध, परिसंवाद तथा दृश्यश्रव्यांकन के माध्यम से आधुनिक सम्बद्ध शोधार्थियों के समक्ष प्रस्तुत करवाना।
- प्राचीन व्याकरणग्रन्थों का हिन्दी भाषा में अनुवाद।
- व्याकरण शास्त्र का वृहद् कोश तैयार कराना।
- प्रत्येक पक्ष की त्रयोदशी को संगोष्ठी के माध्यम से काशी की शास्त्रार्थ परम्परा को छात्रों तक पहुंचाने का प्रयास करना।
- शोध-छात्रों को परम्परागत वास्तविक शोधविधियों का ज्ञान कराना तथा उच्च शोध कराने का प्रयास करना। साथ ही पारम्परिक विषयों में नवीनतम शोध के माध्यम से उनका विश्लेषण करना ।
- किसी पारम्परिक विद्वान् को विभाग में आहूत कर 'वैयाकरणसिद्धान्तलघुमंजूषा' जैसे दार्शनिक ग्रन्थ का पंक्तिश: अध्ययन कराना तथा उस पर दिये गये समस्त व्याख्यानों को टीका के रूप में प्रकाशित कराना।

ज्योतिष विभाग

- वेधशाला का निर्माण
- लघुयंत्रों का व्यावहारिक प्रशिक्षण
- संगणक प्रयोगशाला
- आचार्यभट्ट वराहमिहिर व्याख्यानमाला
- विस्तार भाषण एवं कार्यशालाएं

वैदिक दर्शन विभाग

- योग प्रयोगशाला का निर्माण
- प्रस्तावित पीजी डिप्लोमा इन योग शिक्षा
- महत्वपूर्ण दर्शन के प्राचीन ग्रंथों का अनुवाद एवं संपादन
- कार्यशाला एवं शोध संगोष्ठी का आयोजन

२.१.२.८. दृश्य कला संकाय

दृश्य कला संकाय (स्थापित १९५०), काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, भारतवर्ष के प्रमुखतम् कला संस्थानों में है, जहाँ ललित कला के मुख्य पाठ्यक्रमों में व्यावहारिक कला, चित्रकला, टेक्सटाइल डिजाइनिंग, प्लास्टिक आर्ट (मूर्तिकला) तथा पॉटरी-सिरेमिक में स्नातक (बीएफए) और परास्नातक (एमएफए) की उपाधियाँ प्रदान की जाती हैं। संकाय परास्नातक के उपरान्त परास्नातकोत्तर (डॉक्टोरल) पाठयक्रम के अर्न्तगत शोध-कार्य के अवसर भी प्रदान करती है। दृश्य कला का इतिहास एवं रूपांकन एक आवश्यक विषय के रूप में, स्नातक एवं परास्नातक के साथ कला की समस्त शाखाओं में शोध के अवसर भी प्रदान करता है। दृश्य कला संकाय उन गिने-चुने संस्थानों में से एक है, जहाँ उपर्युक्त सभी पाठ्यक्रमों में परास्नातक की उपाधि प्रदान करने की विशिष्टता के कारण, न केवल सम्पूर्ण भारत, बल्कि सार्क राष्ट्रों (एसएएआरसी) एवं दूरस्थ अमेरिका यूरोप के छात्र भी इसकी ओर आकर्षित होते हैं। यह संस्थान अपने शैक्षणिक कार्यक्रमों द्वारा विद्यार्थियों में सृजनात्मक विचारों को विकसित करने के साथ उनमें उद्यमशीलता को भी बढ़ावा देने का सतत् प्रयास कर रहा है, जिससे छात्र समाज में सकारात्मक भूमिका निभाते हुए सार्थक चिंतन के साथ, समग्र राष्ट्र की समसामयिक कलात्मक गतिविधियों में परस्पर सामंजस्य स्थापित कर सकें। वैश्विक कलाशिक्षा के संदर्भ के अनुरूप सेमेस्टर प्रणाली से शिक्षा को मुख्य धारा में जोड़ने का प्रयास किया गया है, जिससे समसामयिक कलात्मक गतिविधियों को आत्मसात् करते हुए देश की मुख्य धारा से जुड़ सके। बीएफए एवं एमएफए स्तर के निर्धारित सभी पाठ्यक्रम रोजगारपरक हैं तथा समस्त उपाधि-धारक देश-विदेश में विभिन्न नियोजकों द्वारा रोजगार प्राप्त कर अपनी दक्षता का परिचय देते आ रहे हैं।

शिक्षणेत्तर गतिविधियों में संकाय की भूमिका उल्लेखनीय रही है। अन्तर विश्वविद्यालयीय पूर्वी क्षेत्र महोत्सव में ललित कला प्रतियोगिताओं में श्रेष्ठता के साथ राष्ट्रीय युवा महोत्सव में प्रशंसनीय कार्य किया। अंतर संकाय युवा महोत्सव स्पंदन २०१७ प्रतिस्पर्धाओं में समस्त संकायों में दृश्य कला संकाय उपविजेता एवं फाइन आर्ट्स में प्रथम स्थान रहा।

फाइन आर्ट्स के क्षेत्र में लगातार तीन वर्षों से भारत के समस्त ललित कला संस्थानों/विद्यालयों में दृश्य कला संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की इस संस्था ने प्रथम स्थान पर रहने का गौरव प्राप्त किया है।

सृजनात्मक विकास की दृष्टि से वर्तमान शैक्षणिक सत्र, अति सफल कहा जा सकता है। संकाय के अध्यापकों द्वारा देश-विदेश में विभिन्न संगोष्ठियों में हिस्सेदारी, एकल प्रदर्शनियाँ, सामूहिक प्रदर्शनियों में भागीदारी, शोध-प्रपत्रों का प्रकाशन, मूल्यांकन हेतु विभिन्न संस्थानों में आमंत्रित तथा प्रदर्शनियों के निर्णायक मण्डल के सदस्य के रूप में नामंकित किये गये। वर्तमान सत्र टेक्सटाईल डिजाईन, पॉटरी सिरेमिक, अप्लाइड आर्ट्स, एवं चित्रकला तथा बीएफए प्रथम वर्ष की वार्षिक प्रदर्शनियाँ संकाय की कला दीर्घा में प्रदर्शित की गयी। सम्पूर्ण सत्र में एकल एवं सामूहिक कुल १९ प्रदर्शनियाँ जिनमें १८ राष्ट्रीय एवं १ अन्तर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी आयोजित हुई। का.हि.वि.वि. की अर्न्तसंकायीय सांस्कृतिक उत्सव स्पंदन-१७, में दृश्य कला संकाय में उपविजेता एवं फाईन आर्ट्स में प्रथम स्थान रही। व्यावहारिक कला विभाग ने 'छायाचित्र आधारित वर्चुअल एक्सचेंज प्रोग्राम' के अन्तर्गत प्लाईमाउथ कॉलेज ऑफ आर्टस, लन्दन के साथ मिलकर प्रतिभागिता की। अभिकल्प

नवप्रवर्तन केन्द्र द्वारा १५ दिवसीय ग्रीष्म कालीन कार्यशाला का आयोजन दिनांक २० जून से ४ जुलाई २०१६ किया गया। अभिकल्प नवप्रवर्तन केन्द्र द्वारा भी २५ डिजाइन फ्राइडे एवं १ ओरिएन्टेशन प्रोग्राम, दैनिक जागरण के साथ संयुक्त रूप से एक कला प्रतियोगिता का आयोजन किया। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के ''९९वें दीक्षांत समारोह'' के अंश रूप में दृश्य कला संकाय के व्याख्यान कक्ष प्रथम में दिनांक १६ जनवरी, २०१७ को आयोजित किया गया, जिसमें शैक्षणिक सत्र २०१६-१७ में उत्तीर्ण बीएफए, एमएफए एवं शोध छात्रों (पी.एचडी.) को उपाधि एवं पदक वितरित किया गया। स्वर्ण पदक प्राप्त छात्रों में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले बीएफए के एक-एक छात्र को १६ जनवरी, २०१७ को आयोजित मुख्य दीक्षांत समारोह में पदक प्रदान किया गया।

राष्ट्रीय संस्कृति महोत्सव २०१६

प्रदर्शनी के प्रकार	प्रदर्शक/कलाकार	अवधि
राष्ट्रीय	संदीप कुमार प्रजापति, ग्रुप बीएफए, तृतीय वर्ष, चित्रकला विभाग	२४ से २६ अक्टूबर २०१६
राष्ट्रीय	जुगल सुत्रधार, असिस्टेंट प्रोफेसर, इंस्टीट्युट ऑफ फारमास्युटिक, हरिश्चन्द्र पी.जी. कॉलेज, वाराणसी	१० से १३ नवम्बर, २०१६
राष्ट्रीय	एक्जिविशन ऑफ आर्ट कलेक्शन, स्टेट ललित कला अकादमी, यूपी	२१ से २५ नवम्बर, २०१६
राष्ट्रीय	नेशनल आर्ट फेस्टिवल, वाराणसी थ्रू क्रिएटिव आईस, पेंटिंग वर्कशाप	५ से ११ दिसम्बर, २०१६
राष्ट्रीय	राष्ट्रीय संस्कृति महोत्सव २०१६, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार	१७ से २४ दिसम्बर २०१६
राष्ट्रीय	स्पंदन प्रतियोगिता, दृश्य कला संकाय	४ से ९ फरवरी २०१७
राष्ट्रीय	दामिनी शर्मा, एमएफए फाइनल, चित्रकला विभाग, दृश्य कला संकाय	७ से ९ फरवरी २०१७
राष्ट्रीय	श्वेता रानी घोष एवं ग्रुप, पॉटरी प्रदर्शनी, पॉटरी विभाग	१३ से १५ फरवरी २०१७
राष्ट्रीय	वार्षिक कला मेला कार्यशाला, दृश्य कला संकाय	१८ से २३ फरवरी २०१७
राष्ट्रीय	वार्षिक कला प्रदर्शनी एवं कला मेला २०१७, दृश्य कला संकाय	२५ से २८ फरवरी २०१७
राष्ट्रीय	अजय प्रकाश एवं ग्रुप, एमएफए फाइनल, चित्रकला विभाग	९ से १२ मार्च २०१७
राष्ट्रीय	प्रज्ञा सिंह एवं ग्रुप	२० से २२ मार्च २०१७
राष्ट्रीय	स्पन्दन २०१७, बीएचयू	२६ से ३१ मार्च २०१७
राष्ट्रीय	काशी राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी २०१७	४ से ८ अप्रैल २०१७
अन्तर्राष्ट्रीय	जापान फाउण्डेशन, चिहिरो इवासाकी, आर्टिस्ट एण्ड बुक इलस्ट्रेटर	१० से १३ अप्रैल २०१७
राष्ट्रीय	रत्नदीप-ग्रुप	१७ से १८ अप्रैल २०१७
राष्ट्रीय	डिसप्ले ऑफ एमएफए (चित्रकला)	२१ से २२ अप्रैल २०१७
राष्ट्रीय	डिसप्ले ऑफ एमएफए (चित्रकला)	२४ से २७ अप्रैल २०१७

२.१.३. महिला महाविद्यालय

भारत निर्माण के स्वप्द्रष्टा महामना पंण्डित मदन मोहन मालवीय द्वारा स्थापित काशी हिन्दू विश्वविद्यालय शताब्दी वर्ष मना रहा है। स्त्रियों के उच्च शिक्षण एवं बहुमुखी विकास हेतु स्थापित महिला महाविद्यालय ने ८७ वे वर्ष में प्रवेश कर लिया है। महामना के हदय में स्त्री शिक्षण की अनंत स्पृहा विधमान थी। अपने व्यक्तव्यों एंव लेखन में महामना ने आंरभ से ही स्त्री शिक्षण की अनिवार्यता को सदैव रेखांकित किया है। मातृ स्वरूप में स्त्री की भूमिका की सदैव सराहना करते हुए स्त्रियों को राजनीतिज्ञों, विद्वानों, तत्वज्ञानियों, व्यापार एवं कला कौशल के नेताओं की प्रथम शिक्षिका स्वीकार किया है। महिला महाविद्यालय स्त्री उच्च शिक्षण की प्रथम ईकाई के रूप में विद्यमान है। इसमें छ संकायों- कला, सामाजिक विज्ञान, दृश्य कला, मंचकला एवं शिक्षा के अन्तर्गत इकतीस विषयों का अध्यापन होता है। स्नातक उपाधि हेतु ३ वर्षो का पाठ्यक्रम ६ समेस्टर में सुयोजित है। स्नातकोत्तर बायोइन्फॉरमेटिक्स एवं गृह विज्ञान शिक्षा विषयों में दो वर्षो का पाठ्यक्रम सुचारू रूप से चालित है।

वैश्वीकरण के परिप्रेक्ष्य में अनुकूल आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु महिला महाविद्यालय अपने समक्ष आनेवाली चुनौतियों के बरक्स संसाधनों की पूर्ति हेतु निरन्तर गतिशील है। यह संख्या अधुनात ज्ञान विज्ञान के शिक्षण हेतु प्रयासरत है।

शिक्षण-कौशल की सम्पन्नता

इस वर्ष के परीक्षा परिणाम में विश्वविद्यालय स्तर पर बी.ए.सी., बी.ए., एम.एस.सी. बायोइन्फॉरमेटिक्स और एम.शिक्षा विषयों में प्रथम स्थान पर महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने उल्लेखनीय योगदान हासिल किया है। जिसमें प्राध्यापिकाओं एवं प्राध्यापकों के गम्भीर एवं नियमित पठन पाठन एवं शिक्षण के प्रति समर्पण का विशेष योगदान रहा है।

आधारभूत संरचना : वैश्वीकरण के परिप्रेक्ष्य में नवीन शिक्षा प्रणाली की चुनौतियों का देखते हुए अनुकूल आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु महिला महाविद्यालय की आधारभूत संरचना उत्तरोत्तर प्रगति पर है। ऐतिहासिक धरोहर के रूप में मुख्य भवन हेरिटेज हॉल, (केन्द्रीय कक्ष में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू जी ने छात्राओं को संबोधित किया था) प्राचार्या कक्ष समिति कक्ष कार्यालय कक्ष शिक्षण कक्ष प्रयोगशाला कक्ष तथा प्राध्यापिकाओं के कक्ष तथा ५२,६०८ पुस्तकों से सुसज्जित कम्प्यूटरीकृत पुस्तकालय से युक्त स्थित है। मुख्य भवन बायी तरफ तीन मंजिलों में १५ कक्षों की इमारत है। उसी दिशा में नवीन लेक्चर थियेटर तथा प्राध्यापिकाओं के लिए कक्ष निर्मित हुआ है। उसके ऊपर कई प्रयोगशालाएँ एवं कमरे निर्माणाधीन है। मुख्य भवन के पश्च भाग में सावित्री देवी डालमिया विज्ञान भवन निर्मित है।

इस भवन में आधुनिक संसाधनों एवं नवीन उपकरणों तथा प्रकाश से युक्त प्रयोगशालाएं, प्राध्यापिकाओं के कक्ष, कान्फ्रेस हॉल तथा शिक्षण हेतु बड़े-बड़े कक्ष बने हुए हैं।

विज्ञान भवन में यूवी विज़िबल् स्पेक्ट्रोफोटो मीटर जैसे उपकरण युक्त केन्द्रीय प्रयोगशाला की सुविधा प्राप्त है। शोधकार्यो के लिए

वनस्पति विज्ञान, जीव विज्ञान, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान तथा बायाइन्फार्मेटिक्स की पृथक-पृथक प्रयोगशालाएँ उपलब्ध हैं।

महिला महाविद्यालय में नगर निकाय कक्ष एवं प्रेक्षागृह भी छात्राओं के व्यक्तित्व के बहुमुखी विकास हेतु निर्मित है। छात्राओं की आवासीय सुविधा हेतु स्वस्ति कुन्ज, कीर्तिकुन्ज, ज्योति कुन्ज, डायमण्ड जुबली के अवसर पर निर्मित श्रीमती कुन्दन देवी छात्रावास तथा प्रज्ञाकुन्ज निर्मित है। प्रत्येक छात्रावास में भोजन कक्ष, पेय जल और दूरदर्शन आदि की व्यवस्था हैं। महिला महाविद्यालय में रूचिरा कैन्टीन तथा फल, नमकीन और स्नैक की दुकान भी है। यहाँ विद्यालय के मुख्यद्वार पर फोटो कॉपी एवं टाइपिंग आदि की सुविधा उपलब्ध है। छात्राओं के अभिनव ज्ञान वर्धन के लिए १८ संजाल युक्त साइबर हट की व्यवस्था प्राप्त है।

संगोष्ठी, कार्यशाला एवं व्याख्यान

- काशी की संस्कृति- आधुनिक परिपेक्ष्य में शीर्षक पर ३१ मार्च २०१६ से ६ अप्रैल २०१६ तक सात दिवसीय गौरवशाली इतिहास संस्कृति तथा वर्तमान समय में प्रासंगिकता को कैसे शोध पत्र लिखे जाए।
- प्रथम वार्षिक छात्र सम्मेलन ८ अप्रैल २०१६ को तुलनात्मक साहित्य और संस्कृति विषय पर महिला महाविद्यालय में आयोजित किया गया। काशी के गौरवशाली इतिहास संस्कृति तथा वर्तमान समय में प्रासंगिकता पर गंभीर चिन्तन किया गया।
- २४ अप्रैल २०१६ को एक दिवसीय शोध कार्यशाला का आयोजन किया गया जो स्नातक की छात्राओं के लिए विशेष रूप से था। कार्यशाला में उन्हें शोध के विभिन्न क्षेत्रों तथा कैरियर को उन्नत बनाने के गुर सिखाए गए।
- २७ अप्रैल २०१६ को प्रथम बार महिला महाविद्यालय के गैर शिक्षण कर्मचारियों के लिए महिला महाविद्यालय की प्राचार्या द्वारा शताब्दी वर्ष लैंगिक संवेदनशीलता प्रोग्राम किया गया।
- २८ मई २०१६ को पद्मश्री प्रो० राम हर्ष सिंह ने शताब्दी वर्ष विशेष व्याख्यान तहत आयुर्वेद की भूमिका राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली विषय पर व्याख्यान दिया।
- ६ सितम्बर को क्रियेटिव फोरम महिला महाविद्यालय स्मरण: निदा फाजली पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया।
- द्वितीय शताब्दी वर्ष के तहत २५ सितम्बर २०१६ को एक दिवसीय शोध प्रेरक कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- ०६-०७ नबम्बर २०१६ को दो दिवसीय कार्यशाला बायोइन्फोरमेटिक्स विभाग द्वारा सम्पन्न करायी गई।
- भारतीय दर्शन का ज्ञान मीमांसीय योगदान विषय पर १५ नवम्बर २०१६ को विश्व दर्शन दिवस के उपलक्ष्य में प्रो. पी.के. मुखोपाध्याय भूतपूर्व विभागाध्यक्ष दर्शन विभाग जाधवपूर विश्वविद्यालय का व्याख्यान आयोजित कराया गया।
- राष्ट्रीय संस्कृति महोत्सव के तहत महिला महाविद्यालय ने विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।
- पर्यावरण भारतीय संस्कृति और भूमंडलीकरण की चुनौतियों विषय पर दिनांक ०४.०२.२०१७ से ०५.०२.२०१७ तक दो दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ के कुलपति पृथ्वीनाग और प्रो. सीताराम दूबे काशी विश्वविद्यालय तथा अन्य गणमान्य विभूतियाँ उपस्थित थी।
- लोककला संस्कृति एवं साहित्य: भारतीय विरासत विषय पर १८-२४ मार्च तक सात दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- अल्यूमिनाई कार्यक्रम २७.०२.२०१७ को पुरा छात्रा की ओर से श्री अरविन्द दर्शन एवं विकासवाद विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें फ्रेंच विभाग विभागाध्यक्ष प्रो अखिलेश कुमार ने व्याख्यान प्रस्तुत किया।
- २८.०२.२०१७ को वार्षिक पुराछात्र समागम समारोह आयोजित किया गया जिमें अनुराग एवं अभिनव कश्यप की माता को सम्मानित किया गया। महिला महाविद्यालय सांस्कृतिक एसोसियेशन ने २५ जनवरी से ३१ जनवरी २०१७ तक संघ ने मंथन के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। जिनमें प्रमुख है- निबन्ध प्रतियोगिता, हिन्दी वाद विवाद, संस्कृत, बंगाली, चित्रकला प्रतियोगिता, रविन्द्र संगीत, अंग्रेजी वाद विवाद प्रतियोगिता, रंगोली, उर्दू बैंतबाजी आदि।

एकेडेमिक फोरम

- महिला महाविद्यालय का एकेडेमिक फोरम सक्रिय रूप से भागीदारी करता है विभिन्य विषयों एवं क्षेत्रों के विशेषज्ञों को अपने अनुभव साझा करने के लिए आमंत्रित करते है।
- अंग्रेजी विभाग द्वारा आयोजित शताब्दी वर्ष इंग्लिश लिटरेरी क्विज़ में महिला महाविद्यालय सलोनी रचना और प्रीति ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।
- मंथन के अन्तर्गत होने वाली विविध प्रतियोगिताओं में हिन्दी, अंग्रेजी और विज्ञान वाद-विवाद, संस्कृत श्लोक, पोस्टर, पेंटिंग, रंगोली, हिन्दी, अंग्रेजी, बंगला और संस्कृत भाषाओं में निबंध प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं।

प्रवेश एवं परीक्षाओं का केन्द्र

महिला महाविद्यालय विगत कई वर्षों से विश्वविद्यालय के स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने वाली छात्राओं का संभार वहन कर रहा है तथा विश्वविद्यालय से संबंध सभी महाविद्यालयों की छात्राओं का परीक्षा केन्द्र है। प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष के दोनों सत्रों में भारी संख्या में छात्राओं ने सुविधापूर्वक परीक्षाएँ दीं।

महामना जी की दूरगामी दृष्टि व सार्वभौमिक तथा सार्वकालिक मूल्य परक विचारों को ग्रहण करता हुआ महिला महाविद्यालय अपनी हर कोशिश में महिलाओं की उच्च शिक्षा की निरन्तर समृद्धि और बहुमुखी उन्नत दिशा की ओर संकर्षित करने में प्रयासरत है।

२.१.४. अध्ययन केन्द्र

२.१.४.१. खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी केन्द्र
२.१.४.२. आनुवांशिकी विकार केन्द्र
२.१.४.३. डी.एस.टी.-अन्तर्विषयक गणितीय विज्ञान केन्द्र
२.१.४.४. नेपाल अध्ययन केन्द्र
२.१.४.५. महिला अध्ययन एवं विकास केन्द्र
२.१.४.६. मालवीय शांति अनुसंधान केन्द्र
२.१.४.७. समन्वित ग्रामीण विकास केन्द्र
२.१.४.८. सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति अध्ययन केन्द्र
२.१.४.९. मस्तिष्क अनुसंधान केन्द्र
२.१.४.१०. हाइड्रोजन ऊर्जा केन्द्र
२.१.४.११. नैनो विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी इकाई/केन्द्र

२.१.४.१. खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी केन्द्र

खाद्य विज्ञान एवम् प्रौद्योगिकी केन्द्र की स्थापना २००८ में हुई। केन्द्र में एक प्रायोगिक संयंत्र जिसमें दुग्ध प्रसंस्करण, फल एवं सब्जी प्रसंकरण, स्प्रे ड्रायर, रिटोंट मशीन तथा पैकेजिंग सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त अत्याधुनिक उकरणों से लैस एक प्रयोगशाला भी है। खाद्य विज्ञान एवम् प्रौद्योगिकी केन्द्र के शोध के क्षेत्र दुग्ध प्रौद्योगिकी, कार्यान्वित खाद्य प्रदार्थ, किण्वण तकनीक, त्वरित खाद्य पदार्थ, फलों की टाफी, अधिक हरी वसी फसली ब्रैड बिस्कुट, कृषि अपशिष्ट पदार्थो से जैव उत्प्रेरकों तथा जैव कणों का उत्पादन आदि रहा। कृषि विज्ञान अनुसंधान परिषद् द्वारा केन्द्र में क्राफ्ट (शिक्षकों का आधुनिक प्रशिक्षण कार्यक्रम) केन्द्र प्रदान किया गया। इसके अलावा केन्द्र द्वारा खाद्य विज्ञान की विख्यात संगठन ''एफ एस टी आई'' का वाराणसी -अध्याय खोला गया। केन्द्र द्वारा भारतीय पैकेजिंग संस्थान केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थान तथा डी.एस.एम. से अनुसंधान सहयोग के लिए समक्षौते पर हस्ताक्षर किए गए। केन्द्र की तरफ से खाद्य प्रौद्योगिकी, अनाज प्रौद्योगिकी एवं खाद्य कीटाणु विज्ञान पर मैनुअल प्रकाशित किए गए। प्रो. अनिल कुमार चौहान तथा डॉ. अभिषेक दत्त त्रिपाठी ने थाइलैंड में आयोजित बीसवें वैश्विक नैदानिक पोषण सम्मेलन में व्याख्यान दिया। प्रो. अनिल कुमार चौहान को अंतर्राष्ट्रीय नैदानिक पोषण समिति का महासचिव नियुक्त किया गया।

गतिविधियाँ और कार्यक्रम

- रिटोंट तकनीक द्वारा त्वरित मशरुम सूप की तकनीक का विकास
- आम से तैयार वायीन की तकनीक का विकास
- त्वरित तैयार पुलाव की तकनीक का विकास
- त्वरित तैयार आधारित कढ़ी की तकनीक का विकास
- फल मिश्रित टाफी की तकनीक का विकास
- हरी मटर मिश्रित तथा फलादायी उर्जीय बार का विकास
- अधिक रेशे वाले अनाज तथा कसावा में तैयार बिस्कुट
- त्वरित तैयार पेय पद्रार्थ का उत्पादन
- कृषि अपशिष्ट पदार्थो में जैव पालीमर तथा जैव उत्प्रेरकों का उत्पादन

विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध सुविधाएं: डेरी फल तथा सब्जियों के प्रंसस्करण हेतु प्रायोगिक संयंत्र, रिटोंट मशीन, स्प्रे ड्रायर, खाद्य प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला और शिक्षकों के आधुनिक प्रशिक्षत हेतु केन्द्र (आई.सी.ए.आर.-क्राफ्ट)।

अतिरिक्त पाठ्यक्रम गतिविधियाँ

- खाद्य प्रौद्योगिकी मंत्री श्रीमती हरसिमरत कौर बादल ने केन्द्र का दौरा किया तथा शिक्षकगणों से बातचीत की।
- डॉ. एन.एस. राठौर, डीडीजी (शिक्षा) ने केन्द्र का दौरा किया तथा शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।
- काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के कुलपति ने केन्द्र का दौरा किया तथा पौधरोपण कार्यक्रम की अध्यक्षता की।
- प्रो. अनिल कुमार चौहन तथा डॉ. अभिषेक दत्त त्रिपाठी ने थाइलैंड में आयोजित अतंर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में व्याख्यान दिया।
- डॉ. ए.के. श्रीवास्तव, निदेशक एवं कुलपति, एन.डी.आर.आई. ने केन्द्र का दौरा किया।
- डॉ. एम.बी. चेट्टी, ए.डी.जी.(एच.आर.डी.) ने खाद्य विज्ञान एवम् प्रौद्योगिकी केन्द्र का दौरा किया तथा शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

२.१.४.२. अनुवांशिकी विकार केन्द्र

प्रारम्भ में डी.बी.टी. द्वारा वित्तपोषित (२००६-२०११) आनुवांशिक रोग केंद्र, २००८ में काशी हिंदू विश्वविद्यालय द्वारा विज्ञान संकाय में स्थापित एक नया केंद्र है। रोग के आणविक कारणों को समझ करके तथा उनके उपचार एवं/अथवा उचित प्रबंधन की खोज करके आनुवांशिक रोगों के भार को कम करना इस केंद्र का संकेंद्रण है। यह केंद्र गुणसूत्रीय व जेनेटिक रोगों की जांच द्वारा रोगियों को सेवा प्रदान करता है। इस केन्द्र में विभिन्न पाठ्यक्रमों का संचालन भी हो रहा है।

आनुवांशिक रोगों की जाँच - रिफर किये गये केसों में विभिन्न गुणसूत्रीय एवं जेनेटिक दृष्टि से रोगों की जाँच की जाती है।

शोध

- पूरे जीनोम का अनुक्रमण - मानव दाँत न बनने के कारणों का पता लगाना।
- वृक्क कोशिका कैंसर का आण्विक विश्लेषण
- पारंपरिक, आयुर्वेदिक एवं औषधीय पौधों के उत्पादों या मिश्रणों से कैंसर रोधी गतिविधियों का आंकलन
- बहुपुटीय वृक्क विकार का जीनोमिक्स
- विशेषत: पार्किंसन रोग के संदर्भ में, तंत्रिका अपकर्षक विकारों की आनुवंशिकी
- प्रत्यारोपण हेतु मिश्र धातु से बना जैवअनुकूल दंत का विकास
- दुर्लभ आनुवंशिक विकारों के अध्ययन के लिए लिम्फोब्लास्ट्वाइड कोशिका नस्लों का संवर्धन
- अल्जाइमर रोग की आनुवंशिकी
- डाउन सिंड्रोम के लिए मातृ जोखिमों का मूल्यांकन
- बांझ महिलाओं में उम्मीदवार जीन का एसोसिएशन विश्लेषण
- कटे होंठ एवं तालू विकार की आणविक आनुवांशिक विश्लेषण
- स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग, चिकित्सा विज्ञान संस्थान, का.हि.वि.वि. के सहयोग से जन्मजात हाथ एवं पैरों की विरूपताओं और सामान्य अंग विकास का जीनोमिक विश्लेषण
- स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग, चिकित्सा विज्ञान संस्थान, का.हि.वि.वि. के सहयोग से डीएमडी के लिए स्टेम कोशिका एवं जीन उपचार का विकास।
- माइलोप्रॉलिफिरेटिव विकारों के लिए जिम्मेदार उत्परिवर्तन की पहचान के लिए पैथोलॉजी विभाग, चिकित्सा विज्ञान संस्थान, का.हि.वि.वि. के साथ सहयोगात्मक अनुसंधान।
- मोतियाबिंद का आणविक आनुवांशिक विश्लेषण
- डीएमडी, ऑस्टियोआर्थराइटिस, हायपोक्सिक इस्कीमिक मस्तिष्क क्षति विकास का स्टेम कोशिका एवं जीन उपचार आधारित चिकित्सा के लिए प्रस्तुति एवं स्त्री रोग और बाल चिकित्सा विभाग, चिकित्सा विज्ञान संस्थान, का.हि.वि.वि. के साथ सहयोगात्मक अनुसंधान।
- सीआरआईएसपीआर/ सीएएस-९ आधारित जीन संपादन उपकरण का उपयोग कर चूहों की पीढ़ी का विकास।

कार्यक्रमों की उपलब्धियों का विवरण

आनुवंशिक जांच

विभिन्न रोगों जैसे डाउन सिंड्रोम, टर्नर सिंड्रोम, डी.एम.डी./बी.एम.डी., थैलेसेमिया, आवर्तक गर्भपात, न्यूरज ट्यूब

दोष इत्यादि के कुल ८०० रिफर किये गये केसों की जाँच की गई एवं उनके रिपोर्ट एस.एस. चिकित्सालय, बी.एच.यू. को सौंपे गये। कुछ केसों के लिए काउंसिलिंग भी की गई।

शोध

- डाउन सिंड्रोम बच्चों की युवा माताओं में फोलेट उपापचय जीन में गड़बड़ी देखी गई।
- नाइट्रिक ऑक्साइड मधुमेह घाव fibroblasts में connexins ३१, ३१.१ और ४३ की अभिव्यक्ति और कोशिकीय प्रसार को नियंत्रित करता है।
- Asparagus racemosus के पत्ते का रस स्वभोजिता बढ़ा कर और PRCCTFE3 संलयन प्रोटीन को घटाकर, UOK146 (प्राथमिक अंकुरक वृक्क कोशिका कार्सिनोमा) कोशिका विकास को बाधित करता है।
- पार्किंसंस की बीमारी, पॉलीसिस्टिक किडनी रोग, हाइपोडोंटिया, जन्मजात अंग विकृति और मोतियाबिंद में नोवल म्यूटेशन की पहचान की गई है।
- सेल १ और बीएमपीआर १बी जीन के नियामक प्रभावों की जांच की गई है।

प्रस्तुतियाँ: सम्मेलनों में कुल ४ मौखिक एवं ०६ पोस्टर प्रस्तुतियां की गईं और ०१ कार्यशाला में भाग लिया।

अतिथि व्याख्यान

- २ अप्रैल, २०१६ को ''लाफोरा रोग के साथ एक दशक का लम्बे समय तक सहयोग'' विषय पर प्रोफेसर एस गणेश, आईआईटी, कानपुर द्वारा व्याख्यान।
- २० अप्रैल, २०१६ को ''पुरुष बांझपन में वाई-क्रोमोजोमल गैर-कोडिंग आरएनए द्वारा ऑटोसॉमल जीन का विनियमन'' विषय पर ए जे राहेल, सीसीएमबी, हैदराबाद द्वारा व्याख्यान।
- २३ अप्रैल, २०१६ को ''विशेष रूप से विवेक्स संक्रमणक का निदान करने के लिए ग्लूटामेट डिहाइड्रोजनेज प्रोटीन के खिलाफ पॉलीक्लोनल और मोनोक्लोनल का विकास'' विषय पर वंदना सिंह, सीडीआरआई, लखनऊ द्वारा व्याख्यान।
- १७ दिसम्बर, २०१६ को ''शास्त्रीय साइटोएजनेटिक्स से जीवन के साइन: क्या एक पुरानी तकनीक अभी भी प्रासंगिक है?'' विषय पर डॉ. इंद्रजीत नंदा, जेनेटिक्स संस्थान, विर्गबर्ग विश्वविद्यालय, जर्मनी द्वारा व्याख्यान।
- १४ जनवरी २०१७ को ''निपुण शुद्धि और जन स्पेक्ट्रोमेट्री द्वारा पी५३ प्रोटीन इंटरैक्ट की पहचान करना'' विषय पर डॉ. नितिन राज, स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय द्वारा व्याख्यान।
- ८ फरवरी २०१७ को ''इगैपेथिक फुफ्फुसीय फाइब्रोसिस और परमाणु संगठन में ग्रेनीहेड-जैसी २ (जीआरएचएल-२)'' विषय पर डॉ. सैथिस शशिकुमार, डीवाई पाटिल विद्यापीठ, पुणे द्वारा व्याख्यान।
- १० फरवरी, २०१७ को ''पर्यावरणीय जोखिम मूल्यांकन में बायोमार्कर के आवेदन: मानव और पर्यावरणीय स्वास्थ्य को जोड़ने'' विषय प्रोफेसर अवधेश झा, प्लायमाउथ विश्वविद्यालय, यूके द्वारा व्याख्यान।

छात्रों के लिए उपलब्ध शोध सुविधाओं का विवरण

- आधारित जैव प्रयोगशाला के साथ डीएनए, आरएनए, प्रोटीन, पीसीआर, जीनोटाइपिंग, डीएनए अनुक्रमण, इत्यादि की सुविधाएँ।
- कोशिका संवर्धन प्रयोगशाला के साथ सम्पूर्ण रक्त संवर्धन, स्टेमकोशिका संवर्धन (लिम्वल, एम्नीयाटिक झिल्ली आदि) सेललाइन्स एवं लिम्फोब्लास्ट्वाइड सेल लाइन्स।
- मानक कोशिका आनुवंशिकी प्रयोगशाला के साथ गुणसूत्र स्लाइड बनाने, वैण्डींग, कैरियोटाइपिंग इत्यादि की सुविधाएँ।
- सेन्ट्रीफ्यूज जेल इलेक्ट्रोफोरेसिस, ळ्ङ ट्रान्सएलूमिनेटर, जेल डाकुमेण्टेशन तंत्र, PH मापक, इंकुवेटर, ओवेन, तोलनयंत्र, रेफ्रिजरेटर, -२०°C एवं -८०°C रेफ्रिजरेटर, कोल्ड चैम्बर, पीसीआर मशीन, लैमिनार फ्लो, स्वत: कैरियोटाइपिंग मशीन, सूक्ष्मदर्शीया, स्वत: डीएनए अनुक्रमण, कम्प्यूटर तंत्र इत्यादि।

अतिरिक्त गतिविधियों

पीजी डिप्लोमा कोर्स के छात्र एक शैक्षणिक टूर के रुप में के आई. आई. टी. भुवनेश्वर का दौरा किया और संकाय सदस्यों, छात्रों से बातचीत की और प्रयोगशाला सुविधाओं और निदान तकनीक के बारे में जानकारी लिया। उन्होंने इस दौर पर एक रिपोर्ट भी पेश की। पीजी डिप्लोमा के छात्रों ने संकाय कार्यक्रम 'आकांक्षा – २०१७' भाग लिया जिसमें वे 'बहस' और 'नाटक' प्रतियोगिताओं में प्रथम पुरस्कार जीता।

२.१.४.३. डी.एस.टी.-अन्तर्विषयक गणितीय विज्ञान केन्द्र

(विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा वित्तपोषित)

डी.एस.टी. अंतर विषयक गणितीय विज्ञान केंद्र, गणितीय विज्ञान में प्रशिक्षण और अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए और अपने चुने हुए महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अनुसंधान की सुविधाओं को विकसित करने के लिए बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में २००७ में स्थापित किया गया था। डी.एस.टी. अंतर्विषयक गणितीय विज्ञान केंद्र में २०१६-१७ के दौरान विभिन्न तरह की गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसे एक अच्छी संख्या में आयोजित राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रमों, कार्यशालाओं, सम्मेलनों और प्रख्यात गणितीय वैज्ञानिकों द्वारा आमंत्रित व्याख्यानों से प्राप्त किया गया था जिसका विवरण नीचे दिया गया है। इसके साथ ही, अंतर्विषयक गणितीय विज्ञान केंद्र ने अपने उत्कृष्ट बुनियादी ढांचे को लगातार विकसित किया है। यहाँ शिक्षकों, छात्रों और बाहर से आये हुए मेहमानों को शैक्षणिक गतिविधियों से जोड़ने के लिए एक अनुकूल और जीवंत माहौल मिला है।

केंद्र की कार्य प्रणाली

- प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं कार्यशालाओं का आयोजन
- व्याख्यानों के आयोजन
- महत्वपूर्ण एवं संबंधित क्षेत्रों में अनुसंधान
- बी.एच.यू. के बाहर शैक्षिक एवं अनुसंधान गतिविधियों में अपने सदस्यों के माध्यम से भागीदारी एवं पारस्परिक विचार-विमर्श
- बढ़ती मूलभूत सुविधाएँ जैसे निर्माण, कम्प्यूटेशनल साफ्टवेयर सहित सुविधाएं, पुस्तकालय के लिए किताबें आदि की जानकारी विस्तार में प्रदान की गयी हैं

डिग्री एवं डिप्लोमा के अधिनिर्णय

- गणितीय विज्ञान में पीएचडी
- एमएससी सांख्यिकी और कम्प्यूटिंग में
- एमएससी कम्प्यूटेशनल साइंस और सिग्नल प्रोसेसिंग में एप्लीकेशन

भवन में निम्नलिखित सुविधाएं हैं

समन्वयक का कमरा, कार्यालय, शिक्षकों का कमरा, शोध छात्रों का कमरा, आगन्तुकों के लिए कमरा, व्याख्यान एवं सम्मलेन के लिए कमरा, समिति कक्ष, कंप्यूटर लैब्स, व्याख्यान थियेटर, पुस्तकालय, अध्ययन कक्ष और शौचालय।

प्रो. राबर्ट ब्रेन्ट, अध्यक्ष, अमेरिकन मैथमेटिकल सोसाइटी



प्रो. श्रवण कुमार, यूनिवर्सिटी ऑफ नार्थ केरोलिना, यू.एस.ए.

प्रो. सी.एस. अरविन्द, टीआईएफआर-कैम
के साथ प्रो. ए.के. श्रीवास्तव, डीएसटी-सीआईएमएस

प्रो. राबर्ट ब्रेन्ट, अध्यक्ष, एएमएस
के साथ प्रो. उमेश सिंह, डीएसटी-सीआईएमएस

डीएसटी-अन्तर्विषयक गणितीय विज्ञान केन्द्र में महिलाओं पर पैनल चर्चा

२.१.४.४. नेपाल अध्ययन केन्द्र

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के सामाजिक विज्ञान संकाय में नेपाल अध्ययन केन्द्र की स्थापना १९७६ में हुई।

इसके अंतर्गत नेपाल अध्ययन तथा नेपाल अध्ययन में संदर्भ में ट्रांस हिमालयन क्षेत्र शामिल है, ताकि भारतीय उपमहाद्वीप को इसकी पूर्णता में समझा जा सके।

आगे यह अपनी कार्यवाही के अंतर्गत सम्पूर्ण दक्षिण एशियाई क्षेत्र को भी शामिल करना चाहता है।

नेपाल तथा ट्रांस हिमालयन क्षेत्र एक विस्तृत दृष्टिकोण: इस केन्द्र ने निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित किए हैं:

वर्तमान में इस केन्द्र के पुस्तकालय में, इस केन्द्र में काम करने वाले शोधकर्ताओं, परियोजना धारकों, शिक्षाविदों के लिए, साढ़े तीन हजार (३५००) से अधिक पुस्तकें (जिनमें से ज्यादातर बहुमूल्य, दुर्लभ तथा उत्कृष्ट अभिलेख हैं) तथा चौदह सौ (१४००) से भी अधिक सीमित संस्करणों वाली पत्रिकाएँ उपलब्ध हैं।

अर्थशास्त्र में MS Excel तथा SPSS एप्लीकेशन्स' पर कार्यशाला: २७ मार्च से १० अप्रैल, २०१७

२१ से २४ मार्च, २०१७: ''प्रजातंत्र के विकास हेतु शिक्षा, नेपाल में संविधान तथा प्रलक्षित संघर्ष: दक्षिण एशियाई संदर्भ' पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी।

''वस्तु एवं सेवा कर'' (जीएसटी) पर ३१ अगस्त २०१६ को विशेष व्याख्यान।

क्षेत्र अध्ययन में शोध कार्य प्रणाली पर कार्यशाला: ४ से ११ नवम्बर, २०१६

छात्रों के लिए उपलब्ध शोध सुविधाएँ: ग्रन्थालय, संगणक एवं क्षेत्र कार्य।

२.१.४.५. महिला अध्ययन एवं विकास केन्द्र (सामाजिक विज्ञान संकाय)

'महिला अध्ययन एवं विकास केन्द्र, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय' महिला अध्ययन के क्षेत्र में देश के अग्रगामी केन्द्रों में से एक है तथा १९८८ से ही यह लैंगिक अन्याय एवं विषमता मिटाने की दिशा में अभिन्न योगदान दे रहा है। इसकी स्थापना वर्ष १९८८ में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की सातवीं योजना के अन्तर्गत की गयी थी। जब विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने महिला सशक्तिकरण के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु कुछ विश्वविद्यालयों में महिला अध्ययन केन्द्र की स्थापना करने का निर्णय लिया तो उसने देश के सात मानिंद विश्वविद्यालयों को चुना जिनमें से काशी हिन्दू विश्वविद्यालय एक था। इस केन्द्र को राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर ख्याति प्राप्त हो चुकी है। इसके उत्तम कार्य प्रदर्शन तथा प्रदेश में लैंगिक संवेदनशीलता प्रसारित करने के लिए इसके द्वारा किये गये सतत् प्रयास के परिणाम स्वरूप यू.जी.सी. निरीक्षण समिति ने १९९७ में इसे भारत का एक प्रमुख केन्द्र घोषित किया जो कि किसी भी महिला अध्ययन केन्द्र की श्रेष्ठता का उच्चतम मानक है।

केन्द्र अब तक ३२ परियोजनायें पूरी कर चुका है। इनमें मुख्य है- ''इण्डो-डच प्रोजेक्ट ऑन रूरल सेनीटेशन एण्ड हेल्थ एजुकेशन इन यू.पी.'' परियोजना, जिसमें २७ गाँवों तथा नौ हजार परिवारों पर अध्ययन किया गया। ५४ राष्ट्रीय परिसंवादों/कार्यशालाओं, ६० समूह चर्चाओं एवं विशेष व्याख्यानों का आयोजन केन्द्र द्वारा किया गया है। महिला अध्ययन एवं विकास केन्द्र ने भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान तथा राष्ट्रीय फिल्म संग्रहालय, पुणे के संयुक्त तत्वावधान में चार दिवसीय (१० से १३ सितम्बर २००९) 'स्त्री केन्द्रित फिल्मोत्सव और फिल्म प्रशंसा कार्यशाला' का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था कि इस कार्यशाला के जरिये उन विद्यार्थियों को फिल्म एवं फिल्म निर्माण के क्षेत्र में प्रोत्साहित करना जिन्हें इस क्षेत्र में कुछ करने की रुचि हो।

संगोष्ठी, सम्मेलन, विशिष्ट व्याख्यान आदि के द्वारा केन्द्र सदैव महिलाओं से जुड़े मुद्दे एवं विषय को सामने लाती है। आज के समय में महिलाएं सभी क्षेत्रों राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक, प्रशासनिक, बौद्धिक में अग्रणी हैं। महिलाओं की इन उपलब्धियों एवं सशक्तिकरण में न्यायतंत्र एवं कानून का अहम् योगदान है। लेकिन यथार्थ में हम यह पाते हैं कि इतने अनुकूल कानूनी अधिकारों एवं संवैधानिक प्रावधानों के बावजूद महिलाओं की स्थिति समानता से काफी दूर है। व्यवहार में अभी भी उन्हें पुरुषों के समान अधिकार एवं विशेषाधिकार नहीं प्राप्त है। समाज उन्हें पुरुषों के समकक्ष आदर सम्मान नहीं देता है। हाल ही में जो शोरगुल समान नागरिक संहिता के उपर उठा वो भारतीय समाज में व्याप्त पारम्परिक मानसिकता एवं धर्म एवं रूढ़िवादी प्रभाव तथा हस्तक्षेप को प्रदर्शित करता है। चूँकि कानून का निर्माण किसी समाज के संवैधानिक, राजनैतिक एवं विधिक संरचना के भीतर की जाती है, इसलिए यह प्रश्न उठता है कि कानून किस तरह से महिलाओं की मदद कर सकता है इसलिए सिर्फ कानून ही स्त्री को न्याय नहीं दिला सकता है। एक समतापूर्ण समाज बनाने के लिए एवं महिलाओं को समान अधिकार दिलाने के लिए यह जरूरी है कि इस दिशा में निरंतर प्रयास होने चाहिए। स्त्री मुक्ति एवं सशक्तिकरण के संदर्भ में कानून के इस महत्वपूर्ण भूमिका को ध्यान में रखते हुए इस दिशा में महिला अध्ययन केन्द्र द्वारा दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी 'महिला, विधि एवं समकालीन भारतीय परिदृश्य' का आयोजन २१-२२ मार्च २०१७ को आयोजित किया गया।

इसके अतिरिक्त केन्द्र महिला अध्ययन के क्षेत्र में शिक्षण व प्रशिक्षण प्रदान करने में अग्रणी भूमिका का निर्वहन कर रहा है। अब तक केन्द्र १५ यू.जी.सी. पुनश्चर्या पाठ्यक्रम आयोजित कर चुका है। इनमें से प्रत्येक कार्यक्रम तीन सप्ताह के रहे हैं और इसके द्वारा ५८० से अधिक

अध्यापक, अध्यापिकाओं को महिला अध्ययन में प्रशिक्षित किया गया है। इसी क्रम में केन्द्र शोध छात्रों के लिए १७ अभिविन्यास पाठ्यक्रमों का भी आयोजन कर चुका है। यह गर्व का विषय है कि अब तक इस पाठ्यक्रम के द्वारा ४४८ से अधिक शोध छात्रों को महिला अध्ययन में प्रशिक्षित किया गया है। ये शोध छात्र मानविकी, वाणिज्य, सामाजिक विज्ञान के विभिन्न विषयों, कृषि विज्ञान एवं विधि से सम्बन्धित थे। इस अभिविन्यास पाठ्यक्रम के अन्तर्गत अब तक विभिन्न विषय क्षेत्रों के सौ से अधिक विशेषज्ञों ने शोधार्थियों को महिला अध्ययन में प्रशिक्षित किया है। २०१०-११ सत्र से केन्द्र में जेन्डर एवं महिला अध्ययन में पी.जी. डिप्लोमा कोर्स की शुरुआत की गयी है। लगभग २५ गैर सरकारी संस्थानों के साथ मिलकर विभिन्न महिला मुद्दों पर वाराणसी क्षेत्र में सर्वेक्षण किया गया।

केन्द्र ने अन्य महिला अध्ययन केन्द्रों, गैर-सरकारी संस्थाओं और उच्चशिक्षा संस्थाओं के साथ एक समृद्ध सम्पर्क तन्त्र (नेटवर्किंग) विकसित किया है। समय-समय पर यू.जी.सी. द्वारा प्रायोजित कार्यशाला ''उच्चशिक्षा में महिला मैनेजर्स के लिए क्षमता निर्माण'' और ''सेन्सीटाईजेशन/मोटिवेशन/ अवेयरनेस'' का आयोजन भी केन्द्र द्वारा किया जाता है। प्रसार के क्षेत्र में केन्द्र का अभूतपूर्व इतिहास रहा है। इसने वाराणसी के निर्वाचित ग्राम पंचायत नेतृत्वकर्ताओं के साथ बैठकों, वाराणसी की ग्रामीण महिलाओं के साथ लैंगिक संवेदनशीलता कार्यशालाओं, स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों, वाराणसी जिले में विभिन्न स्तरों पर स्वास्थ्य तथा वैधानिक साक्षरता जागरूकता कार्यक्रमों, वाराणसी के ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता उत्पन्न करने संबंधित शिविरों, स्वच्छ पेय जल तथा पर्यावरण शुद्धीकरण सम्बन्धी शिविरों का आयोजन किया। इस वर्ष प्रसार कार्यक्रम के अन्तर्गत केन्द्र का मुख्य ध्येय ग्रामीण महिलाओं का आर्थिक स्वावलम्बन एवं शिक्षा रहा। केन्द्र द्वारा 'अमरा खैरा' गाँव, वाराणसी में ग्रामीण व्यथित महिलाओं के लिए सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र तथा ग्रामीण महिला/बालिका शिक्षण केन्द्र चलाया जा रहा है।

केन्द्र ने विभिन्न कार्यक्रमों यथा-महिला अदालत, पोस्टर प्रतियोगिता तथा संकाय सदस्यों, छात्रों तथा गैर-सरकारी संस्थाओं के सदस्यों के साथ शैक्षणिक बैठकों में सक्रिय प्रतिभागिता की। केन्द्र ने लैंगिक संवेदनशीलता सृजन सम्बन्धित अध्ययन सामग्री तथा जागरूकता सृजन के क्षेत्र में सराहनीय प्रगति की है। केन्द्र ने अपना प्रथम जर्नल 'जेण्डर एवं जस्टिस' २०१२ में प्रकाशित किया। अब तक इसने हिन्दी में एक प्रशिक्षण पुस्तिका, ३२ प्रोजेक्ट प्रतिवेदनों, विभिन्न पुनश्चर्या कार्यक्रमों, अभिमुखीकरण पाठ्यक्रमों एवं राष्ट्रीय परिसंवादों की ४८ से अधिक विवरण पुस्तिकाओं तथा द्विभाषीय त्रैमासिक पत्र ''नारी दर्पण'' के १३ अंक, ३ अवसरिक प्रपत्रों, १६ डॉज़ीयर का प्रकाशन किया है। साथ ही सामयिक दो राष्ट्रीय परिसंवादों में प्रस्तुत किये गये प्रपत्रों के योग तथा परियोजना प्रतिवेदन से कुल ९ पुस्तकें प्रकाशित कर चुका है।

केन्द्र ने विभिन्न स्तरों पर संगठित करने के लिए किये गये प्रयास द्वारा अन्य विभागों के लिए एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। अब तक यह केन्द्र तीन स्तरों पर सम्बन्धीकरण का कार्य कर चुका है: (१) काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की सहोदर संस्थाओं के साथ, (२) वाराणसी के विभिन्न गैर सरकारी संस्थाओं के साथ; जिनमें प्रमुख है: वर्ल्ड लिट्रेसी ऑफ कनाडा, यू.पी. वालंटियरी हेल्थ एसोसियेशन, श्री शम्भुनाथ रिसर्च फाउन्डेशन, महिला समाख्या, अस्मिता आदि, (३) केन्द्र द्वारा अपना एक प्रकोष्ठ 'तेजस्विनी', आर्य महिला महाविद्यालय, वाराणसी में स्थापित किया गया है। केन्द्र ढाँचागत सुविधाओं में समृद्ध है। केन्द्र का अपना एक साधन संपन्न पुस्तकालय, एक सुसज्जित परिसंवाद कक्ष है जहां इन्टरनेट सुविधा उपलब्ध है।

विभिन्न गतिविधियाँ

महिला अध्ययन एवं विकास केन्द्र महिला अध्ययन के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों को संचालित करने वाला एक अतिशय सक्रिय केन्द्र रहा है। वर्तमान वर्ष की कुछ प्रमुख गतिविधियाँ निम्नलिखित हैं-

- विश्वविद्यालय के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में लैंगिक जागरूकता कार्यक्रम 'कार्यस्थल पर महिलाएं' १४ सितम्बर, २०१६।
- वृत्तचित्र 'सरस्वती की बेटियाँ: वाराणसी में एक संस्थान में महिलाएं संस्कृत शिक्षा' २२ अक्टूबर, २०१६।
- विश्वविद्यालय के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सत्रहवाँ अभिविन्यास पाठ्यक्रम १४-२४ जनवरी, २०१७।
- विश्वविद्यालय शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में एक दिवसीय कार्यशाला 'बदलती दुनिया में महिला एवं लैंगिक समानता एवं संवेदनशीलता एवं चित्रकला प्रदर्शनी' ४ मार्च, २०१७।
- दो दिवसीय संगोष्ठी 'महिला, विधि एवं समकालीन भारतीय परिदृश्य' २१-२२ मार्च, २०१७।

विद्यार्थियों के लिए सुविधायें

- अभिमुखीकरण पाठ्यक्रम
- विविध प्रसार एवं सेवा गतिविधियों में विद्यार्थियों की भागीदारी
- पुस्तकालय में इन्टरनेट की सुविधा
- विद्याथियों के लिए समय-समय पर कार्यशाला का आयोजन
- परामर्श की सुविधा (व्यक्तिगत, शैक्षणिक, व्यावसायिक एवं पारिवारिक आदि)

पुस्तकालय

महिला अध्ययन एवं विकास केन्द्र में उत्तम पुस्तकालय सुविधा है जिसमें ५० से अधिक शोधार्थियों के बैठने की क्षमता है। इस पुस्तकालय में कुल ३००० (उपहार स्वरूप प्राप्त पुस्तकों सहित) पुस्तकें हैं। केन्द्र में ९ पत्रिकायें, १ जर्नल तथा ८ दैनिक समाचार पत्रिकायें भी उपलब्ध हैं। पुस्तकालय अपने पाठकों को निरन्तर समाचार कर्तन सेवा प्रदान करता है। पुस्तकालय के पास आयोजित विभिन्न राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठियों/सम्मेलनों एवं महिलाओं से सम्बन्धित सरकारी प्रकाशन भी उपलब्ध हैं।

२.१.४.६. मालवीय शांति अनुसंधान केन्द्र

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की आंठवी पंचवर्षीय योजना में संस्तुत (मालवीय शांति अनुसंधान केन्द्र, एम.सी.पी.आर.): मालवीय शांति अनुसंधान केन्द्र की स्थापना वर्ष १९९८ में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के अन्तर्गत एक स्वतन्त्र, अन्तर वैषयिक केन्द्र के रुप में समाज विज्ञान संकाय के अन्तर्गत की गई। मालवीय शांति अनुसंधान केन्द्र ने कुछ ही समयान्तराल में अपने विकास से राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठा प्राप्त कर ली है। एक अन्तर वैषयिक केन्द्र होने के कारण मालवीय शांति अनुसंधान केन्द्र विभिन्न विषयों के विद्वानों को शोध का अवसर प्रदान करता है एवं राजनीतिज्ञों, प्रशासनिक अधिकारियों तथा राजनयिकों, गैर सरकारी संस्थाओं एवं अन्य जो संघर्षो के निवारण में कार्यरत है, के लिए महत्वपूर्ण विचार स्थली बन गया है। एम.सी.पी.आर. राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय दोनों ही प्रकार के संघर्षो के विश्लेषण एवं समाधान के लिए शोधरत है।

मालवीय शांति अनुसंधान केन्द्र का एक प्रमुख उद्देश्य है- गोष्ठियों, वाद-विवादों एवं कार्यशालाओं का आयोजन करना। स्थापना के साथ ही अनेक राजनीतिज्ञ, प्रशासनिक अधिकारी एवं राजनयिक, गैर सरकारी संस्थाओं के सदस्य, शोध छात्र एवं छात्राएं, शिक्षकगण एवं समाजसेवक केन्द्र की इस प्रकार की गतिविधियों में भाग ले चुके हैं। इस प्रकार की गोष्ठियां, परिचर्चाएं एवं कार्यशालाएं केन्द्र की संघर्ष विषयक सूचनाओं एवं शोध के लिए आकड़ों को विस्तृत करने में मददगार सिद्ध हुई हैं। गोष्ठियों, परिचर्चाओं एवं कार्यशालाओं से प्राप्त जानकारियों का केन्द्र के शिक्षण एवं प्रशिक्षण कार्य में उपयोग किया जाता रहा है।

बौद्धिक गतिविधियों के एक महत्वपूर्ण केन्द्र के रूप में उत्तर भारत में स्थापित मालवीय शांति अनुसंधान केन्द्र, भारत तथा विश्व के विभिन्न विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राओं एवं शोधार्थियों के लिए महत्वपूर्ण संसाधन केन्द्र के रूप में सेवारत है। मालवीय शांति अनुसंधान केन्द्र का समाज विज्ञान संकाय में होना तथा संकाय के शिक्षकगणों का शान्ति अध्ययन के प्रति रुझान एम.सी.पी.आर. के विकास का एक प्रमुख कारण रहा है। यह केन्द्र संकाय के छात्रों एवं शोधार्थियों को शान्ति अध्ययन संबंधी एक नवीन आयाम प्रदान करता रहा है।

अन्तर राष्ट्रीय सांस्थानिक सहयोग

- यूनेस्को द्वारा केन्द्र में प्रतिष्ठित 'यूनेस्को शांतिपीठ एवं अन्तर-सांस्कृतिक सहमति' की स्थापना की गयी है।
- मालवीय शांति अनुसंधान केन्द्र ने टोनी ब्लेयर फेथ फाउण्डेशन, यू.के. के साथ शैक्षणिक एवं शोध कार्य में सहयोग हेतु सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किया है।
- केन्द्र ने इन्टरनेशनल पीस रिसर्च इन्स्टीट्यूट, नार्वे के साथ शैक्षणिक एवं शोध कार्य में सहयोग हेतु सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किया है।

- मालवीय शांति अनुसंधान केन्द्र ने संयुक्त राष्ट्र संघ के आदेश पत्र द्वारा स्थापित यूनिवर्सिटी फॉर पीस, कोस्टा रिका के साथ शांति अध्ययन के क्षेत्र में नये पाठ्यक्रम एवं परास्नातक पाठ्यक्रम में सह-शिक्षण की नयी तकनीकी के विकास के लिए सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किया गया है।
- मालवीय शांति अनुसंधान केन्द्र ने कार्लस्टाड विश्वविद्यालय, स्वीडेन, वेज़ली कालेज, अमेरिका, एवं त्रिभुवन विश्वविद्यालय, नेपाल के साथ संस्थानिक सहयोग के लिए समझौता किया है।
- सन् २००६ से ही संयुक्त राज्य अमेरिका-भारत शैक्षणिक फांउडेशन, नई दिल्ली से मालवीय शांति अनुसंधान केन्द्र में संयुक्त राज्य अमेरिका से फुलब्राइट प्रोफेसर एवं स्कॉलर केन्द्र में अध्यापन एवं शोध कार्य हेतु आते रहे है।

उपलब्धियाँ

- मालवीय शांति अनुसंधान केन्द्र के समन्वयक और यूनेस्को चेयर प्रोफेसर प्रियंकर उपाध्याय का चयन शांति अनुसंधान के क्षेत्र में वैश्विक रूप से सबसे प्रमुख एवं प्राचीन संस्था पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट ओस्लो (पीआरआईओ) के ग्लोबल फेलो के रूप में किया गया है।
- सन् २०१६ में यूनेस्को (पेरिस) द्वारा मालवीय शान्ति अनुसंधान केन्द्र में प्रतिष्ठित 'यूनेस्को शांति एवं अन्तर-सांस्कृतिक सहमति पीठ' की गहन समीक्षा के उपरान्त पुन: नवीनीकरण किया गया एवं पीठ की उपलब्धियों की सराहना की।
- काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के शताब्दी वर्ष में विश्वविद्यालय की स्वर्णिम उपलब्ध्यिों में यूनेस्को चेयर प्रोफेसर प्रियंकर उपाध्याय ने एक बेहतरीन इजाफा किया है। उन्हें अमेरिकी राष्ट्रपति की तरफ से अन्त:विश्वासी और अन्तर्सभ्यता संवाद कार्यक्रम जिसका संचालन, व्हाइट हाउस करती है, में विशिष्ट वक्ता और अकादमिक विशेषज्ञ के रूप में भाग लेने का निमंत्रण मिला।
- प्रो. प्रियंकर उपाध्याय को डबलिन सिटी विश्वविद्यालय.आयरलैण्ड में भारतीय सांस्कृतिक सम्बन्ध परिषद की प्रतिष्ठित पीठ प्रदान की गयी।
- वर्तमान सत्र में मालवीय शांति अनुसंधान केन्द्र के डॉ. प्रशान्त कुमार ने ओस्लो विश्वविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम शांति अनुसंधान में छह सप्ताह का गहन प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस कार्यक्रम के लिए पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट, ओस्लो ने छात्रवृत्ति प्रदान की।
- मालवीय शांति अनुसंधान केन्द्र के एक शोध अध्येता और परास्नातक का एक छात्र अंन्तर राष्ट्रीय छात्रवृत्ति (लिनियस पाल्मे कार्यक्रम) के अन्तर्गत स्वीडेन के कार्लस्टाड विश्वविद्यालय में अध्ययन के लिए गए।
- केन्द्र की गतिविधियों का एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू समसामयिक पत्रों, कार्यशालाओं एवं संगोष्ठी रिपोर्ट तथा शोध प्रपत्रों के प्रकाशन का है।

पाठ्यक्रम

केन्द्र 'संघर्ष प्रबंधन और विकास' विषय में दो वर्षीय परास्नातक/एक वर्षीय परास्नातक डिप्लोमा पाठ्यक्रम तथा 'शांति अध्ययन' में शोध कार्य सफलतापूर्वक संचालित कर रहा है। यह कोर्स सामाजिक विज्ञान एवं संबद्ध विषयों के स्नातक तथा विशेषकर प्रशासनिक अधिकारी, राजनेता, गैर सरकारी संगठनों के सदस्य तथा राष्ट्रीय एवं अन्तर राष्ट्रीय संघर्षो के समाधान में संलग्न लोग कर सकते हैं।

मेसिव ओपेन आनलाइन कार्स (मौक्स): मालवीय शांति अनुसंधान केन्द्र ने मौक्स कार्यक्रम के अन्तर्गत ४ क्रेडिट आनलाइन पाठ्यक्रम ''धर्म, संघर्ष एवं वैश्वीकरण'' की शुरूआत की। यह पाठ्यक्रम धार्मिक क्षेत्र के कार्यकर्ताओं, शांति कार्यकर्ताओं एवं सामुदायिक विकास से जुड़ी आवश्यकताओं को पूर्ण करने के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करता है। यह नवोन्मेषी पाठ्यक्रम धार्मिक एवं अन्तर सांस्कृतिक सहमति को संघर्ष समाधान के एक महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में उपयोग करने की संभावनाओं पर प्रकाश डालता है।

२.१.४.७. समन्वित ग्रामीण विकास केन्द्र

भारत गाँवों का देश है तथा गाँवों के विकास में ही देश का विकास सन्निहित है। संपोषित विकास, आर्थिक सुधार और गाँव के आम आदमी की चिंता नवीन वास्तविकताएँ है। चुनौतियाँ फिर भी बरकरार हैं। इसके निराकरण हेतु भारत सरकार के राष्ट्रीय कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रामीण विकास की अवधारणा के पश्चात् १९८० में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की पहल पर समन्वित ग्रामीण विकास केन्द्र की स्थापना की गयी।

ग्रामीण विकास कार्यक्रम की नेटवर्किंग

ग्रामीण विकास में संलग्न गाँव के तथा अन्य संगठनों के एवं उद्देश्यपूर्ण कार्यक्रमों के संजालीकरण में समन्वित ग्रामीण विकास केन्द्र सकारात्मक भूमिका निभाता है।

संरचना एवं सदस्यता

समन्वित ग्रामीण विकास केन्द्र काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की मान्यता प्राप्त ईकाई के रूप में कार्य करता है तथा सामाजिक विज्ञान संकाय के अधीन विश्वविद्यालय के अन्य विभागों से सकारात्मक सहयोग करता है।

यह केन्द्र विश्वविद्यालय के रख-रखाव खर्च (मेनटेनेन्स ग्रांट) द्वारा आबंटित एवं अनुमोदित लघु वित्तीय सहायता प्राप्त धनराशि से संचालित होता है तथा विश्वविद्यालय के अन्य संकायों, विभागों एवं संस्थानों से निरन्तर सहयोग रखता है। साथ ही यह केन्द्र ग्रामीण विकास के कार्यक्रमों की व्यापकता एवं सृजनशीलता के मद्देनजर सशक्त आर्थिक सहयोग की अपेक्षा करता है।

आदर्श गाँव का विकास

समन्वित ग्रामीण विकास केन्द्र द्वारा चिरईगाँव विकास खण्ड के अमौली गाँव में ग्राम्य वनौषधि औद्योगिक उत्पादन सहकारी समिति नामक संस्था का संचालन १९८७ से केन्द्र के परियोजना अधिकारी के नेतृत्व में किया जा रहा है। इस औद्योगिक इकाई को वाराणसी जिला प्रशासन द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान कर समूचे प्रदेश में पहली बार औषधीय पौधों के आर्थिक विकल्प को खेती के अतिरेक स्वीकृति प्रदान की गयी है। साथ ही चिरईगाँव विकास खण्ड को हर्बल ब्लाक घोषित किया गया है।

एक नजर

महिला सशक्तिकारण प्रशिक्षण कार्यक्रम

काशी विद्यापीठ विकास खण्ड के तथा विश्वविद्यालय परिसर के नजदीक के गाँव की ४० महिलाओं को सिलाई, कताई, कढ़ाई की नियमित कक्षाओं का संचालन पूर्वाह्न १० से १ बजे तक दोपहर २ बजे से ५ बजे अपराह्न में किया जाता है।

दो वर्षीय समन्वित ग्रामीण विकास एवं प्रबंधन एम.ए. आई.आर.डी.एम. कोर्स

सामाजिक विज्ञान संकाय के अन्तर्गत समन्वित ग्रामीण विकास केन्द्र द्वारा दो वर्षीय ग्रामीण विकास एवं प्रबंधन एम.ए.आई. आर.डी.एम. वित्त पोषित पाठ्यक्रम के रूप में चलाया जाता है। जिसमें विश्वविद्यालय के चिकित्सा विज्ञान संस्थान, कृषि विज्ञान संस्थान, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, विज्ञान संस्थान तथा सामाजिक विज्ञान संकाय से सम्बन्धित शिक्षक प्रशिक्षण का कार्य करते हैं। वर्तमान सत्र में कुल ४१ छात्रों ने प्रवेश लिया।

समर्थ ग्राम अभियान परिचय

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय ने अपनी स्थापना के शताब्दी वर्ष में वाराणसी जनपद के काशी विद्यापीठ ब्लाक के १०० गॉव को स्वावलम्बी बनाने हेतु विश्वविद्यालय के संसाधनों की सहायता से समर्थ ग्राम अभियान की शुरूआत किया। समन्वित ग्रामीण विकास केन्द्र इस

अभियान का नोडल केन्द्र है। इस कार्यक्रम में निम्नलिखित दस बिन्दुओं को सम्मिलित किया गया है: शिक्षा, सफाई, स्वास्थ्य, जैविक कृषि, फलदायी वृक्षों का वृक्षारोपण, घरेलू पशुओं का स्वास्थ्य, जल प्रबन्धन एवं संरक्षण, पर्यावरण, रसोई वाटिका, कानूनी सहायता।

जागरूकता अभियान: ''मधुमेह मुक्त भारत के लिए योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा की भूमिका'' दिनांक ३ अक्टूबर २०१६।

अतिथि व्याख्यान शताब्दी वर्ष समारोह

- २२.०३.२०१७ को कैरीयर इन डेवलपमेन्ट स्पेसली फोकासिंग आन सोशल इन्टरप्रेनोयर विषय पर अभिषेक रंजन का व्याख्यान।
- अक्टूबर २०१७ को माईक्रोफाइनेन्स विषय पर राजकृष्णा का व्याख्यान।

स्टूडेन्ट प्लेसमेन्ट

छात्र का नाम	संस्था
आशीष कुमार लधयानी	सृजन
बिटटु मिश्रा	प्रदान
रवी रंजन	गॉधी फेलोशीप
आदर्श	,,
अरविन्द कुमार	,,
प्रियंका सिंह	,,
विभूती नारायन पाण्डेय	,,
अभिषेक झा	राजस्थान जिविका

क्रम संख्या	दिनांक	स्थान	कार्यों का विवरण
१	२६.१०.२०१६	छितौनी कोट करसड़ा, बेटावर, बच्छाव, गजाधरपुर	२०० परिवारों का प्रश्नावली के द्वारा आकड़ों का संग्रह, वृक्षारोपण शिक्षा पर जागरूकता अभियान
२	२५.११.२०१६ २८.११.२०१६ ३०.११.२०१६	करसड़ा, बेटावार, बच्छाव, गजाधरपुर, छितौनीकोट, कुरहुआ, माधोपुर, मूरादेव, तारापुर, सराय डांगरी कला, अन्नतपुर, मंगलपुर, सुरही, सबहीपुर, नेवादा, बनकट, अलाउद्दीनपुर, ऊंचगाव, दाउदपुर, गोपालपुर, कौरोता, पिलखनी, नकाइन, सदलपुर, कादीपुर, लठिया, सगहट, रामपुर, खुशीपुर, निबिया, नरउर, जफराबाद, मीरापुर, दफलपुर, बनवानी, फरीदपुर, हसापुर, मिसिरपुर, भदवर, देलहना, रमसीपुर	अध्यापकों एवं कर्मचारियों के द्वारा ग्रामीण भ्रमण
३	४.१२.२०१६	जौविक कृषि सम्मेलन स्वतंत्रता भवन, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय	स्वतंत्रता भवन, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में जौविक कृषि सम्मेलन में लगभग १००० ग्रामीण सम्मिलित हुये।
४	२७.०१.२०१७	माधोपुर, मूरादेव	५०० बीज के पैकट का वितरण किया गया। २० फलदायी वृक्षों का रोपण कराया गया। १०० परिवारों में स्लेट, किताब एवं स्लेट पेन्सिल का वितरण।
५	०२.०२.२०१७	तारापुर, नरोत्तमपुर	शिक्षा के प्रति जागरूकता, वृक्षारोपण, रसोई वाटिका हेतु बीज वितरण। तारापुर में १०० परिवारों में स्लेट, किताब एवं स्लेट पेन्सिल का वितरण।
६	२३.०१.२०१७ ३०.०१.२०१७ ०६.०२.२०१७ २०.०२.२०१७ २७.०२.२०१७ ०६.०३.२०१७ १३.०३.२०१७ २०.०३.२०१७	कुरहुआ	प्राइमरी स्कूल में बच्चों के आईक्यू का परीक्षण किया गया। २० मार्च को ''हमारे जीवन में कम्प्यूटर एवं मोबाईल का महत्व'' पर स्कूल के छात्रों के बीच कार्यशाला भी सम्पादित किया गया। ४० मिडिल स्कूल के छात्रों ने कार्यक्रम में भाग लिया। ग्रामीणों को ''डिजिटल लेनदेन कैसे किया जाय'' विषय पर जानकारी दी। महिलाओं को ए.टी.एम. की सुविधा दिलायी तथा ए.टी.एम. से रूपये निकालना भी सिखाया गया।

७	२४.०३.२०१७	बखरिया	लगभग ७० बीजों के पैकेट रसोई वाटिका हेतु दिये गये। छात्रों के द्वारा ग्रामीणों को सफाई एवं शिक्षा के प्रति प्रेरित किया गया तथा सर्वे का कार्य किया गया।
८	२७.०३.२०१७	माधोपुर	छात्रों ने ग्रामीण भ्रमण एवं सर्वे का कार्य किया
९	२६.१२.२०१६ ०६.०१.२०१७ ११.०१.२०१७ १९.०१.२०१७ २४.०१.२०१७ २९.०१.२०१७ ०२.०२.२०१७	सराय, डांगरी	१५ बच्चेे जो कि स्कूल छोड़ चुके थे स्कूल जाने लगे।
१०	३०.०३.२०१७ ३१.०३.२०१७	प्रबन्ध शास्त्र संस्थान काशी हिन्दू विश्वविद्यालय	कुमारी जीनत मंगलपुर गॉव को प्रबन्ध शास्त्र संस्थान में कार्य शाला में आमंत्रित किया गया। डॉ. आलोक कुमार पाण्डेय आई.आर. डी.पी. ने इस कार्यशाला में समर्थ ग्राम अभियान में किये गये कार्यो का प्रस्तुतीकरण किया तथा डॉ. बिन्देश्वरी प्रसाद सिंह विजिटिंग प्रोफेसर ने साक्षरता पर अपने विचार रखे
११	११.०४.२०१७	प्रो. के.एन. उड़प्पा सभागार काशी हिन्दू विश्वविद्यालय	डॉ. आलोक कुमार पाण्डेय आई.आर.डी.पी. सामुदायिक स्वास्थ्य विभाग के द्वारा आयोजित ११वी पीयर कार्यशाला में ग्रामीण विकास से सम्बन्धित आर्थिक सामाजिक सरकारी योजनाओं का प्रस्तुतीकरण किया तथा डॉ. बिन्देश्वरी प्रसाद सिंह विजिटिंग प्रोफेसर ने भी साक्षरता पर अपने विचार रखे
१२	०५.०४.२०१७	कुरहुऑ, बालीपुर, माधोपुर	३५ बीज के पैकेट ग्रामीणों को रसोई वाटिका हेतु बॉटे गये

२.१.४.८. सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति अध्ययन केन्द्र

यह केन्द्र वर्ष २००८ में ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत स्थापित हुआ है। यह उन ३५ केन्द्रों में से एक है जो विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा भारत में जाति, धर्म, वर्ग एवं लिंग के आधार के अंतर्गत उपाश्रित वर्गों को समाज की मुख्य धारा में लाने संबंधी अध्ययन एवं नीतियों के निर्माण करने के उद्देश्य हेतु किया गया है। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय का यह केन्द्र देश के उन केन्द्रों में से है, जिसने अपने आप को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के सामने प्रमाणित किया है एवं आयोग ने इसे निरंतर अनुदान प्रदान करने की सहमति दी है। इस केन्द्र में एम.फिल. एवं पी.एचडी. स्तर पर उपाश्रित वर्गों का अध्ययन हेतु पाठ्यक्रम संचालित होता है साथ ही साथ निरन्तर व्याख्यान माला, सेमिनार, संगोष्ठी तथा कार्यशालाओं का आयोजन होता है।

संक्षिप्त रिपोर्ट

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में स्थापित इस केन्द्र के निम्न उद्देश्य एवं लक्ष्य हैं।

- इस अध्ययन केन्द्र के अन्तर्गत दो वर्ष का परास्नातक पाठ्यक्रम प्रस्तावित है। इस पाठ्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न प्रकार के भेदभाव की प्रकृति एवं जाति, जनजाति, लिंग अपंगता, धर्म, कला, साहित्य से जुड़े बहिष्करण और साथ ही साथ समावेशी नीति से संबंधित विभिन्न आयामों-संवैधानिक, सामाजिक, राजनैतिक एवं आर्थिक-का अध्ययन किया जा रहा है।
- इस केन्द्र के अर्न्तगत एम.फिल एवं पी.एचडी. स्तर पर उपाश्रित वर्गों का अध्ययन हेतु पाठ्यक्रम निर्धारित किया गया है। इसके अन्तर्गत सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति हेतु विभिन्न सैद्धांतिक एवं शोध प्रारूप का प्रयोग करके एक नीति का निर्धारण हो सकेगा जो कि उपाश्रित वर्गों का मुख्य धारा में समायोजन हेतु लाभकारी होगा।
- सामाजिक रूप से बहिष्कृत समूहों के समस्याओं को समझने में सैद्धान्तिक एवं अनुभवात्मक परिपक्वता प्राप्त करने हेतु यह केन्द्र अनुसंधान एवं विस्तार कार्यक्रम को प्रोत्साहित करता है। इस परिप्रेक्ष्य में केन्द्र के विद्यार्थीगण, शिक्षकगण एवं अन्य कर्मचारी अध्यापन एवं शोध कार्य के माध्यम से एक ऐसी नीति का निर्माण कर सकेंगे जो कि समाज के प्रताड़ित लोगों के अधिकार को संरक्षित कर सकेगा।
- यह केन्द्र उपर्युक्त उद्देश्यों में संलग्न विभिन्न प्रकार के संस्थाओं से संबंध स्थापित करके सामाजिक बहिष्करण के परिप्रेक्ष्य में पैनापन लाकर अपने उद्देश्यों के संबंधित तथ्यों को मजबूती प्रदान करेगा।
- यह केन्द्र निरन्तर व्याख्यान माला, सेमिनार, संगोष्ठी तथा कार्यशालाओं का आयोजन करता है जहां कि प्रबंध शास्त्र, सामाजिक विज्ञान एवं कला विज्ञान के विद्यार्थी एवं विद्वान तथा राजनीतिक एवं सामाजिक नेता भाग लेते हैं।
- यह केन्द्र प्रविधि को बढ़ावा देकर पहुँच से दूर समुदाय के विभिन्न पहलुओं के बहिष्करण से संबंधित समस्याओं का अध्ययन करता है।

क्रियाएं एवं कार्यक्रम

शैक्षिक गतिविधियां: वर्तमान शैक्षिक सत्र के दौरान २० विशेष व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन किया गया।

शोध छात्रों के लिये उपलब्ध सुविधाएं: वर्तमान सत्र में उपाश्रित वर्गों के अध्ययन में एम.फिल. पाठ्यक्रम के अंतर्गत कुल २० छात्र पंजीकृत किये गये।

२.१.४.९. हाइड्रोजन ऊर्जा केन्द्र

हाइड्रोजन ईधन युक्त त्रिचक्रीय वाहन के व्यवसायीकरण से सम्बन्धित पहलुओं की विवेचना एवं व्यापक दृष्टिकोण के लिए हाइड्रोजन उर्जा विभाग, नवीन और नवीनीकरण उर्जा मंत्रालय के निदेशक डॉ.पी.सी. मैथानी, साथ में विभाग के अन्य विशेषज्ञ प्रो. श्रीनिवास मूर्ति (आई.आई.एस.सी.), प्रो. जे. कुमार (आई.आई.टी.कानपुर) ने हाइड्रोजन उर्जा केन्द्र बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय का निरीक्षण दिनांक १९-२० जनवरी २०१७ को किया। उन्होंने हाइड्रोजन त्रिचक्रीय वाहन के व्यवसायीकरण से सम्बन्धित मुद्दों पर बात की एवं मिशन मोड परियोजना के तहत एक करोड़ रूपये की धनराशि आबंटित की। एक अन्य महत्वपूर्ण घटना डॉ. के कस्तूरीरंगन (पूर्व अध्यक्ष इसरो) वर्तमान बोर्ड अध्यक्ष एवं राज्यपाल रमन अनुसंधान संस्थान, बंगलुरू २०-२१ अप्रैल २०१७ के दौरान हाइड्रोजन उर्जा केन्द्र का निरीक्षण रहा। उन्होंने आर एण्ड डी हाइड्रोजन उर्जा केन्द्र बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के सराहनीय कार्य को समझते हुए भविष्य में हाइड्रोजन उर्जा केन्द्र को मजबूती के साथ सहयोग देने की सिफारिश की।

हाइड्रोजन उर्जा केन्द्र, बी.एच.यू के आर एण्ड डी प्रयासों ने 'भारत में निर्माण' को नयी उर्जा दी है। हमने MgH_2 बनाने की (जो कि अब तक अल्फा-अस्सार कम्पनी से खरीदा जाता रहा) स्वदेशी तकनीक विकसित की है। हमने संश्लेषण और MgH_2 निर्माण के लिए प्रक्रिया पर पेटेंट के लिए आवेदन किया है। 'भारत में बनाने' के लिए अन्य महत्वपूर्ण प्रयास हाइड्रोजन (हाइड्राइड में संग्रहीत) हाइड्रोजन उर्जा केन्द्र, वाराणसी में त्रिचक्रीय प्रदर्शन बेडे के विकास से संबंधित है। यह स्वदेशी प्रयास वाहनों के परिवहन के कार्बन तटस्थ, जलवायु मित्रवत ईधन के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इस सत्र में हमने १२ शोध पत्र जो कि हाइड्रोजन उर्जा के क्षेत्र में बड़े प्रभावशाली (प्रभावकारक ३.२६ से ८.८६) माने जाते है, में प्रकाशित किये हैं।

फोटोग्राफ कैप्सन

- निदेशक हाइड्रोजन उर्जा विभाग, नवीन और नवीनीकरण उर्जा मंत्रालय डॉ. पी.सी. मैथानी, साथ में क्षेत्र के अन्य विशेषज्ञ प्रो. श्रीनिवास मूर्ति (आई.आई.एस.सी, बंगलुरू) प्रो. जे. कुमार (आई.आई.टी., कानपुर) आइड्रोजन उर्जा केन्द्र का १९-२० जनवरी, २०१७ को निरीक्षण करते हुए।
- डॉ. के कस्तूरीरंगन (पूर्व अध्यक्ष, इसरो), वर्तमान बोर्ड अध्यक्ष और राज्यपाल, रमन अनुसंधान संस्थान, बंगलुरू, २०-२१ अप्रैल, २०१७ को हाईड्रोजन उर्जा केन्द्र का निरीक्षण करते हुए।
- हाइड्रोजन (हाइड्रोजन में संग्रहित) ईधन युक्त त्रिचक्रीय वाहनों के समूह का हाइड्रोजन उर्जा केन्द्र में प्रदर्शन।

१९-२० जनवरी, २०१७ को केन्द्र पर दौरे के दौरान डॉ. पी.सी. मैथानी, निदेशक, एमएनआरई, प्रो. श्रीनिवास मूर्ति, आईआईएससी, बंगलुरु, प्रो. जे. कुमार, आईआईटी कानपुर

२०-२१ अप्रैल, २०१७ के दौरान डॉ. के. कस्तूरीरंगन (पूर्व चेयरमैन, इसरो) वर्तमान चेयरमैन बोर्ड ऑफ गवर्नर्स, रमन रिसर्च इंस्टीट्यूट, बंगलुरु

हाइड्रोजन ऊर्जा केन्द्र, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में हाइड्रोजन ऊर्जा प्रदर्शन के लिए तीन पहिया वाहन

२.१.४.१०. नैनो विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी इकाई/केन्द्र

भारत में जब २००५ में नैनो विज्ञान और प्रौद्योगिकी की आर एण्ड डी का काम पूरे जोर पर था तब बीएचयू को उसके कार्बन नैनो ट्यूब के कार्य में विशेषता के कारण इसे नैनो साइन्स का आरम्भकर्ता माना गया।

यह नैनो विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी इकाई/केन्द्र की सबसे महत्वपूर्ण घटना थी तब १८ फरवरी, २०१७ को प्रो. सी.एन. राव (भारत रत्न, अध्यक्ष नैनो विज्ञान मिशन (भारत सरकार) ने इस ईकाई का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान प्रो. सी.एन.राव और प्रो.जी.सी.त्रिपाठी (कुलपति, बीएचयू) ने उच्च क्षमता युक्त एक्सआरडी तकनीक, एम्पीरियन (मूल्य-१.५ करोड़ रुपया) का उद्घाटन किया। तीन शोध पत्र और एक अध्याय (किताब में) वर्ष २०१७ में प्रकाशित किया गया।

अमीनो आधारित ग्रेफीन आक्साइड- कार्बन नैनो ट्यूब सम्मिश्र, बी- एमीलेज के कोवैलेन्ट इम्मोवचाइजेसन के लिए ग्रेफीन आक्साइड और आयरन अक्साइड के नैनो-इन्टर फेस का प्रयोग, औद्योगिक नैनो जैव उत्प्रेरक का उत्पादन: गतिक, स्थिरता और पुन: प्रयोग का तुल्यात्मक अध्ययन।

ग्रेफीन आक्साइड-कार्बन नैनो ट्यूब सम्मिश्र (जीओ-सीएनटी), ग्रेफीन आक्साइड नैनो फलक (जीओ), और आयरन आक्साइड नैनोकन का अमीनो सतह पर फन्कशनलाइजेशन किया गया और बनाया गया और उसके बाद उसको एराचिस हाइपोजीया से बी-एमीजेज के इक्वोलेन्ट, इम्मोवलाइजेसन में प्रयोग किया गया। रिसपान्स सरफेस मेथोडोलॉजी (आरएसएम) का वाक्स-वेहन्कन रचना और इमोवलाइजेशन को प्रभावित करने वाले मापदण्ड को बेहतर बनाया गया जिससे कि इमोवलाइजेशन क्षमता ९०%, ८८% और ७१% प्राप्त हुई। बी-एमीलेस को जीओ-सीएनटी (bomyl@GO-CNT) और Fe_3O_4(bamyl@Fe_3O_4) से इम्मोवलाइज्ड करने से यहां तक कि ६५० सेल्सियस पर १०० मिनट तक उष्मायन करने के बाद भी करीब ७०% क्रियाशीलता कायम रही। यद्यपि की सभी नैनो जैव उत्प्रेरक (एनबीसीएस) अच्छे पाये गये, जबकि (जीओ-सीएनटी) से इम्मोवलाइज्ड बी-एमीजेज की इम्मोयजेशन उपज, उष्मीय स्थिरता और उत्प्रेरक क्षमता सबसे अच्छी पायी गयी। (जीओ-सीएनटी) से इम्मोवलाइज्ड बी एमीलेज की अच्छे गुण की प्राप्ति, कार्बन नैनो ट्यूब को जीओ में फैलाव है जो कि जीओ के ढेर को रोकता और इस प्रकार (जीओ-सीएनटी) का एन्जाइम बन्धन और आधार की उपलब्धता में मदद करता है। सम्बन्धित सांचे का विषहीन और साधारण एवं सहज इम्मोवलाइजेशन कार्य प्रणाली के कारण इसे मैलटोज के उत्पादन के लिए एक सामर्थ्य औद्योगिक जैव उत्प्रेरक के रूप में इसका प्रयोग किया जा सकता है।

न्यू जेनरेशन नैनो मैटेरियल करेक्टराइजेशन यंत्र का शुभारम्भ करते प्रो. सी.एन.आर. राव और कुलपति, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

२.१.५. स्कूल

२.१.५.१. सेन्ट्रल हिन्दू ब्वायज़ स्कूल
२.१.५.२. सेन्ट्रल हिन्दू गर्ल्स स्कूल
२.१.५.३. श्री रणवीर संस्कृत विद्यालय

२.१.५.१. सेन्ट्रल हिन्दू ब्वायज़ स्कूल, कमच्छा

भारतीय संस्कृति एवं हिन्दूधर्म के प्रति समर्पित इंग्लैण्ड में जन्म लेने वाली डॉ. एनी बेसेण्ट ने भारत की प्राचीन सांस्कृतिक राजधानी काशी में ७ जुलाई, १८९८ को सेन्ट्रल हिन्दू स्कूल की स्थापना की। सन् १९१४ में सी.एच.सी. ट्रस्ट द्वारा यह विद्यालय महामना मदनमोहन मालवीय जी को समर्पित कर दिया गया। इसी विद्यालय की आधारशिला पर सन् १९१६ बसन्त पंचमी को भव्य समारोह के साथ काशी हिन्दू विश्वविद्यालय का शिलान्यास किया गया। वर्तमान समय में यह विद्यालय काशी हिन्दू विश्वविद्यालय का अभिन्न अंग है। १९७७ से यहां की परीक्षा सी.बी.एस.ई. द्वारा सम्पन्न करायी जा रही है।

वर्तमान समय में यह विद्यालय केवल परीक्षा तथा पाठ्यक्रम को छोड़कर प्रशासनिक दृष्टि से विश्वविद्यालय का अभिन्न अंग है। कक्षा छः से बारह तक (कला, वाणिज्य, विज्ञान वर्ग) के कुल छात्रों की संख्या १७५० तथा अध्यापकों की संख्या ७३ है। वर्तमान समय में ४१ स्थायी तथा ३२ संविदा पर अस्थायी रूप में कार्य कर रहे हैं। कक्षा छः, नौ तथा ग्यारह में प्रवेश हेतु प्रतिवर्ष विश्वविद्यालय द्वारा यूईटी, पीईटी की तरह सेट (स्कूल इन्ट्रेन्स टेस्ट) का आयोजन होता है जिसमें मेरिट के आधार पर छात्रों को प्रवेश दिया जाता है यहाँ गणित, विज्ञान, कृषि, संगीत, संगणक, शारीरिक शिक्षा आदि विषयों के शिक्षा व्यवस्था तथा सबकी अपनी-अपनी प्रयोगशालाएँ हैं। एनसीसी की चार शाखाएँ (३ आर्मी तथा १ एयर विंग) संचालित है।

विद्यालय में स्थित तैलंग पुस्तकालय, सरगाहाल तथा काशीनरेश हाल विद्यालय के प्राचीन ऐतिहासिक धरोहर भवन है। विद्यालय के कक्ष विभिन्न दान-दाताओं, पूर्व छात्रों के अभिभावकों द्वारा दिये गये दान की राशि से निर्मित है। कक्षों के द्वार पर लगे शिलापट्ट उनकी उदारता एवं सेवाभाव को प्रदर्शित करते हैं। पुस्तकालय मे लगभग ४० हजार पुस्तकें, विभिन्न प्रकार के पत्र-पत्रिकाएँ, दैनिक सामाचार-पत्र छात्रों के लिए उपलब्ध हैं। विद्यालय परिसर में ही एक छात्रावास है, जिसमें सुदूर क्षेत्र से आनेवाले मेधावी छात्रों को मेरिट के आधार पर आवासीय सुविधा दी जाती है। परिसर में ही विश्वविद्यालय द्वारा संचालित छात्र स्वास्थ्यसंकुल स्थापित है, जिसमें छात्रों को चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध है। विद्यालय में छात्रों के लिए जेनरेटर, कैन्टीन, वाहन स्टैण्ड आदि की सुविधाएँ भी विद्यमान है। विद्यालय के निर्धन एवं मेधावी छात्रों की सहायता हेतु 'विद्यालय सहायक सभा' तथा 'छात्र कल्याणकोष' की स्थापना की गई है। इसके माध्यम से छात्रों को नकद धनराशि, पुस्तकें तथा यूनिफार्म की सुविधा प्रदान की जाती है। इस विद्यालय का ही एक प्राईमरी विभाग राजीव गांधी दक्षिणी परिसर, बरकछा, मिर्जापुर में संचालित है, जहाँ नर्सरी से कक्षा ५ तक की कक्षाएं संचालित है। यह विद्यालय अपनी स्थापना के ११८ वर्ष पूर्ण कर चूका है।

पाठ्यसहगामी क्रियाएँ

विद्यालय में अध्ययनरत सभी छात्रों को चार सदनों (शिवाजी, टैगोर, अशोक, रमन) में विभाजित कर वर्ष पर्यन्त अन्तर्सदनीय वाद-विवाद, व्याख्यान, सामान्यज्ञान आदि के साथ ही खेलकूद गणित, विज्ञान, कला, संगीत चित्रकला आदि की विविध स्पर्धाएँ आयोजित की जाती है। इसमें श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रार्थना सभा में पुरस्कृत किया जाता है। वार्षिक खेलकूद के अन्तर्गत क्रिकेट, बास्केटबाल, टेनिस, फुटबाल, वॉलीबाल, दौड़, कूद, की विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित होती है।

विद्यालय पत्रिका

विद्यालय की समस्त शैक्षणिक, सांस्कृतिक गतिविधियों को सामने लाने एवं छात्रों शिक्षकों की सर्जनात्मक प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष विद्यालय की वार्षिक पत्रिका-'सृजन' का प्रकाशन अनवरत होता है।

वर्तमान शैक्षणिक सत्र की विशिष्ट उपलब्धियाँ

- सी.बी.एस.ई. २०१६ कक्षा बारह का परीक्षाफल ९६.८४ प्रतिशत रहा। अभिषेक मिश्र (गणित वर्ग) ९४.६ प्रतिशत, अनुपम सिंह (जीवविज्ञान वर्ग) ९३.८ प्रतिशत, अवधेश कुमार मीना (कला वर्ग) ९३.८ प्रतिशत, देवांश सारस्वत (वाणिज्य वर्ग) ९२.८ प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने वर्ग में प्रथम स्थान पर रहे।
- सीबीएसई २०१६ कक्षा दस का परीक्षाफल १०० प्रतिशत रहा तथा ८६ छात्रों को सभी विषयों में १०सीजीपीए मिला जो पूरे वाराणसी मण्डल के सभी विद्यालयों में सर्वाधिक छात्रों की सफलता का कीर्तिमान है।
- कक्षा छः से (सीबीएसई के उत्कृष्ट ०.१ के अन्तर्गत ८ छात्रों को 'दक्षता प्रमाणपत्र' प्रदान किये गये जो सीबीएसई परीक्षा में उनके श्रेष्ठ प्रदर्शन का परिचायक है) ग्यारह तक की विद्यालयीय गृहपरीक्षा का परीक्षाफल ८२.५७ रहा। कक्षा ग्यारह की गृह परीक्षा में सक्षम सिंह ने सर्वाधिक ९३.७ प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टापर होने का सम्मान प्राप्त किया कक्षा छः से ग्यारह तक सीसीई मूल्यांकन प्रणाली लागू है। इसके अन्तर्गत परीक्षा में ग्रेड प्रदान किये जाते है। उपर्युक्त कक्षाओं में सभी विषयों में १९ छात्रों ने ए-वन ग्रेड प्राप्त किये।
- विद्यालय के ११ छात्रों ने अपने प्रथम प्रयास में देश की प्रतिष्ठापरक परीक्षा जेईई एडवांस-२०१६ में अच्छे रैंक के साथ चयनित होने का सौभाग्य प्राप्त किया। ५० से अधिक छात्र यूपीटीयू की परीक्षा में अच्छे रैंक के साथ चयनित हुए। शुभम गुप्ता ने २५५ रैंक के साथ जिला टापर होने का गौरव प्राप्त किया।
- विद्यालय के ०७ छात्रों ने अपने प्रथम प्रयास में ही देश की प्रतिष्ठापरक पीएमटी परीक्षा नीट-२०१६ में अच्छे रैंक के साथ चयनित होकर एआईएमएमएस दिल्ली, चि.वि.सं., का.हि.वि.वि. में प्रवेश लेकर विद्यालय को गौरवान्वित किया है।
- साइंस ओलम्पियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित विज्ञान, गणित एवं अंग्रेजी विषयों की प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाल ५० छात्रों को उक्त संस्था द्वारा पुरस्कार के रूप में धनराशि (चेक) मेडल, प्रमाणपत्र, पुस्तकें, बैग आदि प्रदान कर सम्मानित किया गया। संस्था की ओर से इस परीक्षा में सहयोग देने वाले ०७ अध्यापकों को भी प्रशंसा-पत्र प्रदान किये गये ।इन परीक्षाओं की समन्वयक जीवविज्ञान की अध्यापिका श्रीमती अनीता मेश्राम जी रहीं।
- डाल्म्सि (डॉ. अमृतलाल इशरत मेमोरियल सनबीम स्कूल) द्वारा आयोजित 'शिशिर मेमोरियल मैथेजीनियस २०१६ प्रतियोगिता' में अलग-अलग कक्षाओं में ०९ पुरस्कार हमारे विद्यालय के छात्रों को प्राप्त हुए। इस प्रतियोगिता परीक्षा में वाराणसी महानगर के कुल ४० विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभागिता की थी।
- डीपीएस वाराणसी द्वारा आयोजित अंतर्विद्यालयीय फेस्ट फेनेस्ट्रा-२०१६ में विद्यालय के अंकित कुमार कक्षा-बारह तथा आकाश कुमार, कक्षा-बारह को मेथ-ए-मेजिक प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान का पुरस्कार मिला। १८ छात्रों को प्रतिभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान किये गये।
- एसएमएस वाराणसी द्वारा आयोजित स्मार्ट मेन्टल एबिलिटी रिकोगनाइज टेस्ट (स्मार्ट) २०१६ में प्रियांशु कुमार कक्षा (ग्यारह ए१) को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए रु.५०००/- की धनराशि का चेक तथा प्रमाणपत्र उक्त संस्था द्वारा प्रदान कर सम्मानित किया गया। साकेत (कक्षा-बारह एफ) कथा अंकित शर्मा (कक्षा बारह ए३) को २५००/- २५००/- का नकद पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्राप्त हुए।
- ४ अक्टूबर-२०१६ को विद्यालय में आयोजित इन्टरनेशनल कंपनी सेक्रेटरी ओलम्पियाड परीक्षा सम्पन्न हुई। इस परीक्षा में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अंकित कुमार कक्षा ग्यारह को रु.२५०००/- पच्चीस हजार का पुरस्कार प्रमाण पत्र एवं मेडल ऑफ एक्सेलेंस प्राप्त हुआ।
- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, उ.प्र. शासन, विज्ञान भवन, लखनऊ द्वारा सीबीएसई में विज्ञान विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले निम्न ४ छात्रों को दो-दो हजार की धनराशि का चेक प्रदान कर पुरस्कृत किया गया।
- गाँधी जयन्ती-२०१६ के अवसर पर विद्यालय में चित्रकला एवं कविता पाठ प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई। इन प्रतियोगिताओं में १० विजेता छात्रों को मालवीय भवन का.हि.वि.वि. में नकद पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर माननीय कुलपति जी द्वारा सम्मानित किया।
- विज्ञान एवं तकनीकी मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित तथा पशुपालन और डेयरी उद्योग विभाग, का.हि.वि.वि. द्वारा २२ से २६ अक्टूबर तक आयोजित इंस्पायर इन्टर्नशीप साइंस कैम्प में विद्यालय के २४ प्रतिभाशाली छात्रों ने भाग लिया तथा स्वतंत्रता भवन, का.हि.वि.वि. में पांच दिनों तक चलने वाले विज्ञान और तकनीकी से सम्बन्धित देश के ख्याति प्राप्त विद्वानों के व्याख्यान से ज्ञानार्जन किया। ये सभी सीबीएसई कक्षा दस के १० सीजीपीए प्राप्तकर्ता छात्र थे।
- प्रो. गोपबन्धु मिश्र, अध्यक्ष एवं आचार्य संस्कृत विभाग, कला संकाय, का.हि.वि.वि. के निर्देशन में संचालित तथा संस्कृत भारती द्वारा दिनांक ११.१२.२०१६ आयोजित १२वीं अखिल भारतीय शलाका परीक्षा २०१६ में मेधावी छात्र रविशंकर चौबे कक्षा बारह एफ को द्वितीय स्थान का पुरस्कार रु.११०००/- धनराशि के रूप

में प्राप्त हुआ। इस परीक्षा में कक्षा दस की पाठ्यपुस्तक को आद्योपान्त कण्ठस्थ रखने की अनिवार्यता होती है।

- दिनांक २१.१२.२०१६ को डीआईओएस वाराणसी द्वारा मुख्यमत्री लैपटाप वितरण योजना के अन्तर्गत क्वींस कालेज वाराणसी में आयोजित एक समारोह में सीबीएसई-२०१५ तथा २०१६ में उत्तीर्ण कक्षा दस तथा बारह के १९ छात्रों को नि:शुल्क लैपटाप की प्राप्ति हुई—उक्त सभी मेधावी तथा योग्यता सूची में स्थान प्राप्त छात्र हैं।
- बंगदर्शन संस्था द्वारा भेलूपुर, वाराणसी में आयोजित 'आनन्द मेला' में विद्यालय के छात्र अनिकेश कुमार वर्मा (कक्षा बारह एफ) को वरिष्ठ वर्ग की चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ।
- महामना मालवीय जयन्ती-२०१६ मालवीय भवन, का.हि.वि.वि. में सम्पन्न हुई। जिसमें भजन प्रतियोगिता में सूरज कुमार गोड़- प्रथम स्थान रु.१५००/- नकद, स्मृति चिन्ह तथा प्रमाणपत्र एवं चित्रकला प्रतियोगिता-अनिकेश कुमार वर्मा प्रथम स्थान रु.१५००/- नकद, स्मृति चिन्ह तथा प्रमाणपत्र प्राप्त किये।
- अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न विषयों जैसे जीव विज्ञान, एस्ट्रोनामी और जूनियर साइंस ओलम्पियाड हेतु एआईपीटी द्वारा आयोजित नेशनल स्टैण्डर्ड एकजामिनेशन २०१६ की परीक्षा विद्यालय में श्री संदीप सोनगरा के नेतृत्व में संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता परीक्षा में राष्ट्रीय स्तर पर २ छात्र पीयूष कुमार-दस बी और अंकित कुमार-नौ सी ने ३०० छात्रों के मध्य अपना शीर्ष स्थान बनाया।
- जिला स्तरीय अन्तर्विद्यालीय रामानुजन मेमोरियल गणित छात्रवृत्ति परीक्षा विगत २८ वर्षो से विद्यालय में आयोजित होती है। २०१६ में आयोजित इस प्रतिष्ठापूर्ण परीक्षा में वाराणसी के लगभग ४० विद्यालयों से कुल ६५ छात्रवृत्तियों में से २५ छात्रवृत्ति हमारे विद्यालय के छात्रों को प्राप्त हुई। यह हमारे लिए आत्मसम्मान और गौरव का विषय है। इस परीक्षा के समन्वयक विद्यालय के गणित शिक्षक श्री आशुतोष प्रजापति है।
- १ सितम्बर से १४ सितम्बर २०१६ तक विद्यालय में हिन्दी पखवाड़ें का आयोजन किया गया। १५ दिनों तक चलने वाले इस पखवाड़ें में छात्रों के मध्य हिन्दी भाषा से सम्बद्ध विविध प्रकार की प्रतियोगिताएँ आयोजित हुई। प्रतियोगिता में विजेता छात्रों तथा सहयोगी अध्यापक/अध्यापिकाओं को समापन समारोह के अवसर पर पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिताओं का आयोजन एवं समन्वयन विद्यालय की हिन्दी अध्यापिका डॉ. सोनी स्वरूप ने किया।
- राजभाषा प्रकोष्ठ, का.हि.वि.वि. द्वारा विश्वविद्यालय स्तर पर राजभाषा हिन्दी में सर्वाधिक कार्य करने हेतु प्रथम पुरस्कार 'चल वैजयन्ती' विद्यालय को प्राप्त हुआ।
- डालिम्स रोहनियां द्वारा आयोजित काव्यपाठ प्रतियोगिता में शुभम पाण्डेय, कक्षा बारह बी२ को तृतीय स्थान का पुरस्कार प्राप्त हुआ।
- राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान द्वारा कक्षा नौ में संस्कृत विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्ति पर हिमांशु, अंकित सिंह, अविनाश पाण्डेय, रविशंकर चौबे, रामकुमार, चैतन्य हर्ष पाण्डेय और ओम प्रकाश वर्मा छात्रों को ३-३ हजार की छात्रवृत्ति प्राप्त हुई।
- पर्यावरण एवं धारणीय विकास संस्थान एवं सीडस, एसीया क्योटो जापान के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण एवं आपदा प्रबन्धन पर एक परियोजना संचालित हो रही है। इस परियोजना के अन्तर्गत हमारे विद्यालय को वाराणसी महानगर के चयनित पांच क्लाइमेट विद्यालयों में स्थान प्राप्त हुआ है। इसके अन्तर्गत विद्यालय में मौसम सम्बन्धी जानकारी उपलब्ध कराने हेतु आटोमैटिक वेदर स्टेशन (एडब्ल्यूएस) एवं प्रदूषण मापन हेतु एअर सैम्पलर संयंत्र स्थापित किए गये हैं।

खेल-द स्पोर्टस सोटकेन कराटे डू एसोसिएशन यूपी द्वारा कुशीनगर उ.प्र. में स्टेट कराटे चैम्पियनशीप-२०१६ में विद्यालय के छात्र विजय कुमार को स्वर्णपदक प्राप्त हुआ।

- सीबीएसई क्लस्टर पांच इलाहाबाद में आयोजित अन्तर्विद्यालयीय खेलकूद स्पर्धा में सौरभ सिंह यादव, कक्षा ग्यारह को १५००मी. दौड़ में द्वितीय स्थान, रजत पदक एवं प्रमाण पत्र तथा ३००मी. दौड़ में तृतीय स्थान ताम्रपदक एवं प्रमाणपत्र प्राप्त हुए। बृजेश यादव कक्षा दस को २००मी. दौड़ स्पर्धा में द्वितीय स्थान, रजत पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया।
- सीबीएसई जोनल स्वीमिंग कम्पटीशन-२०१६ राँची में हर्षित तिवारी कक्षा नौ ए को १००मी. एवं ५०मी. बेस्ट स्ट्रोक में ताम्रपदक प्राप्त हुआ।

एन.सी.सी.

- एन.सी.सी. कैम्प के दौरान आयोजित जी.के. क्वीज कम्पटीशन में २२ जेडी के कैडेट-प्रभात कुमार कक्षा ११-ई को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। आर्यन चतुर्वेदी कक्षा-दस एफ को जीके कम्पटीशन में रजत पदक तथा भाषण एवं वाद-विवाद प्रतियोगता में प्रथम स्थान के साथ स्वर्ण पदक तथा प्रमाण-पत्र प्राप्त हुए।
- विद्यालय के जीवविज्ञान शिक्षक एवं ३/८९ बटालियन आर्मी एनसीसी के अधिकारी श्री संजय कुमार केसरी ने १४ दिसम्बर २०१५ से मार्च २०१६ तक एनसीसी आफिसर ट्रेनिग एकेडमी, कामटी, नागपुर में प्रशिक्षण प्राप्त किया और उसमें सफलतापूर्वक 'ए' ग्रेड में उत्तीर्ण हुए। इस ट्रेनिंग के उपरान्त इन्हें लेफ्टिनेन्ट रैंक प्रदान किया गया।
- श्री संजय कुमार केसरी ने ११ एनडीआरएफ वाराणसी द्वारा आयोजित डिसास्टर रिस्पॉस ट्रेनिंग मॉड्यूल में प्रशिक्षण प्राप्त किया।
- श्री संजय कुमार केसरी ने दिनांक ९.११.२०१६ को आयोजित जिलास्तरीय राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में विद्यालय के मार्ग दर्शक के रूप में सक्रिय सहभागिता की।

अन्य कार्यक्रम

- दिनांक ०५.०८.२०१७ को विद्यालय प्रार्थना-सभा में एअरो माडलिंग क्लब वाराणसी से आये रविकान्त झा श्री तुलसी कान्त झा ने विद्यालय ग्राउन्ड में एअर माडल का प्रदर्शन कर एअरक्राफ्ट निर्माण उड्यन संचालन एवं नियंत्रण, सुरक्षा आदि की बारीकियों से छात्रों को अवगत कराया।
- दिनांक ०६.०८.२०१६ को मास्को (रसिया) से आये युवावैज्ञानिक (स्पेश सांइटिस्ट) ने सरगासभागार में आयोजित एक कार्यक्रम में गणित एवं विज्ञान विषय पर रोचक व ज्ञानवर्द्धक व्याख्यान प्रस्तुत किया। प्रक्षेपक यन्त्र के माध्यम से विज्ञान एवं गणित के क्षेत्र में किये गये नवीन शोधों की जानकारी प्रस्तुत की। इन्होंने प्रोजेक्टर के माध्यम से रामानुजन के गणितीय सिद्वान्तों को समझाया।
- विश्वशान्ति महासंघ की ओर से स्वच्छता महाक्रान्ति मिशन द्वारा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत की परिकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से श्री मनोज गुप्ता के नेतृत्व में १० महिला सदस्यों ने विद्यालयों के छात्रों को परिवार, समाज और देश को स्वच्छ रखने के लिए 'स्वच्छ सिपाही' बनने के लिए प्रेरित कर उनहें शपथ दिलायी।
- दिनांक २३.११.२०१७ को 'नमामि गंगे तथा 'सेव डल्फिन सेव गंगा' अभियान के तहत श्री जमुना शुक्ला जी ने गंगा बचाओ अभियान से जुड़ने के लिए छात्रों का आह्वान किया तथा उन्हें अपने व्याख्यान के माध्यम से प्रेरित किया।
- दिनांक २६.११.२०१६ को संविधान दिवस के अवसर पर विद्यालय शिक्षिका डॉ. सीमा सिंह ने संविधान की महत्ता तथा उसके प्रति देश की प्रतिबद्धता पर व्याख्यान देकर छात्रों को भारतीय संविधान का आदर करने की प्रेरणा प्रदान की। इस विषय पर निबन्ध, व्याख्यान, चित्रकला, प्रश्नोत्तरी आदि की प्रतियोगताएँ भी आयोजित की गई।
- गीता जयंती के अवसर पर विद्यालय में श्रीमद्भगवद्गीता पाठ अन्त्याक्षरी तथा क्विज का आयोजन किया गया। उत्तम प्रदर्शन करने वाले छात्रों को डॉ. ओम प्रकाश राय पूर्वप्राचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया।
- सेन्टर फार एन्वायरोन्मेन्ट एजूकेशन द्वारा आयोजित स्वच्छगंगा क्लब कार्यक्रम के अन्तर्गत २९.११.२०१६ को आयोजित शिक्षक-प्रशिक्षण कार्यशाला में विद्यालय का प्रतिनिधित्व श्री राम दयाल सिंह (भूगोल शिक्षक) ने किया।
- दिनांक १०.०१.२०१७ को का.हि.वि.वि. के स्वतंत्रता भवन में आयोजित महामहिम राष्ट्रपति के वीडियो कान्फ्रेंसिंग 'बिल्डिंग ह्यूमन एंड हैप्पी सोसाइटी' कार्यक्रम में विज्ञान शिक्षिका श्रीमती स्नेहलता सिंह जी के नेतृत्व में ५ उत्साही छात्रों ने भाग लिया।

सम्मान

- ४ सितम्बर २०१६ को शिक्षक दिवस की पूर्वसंध्या पर इण्टर धर्म संवाद केन्द्र और धर्म अध्ययन के लिए संस्थान द्वारा विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती अनीता मेश्राम को 'मैत्री भवन विशिष्ट शिक्षक' सम्मान प्रदान किया गया।
- सोसाइटी फॉर सोशल एक्शन एंड रिसर्च की ओर से आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह के अन्तर्गत शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए सेन्ट्रल हिन्दू ब्वायज स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ नीरू वहाल को 'काशी गौरव' अलंकरण से सम्मानित किया गया।
- सार संस्थान की ओर से आयोजित प्रतिभाखोज परीक्षा में प्रथम स्थान पाने वाले छात्र विक्रम कुमार कक्षा दस-'क' को लैपटाप प्रदान कर सम्मानित किया गया।

शैक्षिक भ्रमणः दिनांक २८ नवम्बर २०१६ को इतिहास विभाग के २७ छात्रों का एक दल श्रीमती सोनी कुमारी तथा डॉ. सोनी स्वरुप, श्रीमती रीता सिंह एवं श्री सत्यनारायण जी के नेतृत्व में चुनार किला शैक्षिक भ्रमण हेतु गया। वहां छात्रों ने ऐतिहासिक रोचक जानकारियाँ एकत्रित की।

परिसर-विकास एवं निर्माण कार्य

- विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा अवमुक्त धनराशि से रसायन विज्ञान प्रयोगशाला का जीर्णोद्धार कराया गया। इस प्रयोगशाला में एलपीजी गैस कनेक्शन का कार्य प्रगति पर है।
- विद्यालय परिसर को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से चहारदिवारी पर रेलिंग के साथ कंटीले बाड़ लगाये गये।
- विद्यालय में ४ स्थानों पर सीसी कैमरे लगाये गये जिसमें विद्यालय में आने जाने वाले लोगों तथा कार्यालय के क्रियाकलापों पर नजर रखी जा सके।
- सरगा सभागार के छत का जीर्णोद्धार, मरम्मत के साथ ही नये महिला प्रसाधन कक्ष का निर्माण किया गया।
- विद्यालय के सन् १९८६ बैच में कक्षा बारह उत्तीर्ण छात्रों के एक दल ने अपने द्वारा एकत्रित धन से विद्यालय परिवार को शुद्ध एंव शीतल जल उपलब्ध कराने के लिए वाटर प्यूरीफायर कम वाटरकूलर लगवाया।

२.१.५.२. सेन्ट्रल हिन्दू गर्ल्स स्कूल

सेन्ट्रल हिन्दू गर्ल्स स्कूल पूर्वी उत्तर प्रदेश के प्राचीन एवं सर्वोत्कृष्ट स्कूलों में से एक हैं। यह प्राचीन मध्यकालीन तथा आधुनिक मूल्यों से नव जीवन के बौद्धिक तथा मानसिक विकास के साथ-साथ उन्हें नवीनता की ओर अग्रसर करने का माध्यम है। १९०४ में सेन्ट्रल हिन्दू कॉलेज के नाम से इसकी नींव रखी गयी तथा ट्रस्ट बोर्ड ने इसे, एनी बेसेन्ट के सपनों को महिला उत्थान हेतु अपनी हरी झंडी भी दे दी। १९१६ में यह महामना पं. मदन मोहन मालवीय के उज्ज्वल सपनों की मूर्ति के रूप में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय का एक अभिन्न अंग बना। यह विद्यालय मालवीय जी के सुविचारों से ओत प्रोत होने के साथ-साथ बालिकाओं को आधुनिक परिप्रेक्ष्य में शिक्षित करने का भी कार्य करता है। यहाँ कला, विज्ञान, वाणिज्य व सांस्कृतिक विधाओं की मूल्यपरक शिक्षा दी जाती है। यहाँ सम्बन्धित विषयों की सुसज्जित प्रयोगशालाएं व पुस्तकालय हैं। यह विद्यालय सी.बी.एस.ई. से सम्बद्ध है।

शैक्षिक सुविधायें

- यह विद्यालय एल.के.जी. से कक्षा १२ तक की छात्राओं को शिक्षा प्रदान करता है। कक्षा एल.के.जी. से पाँचवी तक प्राइमरी विभाग की कक्षाएँ कोल्हुआ परिसर में चलती हैं और वरिष्ठ विभाग की कक्षाएँ कक्षा ६ से १२ तक कमच्छा परिसर में चलती हैं।
- एल.के.जी. में प्रवेश लॉटरी पद्धति द्वारा तथा कक्षा ६, ९ तथा ११ में प्रवेश विद्यालय प्रवेश परीक्षा (सेट) द्वारा दिया जाता है।
- कक्षा ११ तथा १२ के लिए सभी तीनों वर्गों कला, विज्ञान तथा वाणिज्य की कक्षाएँ चलती हैं। सभी मुख्य अनिवार्य विषयों के अतिरिक्त कम्प्यूटर, गृह-विज्ञान, स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा वर्क्स एक्सपीरियंस, सामान्य अध्ययन, संगीत, चित्रकला, रेडक्रॉस, नृत्य तथा स्वच्छता का शिक्षण छात्राओं को दिया जाता है।
- कनिष्ठ तथा वरिष्ठ वर्ग की छात्राएँ बी.एच.यू. एनसीसी से संबंधित नियमित कैम्प तथा ड्रिल प्रशिक्षण में भाग लेती हैं। 'ए' तथा 'बी' सर्टिफिकेट क्रमश: एन.सी.सी. की कनिष्ठ तथा वरिष्ठ वर्ग की छात्राओं को दिया जाता है।
- शिक्षकों के कौशल विकास के लिए समय-समय पर ईओपी का आयोजन किया जाता है।
- छात्राओं के विद्यालय आवागमन हेतु कुल ९ बसें हैं जो शहर भर में नियमित रूप से परिचालित होती हैं।
- विद्यालय की छात्राओं को चार सदनों में बाँटा गया है। एनी बेसेन्ट, लक्ष्मी बाई, गोदावरी बाई एवं सरोजिनी नायडू सदन। विद्यालय की छात्राएँ विभिन्न प्रकार की अन्तरसदनीय प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा तथा गुणों को प्रदर्शित करती हैं।
- भौतिक विज्ञान, रसायन, गणित, जीव विज्ञान, गृह विज्ञान, कम्प्यूटर विषयों के प्रायोगिक कार्य हेतु सर्वोत्तम प्रकाश पूर्ण एवं सुविधाओं से युक्त प्रयोगशालाएँ हैं।
- गरीब तथा सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को छात्रवृत्ति तथा मुफ्त शिक्षा के रूप में आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाता है।
- विद्यालय में सभी उत्सवों जैसे वार्षिक दिवस, स्थापना दिवस, राष्ट्रीय दिवस, महापुरुषों के जन्म दिवस तथा जन्माष्टमी, पर्यावरण दिवस तथा स्वच्छता दिवस इत्यादि को पूर्ण हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया जाता है।
- २६ नवम्बर २०१६ को विद्यालय में राष्ट्रीय कैडैट कोर दिवस मनाया गया।
- विद्यालय में छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु विभिन्न कार्यक्रमों जैसे इको क्लब, विज्ञान क्लब, लिटरेरी क्लब, योग क्लब, खेल क्लब इत्यादि का आयोजन किया जाता है।
- वर्तमान सत्र के सी.बी.एस.ई. बोर्ड परीक्षा परिणाम कक्षा १० का १०० प्रतिशत तथा कक्षा १२ का ९८.२३ प्रतिशत रहा।

विशेष उपलब्धियाँ

- राजभाषा हिन्दी में उल्लेखनीय कार्य करने हेतु विद्यालय को माननीय कुलपति, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय द्वारा 'राजभाषा पुरस्कार २०१६' से सम्मानित किया गया।
- सी.बी.एस.ई. द्वारा आयोजित क्षेत्रीय तैराकी प्रतियोगिता में विद्यालय की भावना मालवीय ने १ स्वर्ण तथा २ कांस्य पदक प्राप्त किया।
- सी.बी.एस.ई. क्लस्टर ५ प्रतियोगिता में विद्यालय की खो-खो तथा कबड्डी टीमों ने रजत पदक प्राप्त किया। बास्केटबॉल टीम को कांस्य तथा ऋतिका भारद्वाज को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार प्रदान किया गया।
- विद्यालय की छात्रा नंदिनी कुमारी कक्षा ९ ने एन.सी.सी. फायरिंग कैम्प में एक स्वर्णपदक एवं किट प्राप्त किया।
- काशी हिन्दू विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित सी.ए.टी.सी. कैम्प में अंकित मौर्या ने फायरिंग में रजत पदक प्राप्त किया।
- मैबलंकर शूटिंग प्रतियोगिता में वंशिका जायसवाल कक्षा ९ की छात्रा ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया।
- दिल्ली में आयोजित टी.एस.सी. कैम्प में गरिमा शर्मा ने एक शील्ड एवं एन.सी.सी. किट प्राप्त किया।
- किरन पटेल कक्षा ९ की छात्रा ने फायरिंग कैम्प में एक स्वर्ण पदक प्राप्त किया।
- लिटिल फ्लावर हाउस विद्यालय द्वारा आयोजित वाणिज्य महोत्सव में विद्यालय की वाणिज्य टीम को पोस्टर प्रदर्शनी तथा बिजनेस क्विज में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।
- दिल्ली पब्लिक स्कूल द्वारा आयोजित अंतर्विद्यालय फेनेस्ल प्रतियोगिता में कक्षा १२ की अदिति सेन तथा ११ की शेफाली यादव को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ।
- संगीत नाटक अकादमी, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित ठुमरी गायन प्रतियोगिता में प्रीति नंदी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- मानसिक अभियोग्यता परीक्षण में अदिति ने पुरस्कार स्वरूप ५०००/- धनराशि प्राप्त की।
- मालवीय मूल्य अनुशीलन केन्द्र द्वारा आयोजित शिक्षक आरंभिक कार्यशाला में १२ शिक्षकों ने भाग लिया।
- विद्यालय में आयोजित अंतर्विद्यालयी संगीत प्रतियोगिता 'स्वरोदय' सफल रहा।
- विद्यालय में हिन्दी पखवाड़ा का उत्साह पूर्वक आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।
- भारत सरकार के 'इंस्पायर' कार्यक्रम में १४ छात्राओं ने भाग लिया।
- वर्ल्ड हेरिटेज स्कूल उदयपुर द्वारा आयोजित पाककला प्रतियोगिता में शिवांगी सोनकर ने द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया।
- सिल्वर जोन फाउंडेशन, नई दिल्ली द्वारा आयोजित गणित ओलम्पियाड में ५ छात्राओं को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ।

भविष्य में किये जाने वाले कार्य

सेन्ट्रल हिन्दू गर्ल्स स्कूल कमच्छा प्रांगण में सर्वाधिक आवश्यकता एक छात्रावास की है। यह छात्राओं की सुरक्षा तथा विद्यालय परिसर की एक महत्त्वपूर्ण विकासात्मक इकाई होगी। प्राइमरी विभाग में नये कमरों का निर्माण कराना।

२.१.५.३. श्री रणवीर संस्कृत विद्यालय

श्री रणवीर संस्कृत विद्यालय का इतिहास गौरवपूर्ण रहा है। पं. अम्बा दास शास्त्री एवं पं. अनन्त राम शास्त्री, जो पूज्य मदन मोहन मालवीय के गुरुतुल्य अध्यापक रहे, इस विद्यालय के अध्यक्ष पद को सुशोभित कर चुके हैं। प्रवेशिका (कक्षा - ८) से आचार्य (एम ए) स्तर की कक्षाऐं इस विद्यालय में चला करती थीं और यहाँ तक के प्रमाणपत्र भी उपर्युक्त महानुभावद्वय के हस्ताक्षर द्वारा जारी होते थे।

प्रारम्भ में इस विद्यालय की स्थापना जम्मू के सदरे रियासत द्वारा १८८३ में प्रचीन भारतीय ज्ञान के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जम्मू संस्कृत पाठशाला के रूप में जम्मू कश्मीर भवन, जो टेढ़ीनीम, दशाश्वमेघ, वाराणसी में स्थित है, में हुई थी। कालान्तर में यह विद्यालय सेन्ट्रल हिन्दू स्कूल कालेजियट सोसायटी के रुप में तत्कालीन अध्यक्ष डॉ. एनी बेसेन्ट को हस्तांतरित हुई। तदनन्तर विद्यालय का कार्यस्थल कमच्छा स्थित महाराजा काशी नरेश के ऐतिहासिक राजभवन में हो गया एवं विद्यालय का नाम श्री रणवीर संस्कृत विद्यालय जम्मू सदरे रियासत महाराजा प्रताप सिंह के पिता के नाम पर कर दिया गया। विकास के इस क्रम में बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी सोसायटी अस्तित्व में आयी और इस प्रकार रणवीर संस्कृत विद्यालय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय का एक अभिन्न अंग बन गया जिसका वर्तमान परिसर कमच्छा स्थित काशी नरेश राजभवन है।

प्राच्य विद्या एवं धर्मविज्ञान संकाय (वर्तमान में संस्कृत विद्या धर्म विज्ञान संकाय) के अस्तित्व में आने पर मध्यमा एवं आचार्य पर्यन्त उसकी अग्रिम कक्षाएं वहीं (विश्वविद्यालय) से चलना प्रारम्भ हुईं एवं इस विद्यालय में केवल प्रथमा (कक्षा - ८) तक कक्षाएं शेष रह गयीं। यह स्थिति सन् १९६८ तक रही।

जुलाई १९७८ से मध्यमा कक्षाओं में सभी विषयों के चारों भाग (साहित्य, वेद, व्याकरण, ज्योतिष एवं दर्शन) रणवीर संस्कृत विद्यालय में जो पाठ्यक्रम चल रहे हैं, वे निम्नलिखित हैं-

१. प्राइमरी कक्षा १ से ५

२. प्रथमा (कक्षा ६ से ८)

३. प्रवेशिका (कक्षा ९ एवं १०)

४. मध्यमा (कक्षा ११ एवं १२)

इस विद्यालय में छात्रों को परम्परागत विषयों (वेद, ज्योतिष, व्याकरण, दर्शन, साहित्य) के साथ-साथ आधुनिक विषयों अंग्रेजी, हिन्दी, गणित, विज्ञान एवं समाजिक अध्ययन का भी ज्ञान दिया जाता है जो कि प्राचीन और अर्वाचीन ज्ञान को जोड़ते हुए एक सेतु का कार्य कर रहा है। अभी भी विज्ञान एवं ज्योतिष भाषा प्रयोगशालाओं को विकसित करने के अवसर हैं। विद्यालय एक विकासशील संस्था के रूप में अग्रसर है लेकिन इसे और अधिक विकसित करने की आवश्यकता है।

- वर्तमान में डॉ. नीरज त्रिपाठी, कुलसचिव, का.हि.वि.वि., स्कूल बोर्ड के उपाध्यक्ष के रूप में काम कर रहे हैं।
- डॉ. जी. नरसिंहुलु वर्तमान समय में विद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य हैं।

- वर्तमान में इस विद्यालय का अध्यापन कार्य १० अध्यापक/अध्यापिकाओं द्वारा संचालित होता है, जिसमें १३ अध्यापक विश्वविद्यालय द्वारा संविदा के आधार पर नियुक्त हैं।
- वर्तमान सत्र में विद्यालय के प्राइमरी विभाग में छात्र/छात्राओं की कुल संख्या १८१ है तथा प्रथमा से मध्यमा कक्षा ६ से १२ तक छात्रों की कुल संख्या ३२६ है।

अन्तरविद्यालय प्रतियोगिताएं

- अन्तरविद्यालयीय/विद्यालय स्तर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यालय के विभिन्न छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा पुरस्कार अर्जित किये जिनका विवरण इस प्रकार है-
- शारदा भवन गणेशोत्सव वाराणसी द्वारा आयोजित कारिकावली दर्शन शलाका परीक्षा २०१६ में प्रवेशिका द्वितीय वर्ष के छात्र मनीष कुमार पाण्डेय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।
- शारदा भवन गणेशोत्सव वाराणसी द्वारा आयोजित यजुर्वेद माध्यान्दिनी शाखा शलाका परीक्षा २०१६ में प्रवेशिका द्वितीय वर्ष के छात्र मनीष कुमार पाण्डेय ने द्वितीय स्थान तथा प्रवेशिका प्रथम वर्ष के छात्र श्रीमन्नाराण शुक्ल ने सान्तवना पुरस्कार प्राप्त किया।
- सेन्ट्रल हिन्दू गर्ल्स स्कूल कमच्छा, वाराणसी द्वारा आयोजित स्वरोदय २०१६ शास्त्रीय गायन प्रतियोगिता में मध्यमा द्वितीय वर्ष के छात्र विनीत शुक्ल ने सान्त्वना पुरस्कार प्राप्त किया।
- संकटमोचन फाउण्डेशन वाराणसी द्वारा आयोजित रामायण क्विज प्रतियोगिता २०१६ में मध्यमा प्रथम वर्ष के छात्र अनन्त तिवारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- संकटमोचन फाउण्डेशन वाराणसी द्वारा आयोजित रामचरित मानस दोहा-चौपाई सस्वर गान प्रतियोगिता २०१६ में मध्यमा द्वितीय वर्ष के छात्र विनीत शुक्ल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।
- संकटमोचन फाउण्डेशन वाराणसी द्वारा आयोजित रामचरित मानस के विविध पात्रों पर आधारित फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता २०१६ में कक्षा ३ के छात्र प्रखर पाण्डेय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- राजभाषा हिन्दी प्रकोष्ठ का.हि.वि.वि. द्वारा निर्देशित सितम्बर २०१६ में हिन्दी सप्ताह का आयोजन किया गया, जिसमें विविध प्रकार की प्रतियोगितायें आयोजित की गयीं। इन प्रतियोगिताओं में विद्यालय के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा पुरस्कार प्राप्त किया।
- अक्टूबर, २०१६ में गांधी जयन्ती के अवसर पर विद्यालय में चित्रकला एवं काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के छात्रों ने उत्साह पूर्वक भागीदारी की एवं पुरस्कार प्राप्त किया।
- नवम्बर, २०१६ में शास्त्रार्थ संस्कृत महाविद्यालय, दशाश्वमेध, वाराणसी द्वारा आयोजित विविध खेल प्रतियोगिताओं में छात्रों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

विद्यालय स्तर पर आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का विवरण

- १५ अगस्त को विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विद्यालय में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम छात्रों द्वारा प्रस्तुत किये गये। इस अवसर पर माननीया प्रो. सुमन जैन, प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग, का.हि.वि.वि. उपस्थित रहीं।
- २५ अगस्त, २०१६ को विद्यालय में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा प्रांगण में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया।
- ०५ सितम्बर, २०१६ को शिक्षक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर डॉ. राधाकृष्णन के जीवन के वृतान्तों पर छात्रों द्वारा चर्चा की गयी एवं विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन किये गये।
- ७ से १४ सितम्बर, २०१६ तक हिन्दी सप्ताह मनाया गया। जिसमें हिन्दी से सम्बन्धित विविध प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं। इस अवसर पर प्रो. श्री निवास पाण्डेय, सम्पादक, प्रज्ञा, का.हि.वि.वि. एवं प्रो. कृष्ण कान्त शर्मा, पूर्व संकाय प्रमुख, स.वि.ध.वि. संकाय के द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया।
- १९ सितम्बर, २०१६ को गांधी जयन्ती के उपलक्ष्य में विद्यालय प्रांगण में कक्षा १ से कक्षा ८ के लिये चित्रकला प्रतियोगिता एवं कक्षा ९ से १२ के लिये काव्य पाठ प्रतियोगिता आयोजित की गयी जिसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सान्त्वना स्थान प्राप्त छात्रों को २ अक्टूबर, २०१६ को विश्वविद्यालय के मालवीय भवन में पुरस्कृत किया गया।
- अक्टूबर, २०१६ में विद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगितायें आयोजित की गयीं, जिसमें सभी छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।
- नवम्बर, २०१६ में अक्षय नवमी के अवसर पर ऑवला वृक्ष पूजन कार्यक्रम का अयोजन किया गया जिसमें छात्रों, अध्यापकों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।
- का.हि.वि.वि. के परामर्श एवं सेवायोजना प्रकोष्ठ के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिसमें छात्रों को विशेष परामर्श दिये गये।
- विद्यालय द्वारा आयोजित बाल सभा में आचार्य दोर्बल प्रभाकर शर्मा द्वारा सरल संस्कृत में छात्रों को प्रेरणादायी उपदेश दिया गया।
- नवम्बर, २०१६ में त्रिदिवसीय वार्षिक शैक्षिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं।
- वसन्त पंचमी के अवसर पर सरस्वती पूजा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

भविष्य में विद्यालय की विकास सम्बन्धी योजनाएँ

- विद्यालय में दो छात्रावास हैं जिनमें ४० छात्रों के रहने की ही व्यवस्था है।
- २०० छात्रों के लिए छात्रावास का निर्माण।
- एक नवीन पुस्तकालय भवन का निर्माण करना।
- ज्योतिष सम्बन्धी उपकरणों से सुसज्जित प्रयोगशाला का निर्माण।
- भाषा प्रयोगशाला का निर्माण करना।

२.१.६. का.हि.वि.वि. ग्रंथालय प्रणाली

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय पुस्तकालय, देश के सबसे बड़े पुस्तकालयों में से एक है। इस पुस्तकालय की शुरुआत न्यायमूर्ति स्व. काशी नाथ त्रयम्बक तैलंग की याद में उनके पुत्र प्रो. पी.के. तैलंग द्वारा दान स्वरूप प्रदान किए गए पुस्तकों के संग्रह से सेन्ट्रल हिन्दू कॉलेज, कमच्छा के तैलंग हाल में हुई। अपने प्रारम्भिक काल में इसे प्रसिद्व इतिहासकार सर जदुनाथ सरकार ने सँवारा और बाद में पुस्तकालय आन्दोलन के जनक डॉ. एस.आर. रंगनाथन व उनके बाद प्रो. पी.एन. कौल व डॉ. जे.एस. शर्मा यहाँ के पुस्तकालयाध्यक्ष बने।

संग्रह

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के अन्तर्गत ८ संकायों एवं १४० विभागों से युक्त काशी हिन्दू विश्वविद्यालय पुस्तकालय की व्यवस्था मे शीर्ष पर सयाजीराव गायकवाड़ ग्रन्थालय (केन्द्रीय ग्रन्थालय) है और इसके अतिरिक्त ६ संस्थान पुस्तकालय: चिकित्सा विज्ञान, प्रौद्योगिकी, कृषि विज्ञान, विज्ञान, प्रबंन्ध शास्त्र तथा पर्यावरण एवं संपोष्य विकास संस्थान, ६ संकाय पुस्तकालय व विशेषत: कला व विज्ञान संकाय, जहाँ संकाय पुस्तकालय नहीं है वहाँ ४२ विभागीय पुस्तकालय हैं। साथ ही राजीव गांधी दक्षिणी परिसर, बरकच्छा, मिर्जापुर में स्थित पुस्तकालय भी सम्मिलित है। सभी पुस्तकालयों को मिलाकर १६ लाख से अधिक पुस्तकों का संग्रह है। भारत की विश्वविद्यालय पुस्तकालय व्यवस्थाओं में यह पुस्तकालय व्यवस्था सबसे वृहत व्यवस्थाओं में से एक है। वर्तमान वितीय वर्ष में ७७६९ पुस्तकें एवं ५७०९७ ऑनलाइन पुस्तकें जोड़ी गई। पुस्तकालय में १४१ विदेशी पत्रिकायें एवं २८० भारतीय पत्रिकायें मुद्रित प्रारूप में आती हैं। इसके अतिरिक्त एक अच्छी संख्या में नि:शुल्क पत्रिकायें भी पुस्तकालय को प्राप्त होती हैं। पुस्तकालय में लगभग ७२२७ पाण्डुलिपियों के अद्वितीय संग्रह के अतिरिक्त दुर्लभ पुस्तक संग्रह, शोध प्रबन्ध संग्रह, विश्वविद्यालय संस्थापक संग्रह, कर्मचारी प्रकाशन संग्रह एवं स्थानीय इतिहास संग्रह भी उपलब्ध हैं।

केन्द्र, राज्य सरकार व उनके अधिकरणों के प्रकाशन विशेषत: समाज विज्ञान, विधि, वाणिज्य व कृषि विषयों के लिए बहुत उपयोगी सूचना स्रोत हैं, जिन्हें पुस्तकालय या तो क्रय करता है या उपहार के रूप में प्राप्त करता है।

केन्द्रीय पुस्तकालय को संयुक्त राष्ट्र संघ तथा उसके अधिकरणों के प्रकाशन के लिए ''डिपॉजिटरी पुस्तकालय'' का स्थान प्राप्त है। सन् १९७३ में नि:शुल्क वितरण प्रथा के समाप्त हो जाने के बाद भी पुस्तकालय इन प्रकाशनों को डिपॉजिटरी पुस्तकालय सदस्यता योजना के अन्तर्गत खरीदता है। पुस्तकालय की यह विशेषता किसी भारतीय विश्वविद्यालय के पुस्तकालय में नहीं है।

पुस्तकालय समय

केन्द्रीय ग्रन्थालय वर्ष में ३५९ दिन खुला रहता है। स्वतन्त्रता दिवस, गणतन्त्र दिवस, दशहरा, दीपावली, बसंत पंचमी व होली इन छह दिनों में पुस्कालय बंद रहता है। सामान्यत: पुस्तकालय का समय सप्ताह के दिनों में प्रात: ९.०० बजे से रात्रि ९.०० बजे तक व रविवार व छुटि्टयों में प्रात: १०.०० से रात्रि ९.०० बजे तक रहता है। साइबर लाईब्रेरी सुबह ८.०० बजे से रात्रि ११.०० बजे तक खुली रहती है।

छायाप्रति सुविधा

केन्द्रीय पुस्तकालय में छायाप्रति सुविधा की भारी माँग रहती है। विश्वविद्यालय एवं बाहर के छात्रों व अध्यापकों की माँग पूरी करने के लिए यहाँ तीन फोटोकापी मशीने हैं। वर्तमान सत्र में पुस्तकालय ने १४२७४२ छायाप्रतियां प्रदान कीं।

दृष्टिबाधित विभाग

केन्द्रीय ग्रन्थालय में दृष्टिबाधित पाठकों की सुविधा के लिए अलग से अनुभाग है, जो पाठ्यक्रम से सम्बन्धित सामग्री को साफ्ट कापी में दृष्टि बाधित पाठकों को उपलब्ध कराता है। वर्तमान वर्ष में ५० दृष्टिबाधित पाठकों को ग्रन्थालय द्वारा यह सुविधा उपलब्ध कराई गई एवं १४.४४ जीबी डेटाबेस तैयार किया गया। वर्तमान में कुल ३१४.४५ जीबी डेटाबेस तैयार हो चुका है।

ऑनलाइन पत्रिकायें, ऑनलाइन पुस्तकें एवं डाटाबेस

केन्द्रीय पुस्तकालय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय ई-जर्नल्स प्राप्ति हेतु ई-शोध सिंधु का सदस्य है। केन्द्रीय ग्रन्थालय के पास वर्तमान में १५००० फुल टेक्स्ट आनलाइन जर्नल्स और बिब्लियोग्राफी डाटाबेस को सर्च करने की सुविधा उपलब्ध है। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय पुस्तकालय नेचर पब्लिशिंग ग्रुप (८पत्रिकायें), एमेराइल्ड विषय संग्रह (१४० पत्रिकायें), कैब एब्सट्रेक्ट (११८ पत्रिकायें), इण्डियन जर्नल्स डाटकॉम (३२७), सेज एच.एस.एस. ऑनलाइन (५०६ जर्नल्स एवं बुक) को सब्स्क्राइब कर रहा है। पुस्तकालय में अमेरिकन केमिकल सोसाईटी, रायल सोसाईटी आफ केमस्ट्री, नेचर, साइंस प्रोजेक्ट म्यूज (सोशल सांइस एवं ह्यूमिनिटी), इमेराइल्ड (लाइब्रेरी सांइस), एमेराइल्ड मैनेजमेन्ट एक्सट्रा, साइंस, इन्स्टीट्यूट ऑफ फिजिक्स, अमेरिकन इन्स्टीट्यूट ऑफ फिजिक्स, अमेरिकन फिजिकल सोसाइटी, कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस, स्प्रिंगर वारलॉग, क्लुवर ऑनलाइन, आदि के ई-स्रोतों को एक्सेस करने की सुविधा यू.जी.सी. इन्फोनेट के माध्यम से उपलब्ध है। विश्वविद्यालय पुस्तकालय सेज, केम्ब्रिज, स्प्रिंगर, टेलर एवं फ्रांसिस, वर्ल्ड सांइटिफिक, पीर्यसन आदि से ५७०९७ से अधिक ई-पुस्तकों को सब्सक्राइब कर रहा है। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के पास केमिकल एब्सट्रैक्ट (सांइस फाइण्डर), मैथ साइनेट, मनुपात्रा (लॉ) गेल, इण्डियन साइटेशन इन्डेक्स, स्प्रिंगर प्रोटोकोल (१९८०-२०१३) आदि डाटावेज की एक्सेस सुविधा भी उपलब्ध है। सभी ऑनलाइन जर्नल्स को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय परिसर में नेटवर्क के माध्यम से सर्च किया जा सकता है इसकी विस्तृत जानकारी बी.एच.यू. की वेबसाइट http://www.bhu.ac.in से प्राप्त की जा सकती है।

प्रलेख प्रदान सेवा

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय पुस्तकालय इन्फ्लिबनेट कार्यक्रम के अन्तर्गत, प्रलेख प्रदान सेवा केन्द्र के रूप में चिन्हित देश के पाँच पुस्तकालयों में से एक है। इस सेवा के अंतर्गत बाह्य पाठकों को शीघ्र एवं तुरन्त प्रलेखों की इलेक्ट्रानिक प्रति उपलब्ध कराने एवं स्रोत संसाधन साझेदारी को बढ़ाने एवं साझेदारी सुविधा उपलब्ध कराई जाती है जिससे कम लागत में अधिक से अधिक पाठकों की सूचना आवश्यकता की पूर्ति हो सके।

दुर्लभ सामग्री का डिजिटाइजेशन

केन्द्रीय ग्रन्थालय को राष्ट्रीय पाण्डुलिपि मिशन, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पाण्डुलिपि संरक्षण केन्द्र के रुप में मान्यता दी गई है। ग्रन्थालय ने दुर्लभ सामग्री का डिजिटाइजेशन प्रारम्भ कर दिया है। वर्ष २०१६-१७ में लगभग २० दुर्लभ ग्रन्थों के ३,०६३ फोलियो का डिजिटाइजेशन किया जा चुका है।

सांख्यिकीय

१. (क) पुस्तकें व पत्रिकाएँ

अ) वर्ष २०१६-१७ के शुरूआत में मुद्रित किताबों/थीसिस/पत्रिकाओं की कुल संख्या	१११७५८९
आ) वर्ष २०१६-१७ में परिग्रहण की गई मुद्रित किताबों/थीसिस/पत्रिकाओं की संख्या	७७६९
इ) वर्ष २०१६-१७ के अंत में मुद्रित किताबों/थीसिस/पत्रिकाओं की संख्या	१२५३५८
ई) वर्ष २०१६-१७ के शुरूआत में पत्रिकाओं (बाउंड संस्करणों) की संख्या	१३३७९२
उ) परिग्रहण संस्करणों की संख्या	११६

(ख) प्राप्त पत्रिकाओं की संख्या (१ जनवरी से दिसम्बर २०१६)

(अ) शुल्क देकर	४२१ (१४१ विदेशी व २८० भारतीय)
(आ) ऑनलाइन पत्रिकायें	९५९
(इ) नि:शुल्क (अनियमित)	५२०
(ग) बाउंड संस्करणों की संख्या	२६२८

२. तकनीकी (अंग्रेजी)

अ) तैयार पुस्तकों की संख्या	२७८०
आ) तैयार जिल्द बँधी पत्रिकाओं की संख्या	३७८
इ) तैयार शोध प्रबन्धों की संख्या	६१
ई) रि-बाउंड पुस्तकों की संख्या	१०८८

३. तकनीकी (हिन्दी)

अ) तैयार पुस्तकों की संख्या	१२०७
आ) तैयार जिल्द बँधी पत्रिकाओं की संख्या	शून्य
इ) तैयार शोध प्रबन्धों की संख्या	शून्य
ई) रि-बाउंड पुस्तकों की संख्या	४३२

४. सेवाएं

क) कार्य दिवस

अ) साप्ताहिक कार्य दिवस	प्रात:९.०० से रात्रि ९.०० बजे तक
आ) रविवार व अवकाश के दिन	प्रात:१०.०० से रात्रि ९.०० बजे तक
इ) ग्रन्थालय खुलने के दिवस (एक वर्ष में)	३५९

ख) सदस्य व पुस्तकों का वितरण

१) सदस्यता

क) छात्र (३१.३.२०१७ तक)	१९८७३
ख) कर्मचारी	४१०९
ग) सेवानिवृत्त शिक्षक	२०३

२) पुस्तकों का वितरण

क) छात्र	८०८९०
ख) कर्मचारी	६०२९
ग) सेवानिवृत्त शिक्षक	२०९८

ग) सन्दर्भ अनुभाग

१) परामर्श सेवा

क) संदर्भ पुस्तकें परामर्श सेवा	१८०००
ख) ओपेक सेवा	१४३६०
ग) डिस्प्ले बोर्ड सूचना सेवा	प्रत्येक महीने

२) बाहरी व्यक्ति का पंजीकरण

क) बाह्य पाठकों की पंजीकरण संख्या	३६०
ख) प्राप्त कुल पंजीकरण शुल्क	रू.२८६४०.००

घ) पाठ्य-पुस्तक विभाग

पढ़ी गयी पुस्तकों की संख्या	७८७६०

ड.) सं. राष्ट्र संघ व सरकारी प्रकाशन विभाग

क) सेवा प्रदान पाठकों की संख्या	२८४
ख) पढ़े गये दस्तावेजों की संख्या	२५१७
ग) बढ़े दस्तावेजों मिमियोग्राफ सहित की संख्या	४९

च) पांडुलिपि विभाग

क) सेवा प्रदान पाठकों की संख्या	२८५
ख) पढ़े गये दस्तावेजों की संख्या	२४१
ग) दुर्लभ प्रलेखों का डिजिटाइजेशन	२०
घ) डिजिटल फोलियो की संख्या	३०६३
ड.) जेपीईजी फाइल की पीडीएफ फाइल में परिवर्तित संख्या	२३२फाइल
च) संपादित पृष्ठें की संख्या	६१२६

छ) शोध ग्रंथ अनुभाग

क) पाठकों की संख्या	१५०३१
ख) पढ़े गये शोध ग्रंथों की संख्या	१६५३२

ज) प्रतिलिपि इकाई

क) फोटो कापी किये गये पृष्ठों की संख्या	१४२७४२
ख) कार्यालयीन	२८१४८

झ) संगणक अनुभाग

क) वाई-फाई/इंटरनेट/ई-संसाधन के द्वारा सेवा (लगभग) दिए गए पाठकों की संख्या	१६००
ख) साइंस फाइन्डर पंजीकरण	१८
ग) इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेज डिलिवरी सेवा	९८५
घ) कम्प्यूटर और नेटवर्क का रखरखाव	८३५
ड.) प्रश्नावली का कार्य	१७
च) सर्वर और नेटवर्क प्रबंधन	प्रतिदिन
छ) सोल डेटाबेस प्रबंधन	प्रतिदिन
ज) ई-संसाधनों की चेकिंग	प्रतिदिन

ञ) दृष्टिबाधित अनुभाग

क) उपयोगकर्ताओं की संख्या	५०
ख) रिकॉर्डिंग पुस्तकों की संख्या	१६
ग) दृष्टिबाधित छात्रों को प्रदान की गई डेटाबेस की संख्या	३१४.४५ जीबी

घ) ऑडियो डेटाबेस का आकार	१४.४४ जीबी
ड.) प्रिन्ट सेवा	३३३१ (पेज)

५. वित्त

(१ अप्रैल २०१५ से ३१ मार्च २०१६)

अ) खर्चे	
क) पुस्तकें व पत्रिकाएँ रखरखाव अनुदान	
आवर्ती अनुदान	रू.४५७३०६७५.००
विलय अनुदान	रू.१६९१७७६.००
ख) विकास मद	रू.२८०९८४८.००
ग) प्रतिलिपि करना	१७५११३.००
घ) जिल्द बँधवाई	२३२६६३.००
आ) आमदनी	
क) विलम्ब शुल्क	३७१५२०.००
ख) पुस्तक भरपाई मूल्य	५७११८.००
ग) टोकन खोना	७४५.००
घ) प्रतिलिपिकरण	७१६६४.००
ड.) इंटरनेट सेवा (प्रिंट आउट)	३३३१.००
च) पुस्तकालय परामर्श शुल्क	२८६४०.००
छ) अन्य शुल्क	३५३९३.००

६. साईबर लाईब्रेरी अध्ययन केन्द्र

क) इन्टरनेट सर्च विद्यार्थियों की संख्या (प्रति दिन)	(लगभग प्रति दिन) १५००
ख) साइबर लाइब्रेरी समय सेवा	प्रात:८.०० बजे से- रात्रि ११.०० बजे तक

७. प्रकाशन

कार्यशाला संयोजित	ऑथर वर्कशॉप द्वारा : स्प्रींगर नेचर (७ अक्टूबर २०१६)

८. सम्मान कार्यक्रम

सेवा निवृत	श्रीमती कुसुम गुप्ता, व्यावसायिक सहायक (३१ मार्च २०१७)

कृषि विज्ञान संस्थान

संस्थान ग्रन्थालय संस्थान परिसर में ही निदेशक कार्यालय के बिल्कुल नीचे भूतल पर स्थित है। इसमें एक विशाल पाठ-कक्ष और पूर्वस्नातक, स्नातकोत्तर, पी.एचडी. छात्रों, शिक्षकों तथा वैज्ञानिकों के लिए पाठ्य सामग्री हेतु दस अतिरिक्त कक्ष हैं। प्रतिदिन ग्रन्थालय में भ्रमण करने वाले छात्रों की संख्या लगभग २४० है। ग्रन्थालय प्रतिदिन पूर्वाह्न १० से अपराह्न ५ बजे तक खुला रहता है। ग्रन्थालय में उपलब्ध सुविधाओं का विवरण इस प्रकार है:

- ग्रन्थालय में कृषि के सभी विषयों जैसे कृषि अर्थशास्त्र, शस्य विज्ञान, पशुपालन एवं दुग्ध विज्ञान, कीट एवं कृषि जन्तु विज्ञान, प्रसार शिक्षा, प्रक्षेत्र अभियांत्रिकी, आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन, उद्यान विज्ञान, कवक एवं पादप रोग विज्ञान, पादप कार्यिकी, तथा मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन से संबंधित कुल ३०५२३ पुस्तकें उपलब्ध हैं। इन सभी पुस्तकों को उनसे सम्बन्धित विभागों तथा विशिष्ट पाठ्यक्रमों (मुख्य परिसर तथा राजीव गाँधी दक्षिणी परिसर) के पाठ्यक्रम समन्वयकों की अनुशंसा पर उपार्जित किया गया है। ग्रन्थालय में सीडी में भंडारित ३८ ई-पुस्तकें भी उपलब्ध हैं। सभी पुस्तकें छात्रों को २ महीने के लिए निर्गत की जाती है।
- छात्रों को उनके सामान्य ज्ञान में वृद्धि तथा दैनंदिन राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय घटनाओं की जानकारी के लिए ग्रन्थालय में सभी प्रमुख हिन्दी तथा अंग्रेजी दैनिकों यथा दैनिक जागरण, हिन्दुस्तान, हिन्दुस्तान टाइम्स, टाइम्स ऑफ इण्डिया तथा एम्प्लॉयमेण्ट न्यूज़ की भी व्यवस्था की गई है।
- ग्रन्थालय में एक इण्टरनेट कक्ष भी है जिसमें छात्रों के प्रयोग के लिए

१२ संगणकों की व्यवस्था की गई है। इससे उन्हें कृषि के मूल तथा व्यावहारिक क्षेत्रों में हो रहे नवीनतम कार्यों की जानकारी प्राप्त करने में सहायता मिलती है।

- उपरोक्त के अतिरिक्त संस्थान के छात्रों तथा शिक्षकों को अपने ज्ञान में वृद्धि के लिए केन्द्रीय ग्रन्थालय तथा साइबर ग्रंथालय की भी सुविधा प्राप्त करने का विकल्प है।

चिकित्सा विज्ञान संस्थान

चिकित्सा विज्ञान संस्थान का ग्रन्थालय १३५० वर्गमीटर में स्थित है, जिसमें २४० लोगों के बैठने का प्रबन्ध हैं। इसमें फोटो कापी, कम्प्यूटर पर पुस्तक सर्च, इंडेक्सिग, इंटरनेट आदि की सुविधा उपलब्ध है। ग्रन्थालय में लगभग १ लाख पुस्तकें उपलब्ध हैं। संस्थान पुस्तकालय सभी सम रविवार एवं छुट्टियों में २४ घंटे खुला रहता है।

पर्यावरण एवं धारणीय विकास संस्थान

छात्रों के लिए विश्वविद्यालय की केन्द्रीय ग्रन्थालय की सुविधा के साथ-साथ संस्थान में भी ग्रन्थालय की सुविधा उपलब्ध है जिसमें १५२ पुस्तकें एवं ३ पत्रिका रखी गयी हैं।

कला संकाय

बंगाली विभाग का विभागीय पुस्तकालय है। इसमें लगभग ३५०० पुस्तकों और पत्रिकाओं से सुसज्जित पुस्तकालय है। यह नियमित रूप से एक बंगाली पत्रिका 'देश' का उपार्जन करती है।

शिक्षा संकाय

संकाय ग्रन्थालय में कुल १९००० पुस्तकें एवं संदर्भ सामग्री, ७५० पत्रिकाएं एवं १२०० शोध पत्र है। ग्रन्थालय में साइबर ग्रन्थालय ४० संगणक सहित उपलब्ध हैं प्रत्येक कक्षा कक्ष में मल्टी-मीडिया प्रोजेक्टर की सुविधा भी उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त एवं संगणक प्रयोगशाला भी ५० संगणकों के साथ उपलब्ध है।

प्रबन्धशास्त्र संकाय

छात्रगण विभाग एंव विश्वविद्यालय दोनो स्तरों पर पुस्तकालय सुविधाओं का लाभ उठा सकते है। विभागीय पुस्तकालय ११०० वर्गमीटर के क्षेत्र में फैला है तथा एक साथ १२० छात्रों के बैठने की क्षमता रखता है। पुस्तकालय संदर्भग्रहण सूचि युक्त आंकड़ों से सुव्यवस्थित है। पुस्तकालय में ५००० से अधिक शीर्षकों की २०,००० से भी अधिक पुस्तकें उपलब्ध है। नियमित रूप से १०० से भी अधिक राष्ट्रीय एंव अन्तर्राष्ट्रीय शोध पत्रिकाएँ भी उपलब्ध कराई जाती है।

कुल किताबों की संख्या	: १९७५६
नये किताबों की संख्या	: १४९
जर्नल/आवधिक पत्रिकाओं की संख्या	:६०
इलेक्ट्रॉनिक संस्करण	: ९८
जारि के गये पुस्तक एवं परामर्श	: १८३००

विधि संकाय

लॉ स्कूल के १६०० विद्यार्थियों, अध्यापकों एवं शोध छात्रों की दृष्टि से एक बड़ा पुस्तकालय है। एल.एल.बी. के विद्यार्थी ऋण योजना के अधीन पुस्तकें प्राप्त कर सकते हैं। फोटो कॉपी और रिप्रोग्रेफिक की सुविधा भी यहाँ उपलब्ध है। अन्य सहयोगी संस्थाओं के अध्यापक भी इस पुस्तकालय का लाभ प्राप्त करते हैं। आवश्यक संदर्भो के लिए स्थानीय वकील भी इस ग्रंथालय का लाभ लेते हैं।

इसका क्षेत्रफल १८७०० वर्गफीट है। लगभग २५० छात्रों के बैठने की दृष्टि से एक बड़ा रीडिंग रूम यहाँ उपलब्ध है। पुस्तकालय ज्ञानार्थियों के लिए अपने खुले द्वार के साथ हमेशा उपस्थित है। लॉ स्कूल पुस्तकालय निम्नलिखित सुविधाएं प्रदान करता है –

पुस्तकालय संग्रह	पुस्तकों की संख्या	शामिल पुस्तकों की संख्या
पुस्तकें	५२,८३६	७९२
पीरियाडिकल्स (सजिल्द)	२९,३०५	११०
पीरियाडिकल्स (करेंट टाइटिल्स)	३५	
पीरियाडिकल्स (बनारस लॉ जर्नल से आदान-प्रदान द्वारा)	३३ विदेशी, ११७ भारतीय (कुल १५०)	
शोध प्रबंध एवं लघु शोध प्रबंध	१६७७	१०५
कुल	**८३,८१८**	**१००७**

दृश्य कला संकाय

कुल पुस्तकों की संख्या	-	१००४२
कुल शोध पत्रिकाओं की संख्या	-	४५६ (सजिल्द)
संकाय ग्रन्थालय में रिपोर्ट अवधि के दौरान सग्रंहीत पुस्तकों की संख्या	-	८६५
रंगीन स्लाईड्स	-	३२३
मूल ग्राफिक्स प्रिंट	-	३६३
सामयिक जर्नल	-	२५

वाणिज्य संकाय

संकाय में लगभग २५,३९३ पुस्तकों से सुज्जित पुस्तकालय छात्रों का प्रदान किया गया है।

मंच कला संकाय

मंच कला संकाय में स्थित संगीतशास्त्र में स्थित संगीतशास्त्र विभाग में लगभग ७५०० दुर्लभ पुस्तकें, पत्रिकाएं, पांडुलिपि, समसामयिक पत्रिकाएं हैं।

संस्कृत विद्या धर्म विज्ञान संकाय

संकाय का अपना स्वतंत्र पुस्तकालय है, जिसमें लगभग २५ हजार सामान्य और दुर्लभ एवं पाण्डुलिपियों का संग्रह है। यह ग्रंथालय भारतीय एवं विदेशी जिज्ञासुओं को अपनी सेवाएं प्रदान करता है।

महिला महाविद्यालय

प्राचार्या कक्ष समिति कक्ष कार्यालय कक्ष शिक्षण कक्ष प्रयोगशाला कक्ष तथा प्राध्यापिकाओं के कक्ष तथा ५४,०६२ पुस्तकों से सुसज्जित कम्प्यूटरीकृत पुस्तकालय से युक्त स्थित है।

राजीव गांधी दक्षिणी परिसर

नवीनतम उपलब्ध साहित्य, पत्रिकाओं, समाचार-पत्रों के साथ राजीव गाँधी दक्षिणी परिसर का ग्रंथालय छात्रों, अध्यापकों एवं परिसर के कर्मचारियों के लिए उपलब्ध है। इस ग्रंथालय में संगणक कक्ष वायरलेस अंतरजाल की सुविधा के साथ उपलब्ध है। पढ़ने और चर्चा हेतु छात्रों और शिक्षकों के लिए अलग-अलग कक्ष की सुविधा उपलब्ध है।

यह ग्रंथालय विद्यार्थी, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के लिए शिक्षा का केन्द्र बिन्दु है। परिसर का यह ग्रंथालय मुख्य परिसर वाराणसी के केन्द्रीय ग्रंथालय के अधीन क्रियाशील है।

ग्रंथालय का उपयोग करने वाले विद्यार्थियों को किताबों, पत्र-पत्रिकाओं को ले जाने तथा समय से वापस करने एवं छायाप्रति की सुविधा उपलब्ध है। वर्तमान सत्र के अन्तर्गत ग्रंथालय के विकास का अवलोकन -

• क) कुल पुस्तकों की संख्या	-	१२,२१०
• ख) इस सत्र में बढ़ी हुई पुस्तकों की संख्या	-	५३
• ग) निर्गत की गई पुस्तकें	-	९,६८२
• घ) परामर्श की गई पुस्तकें	-	५३,०२८
• च) ग्रंथालय के खुलने का समय		
• कार्य दिवसों में	-	०८:००पूर्वाहन से ०६:००अपराहन
• छ) ग्रंथालयों में कर्मचारियों की संख्या		
• व्यवसायिक कर्मचारी	-	०५
• गैर व्यवसायिक कर्मचारी	-	०४
• ज) कम्प्यूटर प्रयोगशाला की संख्या	-	०१
• कम्प्यूटर उपकरण की संख्या	-	६०
• सहायता प्रदान किये गये छात्रों की संख्या	-	१३२५७

संस्थानों, संकायों व महाविद्यालयों के पुस्तकालय

अनेक विभागों के पास छात्रों एवं शिक्षकों के लिए उनके अपने पुस्तकालय हैं।

१. रसायन शास्त्र विभाग

पुस्तकें	७०००

२. भौमिकी विज्ञान विभाग

पुस्तकें	४८६८
पीरियाडिकल्स	३०१

३. भूगोल विभाग

पुस्तकें	७९३०
भारतीय जर्नल	१५
विदेशी जर्नल	१५

४. भू-भौतिकी विभाग

पुस्तकें	२४९५

५. आणविक एवं मानव अनुवांशिकी विभाग

पुस्तकें	५८४

६. जन्तु विज्ञान विभाग

पुस्तकें	८८०८
नई पुस्तकें	६२
जर्नल	३८२

७. सांख्यिकी विभाग

पुस्तकें (लगभग)	४००

८. जैव रसायन विभाग

पुस्तकें	१६२१
नई पुस्तकें	३६

९. भौतिकी विभाग

पुस्तकें (लगभग)	१७१२९
जर्नल	१४३९०

१०. गणित विभाग

पुस्तकें (लगभग)	४७२०
पीरियाडिकल्स	५०
जर्नल (लगभग)	२५३५

११. वनस्पति विज्ञान विभाग

पुस्तकें	५५४४
शोध निबन्ध	५०२
शिक्षकीय चलचित्र	१६
पीरियाडिकल्स	६८०
लघु शोध प्रबन्ध	४८५
शैवालों का माइक्रोफिट्ज	१६०००

१२. जैव प्रौद्योगिकी स्कूल

पुस्तकें	२५६८
नई पुस्तकें	२५

१३. गृह विज्ञान विभाग

पुस्तकें	३०००

१४. डी.एस.टी.- अन्तर्विषयक गणितीय विज्ञान केन्द

पुस्तकें	७२९
जर्नल	५८९

१५. संगणक विज्ञान विज्ञाग

पुस्तकें	३६६२

१६. आनुवांशिकी विकार केन्द्र

पुस्तकें	७२

१७. खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी केन्द्र

पुस्तकें	२००

१८. नेपाल अध्ययन केन्द्र

पुस्तकें	३५००

१९. सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति अध्ययन

नई पुस्तकें	१०
समाचार पत्र	४०

सम्बद्ध महाविद्यालयों के पुस्तकालय

१. आर्य महिला पी.जी. कालेज

पुस्तकें	३२०००
जर्नल	५३
पत्रिका	२०

२. वसन्ता महिला महाविद्यालय

पुस्तकें	४३,१००
जर्नल	४२
पत्रिका	१५
समाचार पत्र	१२

३. वसन्त कन्या महाविद्यालय

पुस्तकें	२५५६५
नई पुस्तकें	८४२
जर्नल	११
पत्रिका	२०
प्रतिदिन समाचार पत्र	८
साप्ताहिक समाचार पत्र	२

४. डी.ए.वी. पी.जी कॉलेज

पुस्तकें	४५२७८
पीरियाडिकल्स	४०

विद्यालयों के पुस्तकालय

१. श्री रणवीर संस्कृत विद्यालय

पुस्तकें	१००००

२. सेन्ट्रल हिन्दू ब्वाय़ज स्कूल

पुस्तकें	४००००

२.१.७ यू.जी.सी. ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेन्ट सेन्टर

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (१९८६) ने शिक्षा की गुणवत्ता एवं अध्यापकों की अधुनातन ज्ञान अर्जन की प्रवृत्ति में संलग्नता को देखते हुए दिशा निर्देश तय किये। राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने न केवल अध्यापक के महत्त्व को रेखांकित किया बल्कि इस बात पर भी बल दिया कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अपने उत्तरदायित्व को भली प्रकार निभाने के लिए उन्हें अधिकतम अवसर दिये जायें। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति १९८६ के अन्तर्गत काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में एकेडेमिक स्टाफ कॉलेज की स्थापना की। यहाँ शिक्षकों के लिए प्रथम पाठ्यक्रम २१.१२.१९८७ से ६.२.१९८८ तक आयोजित किया गया था जिसमें २६ प्राध्यापकों ने भाग लिया। इस समय इसका विस्तार १२वीं पंचवर्षीय योजना (अप्रैल २०१२ से मार्च २०१७) में कर दिया गया है और इसके स्थायीकरण की दिशा में कार्य प्रगति पर है।

एकेडेमिक स्टाफ कॉलेज का मुख्य कार्य है- विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में नव नियुक्त अध्यापकों और प्रशासनिक अधिकारियों को दिशानिर्देशन पाठ्यकमों एवं पुनश्चर्या पाठ्यक्रमों के द्वारा प्रशिक्षित करना। इसके अतिरिक्त यहाँ प्रशासकों के लिए कार्यशालाएं भी आयोजित की जाती हैं। समय-समय पर संगोष्ठियाँ और विभिन्न क्षेत्रों के विद्वानों के भाषण भी इस कॉलेज में आयोजित किये जाते हैं।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अद्यतन दिशा निर्देशों के अनुसार दिशा निर्देशन एवं पुनश्चर्या पाठ्यकम में आई.टी. पर आधारित व्याख्यानों पर विशेष बल दिया जाता है। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु एक कम्प्यूटर प्रयोगशाला वर्ष २००५-०६ में एकेडेमिक स्टाफ कॉलेज में स्थापित की गई है और आई.टी. पर आधारित पाठ्यकमों का भी आयोजन किया जाता रहा है। वर्ष २००५-०६ में ही इसरो एडूसैट केन्द्र भी यहाँ स्थापित किया गया है।

अब तक यहाँ ४ विशेष समर स्कूल, २ विशेष विन्टर स्कूल, ६ एकेडेमिक एडमिनिस्ट्रेटर्स कार्यशाला, १० प्रोफेशनल डेवलपमेन्ट कार्यक्रम गैर शिक्षण कर्मचारियों हेतु, ३ प्रोग्राम शोधरत विद्यार्थियों हेतु, ७६ दिशानिर्देशन एवं निम्नलिखत विषयों में २१० पुनश्चर्या कार्यक्रम (३१ मार्च २०१७ तक) आयोजित किये गये हैं : हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, इतिहास, दर्शनशास्त्र, राजनीति विज्ञान, महिला अध्ययन, पत्रकारिता, तिब्बती अध्ययन, वाणिज्य, भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, वनस्पति शास्त्र, प्राणी शास्त्र, भौमिकी, भूगोल, समाज शास्त्र, गणित, विधि शास्त्र, अभियांत्रिकी, कृषि विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, चिकित्सा विज्ञान, तुलनात्मक साहित्य, संगीत एवं गायन और सूचना एवं संचार तकनीक अनुप्रयोग।

संक्षिप्त रिपोर्ट

यू.जी.सी.-एकेडेमिक स्टाफ कॉलेज, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी द्वारा वर्तमान सत्र में तीन दिशा निर्देशन कार्यक्रम, ०६ पुनश्चर्या पाठ्यकम (अन्तरविषयी पाठ्यक्रम सहित) और १

अल्पकालीन कार्यक्रम तथा एक कार्यक्रम नेशनल बुक ट्रस्ट के सहयोग से किताबों के प्रकाशन से सम्बन्धित आयोजित किए गए जिनमें कुल ४६२ प्रतिभागी लाभान्वित हुए जिनमें २९८ पुरुष एवं १६४ महिलाएँ थीं। ये प्रतिभागी विभिन्न विषयों के थे जो अरुणाचल, असम, आन्ध्रप्रदेश, मिजोरम, नागालैण्ड, पश्चिम बंगाल, बिहार, पंजाब, जम्मू कश्मीर, राजस्थान, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल, गुजरात, त्रिपुरा, उत्तराखण्ड, झारखण्ड, छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश राज्यों से थे। विभिन्न पुनश्चर्या पाठ्यकम इतिहास अंग्रेजी, पर्यावरण अध्ययन, सूचना तकनीकी, पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान, दर्शन एवं धर्मागम, शारीरिक शिक्षा, आयुर्वेद, तुलनात्मक साहित्य, मानवाधिकार, चिकित्सा विज्ञान, कृषि, महिला अध्ययन और संस्कृत विषयों में आयोजित हुए। इन कार्यक्रमों में देश के प्रमुख विषय विशेषज्ञों ने अपने व्याख्यान से प्रतिभागियों को लाभान्वित किया जिनमें प्रमुख रूप से पद्मभूषण डॉ. पी.एम. भार्गव, पद्मभूषण श्री चण्डी प्रसाद भट्ट, पद्मभूषण प्रो. यशपाल, पद्मश्री डॉ. लालजी सिंह, पद्मश्री शावली मित्रा, पद्मश्री मो. शाहिद, पद्मश्री प्रो. रामशंकर त्रिपाठी, डॉ. एस.एन. सुब्बाराव (प्रख्यात समाजसेवी), प्रो. एच.पी. दीक्षित (महान शिक्षाविद) हैं।

ग्रन्थालय सुविधा

यू.जी.सी.-एकेडेमिक स्टाफ कॉलेज, में एक ग्रन्थालय भी है, जिसमें १८०६ पुस्तकें, ०७ जर्नल और विभिन्न कार्यक्रमों के प्रोसीडिंग्स उपलब्ध हैं।

अन्य सुविधायें

यू.जी.सी.-एकेडेमिक स्टाफ कॉलेज के व्याख्यान कक्ष और कॉलेज के अतिथि गृह को विश्वविद्यालय के सहयोग से आधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाया जा रहा है। व्याख्यान कक्ष को वर्तमान सत्र में वातानुकूलित किया जा रहा है। फरवरी २०१२ में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद बैंगलोर की टीम ने इस कॉलेज का निरीक्षण किया एवं कॉलेज के द्वारा आयोजित किए गए पाठ्यक्रमों एवं अन्य कार्यो की सराहना की तथा एक रिपोर्ट कॉलेज को और यू.जी.सी., नई दिल्ली को प्रेषित की।

विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् बैंगलोर द्वारा निरीक्षण के समय यू.जी.सी.-एकेडेमिक स्टाफ कॉलेज का निरीक्षण भी २५ फरवरी, २०१५ को किया गया और टीम द्वारा इस कॉलेज की सराहना भी की गयी।

पाठ्यकम आयोजन

क्रम सं.	पाठ्यक्रम का नाम	अवधि	प्रतिभागियों की संख्या	पुरुष/ महिला
१.	दिशानिर्देशन पाठ्यकम -७४	मई २४ से जून २०, २०१६	५५	३७/१८
२.	दिशानिर्देशन पाठ्यकम-७५	अगस्त ३० से सितम्बर २६, २०१६	२७	१९/०८
३.	दिशानिर्देशन पाठ्यकम-७६	नवम्बर १५ से दिसम्बर १२, २०१६	४९	३५/१४
पुनश्चर्या पाठ्यकम				
१.	संस्कृत विषय का सातवाँ पुनश्चर्या पाठ्यक्रम	जून २२ से जुलाई १२, २०१६	४०	३०/१०
२.	अंग्रेजी विषय का नौवां पुनश्चर्या पाठ्यक्रम	मार्च ०८-२८, २०१६	३६	
३.	इतिहास विषय का द्वितीय पुनश्चर्या पाठ्यक्रम	जनवरी ३ से २३, २०१७	२६	
४.	महामना मालवीय और उनका मिशन पर द्वितीय पुनश्चर्या पाठ्यक्रम	जुलाई १४ से अगस्त ०३, २०१६	४८	
५.	तृतीय शीतकालीन पुनश्चर्या पाठ्यक्रम	जनवरी १० से ३०, २०१७	४६	
६.	सामाजिक विज्ञान का प्रथम पुनश्चर्या पाठ्यक्रम	फरवरी २२ से मार्च १४, २०१७	२२	
अल्प अवधि के कार्यक्रम				
१.	रिसर्च स्कालरों के लिए सेमिनार	मार्च २३ से २९, २०१७	३०	३०/१४
२.	नेशनल बुक ट्रस्ट ऑफ इंडिया की किताबों के प्रकाशन का पाठ्यक्रम	फरवरी १५ से २२, २०१७	८३	
	महायोग		४६२	२३६/९९

अपनी स्थापना के समय से ही यू.जी.सी. एकेडेमिक स्टाफ कॉलेज राष्ट्रीय शिक्षा नीति १९८६ में सुनिश्चित किये गये उद्देश्यों की पूर्ति हेतु निरन्तर प्रयासरत है और पिछले ३० वर्षों में इस उद्देश्य को प्राप्त करने में हमें महत्त्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।

अब यू.जी.सी.-एकेडेमिक स्टाफ कॉलेज, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय का नाम यू.जी.सी द्वारा परिवर्तित यू.जी.सी-ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेन्ट सेन्टर, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय कर दिया गया है।

२.१.८ मालवीय भवन

मालवीय भवन, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के आदरणीय संस्थापक व स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों में से एक पं. मदन मोहन मालवीय जी का पूर्व आवास होने के साथ-साथ विश्वविद्यालय-परिसर का मुख्य स्मारक भवन भी है और यह १९६१ में मालवीय-शताब्दी वर्ष के अवसर पर जनसाधारण के दर्शन हेतु खोल दिया गया था। स्मारक होने के साथ ही मालवीय-भवन मालवीयजी की शिक्षा उनके विचारों, उनके अतिप्रिय विषयों की पढ़ाई और जीवन के ऊपर शोध -कार्य का दायित्व भी लेता है। आज मालवीय भवन में निम्नलिखित प्रकल्प कार्यरत हैं -

१. योग साधना केन्द्र
२. गीता -समिति
३. गीता-योग पुस्तकालय
४. सभागृह एवं
५. मालवीय-मूल्य अनुशीलन केन्द्र

सुविधायें और कार्यक्रम

गीता-समिति

गीता-समिति मालवीय भवन की प्राचीन संस्था है। यहाँ रविवार की सुबह भगवद्गीता के धार्मिक व दार्शनिक विषयों पर व्याख्यान का आयोजन होता है। यह समिति वार्षिक भगवद्गीता प्रवचन-प्रतियोगिता का आयोजन भी करती है। ये साप्ताहिक गीता-प्रवचन नियमित रूप से हर रविवार को आयोजित किये गये। इस सत्र में कुल ३५ नियमित एवं ०७ विशिष्ट प्रवचन, इस प्रकार से कुल ४० प्रवचन सम्पन्न हुए। इस वर्ष दिनांक २२.०६.२०१७ को आचार्य सुब्रहमण्यम शास्त्री का व ०५.०६.२०१७ को गीता एवं व्यक्तित्व विकास विषय पर दो सप्ताह की प्रात:कालीन योग कार्यशाला का आयोजन किया गया।

वर्तमान सत्र में साप्ताहिक गीता-प्रवचन का उद्घाटन आचार्य हृदयरंजन शर्मा, पूर्व आचार्य एवं अध्यक्ष, वेद विभाग, संस्कृत विद्या धर्म विज्ञान संकाय के उद्बोधन द्वारा हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. जी.सी. त्रिपाठी ने किया। गीता समिति के उपाध्यक्ष प्रो. कृष्णकान्त शर्मा ने स्वागत भाषण किया। इस सत्र के गीता कार्यक्रम का उपसंहार कमलेश दत्त त्रिपाठी जी के विद्वतापूर्ण प्रवचन से हुआ। गीता प्रवचन समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. जी.सी. त्रिपाठी ने की।

योग साधना-केन्द्र

योग साधना केन्द्र स्वर्गीय प्रो. के एन उडुप्पा के प्रयासों व संकल्प के परिणाम स्वरूप १९७५ में स्वर्गीय प्रो. टी.आर. अनन्तरमण (भू.पू. निदेशक, आई.टी. बीएचयू एवं रेक्टर, बीएचयू) के सहयोग से समसामयिक संदर्भों को देखते हुए, योग साधना केन्द्र (सेन्टर फॉर योग) को मालवीय भवन में स्थापित कराते हुए योग के क्षेत्र में योगानुशीलन हेतु आधुनिक वैज्ञानिक उपागम का प्रर्वतन किया और योग में अल्पावधिक अंशकालीन डिप्लोमा पाठ्यक्रम का संचालन कराया, जो कि प्रथम एक दशक तक योग के क्षेत्र में उच्चस्तर वैज्ञानिक उपागम युक्त शिक्षण प्रशिक्षण के लिये पूरे भारतवर्ष में सुविख्यात रहा है।

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय का योग साधना केन्द्र १९७५ फरवरी से कार्य कर रहा है। यह योग की शिक्षा, निर्देश और शोध कार्य की अन्तरानुशासनिक शैक्षणिक संस्था है और योग के क्षेत्र में विश्वविद्यालय-परिसर में होने वाली सभी गतिविधियों का केन्द्र बिन्दु है। यहाँ दो तरह के पाठ्यक्रम संचालित होते हैं जो इस प्रकार हैं :

पाठ्यक्रम	पुरुष	महिला	विदेशी	कुल
सर्टिफिकेट कोर्स इन योग	१३७१	८७१	०५	२२४७
डिप्लोमा इन योग	११५	७४	०६	१९५

विश्वविद्यालय शताब्दी वर्ष के तत्त्वाधन में मालवीय भवन के योग साधना केन्द्र द्वारा संचालित चतुर्साप्ताहिक योग प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र कार्यक्रमों में शनिवार के दिन विशिष्ट व्याख्यानों का आयोजन किया जाता रहा है। इस क्रम में प्रथम चतुर्साप्ताहिक योग प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र कार्यक्रम के प्रथम शनिवार दिनांक २७.०८.२०१६ को मालवीय भवन के मानित निदेशक प्रो. उपेन्द्र पाण्डेय जी का योग के शास्त्रीय पक्ष पर विद्वत्तापूर्ण उद्‌बोधन हुआ। द्वितीय शनिवार दिनांक ०३.०९.२०१६ को मालवीय अनुशीलन केन्द्र के समन्वयक प्रो. राम.पाल पाण्डेय को व्याख्यान हेतु आमन्त्रित किया गया। तृतीय शनिवार के अवसर पर दिनांक १०.०९.२०१६ को तीसरे साप्ताहिक व्याख्यान हेतु अंग्रेजी विभाग के पूर्वाचार्य प्रो. राम कीर्ति शुक्ला को आमन्त्रित किया गया। दिनांक १७.०९.२०१६ को, चतुर्थ शनिवार, पर साप्ताहिक व्याख्यान हेतु अन्तर्राष्ट्रीय वेदान्त सोसायटी के सचिव स्वामी प्रबुद्धानन्द जी को आमन्त्रित किया गया। समापन समारोह के अवसर पर दिनांक २४.०९.२०१६ को चिकित्सा विज्ञान संस्थान के निदेशक विजय कुमार शुक्ल को विशिष्ट अतिथि एवं आमंत्रित आचार्य प्रो. गिरिजा प्रसाद शास्त्री, को मुख्य वक्ता के रूप में आमन्त्रित किया गया।

द्वितीय चतुर्साप्ताहिक योग प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र कार्यक्रम के प्रथम शनिवार पर दिनांक ०१.१०.२०१६ को प्रो. राममूर्ति चतुर्वेदी का, द्वितीय शनिवार दिनांक ०८.१०.२०१६ को आचार्य सुब्रहमण्यम शास्त्री का १५.१०.२०१६ को तृतीय शनिवार के अवसर पर तीसरे साप्ताहिक व्याख्यान हेतु का.हि.वि.वि. के भौतिकी विभाग, विज्ञान संस्थान, के प्रो. आर. पी. मल्लिक को आमन्त्रित किया गया। २२.१०.२०१६ को चतुर्थ शनिवार, पर योगाचार्य त्रिपुरारी लाल मिश्रा का योगाभ्यास प्रदर्शन हुआ। द्वितीय योग प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र के समापन समारोह के अवसर पर बुधवार दिनांक २६.१०.२०१६ को मुख्य वक्ता आचार्य अवधेश प्रधान जी-आचार्य हिन्दी विभाग, कला संकाय, का.हि.वि.वि., का योग के शास्त्रीय एवं व्यावहारिक पक्ष पर विद्वत्तापूर्ण उद्‌बोधन हुआ।

अगले चतुर्साप्ताहिक योग प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र कार्यक्रम श्रृंखला में हिन्दी विभाग, के प्रो. रंगनाथ पाठक, ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त प्रो. सत्यव्रत शास्त्री, का.हि.वि.वि. के विशिष्ट आचार्य प्रो.कमलेश दत्त त्रिपाठी के विद्वत्तापूर्ण उद्‌बोधन हुए। इसके अतिरिक्त २०.०१.२०१७ को अमेरिका से पधारे श्री विश्विन्दर सूद का २१.०१.२०१७ को रोहतक, हरियाणा से पधारे के प्रो. बलबीर आचार्य का तथा २७.०१.२०१७ को संस्कृत विभाग के आचार्य राममूर्ति चतुर्वेदी के भी उद्‌बोधन हुए।

गीता-योग-पुस्तकालय

मालवीय भवन का 'गीता- योग-पुस्तकालय', काशी हिन्दू विश्वविद्यालय का एक प्रतिष्ठित पुस्तकालय है। पुस्तकालय में विभिन्न विषयों की लगभग १०,००० पुस्तकें हैं जिनमें ५००० पुस्तकें विशेष रूप से केवल भगवद्‌गीता योग और आध्यात्म पर हैं। बहुत से महत्त्वपूर्ण व्यक्ति यहाँ अध्ययनार्थ आते रहते हैं । गीता-योग-पुस्तकालय का निर्धारित समय प्रात: १०.३० से सायं ५.०० तक है। इस वर्ष इसमें 'कल्याण' जैसे कुछ आध्यात्मिक-धार्मिक पत्रिकाओं तथा हिन्दी-अंग्रेजी समाचार पत्रों के नियमित रूप से आते रहने की व्यवस्था भी की गई है।

महामना सभागार (सभागृह)

मालवीय भवन के सभागृह में विश्वविद्यालय के सभी महत्त्वपूर्ण सांस्कृतिक व धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होता है। यह सभागृह नियमित रूप से योग से सम्बंधित प्रशिक्षण पाठ्यक्रम, गीता, योग व मूल्य शिक्षा से सम्बद्ध व्याख्यानों तथा संगोष्ठियों के लिये उपयोग में लाया जाता है। इस वर्ष मालवीय भवन के सभागृह में विश्वविद्यालय के शताब्दी वर्ष पर्यन्त कार्यक्रम सम्पन्न हुए। वर्तमान सत्र में सभागृह में आयोजित कार्यक्रम इस प्रकार हैं।

१.	गीता प्रवचन	-	३५
२.	विशेष व्याख्यान	-	०७
३.	भाषण	-	१०
४.	सांस्कृतिक कार्यक्रम	-	०७
५.	धार्मिक कार्यक्रम (एक श्रीमद्‌भागवत-सप्ताह प्रवचन सहित)	-	०६
६.	त्योहार	-	०२
७.	समारोह	-	०५
८.	प्रदर्शन	-	०६
९.	प्रतियोगिता	-	१५
१०.	प्रशिक्षण कार्यक्रम	-	०७

(चार माह का एक डिप्लोमा पाठ्यक्रम, एक-एक माह के छह प्रमाणपत्रीय पाठ्यक्रम)

मालवीय मूल्य-अनुशीलन केन्द्र

मालवीय मूल्य अनुशीलन केन्द्र विगत कई वर्षो से उच्च शिक्षा के अन्तर्गत नैतिक एवं मानवीय मूल्यों की स्थापना हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करता आ रहा है। इन कार्यक्रमों के विस्तार हेतु केन्द्र को दसवीं योजना के अन्तर्गत विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से ४ लाख रूपये की अनुदान राशि प्राप्त हुई। इस केन्द्र का संचालन मालवीय भवन संकुल में स्थित डे-निवास, भवन से हो रहा है। इस वर्ष केन्द्र ने विद्यार्थियों, अध्यापकों एवं शोध छात्रों के लिए ''व्यक्तिगत जीवन एवं कार्यक्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए जीवन मूल्य एवं व्यावहारिक कौशल'' विषय पर कई कार्यशालाओं का आयोजन किया। केन्द्र एक अर्द्धवार्षिक पत्रिका, ''मूल्य विमर्श'' का भी प्रकाशन करता है, जिसमें समसामयिक विषयों पर आधारित जीवन मूल्यों से सम्बन्धित लेख प्रकाशित किये जाते हैं।

मालवीय भवन उद्यान

मालवीय-भवन के चारों तरफ एक प्राचीन सुन्दर बगीचा है जिसमें २९ प्रकार के पौधे लगे हुए हैं जिसमें ६ प्रकार के फूल, १३ औषधीय प्रयोग के पेड़ और ७ तरह की झाड़ियाँ लगी हैं।

भविष्य योजना

उपर्युक्त सुविधाओं को मजबूत करने व आगे बढ़ाने के लिये एक प्रस्ताव विश्वविद्यालय को प्रस्तुत किया गया है। जिसमें एक नये एनेक्स का निर्माण, कार्यालय, कमेटी रूम, पुस्तकालय व एक अतिरिक्त व्याख्यान कक्ष, उन विशेष धार्मिक व आध्यात्मिक मेहमानों के लिये जो भाषण व व्याख्यान के लिये आमंत्रित किये जाते हैं उनके लिये कुछ अतिथि कक्षों का निर्माण सम्मिलित है।

२.१.९. भारत कला भवन

भारत कला भवन, कला एवं पुरातत्व का एक विश्वविद्यालयीय संग्रहालय है तथा यह मुगल एवं राजस्थानी शैली की भारतीय चित्रकला के समृद्ध संकलनों के साथ-साथ मूर्ति, वसन, सिक्के तथा भारतीय साहित्य एवं पुरातत्व की हस्तलिखित पाण्डुलिपियों आदि संग्रहों के लिये विश्वविख्यात है। इस संग्रहालय में लगभग १.५ लाख से भी अधिक दुर्लभ वस्तुओं का विशाल संग्रह है। जिनके विविध विधा के उत्कृष्ट संग्रहों को भूतल एवं प्रथम तल में स्थित १३ वीथिकाओं में प्रदर्शित किया गया है, जिसके अवलोकनार्थ राष्ट्रीय एवं अन्तर राष्ट्रीय दर्शक निरन्तर आते रहते हैं। स्थानीय एवं विदेशी पर्यटकों, दर्शकों के अतिरिक्त यह संग्रहालय देश एवं विदेश के विद्यार्थियों, शोध-छात्रों एवं विद्वानों के शैक्षणिक आवश्यकताओं की पूर्ति भी करता है। भारत कला भवन का अपना एक समृद्ध पुस्तकालय भी है जो कला एवं पुरातत्व के एक उत्कृष्ट सन्दर्भ पुस्तकालय के रूप में जाना जाता है।

पिछले वर्ष अक्टूबर २०१६ में तीन सहायक संग्रहाध्यक्ष तथा दो वीथिका सहायक तथा एक सहायक भारत कला भवन, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में नियुक्त हुए हैं।

भारत कला भवन, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में कला वस्तुओं एवं पुरातत्व वस्तुओं का मूल्यांकन

वर्ष २०१३-१४ में १.५ लाख वस्तुओं में से अब तक २६.०४९४३०७% कला वस्तुओं का मूल्यांकन में अधिकृत लेखा-परीक्षक अधिकारियों द्वारा किया जा चुका है।

संग्रहालय के वर्तमान आय स्रोत

वर्तमान में भारत कला भवन संग्रहालय के विक्रय पटल द्वारा प्रवेश शुल्क से अर्जित आय रू. ८,०६,००१/- की है।

- दर्शक :
- भारतीय - १०५६३
- छात्र - ५१९८
- विदेशी - २९८४

वर्तमान वर्ष के दौरान निम्न कार्य किये गये

- इस संग्रहालय की सभी वीथिकाओं एवं पेंटिंग भण्डारण कक्ष में डाटा लागर लगाया गया।
- छवि चित्रकला दीर्घा में म्यूजिक सिस्टम लगाया गया।
- बाह्य संस्थानों की कला-वस्तुओं एवं पुरातत्व के प्रदर्शन अस्थायी प्रदर्शनी कक्ष हेतु पूर्णतया तैयार है।
- जनवरी २०१६ से कैग के अनुमोदन पर भारत कला भवन की कला एवं पुरा वस्तुओं का मूल्यांकन कार्य प्रारम्भ हुआ तथा कार्य प्रगति पर है।
- संग्रहालय दर्शकों (पुरूष एवं महिलाओं हेतु) तथा कर्मचारियों हेतु सुलभ प्रसाधन का निर्माण किया गया।
- इनफ़ोसिस फाउन्डेशन द्वारा २.०० करोड़ रूपये का अनुदान अर्जित किया गया जिसके तहत अतिशीघ्र यथासम्भव कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।
- भारत कला भवन, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के विविध कार्यों हेतु संस्कृति मंत्रालय अनुदान भी संस्थान को प्राप्त हुआ।
- संग्रहालय प्रवेश द्वार पर ०६ जोन डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर लगाया गया।

- दर्शकों के प्रवेश शुल्क विक्रय हेतु विक्रय पटल पर पीओएस मशीन लगायी गयी।

प्रदर्शनी/संगोष्ठी/कार्यशाला/अनुदान

- काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के शताब्दी वर्ष २०१६ के अवसर पर भारत कला भवन द्वारा महामना प्रदर्शनी आयोजित।
- भारत कला भवन में दिनांक १७.१२.२०१६ से २४.०१.२०१७ तक आई.जी.एन.सी.ए., नई दिल्ली एवं भारत कला भवन के संयुक्त तत्वाधान में भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता 'आख्यान' प्रदर्शनी का आयोजन।
- भारत कला भवन द्वारा 'काशी मुगलशैली के वंशज कलाकार' नामक एक लघु चित्र प्रदर्शनी का आयोजन।
- एलिस बोनर संस्थान, वाराणसी द्वारा दिनांक २२ फरवरी से २१ मार्च २०१७ तक 'एलिस फ्राम स्विटजरलैण्ड' प्रदर्शनी का आयोजन।
- सिद्धार्थ लखोटिया द्वारा आयोजित एक फोटोग्राफ प्रदर्शनी 'रिद्म्स आफ हैप्पिनेस' का आयोजन।

भारत रत्न प्रदर्शित

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में पं. मदन मोहन मालवीय को प्राप्त सर्वोच्च सम्मान (भारतरत्न), उनके पौत्र न्यायमूर्ति गिरिधर मालवीय ने अर्जित कर माननीय कुलपति, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय को सौंपा, जिसे भारत कला भवन में अवलोकनार्थ रखा गया। इसका शुभ उद्घाटन पर्यटन एवं संस्कृति केन्द्रीय राज्य मंत्री– डॉ. महेश शर्मा ने अपने कर कमलों से किया। इस सम्मान को भारत कला भवन के निधि वीथिका में जन अवलोकनार्थ प्रदर्शित किया गया।

इस वर्ष हमारे सहकर्मियों ने विविध गतिविधियों में सहभागिता की:

- डॉ. अरूपा मजुमदार उप- ग्रंथालयी ने सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी द्वारा दिनांक १८-१९ अप्रैल, २०१६ में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी 'लाइब्रेरी एण्ड इन्फार्मेशन डिपार्टमेन्ट' में सहभागिता की।
- डॉ. अरूपा मजुमदार उप- ग्रंथालयी ने यू.जी.सी. के संयुक्त तत्वाधान मे नेशनल बुक ट्रस्ट ऑफ़ इण्डिया द्वारा आयोजित प्रमाण पत्र बुक पब्लिशिंग में सहभागिता की।
- डॉ. अरूपा मजुमदार उप- ग्रंथालयी ने दिनांक १९-२० मार्च, २०१७ को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी कांसेप्टचुवल सोशल रेस्पान्सबिलिटीज ऑफ लाइब्रेरीज में सहभागिता की।
- डॉ. राधाकृष्ण गणेशन, वरिष्ठ कलाकार द्वारा लिखित शोध आलेख अगस्त अंक की शोध पत्रिका 'स्थापत्यम' में प्रकाशित हुआ।
- डॉ. राधाकृष्ण गणेशन, वरिष्ठ कलाकार द्वारा लिखित लघु पुस्तिका 'काशी मुगल शैली के वंशज कलाकार' सम्बन्धित प्रदर्शनी, २०१७ हेतु प्रकाशित की गई।
- डॉ. अनिल कुमार सिंह, सहा. संग्रहाध्यक्ष ने 'सेन्टर फार कल्चरल रिसोर्सेस एण्ड ट्रेनिंग, नई दिल्ली द्वारा १८ से २४, २०१७ तक आयोजित कार्यशाला 'क्यूरेटोरियल वर्कशाप फार म्यूजियम क्यूरेटर्स' में सहभागिता की।
- डॉ. देवेन्द्र बहादुर सिंह, सहा. संग्रहाध्यक्ष ने न्यूमिसमेटिक सोसाइटी ऑफ़ इण्डिया, का.हि.वि.वि. द्वारा लोनावाला, मुंबई में दिनांक ५-७ नवम्बर, २०१६ को आयोजित ९५वें, एनुवल कान्फ्रेन्स ऑफ़ द न्यूमिसमेटिक्स सोसाइटी ऑफ़ इण्डिया में सहभागिता की।
- डॉ. देवेन्द्र बहादुर सिंह, सहा. संग्रहाध्यक्ष, जर्नल ऑफ़ न्यूमिसमेटिक सोसइटी ऑफ़ इण्डिया पत्रिका के सन् २०१६ से सहायक सम्पादक रहे।
- डॉ. प्रियंका चन्द्रा, सहा. संग्रहाध्यक्ष मानव संसाधन विकास मंत्रालय, नई दिल्ली के ई-पाठशाला प्रोजेक्ट से जुड़ी हैं। इस वर्ष ५ मॉडल्स लिखा तथा वीडियो रिकार्डिंग हेतु ४ माडल्स तैयार किया।
- श्री स्वतंत्र कुमार सिंह, वीथिका सहायक ने मोहाली में आयोजित सितम्बर १६-१८, २०१६ में अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी 'रॉक आर्ट आफ मिर्जापुर' विषय में प्रस्तुति दी।
- श्री स्वतंत्र कुमार सिंह, वीथिका सहायक ने प्राचीन इतिहास एवं पुरातत्व विभाग का.हि.वि.वि. द्वारा दिसम्बर २०१६ में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी 'रिसेन्ट एक्पेनेशन वर्क इन सौथर्न पार्ट ऑफ सोनभद्र रीजन' विषय में व्याख्यान प्रस्तुत किया।
- श्री स्वतंत्र कुमार सिंह, वीथिका सहायक ने प्राचीन इतिहास एवं पुरातत्व विभाग, का.हि.वि.वि. द्वारा जनवरी २०१७ में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी 'मास्क ट्रेडीशन इन इण्डियन विथ द स्पेशल रेफेरेन्स टू रामनगर रामलीला' विषय में व्याख्यान प्रस्तुत किया।
- श्री स्वतंत्र कुमार सिंह, वीथिका सहायक ने प्राचीन इतिहास एवं पुरातत्व विभाग, का.हि.वि.वि. द्वारा मार्च २०१७ को आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी 'इंटरप्रेटशन ऑफ रॉक आर्ट' विषय में व्याख्यान प्रस्तुत किया।
- २ अक्टूबर (स्वच्छता दिवस) गाँधी जयंती के अवसर पर, भारत कला भवन के समस्त कर्मचारीगणों ने भवन की सफाई में अपना बहुमूल्य योगदान किया।
- हमारे कार्यालय कर्मी श्री अनूप कुमार, आफिस असिस्टेंट ने राजभाषा प्रकोष्ठ, का.हि.वि.वि. द्वारा आयोजित कार्यशाला में सहभागिता की।

पुस्तक

इस वर्ष भारत कला भवन, पुस्तकालय में निम्न पुस्तकें एवं पत्रिकाएं छात्रों एवं शोधार्थियों हेतु अर्जित किये गये । वर्तमान में २२,५३४ पुस्तकें, ६३३८ पत्रिकाएँ तथा ५६ प्रोजेक्ट (नेहरू ट्रस्ट आफ इण्डिया कलेक्शन, विक्टोरिया एण्ड अलबर्ट म्यूजियम, नई दिल्ली) भारत कला भवन में उपलब्ध है। इस वर्ष ३ पुस्तकें मानार्थ प्रतिस्वरूप प्राप्त हुई। इस वर्ष ५ पत्रिकायें मानार्थ प्रति स्वरूप प्राप्त हुई। इस वर्ष के दौरान लगभग ३८०० छात्र एवं शोधार्थी भारत कला भवन पुस्तकालय मे परामर्श हेतु आमन्त्रित हुए।

प्रमुख दर्शक

इस वर्ष दस हजार से अधिक दर्शक (२९८४ विदेशी तथा १५७६१ भारतीय) संग्रहालय आमन्त्रित हुए। भारत कला भवन के रजिस्टर पर प्रमुख दर्शकों की सम्मतियां लिखवाई गयीं।

प्रमुख दर्शकों की वर्तमान सूची : डॉ. महेश शर्मा, पर्यटन संस्कृति राज्यमंत्री; नितिन रमेश गोकर्ण, मण्डलायुक्त, वाराणसी; जवाहर सरकार, सीइओ, प्रसार भारती एवं पूर्व संग्रहाध्यक्ष, पुरातत्व भारत सरकार; मि. पण्डा, मुख्य सचिव, वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार; प्रो. फ्रोंकोला ऑरसिनी, दक्षिण एशिया विभाग, फ्रिकान, यू.के.; दिलीप पटेल, एम.आर. रोड, अधेंरी ईस्ट, मुम्बई; वी.के. शुंगलु, चेयरमैन, डीपीएस सोसाईटी, नई दिल्ली; जैक डेलोली, बर्नाड कॉलेज, कोलम्बिया विश्वविद्यालय, न्युयार्क; गर्ट मैरिनकोवित्ज, वाल्ट्स एवेन्यू, वागले रिक्टोरिया, दक्षिण अफ्रिका; ललित कुमार दास, सेक्टर ५, गुरूग्राम, हरियाणा और वी.पी. सिंह, महानिदेशक, एन बी एरिया, गोवा।

भारत कला भवन में राम लीला के लिए प्रयोगार्थ वस्तु

भारत कला भवन में एलिस बोनर की कलाकृति

२.२. दक्षिणी परिसर

२.२. दक्षिणी परिसर

राजीव गाँधी दक्षिणी परिसर, बरकछा, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, द्वारा संचालित एक मानकीकृत शैक्षिक संस्था के रूप में (इजारा/पट्टा) भारतमंडल ट्रस्ट द्वारा १ अप्रैल १९७९ में स्वीकृत किए गए ११०४ हेक्टेयर भूखण्ड में विस्तारित है। यह मीरजापुर शहर से लगभग ८ किमी. दक्षिण पश्चिम राबर्ट्सगंज राजमार्ग पर स्थित है।

मुख्य कार्य

अगस्त से २३ अगस्त २०१६ को सत्तरवीं वर्षगाँठ के शुभ अवसर पर स्वतंत्रता दिवस – ''याद करो कुर्बानी'' का परिसर में हुआ आयोजन; स्वतन्त्रता दिवस समारोह; १७ अगस्त २०१६ को माननीय कुलपति ने किया सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारम्भ; १७ अगस्त, २०१६ पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान संकाय के भवन की आधारशिला एवं शिलान्यास; अभिसंस्करण कार्यक्रम; २५ अगस्त, २०१६ को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी; १६ सितम्बर, २०१६को विश्व ओजोन दिवस प्रतियोगिता; २७ सितम्बर, २०१६ को विश्व पर्यटन दिवस का आयोजन; ०२ अक्टूबर, २०१६को स्वच्छता अभियान-महात्मा गाँधी जयन्ती; २४ अक्टूबर, २०१६ से २६ अक्टूबर, २०१६ तक अस्पताल भ्रमण कार्यक्रम; २५ अक्टूबर २०१६ को बैचलर इन मेडिकल लैब टेक्नोलोजी की संगोष्ठी; २६ अक्टूबर, २०१६ को बैचलर इन मेडिकल लैब टेक्नोलोजी की एक दिवसीय कार्यशाला; २० से २३ नवम्बर, २०१६ तक वार्षिकोत्सव - अरावली छात्रावास; ०५ नवम्बर, २०१६ को पैराडाइन शिफ्ट इन इनोवेशन एण्ड बिजनेस मैनेजमेंट विषयक एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार; २० अक्टूबर, २०१६ से २० नवम्बर, २०१६ तक एम.वोक एवं बी.वोक (पर्यटन एवं आतिथ्य) के विद्यार्थियों का ऑन द जॉब ट्रेनिंग कार्यक्रम; २६ नवम्बर, २०१६ को संविधान दिवस समारोह; सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक प्रतियोगिताओं का आयोजन; शताब्दी वर्ष एवं मालवीय जयन्ती समारोह; ०२ जनवरी से ०९ जनवरी, २०१७ तक लघु खाद्य प्रसंस्करण इकाईयों के गठन पर साप्ताहिक कार्यशाला का आयोजन; १४ जनवरी, २०१७ को भारत में आतिथ्य एवं पर्यटन शिक्षा विषयक राष्ट्रीय सेमिनार;६८वाँ गणतन्त्र दिवस समारोह;०१ फरवरी, २०१७ बसन्त पंचमी एवं विश्वविद्यालय स्थापना दिवस समारोह; २३.०२.२०१७ रक्तदान शिविर; २४ फरवरी से ०२ मार्च, २०१७ तक उद्यमिता कौशल पर एक सप्ताह की कार्यशाला; फरवरी २०१७ में अन्तर छात्रावास वॉलीवाल प्रतियोगिता; २६ से ३० मार्च, २०१७ अन्तर संकाय युवा महोत्सव स्पन्दन; १२ अगस्त, २०१६, २५ दिसम्बर, २०१६, १२ जनवरी, २०१७ तथा २३ जनवरी, २०१७ को राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय शिविर; मार्च, २०१७ शिक्षक एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों का वॉलीवाल एवं क्रिकेट टूर्नामेंट; ०५ मार्च, २०१७ को 'पैराडाइम शिफ्ट इन एग्रीबिजनेस एण्ड रुरल डेवलपमेंट' राष्ट्रीय संगोष्ठी; २५ मार्च, २०१७ ट्रेन्डस एण्ड इनोवेशन इन ह्यूमन हेल्थ, एग्रीकल्चर एण्ड फुड प्रोसेसिंग टेक्नोलोजी राष्ट्रीय सेमिनार।

विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध अनुसंधान सुविधाऐं

- एम.बी.ए. (ए.बी.) के छात्रों के लिए संगणक प्रयोगशाला है जिसमें छात्रों को प्रबंधन सूचना प्रणाली एवं प्रौद्योगिकी उपकरणों के विभिन्न पहलुओं को जानने की सुविधा उपलब्ध है।
- राजीव गाँधी दक्षिणी परिसर में लगभग २ हेक्टेयर भूमि एम.एससी. (एजी.) इन एग्रोफोरेस्ट्री के छात्रों को शोध कार्य हेतु प्रदान की गई है जो शरीफा, अमरूद और बेल कृषि बागवानी प्रणाली पर आधारित है।
- राजीव गाँधी दक्षिणी परिसर में आयुर्वेदिक फार्मेसी प्रयोगशाला एम.फार्म. (आयुर्वेद) के छात्रों के लिए उपलब्ध है जिसमें विभिन्न उपकरण जैसे फोरियर ट्रान्सफॉर्म इन्फ्ररेड स्पेक्ट्रोफोटोमीटर, यू.वी.स्पेक्ट्रोफोटोमीटर, एटोमिक एब्जार्ब्शन स्पेक्ट्रोफोटोमीटर, रोटरी इवैपोरेटर, इन्क्यूबेटर्स, फर्नेस, ऑटोक्लेव, टैबलेट पंचिंग मशीन, टैबलेट पैकेजिंग मशीन, पिल मेकिंग मशीन, डिस इन्टीग्रेशन टेस्टर, हार्डनेस टेस्टर, लेमिनार एयरफ्लो, यू.वी. चेम्बर, कैप्सूल फिलिंग मशीन, टिशू होमोजेनाइजर, टिशू बाथ, इलेक्ट्रो कन्वल्जीयोमीटर, डिसटिलेशन एसेम्बली उपलब्ध हैं।
- राजीव गाँधी दक्षिणी परिसर में पादप जैव प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला उपलब्ध है जिसमें विभिन्न उपकरण जैसे हारिजॉन्टल इलेक्ट्रोफोरेसिस यूनिट, मिनी स्पिन, रेफ्रीजरेटेड माइक्रोसेंट्रीफ्यूज, आइस फ्लेकिंग मशीन, वाटर बाथ, वोर्टैक्स, लेमिनार एयरफ्लो, थर्मलसाइक्लर, जेल डाक्यूमेंटेशन सिस्टम, और्बीटल शेकिंग सिस्टम, डीप फ्रीजर, फ्लोर सेंट्रीफ्यूज, इनवर्टेड माइक्रोस्कोप, यू.वी.स्पेक्ट्रोफोटोमीटर, प्लांट ग्रोथ चेम्बर, टिशू कल्चर फैशेलिटि उपलब्ध है।

२.३. विश्वविद्यालय के विशेषाधिकार के अन्तर्गत संचालित नगरीय महाविद्यालय

२.३.१. आर्य महिला पी.जी. कॉलेज
२.३.२. वसन्त महिला महाविद्यालय
२.३.३. वसन्त कन्या महाविद्यालय
२.३.४. दयानन्द महाविद्यालय (डी.ए.वी. पी.जी. कॉलेज)

२.३.१. आर्य महिला महाविद्यालय

विविधताओं से सम्पन्न यह देश जहाँ अपनी सांस्कृतिक विरासत को संजोये निरन्तर गतिशील है वहीं अपनी शैक्षिक अस्मिता की पहचान भी विश्व पटल पर अंकित करता आ रहा है, संस्कृति और सभ्यता के बहुआयामी स्वर को विकसित करने में शैक्षणिक गतिविधियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। देश के शैक्षिक गतिविधियों को निरन्तर अग्रसर करने एवं कला, संस्कृति, ज्ञान-विज्ञान के धरोहर को विकसित तथा स्त्रियों को स्वावलम्बी बनाने के उद्देश्य से महर्षि ज्ञानानन्द जी की कर्मठ एवं सुयोग्य शिष्या श्रीमती विद्या देवी के योगदान से सन् १९५६ में इस महाविद्यालय की स्थापना की गयी। महाविद्यालय की प्रथम प्राचार्या सुश्री सुन्दरी बाई पाई के नेतृत्व में तथा आयुर्वेद रत्न पं. बृजमोहन दीक्षित के अभिभावकत्व में सन् १९५८ में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय द्वारा बी.ए. को तथा १९७४ में शिक्षा शास्त्र ने स्थायी सम्बद्धता प्राप्त किया आज इस महाविद्यालय में सुचारू रूप से स्नातक तथा स्नातकोत्तर कक्षाओं का अध्ययन-अध्यापन तथा शोध कार्य हो रहा है। काशी का यह प्रतिष्ठित प्राचीन संस्थान महर्षि ज्ञानानन्द जी द्वारा संस्थापित तथा श्री आर्य महिला हितकारिणी महापरिषद् द्वारा संचालित है।

अपने सामाजिक दायित्व के निर्वहन में महाविद्यालय प्रतिवर्ष १५ जरूरतमंद छात्राओं को आर्थिक सहायता प्रदान कर शिक्षा के लिए प्रेरित करते हुए स्त्री सशक्तिकरण को बहुआयामी स्वर प्रदान करता है। महाविद्यालय में असक्त तथा शारीरिक रूप से असमर्थ छात्राओं को भूमि तल से अन्य तलों पर जाने के लिए लिफ्ट की व्यवस्था की गयी है।

९७ वाँ स्थापना दिवस समारोह

श्री आर्य महिला हितकारिणी महापरिषद् ने अपना ९७वाँ स्थापना दिवस १४ दिसम्बर २०१६ को मनाया, जिसमें महापरिषद् द्वारा संचालित सभी शिक्षण संस्थाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर सम्माननीय प्रो. पंजाब सिंह, अध्यक्ष, कृषि विभाग, राष्ट्रीय अकादमी, भारत सरकार, मुख्य अतिथि थे। राष्ट्रीय अकादमी, भारत सरकार, मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री सत्यनारायण पाण्डेय जी ने किया। इस अवसर पर महापरिषद् के वरिष्ठ सदस्य डॉ. के.पी. अग्रवाल, श्री उत्तम राय चौधरी, श्री अतुल कुमार जायसवाल तथा अवकाश प्राप्त कर्मचारियों को मुख्य अतिथि प्रो. पंजाब सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया। जनरल सेक्रेटरी डॉ. शशिकान्त दीक्षित द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया तथा महापरिषद् द्वारा संस्थापित तथा संचालित सभी संस्थाओं द्वारा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गये।

शैक्षणिक एवं शिक्षणेतर गतिविधियाँ

इस सत्र का आरम्भ १० जुलाई २०१६ से हुआ। कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर छात्राओं ने विविध प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। शिक्षक दिवस के अवसर पर स्नातक कला, सामाजिक विज्ञान, स्नातक वाणिज्य, शिक्षाशास्त्र विभाग तथा स्नातकोत्तर कक्षा की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया साथ ही प्राध्यापिकाओं को सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त स्वतंत्रता दिवस, गणतन्त्र दिवस

तथा सरस्वती पूजनोत्सव के अवसर पर छात्राओं ने एकल नृत्य, समूह नृत्य, सितार वादन इत्यादि सुरुचिपूर्ण एवं सुन्दर प्रस्तुतियाँ कर अपनी बहुविध प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया।

संस्कृत विभाग

- काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, संस्कृत विभाग द्वारा आयोजित श्रीमदाद्यगुरूशंकराचार्य के स्तोत्रों पर केन्द्रित कण्ठस्थस्त्रोत्रपाठ प्रतियोगिता दिनांक ०३.०९.२०१६ को सम्पन्न हुई। इसमें संस्कृत विभाग की ६ छात्राओं ने भाग लिया।
- दिनांक २४.०९.२०१६ को सांस्कृतिक अध्ययन एवं शोध केन्द्र ज्ञान प्रवाह वाराणसी में आयोजित 'हेरिटेज ऑफ काशी' प्रतियोगिता में ४ छात्राओं ने भाग लिया। पुरस्कार के रूप में पुस्तक एवं स्मृति चिह्न प्राप्त किया।
- दिनांक २२.०६.२०१६-१२.०७.२०१६ तक काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में आयोजित 'ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट सेण्टर' संस्कृत विभाग द्वारा आयोजित ७वें पुनश्चर्या पाठ्यक्रम में महाविद्यालय के संस्कृत विभाग की डॉ. जया मिश्रा, डॉ. पुष्पा त्रिपाठी एवं डॉ. दिव्या ने भाग लिया।
- दिनांक १६ नवम्बर २०१६ को कालिदास समिति विक्रमविश्वविद्यालय, उज्जयिनी की ओर से आयोजित अखिल भारतीय कालिदास महोत्सव के अवसर पर अन्तर्विश्वविद्यालयीय-संस्कृत वाद-विवाद स्पर्धा में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि के रूप में भाग लेकर एम.ए. पूर्वार्द्ध (संस्कृतविभाग) की छात्रा कु. अनुरंजिका चतुर्वेदी ने तृतीय स्थान तथा कांस्य पदक प्राप्त किया।
- संस्कृत भारती, काशी प्रान्त की ओर से आर्य महिला इण्टर कॉलेज में दिनांक १७.१२.२०१६ को आयोजित वरिष्ठ वर्ग की भाषा-प्रतियोगिता तथा राष्ट्रगीत वन्देमातरम् प्रतियोगिता (एकल एवं समूह) में भाग लेकर महाविद्यालय की संस्कृतविभाग की छात्राओं ने महाविद्यालय के लिए सामुदायिक रूप से सर्वोच्चता का प्रमाण-पत्र प्राप्त किया।
- अखाड़ा गोस्वामी तुलसीदास, वाराणसी द्वारा श्रीसंकटमोचन मन्दिर परिसर में दिनांक १-२ फरवरी, २०१७ को श्रीरामचरितमानस के दोहों एवं चौपाइयों पर आधारित सस्वर गान स्पर्द्धा तथा संस्कृत श्लोकों की स्वर गान स्पर्द्धा में भाग लेकर संस्कृत विभागीय छात्राओं में दोहा-चौपाई-स्पर्द्धा में आसना मिश्रा (बी.ए. प्रथम वर्ष) ने प्रथम स्थान एवं नकद धनराशि प्राप्त किया। सस्वर लोकगान स्पर्द्धा में अनुरंजिका चतुर्वेदी (एम.ए. पूर्वार्द्ध) ने प्रथम स्थान के साथ तथा श्रद्धा तिवारी (एम.ए. उत्तारार्द्ध) ने द्वितीय स्थान के साथ नकद धनराशि प्राप्त किया।
- डॉ. चन्द्रकान्ता राय के निर्देशन में ज्ञानप्रवाह की ओर से नागरी नाटकमण्डली, वाराणसी में दिनांक १९ फरवरी, २०१७ को अभिमंचित संस्कृत नाटक 'मालविकाग्निमित्रम्' में संस्कृत विभाग की छात्राओं ने भाग लिया।
- डॉ. चन्द्रकांता राय, एसोसिएट प्रोफेसर, संस्कृत-विभाग द्वारा आयोजित होने वाले ह्यूमन रिसोर्स डिपार्टमेंट सेन्टर, बीएचयू में मुख्य अतिथि के रूप में ''हिरण्यगर्भश्रुतिस्मृतिषु सर्गः'' विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया।
- आर्य महिला पी.जी. कॉलेज एवं नेहरु युवा केन्द्र संगठन, वाराणसी, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त तत्तवावधान में दिनांक ३० मार्च, २०१७ को आयोजित जिला स्तरीय सांस्कृतिक महोत्सव में संस्कृत एवं हिन्दी चैती तथा कजरी गीत प्रस्तुत कर संस्कृत विभाग की छात्राओं ने सम्मानार्ह स्थान प्राप्त किये।
- स्वच्छता के प्रति 'वैश्विक दृष्टिकोण' विषय पर संस्कृत विभाग की ओर से दिनांक ०१ मार्च, २०१७ को कनेडियन इम्पीरियल बैंक ऑफ कॉमर्स की पूर्व सुपरवाइजर तथा वर्तमान में कनाडा (टोरंटो) में डाटाबेस स्कैनर के रूप में कस्टम्सरेटर्स (कनाडा) में कार्यरत श्रीमती मनीषा राय ने अपना वैदुष्यपूर्ण व्याख्यान प्रस्तुत किया।
- काशी हिन्दू विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित युवा महोत्सव स्पन्दन २०१६-१७ में संस्कृत वाद-विवाद स्पर्द्धा में भाग लेकर अनुरंजिका चतुर्वेदी (पक्ष) तथा पल्लवी (एम.ए. पूर्वार्द्ध) ने तृतीय स्थान तथा संस्कृत स्वरचित काव्य पाठ स्पर्धा में भाग लेकर श्रद्धा तिवारी (एम.ए. उत्तारार्द्ध) ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।
- संस्कृत विभाग एवं संस्कृतिभारती, काशी प्रान्त के संयुक्त तत्वावधान में 'संस्कृतभाषा-भारतीय भाषा जननी एवं संस्कृति संवाहिका' विषय पर दिनांक २ मार्च, २०१७ को महाविद्यालय के सभागार में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।
- दिनांक ०१.०४.२०१७ को संस्कृत विभाग की ओर से स्नातक एवं स्नातकोत्तर वर्ग की छात्राओं के लिए विभिन्न संस्कृत स्पर्धाओं का आयोजन किया गया।
- दिनांक २४.०२.२०१७ को यज्ञ के प्रायोगिक पक्ष के अवलोकन एवं ज्ञानार्जन हेतु महाविद्यालय की २७ छात्राओं को ज्ञान-प्रवाह ले जाया गया।
- २ अप्रैल, २०१६ को महाराजा बलवंत सिंह स्नातकोत्तार महाविद्यालय, राजातालाब, वाराणसी में डॉ. चन्द्रकान्ता राय द्वारा ''संस्कृत अध्ययन की अपेक्षा'' विषय पर व्याख्यान दिया गया।
- १४ जून, २०१६ को श्रीभारतधर्म महामण्डल के ११६ वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में डॉ. चन्द्रकान्ता राय द्वारा विशिष्ट व्याख्यान प्रस्तुत किया गया।
- ज्ञान प्रवाह शोध केन्द्र वाराणसी द्वारा डॉ. चन्द्रकान्ता राय को शैक्षिक समिति के रूप में नामित किया गया।

हिन्दी विभाग

- दिनांक १६.०९.२०१६ को हिन्दी विभाग द्वारा हिन्दी दिवस तथा त्रिलोचन शताब्दी वर्ष के अवसर पर एकल व्याख्यान डॉ. सत्यपाल शर्मा का.हि.वि.वि. का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे।

- दिनांक २४.०९.२०१६ को विभाग द्वारा श्री शिवप्रसाद मिश्र, 'रुद्र काशिकेय के १०५ वीं जयंती के उपलक्ष्य में' रूद्र काशिकेय की रचनाधर्मिता एवं काशी की संस्कृति' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. नन्द किशोर पाण्डेय, निदेशक, केन्द्रीय हिन्दी संस्थान, आगरा, अन्य विशिष्ट वक्ताओं में प्रो. राजेश्वर आचार्य, पूर्व अध्यक्ष, संगीत एवं ललित कला विभाग, दीनदयाल उपाध्याय, गोरखपुर, विश्वविद्यालय, प्रो. श्रीनिवास पाण्डेय, का.हि.वि.वि., डॉ. जितेन्द्रनाथ मिश्र, पूर्व अध्यक्ष, हिन्दी विभाग, डी.ए.वी. पी.जी. कॉलेज, वाराणसी, प्रो. श्रद्धानन्द, पूर्व अध्यक्ष एवं संकाय प्रमुख, महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ, प्रो. विद्योत्तमा मिश्रा, का.हि.वि.वि. के साथ अन्य साहित्यकार भी उपस्थित थे।
- दिनांक ३०.०३.२०१७ को नेहरू युवा केन्द्र एवं आर्य महिला पी.जी. कॉलेज के संयुक्त तत्त्वावधान में जिला स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- दिनांक २४.०४.२०१७ को विभाग द्वारा 'प्रथम रश्मि' काव्यपाठ का आयोजन किया गया।
- डॉ. सुचिता त्रिपाठी, असिस्टेंट प्रोफेसर, हिन्दी विभाग द्वारा दिनांक ६ अप्रैल, २०१७ को डी.ए.वी. पी.जी. कॉलेज में आयोजित नवांकुर काव्यगोष्ठी में मुख्य अतिथि की भूमिका का निर्वहन किया गया।
- १८ नवम्बर २०१६ को कृष्णमूर्ति अध्ययन केन्द्र, बसंत कॉलेज फॉर वुमेन द्वारा "ए होजिस्टीक एप्रोच ऑफ लाइफ: एक्सप्लोरिंग द व्यू ऑफ जे कृष्णमूर्ती एण्ड अदर सोसल थिंकर्स" विषय पर आयोजित सप्तदिवसीय कार्यशाला में डॉ. बृजबाला सिंह द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत किया गया।
- दिनाक १-२ मार्च, २०१७ को बसंत कॉलेज फॉर वुमेन में 'मुक्तिबोध की मुक्तिकामी चेतना और उनका रचनात्मक संघर्ष' विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. बृजबाला सिंह द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत किया गया।
- डॉ. बृजबाला सिंह द्वारा १ अगस्त २०१६ को पंडित राहुल सांस्कृत्यायन शोध संस्थान एवं संस्कृत विभाग उ.प्र. के संयुक्त तत्त्वावधान में आयोजित चित्र प्रदर्शनी में ''मुंशी प्रेमचन्द की कहानियों में दलित'' विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया।
- डॉ. सुचिता त्रिपाठी को ''महिला शिक्षा क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए १३ फरवरी, २०१७ को शास्त्रार्थ महाविद्यालय, दशाश्वमेध वाराणसी द्वारा 'शिक्षा प्रज्ञाता' सम्मान से सम्मानित किया गया।
- दिनांक १-२ मार्च, २०१७ को वसंता कॉलेज फॉर वुमेन में 'मुक्तिबोध की मुक्तिकामी चेतना और उनका रचनात्मक संघर्ष' विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में डॉ. सुचिता त्रिपाठी द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत किया गया।
- दिनांक ०५.१२.२०१६ को डॉ. भीमराव अम्बेडकर के निर्वाण दिवस पर सनातन धर्म इण्टर कॉलेज में बाबा भीमराव अम्बेडकर एवं समरसता विषय पर आयोजित संगोष्ठी में डॉ. सुचिता त्रिपाठी द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत किया गया।
- दिनांक १७ सितम्बर, २०१६ को गोपी राधा इण्टर कॉलेज तथा प्रगति पब्लिक स्कूल में हिन्दी भाषा दशा एवं दिशा विषय पर डॉ. सुचिता त्रिपाठी द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत किया गया।
- डॉ. मीनाक्षी मिश्रा, असिस्टेंट प्रोफेसर हिन्दी विभाग ने दिनांक १५.०५.२०१७ से ११.०६.२०१७ तक एकेडमिक स्टॉफ कॉलेज, बी.एच.यू. में आयोजित ओरिएन्टेशन कार्यक्रम में भाग लिया।

दर्शनशास्त्र विभाग

- दिनांक ८.११.२०१६ को दर्शनशास्त्र विभाग द्वारा अन्तरराष्ट्रीय दर्शन दिवस के अवसर पर गाँधी विषयकी प्रासंगिकता विषय पर प्रो. श्री प्रकाश पाण्डेय, पूर्व विभागाध्यक्ष, दर्शन एवं धर्म विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय का व्याख्यान आयोजित किया गया।
- दिनांक १४.०२.२०१६ को आर्य महिला हितकारिणी महापरिषद् के स्थापना दिवस पर दर्शन विभाग की वार्षिक पत्रिका ''विमर्श'' का विमोचन किया गया।
- दिनांक २६.०३.२०१७ को एम.ए. प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण के निमित्त सारनाथ ले जाया गया।
- डॉ. अनामिका सिंह असिस्टेंट प्रोफेसर, दर्शनशास्त्र विभाग द्वारा ०१.०४.२०१७ को श्रावस्ती में पालि साहित्य में बुद्ध के वैश्विक उपदेश पर अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में व्याख्यान दिया गया।
- भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली द्वारा व्याख्यान के लिए अनुदानित अनुदान से दर्शनशास्त्र विभाग द्वारा प्रथम व्याख्यान दिनांक २३.०२.२०१७ को 'आधुनिक युग के लिए समग्र जीवन दृष्टि' विषय पर तथा द्वितीय व्याख्यान माला का आयोजन दिनांक २८.०२.२०१७ को 'फिलॉस्फी ऑफ साइंस' विषय पर आयोजित किया गया।

बंगला विभाग

- दिनांक ३०.०८.२०१६ को श्री रामचन्द्र मिशन (एससीआरएम) तथा यूनाइटेड नेशन इनफार्मेशन सेंटर फॉर इंडिया और भूटान (यूसीक) के संयुक्त तत्त्ववावधान में निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय के सभागार में बांग्ला विभाग द्वारा किया गया। जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं के साथ-साथ अन्य विद्यालय तथा महाविद्यालयों से छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की।
- दिनांक ११.०९.२०१६ को 'बंगीय साहित्य समाज' द्वारा निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के बांग्ला विभाग की छात्राओं ने भाग लिया।
- दिनांक २३.१०.२०१७ को बांग्ला विभाग द्वारा नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती का आयोजन किया गया।

- दिनांक २१.०२.२०१७ को बांग्ला विभाग द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस का आयोजन किया गया, इस अवसर पर छात्राओं के निमित्त विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया।
- दिनांक २५.०२.२०१७ को अरबिन्दो सोसायटी तथा बांग्ला विभाग के संयुक्त तत्वावधाान में दो दिवसीय 'युवा कैम्प' का आयोजन किया गया।

अंगेजी विभाग

- दिनांक २८.०८.२०१६ को प्रो. मायाशंकर पाण्डेय, अंग्रेजी विभाग, का.हि.वि.वि. के व्याख्यान का आयोजन किया गया।

प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग

- दिनांक १५.१०.२०१६ को प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग द्वारा पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

संगीत विभाग (वादन)

- दिनांक ४-६ अक्टूबर, २०१६ को वाद्य संगीत विभाग द्वारा त्रिदिवसीय सांगीतिक कार्यशाला एवं संगोष्ठी 'तंत्रीनाद' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रो. पुष्पा वसु, (पूर्व विभागाध्यक्ष, वाद्य संगीत विभाग, संगीत एवं मंच कला संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय) द्वारा विशिष्ट व्याख्यान दिया गया।
- दिनांक २५ फरवरी, से ३ मार्च, २०१७ तक संगीत एवं मंच कला संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय द्वारा सप्तदिवसीय ''उत्तर भारतीय संगीत की तकनीक एवं बारीकियों पर राष्ट्रीय अन्त:विषयी कार्यशाला'' का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में महाविद्यालय की छात्राएँ कु. दानिया आलम, कु. प्रीति सिंह, मनीषा कुमारी, रीतू कुमारी, पुष्पा कुमारी आदि ने सहभागिता की।
- स्वाधीनता दिवस के अवसर पर विभाग द्वारा ''गुलिस्ता हमारा'' नृत्य-नाटिका की प्रस्तुति की गई।
- दिनांक ०६.०९.२०१६ को ''तीज महोत्सव'' के अवसर पर विभाग की छात्राओं द्वारा 'शिव-पार्वती विवाह' नामक नृत्य-नाटिका का मंचन किया गया।
- दिनांक ८-९ फरवरी, २०१७ को महाविद्यालय में आयोजित ''मेधा सांस्कृतिक संकुल'' (युवा महोत्सव) में कु. दानिया आलम ने सितार वादन में प्रथम स्थान, कु. विशाखा गुप्ता ने द्वितीय स्थान, कु. मनीषा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इलोक्यूशन प्रतियोगिता में कु. सुदीक्षा सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- दिनांक ०१.०२.२०१७ को वसंत पंचमी के अवसर पर 'वृन्दावन' की मनोरम प्रस्तुति की गयी।
- दिनांक ७ अप्रैल २०१७ को 'विश्व स्वास्थ्य दिवस एवं भारतरत्न पं. रविशंकर की जयंती के अवसर पर वाद्य संगीत विभाग की छात्राओं द्वारा स्वास्थ्य संबंधी पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।
- वर्ष २०१६ से वाद्य संगीत विभाग द्वारा 'ठाकुर राजभान सिंह स्मृति पुरस्कार' वाद्य संगीत में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं के लिए प्रारम्भ किया गया।
- संगीत प्रकल्प द्वारा अहमदाबाद, गुजरात में आयोजित दस दिवसीय सम्प्रक आयोजन में विभाग की आसिस्टेंट प्रो. अनामिका दीक्षित द्वारा सितार वादन की प्रस्तुति की गयी।

संगीत विभाग (गायन)

- दिनांक १६ फरवरी २०१७ को संगीत गायन विभाग द्वारा एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

गृहविज्ञान विभाग

- दिनांक १७.०८.२०१६ को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- दिनांक ८ नवम्बर २०१६ को मेन्स्ट्रल एण्ड यूटीआई इन्फेक्शन विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।
- दिनांक ३ अप्रैल २०१७ को 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' विषय पर गृह विज्ञान विभाग एवं लायन्स क्लब, वाराणसी के संयुक्त तत्त्वावधान में पोस्टर प्रदर्शनी आयोजित की गयी।

अर्थशास्त्र विभाग

- महाविद्यालय की अर्थशास्त्र ऑनर्स की छात्रा ऐश्वर्या पाण्डेय द्वारा यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम के अन्तर्गत रूस (मास्को) का भ्रमण किया गया।

समाजशास्त्र विभाग

- दिनांक २९.०९.२०१६ को 'देवा' अन्तर्राष्ट्रीय संस्था एवं समाजशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय कम्यूनिटी डवलपमेंट प्रोग्राम का अयोजन किया गया।
- डॉ. मनीष तिवारी, असिस्टेंट प्रोफेसर, समाजशास्त्र विभाग द्वारा एम.बी.एस.पी.जी. कॉलेज, गंगापुर में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में कल्चरल कॉनसेक्यून्शेस ऑफ ग्लोवलाइजेशन विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया।
- दिनांक ०७.०९.२०१६ को पर्सनालिटी डवलपमेंट एण्ड केरियर बिल्डिंग विषय पर आयुर्वेद संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला में डॉ. मनीष तिवारी द्वारा मुख्य वक्ता के रूप में व्याख्यान प्रस्तुत किया गया।
- दिनांक २७-२८ मार्च २०१७ को श्रीरामभद्राचार्य विकलांग विश्वविद्यालय, चित्रकूट द्वारा रूरल रिकॉन्सट्रक्शन एण्ड डवलपमेंट स्कीम: इम्पेक्ट एण्ड इवेलूएशन विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में व्याख्यान प्रस्तुत किया गया।
- दिनांक २७.०१.२०१७ एवं २८.०१.२०१७ को विभाग द्वारा नेशनल कमिशन फॉर वूमेन द्वारा अनुदानित अनुदान के सहयोग से 'वूमेन एण्ड इन्वायरमेंटल सस्टेनविलिटी' विषय पर दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया।
- दिनांक २७.०२.२०१७ से ०४.०३.२०१७ तक छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण के निमित्त आगरा और दिल्ली ले जाया गया।

इतिहास विभाग

- इतिहास विभाग द्वारा दिनांक ०८.०४.२०१७ को 'सामाजिक कार्य एवं राष्ट्रवाद' विषय पर डॉ. राजीव श्रीवास्तव, इतिहास विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय द्वारा विशिष्ट व्याख्यान दिया गया।
- दिनांक १४.०४.२०१७ को इतिहास विभाग द्वारा एम.ए. की छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण हेतु ऐतिहासिक स्थल सीतामढ़ी, गोपीगंज, हनुमान गुफा आदि ले जाया गया।

मनोविज्ञान विभाग

- दिनांक २ सितम्बर २०१६ को मनोविज्ञान विभाग एवं वाराणसी आई बैंक के संयुक्त तत्तवावधान में 'नेत्र सुरक्षा एवं जागरूकता' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।
- १० सितम्बर २०१६ को एम.ए. प्रथम, द्वितीय तथा बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्राओं के निमित्त पोस्टर मेकिंग एवं स्पीच कम्पटीशन का आयोजन किया गया।
- दिनांक ५ अक्टूबर २०१६ को मेन्टल हेल्थ डे के अवसर पर मेल्टल हेल्थ अवेयरनेश विषय पर डॉ. पूर्णिमा अवस्थी, एसोसिएट प्रो. मनोविज्ञान विभाग का.हि.वि.वि. का व्याख्यान आयोजित किया गया।
- ३१ जनवरी २०१७ को 'अप्लिकेशन ऑफ इंकब्लॉट टेस्ट इन पर्सनालिटी एसेसमेंट विषय पर एक दिवसीय वर्कशाप का आयोजन किया गया।
- १८ मार्च २०१७ को स्ट्रेस एण्ड कॉपिंग विषय पर प्रो. ए.के. श्रीवास्तव, मनोविज्ञान विभाग, का.हि.वि.वि. के व्याख्यान का आयोजन किया गया।
- ३१ मार्च २०१७ को 'क्रास कल्चरल इसू इन रिसर्च' विषय पर डॉ. उर्मिला रानी श्री, एसोसिएट प्रोफेसर मनोविज्ञान विभाग, का.हि.वि.वि. के व्याख्यान का आयोजन किया गया।

वाणिज्य विभाग

- दिनांक २३.०८.२०१६ को वाणिज्य विभाग एवं कैरियर लांचर के संयुक्त तत्वावधान में क्विज़ कम्पटीशन का आयोजन किया गया।
- दिनांक २३.०८.२०१६ को वाणिज्य विभाग एवं भारत सरकार द्वारा चयनित स्वच्छ भारत अभियान के सदस्यों द्वारा सम्मिलित रूप से छात्राओं की सक्रियता स्वच्छता के प्रति बढ़ाने के उद्देश्य से 'स्वच्छता के सिपाही' नामक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- दिनांक २७.०९.२०१६ को जयपुरिया इस्टीट्यूट ऑफ मेनेजमेंट एवं वाणिज्य विभाग के संयुक्त तत्तवावधान में क्विज़ कम्पटीशन का आयोजन किया गया।
- दिनांक १ मार्च, २०१७ को इम्पोंटेंश ऑफ फाइनेंसियल मार्केट इन रियल लाइफ विषय पर संदीप चटर्जी (सेगा ट्रेनर) के व्याख्यान का आयोजन किया गया।
- दिनांक ०८ अप्रैल २०१७ को शैक्षणिक भ्रमण के तहत पारले एण्ड थरमोकोल फैक्टरी, रामनगर, ले जाया गया।

बी.एड. विभाग

- ११ नवम्बर, २०१६ 'राष्ट्रीय शिक्षा' दिवस के अवसर पर '२१वीं सदी में स्त्री शिक्षा' विषय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।
- २ अक्टूबर, २०१६ को गाँधी जयन्ती के अवसर पर रिलेवेन्ट ऑफ गांधीजी आइडियल इन द प्रेजेन्ट रिलेवेन्स सेनेरियो विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- दिनांक २५-२७ अक्टूबर, २०१६ को स्किल डवलपमेंट एण्ड केरियर अपच्युनिटीज विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- २८ जनवरी, २०१७ को बी.एड. द्वितीय वर्ष की छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण के निमित्त जयापुर ले जाया गया।
- दिनांक २३-२५ जनवरी २०१७ को बी.एड. द्वितीय वर्ष की छात्राओं द्वारा फर्स्ट एड प्रोग्राम का आयोजन किया गया।
- •कैम्पस प्लेसमेंट ऑफ स्टूडेंट्स' आकांक्षा सिंह, दीक्षा श्रीवास्तव, निशाख खानम, सविता यादव, जयश्री गुप्ता।

बौद्ध अध्ययन केन्द्र

- दिनांक ०८.०८.२०१६ से दिनांक १४.०८.२०१६ तक बौद्ध अध्ययन केन्द्र द्वारा सप्तदिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया।
- दिनांक १४ मई २०१६ को महावीर जयंती समारोह मनाया गया।
- दिनांक १४ अप्रैल २०१६ को डॉ. भीमराव अम्बेडकर का जयंती समारोह सम्पन्न हुआ।
- २ अक्टूबर २०१६ को महात्मा गाँधी जयन्ती समारोह का आयोजन हुआ।
- २ अप्रैल २०१६ को सम्राट अशोक का जयंती समारोह सम्पन्न हुआ।
- १७ सितम्बर २०१६ को धर्मपाल का जयंती समारोह मनाया गया।
- महाविद्यालय मे संचालित बौद्ध अध्ययन केन्द्र के अन्तर्गत दिनांक २६.०९.२०१६ से दिनांक ०२.१०.२०१६ तक सात दिवसीय 'विपश्यना' अन्तर्राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

डॉ. गीता सिंह के निर्देशन में २०११-१२ से संचालित साफ्ट स्किल पाठ्यक्रम जिसमें योगा, सितार वादन एवं गायन सम्मिलित है।

रिमिडियल पाठ्यक्रम: हिन्दी अंग्रेजी एवं संस्कृत की तथा एस.सी./एस.टी./ओ.बी.सी. (क्रिमीलेयर के अधीनस्थ) वर्ग की छात्राओं के लिए यू.जी.सी. की ११वीं पंचवर्षीय योजना के अन्तर्गत उपचार-कक्षाओं का संचालन किया जाता है जिनमें छात्राओं को विषय का आधारभूत ज्ञान कराने पर बल दिया जाता है। ये कक्षाएँ सामान्यत: सप्ताह में ०२ दिन संचालित होती हैं।

अभिभावक शिक्षक समागम समारोह: महाविद्यालय के सभी विभागों द्वारा अभिभावक-शिक्षक समागम का आयोजन कर परस्पर संवाद के माध्यम से छात्राओं की शैक्षणिक गतिविधियों पर विचार-विमर्श

किया गया तथा फीड बेक फार्म द्वारा महाविद्यालय की समस्त गतिविधियों के साथ-२ शिक्षकों की गुणवत्ता का भी आकलन कर निरन्तर सुधार के प्रयास किये गये हैं।

इग्नू: इग्नू सेन्टर महाविद्यालय में दिनांक ११.०८.२०११ को प्रारम्भ हुआ इसके अन्तर्गत ०९ विषय संचालित किये जाते हैं विभिन्न विषयों के अन्तर्गत इस वर्ष २५८ छात्राओं का पंजीकरण किया गया है।

जागृति सेन्टर: महाविद्यालय में छात्राओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जागृति सेन्टर कार्यरत है जिसमें समय-२ पर छात्राओं की काउन्सलिंग कर उन्हें प्रोत्साहित किया जाता है।

अन्त:संरचना सुविधा

महाविद्यालय में चार प्रयोगशालाएँ हैं जिनमें ०१ मनोविज्ञान विभाग में, ०३ गृह विज्ञान विभाग में (फूड एवं न्यूट्रीशियन, टेक्सटाइल एण्ड क्लाथिंग, होम मैनेजमेंट एक्टेंशन एजुकेशन) तथा ०१ प्रशिक्षण विभाग में है।

महाविद्यालय में एक आडिटोरियम (हॉल), स्टेज, खेल का मैदान, पुस्तक एवं पठन-पाठन सामग्री केन्द्र, छायाप्रति-सुविधा एवं जलपान गृह की सुविधा है। कम्प्यूटर प्रयोगशाला में ४० कम्प्यूटर इन्टरनेट सुविधा से युक्त है। प्रोजेक्टर के माध्यम से प्राध्यापिकाओं को व्याख्यान आयोजित कराने के लिए, पावर प्वाइंट प्रस्तुतिकरण तथा अन्य दृश्य-श्रव्य उपकरणों की सुविधाएँ इस महाविद्यालय में उपलब्ध हैं। महाविद्यालय की अन्य सुविधाओं के अन्तर्गत छात्राओं के लिए चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध कराई जाती है जिसमें सप्ताह में ०२ दिन छात्राओं के सामान्य चिकित्सीय परीक्षण के लिए योग्य चिकित्सक नियुक्त है। जिसमें नि:शुल्क दवा का वितरण होता है।

२.३.२. वसन्त महिला महाविद्यालय

गंगा और वरुणा के सुरम्य संगम पर स्थित वसन्त महिला महाविद्यालय, राजघाट, वाराणसी डॉ. एनी बेसेन्ट, श्री जे. कृष्णमूर्ति तथा भारत रत्न, पंडित मदन मोहन मालवीय जी के आदर्शों एवं विचारों को आधार बनाकर निरन्तर आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। महाविद्यालय का मुख्य उद्देश्य मानवतावादी विचार और मूल्य परक शिक्षा को बढ़ावा देना है ताकि विद्यार्थियों को विषय के साथ-साथ सामाजिक एवं मानवीय मूल्यों का भी ज्ञान हो सके। महाविद्यालय में कला, सामाजिक विज्ञान, शिक्षा शास्त्र एवं वाणिज्य विभाग के विषयों का अध्यापन साहित्य, संगीत एवं संस्कृति के आलोक में कराया जाता है। महाविद्यालय का प्रमुख लक्ष्य छात्राओं के मानस पटल को बहुआयामी बनाना है जिससे कि वे आने वाले दिनों में जीवन की नई चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हो सकें तथा अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन बेहतर ढंग से करते हुए समाज के उत्थान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकें।

वसन्त महिला महाविद्यालय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के विशेषाधिकार के अन्तर्गत है एवं महाविद्यालय का संचालन काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के एकेडमिक कैलेण्डर के अनुसार होता है: स्नातक: हिन्दी, उर्दू, अंग्रेजी, संस्कृत, प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति और पुरातत्व, गृह विज्ञान, दर्शनशास्त्र, भूगोल, संगीत (गायन/वादन), चित्रकला, अर्थशास्त्र, इतिहास, राजनीति विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, मनोविज्ञान, वाणिज्य, शिक्षा शास्त्र परास्नातक: हिन्दी, अंग्रेजी, भूगोल, इतिहास, अर्थशास्त्र, मनोविज्ञान शोध: हिन्दी, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, मनोविज्ञान सर्टिफिकेट एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रम: ट्रेवेल एवं टूरिज्म मैनेजमेण्ट, पत्रकारिता, मॉस कम्यूनिकेशन्स। महाविद्यालय का परीक्षा परिणाम ९६ प्रतिशत से १०० प्रतिशत रहा।

एम.एड. पाठ्यक्रम की मान्यता: राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद्, जयपुर ने महाविद्यालय में सत्र २०१७-१८ से शिक्षा शास्त्र में परास्नातक पाठ्यक्रम (५० सीट) के संचालन हेतु मान्यता प्रदान कर दी है। महिलाओं में गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करने की दिशा में यह महाविद्यालय की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

शैक्षणिक सहयोग: महाविद्यालय ने स्नातक एवं परस्नातक स्तर पर शैक्षणिक गुणवत्ता को बढ़ावा देने, सहयोगपूर्ण शोध एवं शैक्षणिक गतिविधियों के आदान प्रदान हेतु डी.ए.वी.पी.जी. कॉलेज, आर्य महिला पी.जी. कॉलेज और सोसायटी फॉर हायर एजुकेशन एण्ड प्रेक्टिकल एप्लिकेशन (सेपा), वाराणसी के साथ सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किया है।

सम्मेलन/कार्यशाला/संगोष्ठी

- १-२ मार्च २०१७: हिन्दी विभाग द्वारा यू.जी.सी. प्रायोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी 'मुक्तिबोध की मुक्तिकामी चेतना और उनका रचनात्मक संघर्ष' का आयोजन किया गया। सम्मेलन के प्रमुख

अतिथि प्रो० हेतु भारद्वाज, प्रसिद्ध साहित्यकार, जयपुर, डॉ. प्रणय कृष्ण, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रो. सूर्य बहादुर थापा,लखनऊ विश्वविद्यालय, प्रो. कुमार पंकज, बीएचयू, प्रो. सदानन्द साही, बीएचयू, प्रो. बलिराज पाण्डेय, बीएचयू, प्रो. चन्द्रकला त्रिपाठी, बीएचयू एवं सुविख्यात कवि नरेश सक्सेना इत्यादि थे।

- २५ मार्च २०१७: वसन्त महिला महाविद्यालय द्वारा मातृभूति जन सेवा संस्थान, वाराणसी के सहयोग से 'गंगा का महत्व, संरक्षण व चुनौतियां' विषयक एक दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन की मुख्य वक्ता प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रितु गर्ग थीं।
- १ अप्रैल २०१७: संगीत विभाग द्वारा 'पश्चिमी संगीत' विषय एक दिवसीय कार्यशाला का अयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. गुनॅल होमग्रेन, कार्लस्टाड विश्वविद्यालय, स्वीडन थीं।

जे. कृष्णमूर्ति अध्ययन केन्द्र: यह केन्द्र, श्री जे. कृष्णमूर्ति पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा अनुदानित भारत का प्रथम एकमात्र केन्द्र है। इस सत्र में केन्द्र ने श्री जे. कृष्णमूर्ति पर तीन माह के प्रमाण पत्र कोर्स का संचालन (१ सितम्बर २०१६), कृष्णमूर्ति एवं लर्निंग माइण्ड विषयक एक दिवसीय कार्यशाला (२१-२२ अक्टूबर २०१६), जीवन के समग्र दृष्टिकोण: जे कृष्णमूर्ति एवं अन्य सामाजिक विचारकों के विचारों की खोज विषयक यू.जी.सी. प्रायोजित सप्त दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला (१५-२१ नवम्बर २०१६) एवं सत्य की खोज विषयक नौ दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला (२८ दिसम्बर २०१६) का आयोजन किया।

उपलब्धियाँ

शोध पत्रिका: सत्र २०१५-१६ से दर्शन विभाग द्वारा जर्नल ऑफ दर्शन नामक अर्द्धवार्षिक शोध पत्रिका का प्रकाशन किया जा रहा है। दिसम्बर २०१६ में इसके तृतीय एवं चतुर्थ अंक का प्रकाशन किया गया है।

१२वीं पंचवर्षीय योजना के तहत खरीदे गए उपकरण: महाविद्यालय ने १२वीं पंचवर्षीय योजना के तहत लगभग १० लाख रूपये से अधिक मूल्य के उपकरण खरीदे। जिनमें चार प्रोजेक्टर, सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली एवं स्पीकर, कम्प्यूटर, सिलाई मशीन तथा नाप-तौल मशीन एवं प्रयोगशाला में प्रयुक्त होने वाले विशेष उपकरण इत्यादि सम्मिलित हैं।

रेमिडियल/प्रतियोगिता परक परीक्षा/नेट कोचिंग कक्षाएं: सत्र २०१५-१६ से महाविद्यालय, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की योजना के तहत पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अल्पसंख्यक छात्राओं हेतु प्रतियोगिता परक परीक्षाओं जैसे नेट, स्लेट, एवं पी.सी.एस. आदि हेतु रेमेडियल कोचिंग का संचालन कर रहा है। इस योजना के तहत वर्तमान सत्र में एक हजार किताबें, चार मल्टीमीडिया प्रोजेक्टर, छ: विद्युत संचालित स्क्रीन तथा दो कम्प्यूटर खरीदे गए।

छात्रवृत्ति: गरीब, होनहार एवं जरूरतमन्द विद्यार्थियों की सहायता हेतु महाविद्यालय सरकारी छात्रवृत्ति के अतिरिक्त अच्युत पटवर्द्धन छात्रवृत्ति, प्रेमा श्रीनिवासन छात्रवृत्ति, बी.एड. मेधावी छात्रवृत्ति एवं पी. शंकर राव छात्रवृत्ति (संगीत विभाग की छात्राओं हेतु) प्रदान करता रहा है।

इसके अतिरिक्त वर्तमान सत्र में महाविद्यालय के ३८ जरूरतमंद मेधावी विधार्थियों को महाविद्यालय निधि से वित्तीय सहायता प्रदान की गयी है।

छात्रपरक गतिविधियाँ : (९-२३ अगस्त २०१७) 'आजादी - ७०: जरा याद करो कुर्बानी' विषयक कार्यक्रमों, (६ सितम्बर २०१६) संपर्क कौशल एवं भाषा विषयक दो दिवसीय कार्यशाला, (१६ सितम्बर २०१६): कामर्स में कैरियर विषयक सम्मेलन, (२४ सितम्बर २०१६) भारत की विरासत विषय पर ज्ञान प्रवाह, वाराणसी द्वारा प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम, (१७-१८ अक्टूबर २०१६) बेसिक काउन्सिलिंग स्किल विषयक प्रशिक्षण कार्यशाला, (२६ अक्टूबर २०१६) शेक्सपीयर इन परफामेंस विषयक नाट्य प्रतियोगिता, (५ एवं ७ नवम्बर २०१६) सतर्कता जागरूकता सप्ताह' प्रश्नोत्तरी कार्यक्रमों, (७ नवम्बर २०१७) ए.डी. श्राफ मेमोरियल वक्तृत्व कला प्रतियोगिता, (१२ जनवरी २०१७) स्वामी विवेकानंद पर व्याख्यान, (१९ जनवरी २०१७) अन्तर- महाविद्यालयी प्रतियोगिता 'आरम्भ २०१७' में छात्राओं ने भाग लिया, (२८-३१ जनवरी २०१७), कौशल विकास पर कार्यशाला, (०२-०३ फरवरी २०१७) टेलरिंग एवं सिलाई विषयक कार्यशाला, (०५ फरवरी २०१७) विविधा: अन्तर-महाविद्यालयी युवा महोत्सव २०१७ में छात्राओं ने भाग लिया, (६ फरवरी २०१७) : टी.वी. चैनल 'सहारा समय' द्वारा छात्राओं से वार्तालाप, (८-१३ फरवरी २०१७) महाविद्यालय के वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम 'झंकार -२०१७' का आयोजन, (११ फरवरी २०१७) 'स्वच्छता ऐप डाउनलोड कार्यक्रम' (१५ फरवरी २०१७) छात्राओं द्वारा 'नवसाधना केन्द्र, वाराणसी' में गीत, संगीत व वीडियो रिकार्डिंग का अनुभव, (१८ फरवरी २०१७) अन्तर-महाविद्यालयी वाद-विवाद प्रतियोगिता में छात्राओं ने भाग लिया (१९ फरवरी २०१७) छात्राओं ने ''व्यापारिक शिक्षा का अनुभव व वास्तविकता'' विषयक शिक्षा समागम २०१६-१७ में भाग लिया।, (२० फरवरी २०१७) क्रैक्कैट योग्यता परीक्षा का आयोजन, (२१ फरवरी २०१७) मातृभाषा दिवस पर व्याख्यान का आयोजन, (९ मार्च २०१७) पुर्तगाल के विजुअल आर्टिस्ट श्री फिलिप गार्सिया द्वारा कला प्रदर्शन, (१८ मार्च २०१७) उत्तर प्रदेश चुनाव: विभिन्न पहलू विषयक सम्मेलन, (२६-३० मार्च २०१७) अन्तर संकाय युवा महोत्सव, स्पन्दन-२०१७ में छात्राओं ने भाग लिया, (४ अप्रैल २०१७) समकालीन सिद्धान्त एवं साहित्य विषयक वार्तालाप कार्यक्रम।

२.३.३. वसन्त कन्या महाविद्यालय

महान द्रष्टा एनी बेसेण्ट के शिक्षा सिद्धान्तों पर स्थापित तथा सुरम्य प्राकृतिक परिवेश के बीच थियोसॉफिकल सोसायटी भारतीय शाखा कमच्छा परिसर में स्थित वसन्त कन्या महाविद्यालय विगत ६० वर्षों से महिला शिक्षा के क्षेत्र में अपनी महती भूमिका का निर्वाह कर रहा है। नैक के द्वितीय चक्र के पुनर्प्रत्यायन हेतु नैक के विशिष्ट त्रिसदस्यीय दल ने १० और ११ अप्रैल २०१७ को महाविद्यालय का निरीक्षण किया और महाविद्यालय को 'ए' श्रेणी प्रदान की। सन् १९५४ में स्थापित यह महान महाविद्यालय 'शिक्षा ही सेवा है' के आदर्श को ग्रहण कर छात्राओं के व्यक्तित्व के बहुमुखी विकास के साथ ही उन्हें अनुशासित रहने व मानवीय मूल्यों के प्रति आदर का भाव प्रदर्शित करने की ओर भी सचेष्ट रखता है। यहाँ स्नातक स्तर पर कला व सामाजिक-विज्ञान वर्ग के १४ विषयों तथा परास्नातक स्तर पर हिन्दी, अंग्रेजी, गृह विज्ञान, समाजशास्त्र और मनोविज्ञान-इन पाँच विषयों के पाठ्यक्रम संचालित होते हैं तथा इन विषयों में छात्राएँ शोध-कार्य करते हुए शोध उपाधि हेतु भी संलग्न हैं। अन्तर्सांकायिक शोध-अध्ययनों के द्वारा शिक्षण-कार्य को उत्तरोत्तर विकास पथ पर अग्रसारित करते हुए यह महाविद्यालय महिला शिक्षा के क्षेत्र में स्वयं को मील का पत्थर सिद्ध किये हुए है।

''नैक'' परिभ्रमण

''नैक'' के विशिष्ट दल ने १० और ११ अप्रैल २०१७ को द्वितीय चक्र के पुनर्प्रत्यायन के लिए महाविद्यालय का निरीक्षण किया और महाविद्यालय को 'ए' श्रेणी प्रदान की।

छात्रवृत्तियाँ, पदक और पारितोषिक

प्रतिवर्ष महाविद्यालय की पुरातन छात्राओं एवं पुरातन शिक्षिकाओं द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठित छात्रवृत्तियाँ/गोल्ड मेडल तथा पुरस्कार मेधावी छात्राओं को प्रदान किये जाते हैं। वर्तमान वर्ष में महाविद्यालय की ३१ छात्राओं को पुरस्कार एवं छात्रवृत्तियाँ प्रदान की गयीं।

वर्तमान सत्र में छात्राओं द्वारा प्राप्त स्वर्ण पदक

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के ९९वें दीक्षान्त समारोह में १६ जनवरी २०१७ को वसन्त कन्या महाविद्यालय की निम्न छात्राओं ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया-

- सुप्रिया मिश्रा को हिन्दी में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के लिए
- नेहा वर्मा को अंग्रजी में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने हेतु
- स्वाति यादव को संस्कृत में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने निमित्त

महाविद्यालय वार्षिक पत्रिका ''वसन्तश्री''

विश्वविद्यालय निर्माण विभाग, विश्वविद्यालय के सभी मुख्य राष्ट्रीय पर्व- जैसे गणतन्त्र दिवस, स्वतन्त्रता दिवस एवं गाँधी जयन्ती के साथ विश्वविद्यालय के विभिन्न आयोजनों जैसे विश्वविद्यालय स्थापना दिवस समारोह, सरस्वती पूजन समारोह, कृष्ण जन्माष्टमी समारोह के साथ-साथ विभिन्न संस्थानों, संकायों, महाविद्यालय, विद्यालयों एवं छात्रावासों के वार्षिक समारोहों तथा स्थापना समारोहों में भी व्यापक भूमिका निभाता है। यह विभाग विश्वविद्यालय के दीक्षान्त समारोहो, विभिन्न सेमिनारों एवं संगोष्ठियों में भी आयोजकों के आवश्यकतानुसार कार्य सम्पादित करता है। विश्वविद्यालय में विभिन्न पाठ्यक्रमों के नियामक संस्थाओं के निरीक्षण के समय विभाग उनकी मान्यता प्राप्त करने के लिए एवं जारी रखने के लिए अपने संसाधनों द्वारा सहायता प्रदान करता है। यह विभाग विश्वविद्यालय के मुख्य भवनों जैसे- मालवीय भवन, टैगोर भवन, सुन्दरम लाज, भारत कला भवन, स्वतन्त्रता भवन, उडुप्पा प्रेक्षागृह, पं. ओंकारनाथ ठाकुर प्रेक्षागृह, कला संकाय प्रेक्षागृह, श्री विश्वनाथ मन्दिर का अनुरक्षण एवं वातानुकूलन का कार्य भी सम्पादित करता है।

विभाग द्वारा सभी छात्रावासों, शैक्षिक भवनों व आवासीय भवनों की मरम्मत के साथ-साथ छतों पर जल अवरोधी उपचार, रसोईघरों व शौचालयों का नवीनीकरण व बाहरी दीवारों की रंगाई-पुताई इत्यादि का कार्य भी व्यापक तौर पर कराया गया।

वर्तमान वित्तीय वर्ष में विभिन्न मदों में विश्वविद्यालय निर्माण विभाग को प्राप्त मदों का विवरण निम्नलिखित है जिसका कि पूरा सदुपयोग किया गया:

१.	विशेष मद	रु. ३०,५४,४८,३७०.००
२.	विश्वविद्यालय के भवनों के मरम्मत के लिये मद-आवर्ती मद	रु. ५९,५०,०००.००
३.	विकास मद (१२वी पंचवर्षीय योजना) (२०१५-१६)	रु. ९५,४७,२५,९९३.००
४.	रेवेन्यू मद	रु. ६०,६३,५००.००

कुछ बड़े कार्यों का विवरण निम्नलिखित है, जो कि केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग को विश्वविद्यालय द्वारा आवंटित किये गये थे और जो कार्य वर्तमान सत्र में के.लो.नि.वि. द्वारा निर्माण कार्य जारी है:

क्र.सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत	वर्तमान स्थिति
१.	केन्द्रीय अनुसंधान केन्द्र, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य।	रु.६७.७९७४२ करोड़	कार्य प्रगति पर है
२.	पशु चिकित्सा विज्ञान संकाय, राजीव गाँधी दक्षिणी परिसर, बरकछा, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य।	रु.१२६.८१२९४ करोड़	कार्य प्रगति पर है
३.	मालवीय मूल्य एवं अनुसंधान भवन का निर्माण कार्य, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय।	रु.१४.९५२५८ करोड़	कार्य प्रगति पर है

निम्नलिखित भवनों का कार्य २०१६-१७ में पूर्ण किया गया है और साथ ही साथ सम्बन्धित विभागों को उपयोग हेतु हंस्तान्तरित किया गया:

क्र.सं.	कार्य का नाम	वित्त पोषण	व्यय धनराशि	स्थिति
१.	केन्द्रीयकृत खेल व्यवस्था के विकास के अन्तर्गत कला संकाय के खेल मैदान को विकसित करना एवं खेल सुविधायें प्रदान करना।	१२ वीं योजना	रु.३.५३ करोड़	पूर्ण
२.	केन्द्रीयकृत खेल व्यवस्था के विकास के अन्तर्गत विज्ञान संस्थान के खेल मैदान को विकसित करना एवं खेल सुविधायें प्रदान करना।	१२ वीं योजना	रु.३.८४ करोड़	पूर्ण
३.	नवीन सामुदायिक भवन जोधपुर कालोनी (आधार तल) का निर्माण।	१२ वीं योजना	रु.१.७३ करोड़	पूर्ण
४.	जल एवं विद्युत विभाग के भवन का निर्माण।	१२ वीं योजना	रु.१.५० करोड़	पूर्ण
५.	सौ छात्रों के लिये खेल छात्रावास का निर्माण।	विकास मद	रु.१.४५ करोड़	पूर्ण
६.	साइवर लाइब्रेरी (प्रथम तल), केन्द्रीय ग्रन्थालय, राजीव गाँधी दक्षिणी परिसर के सिविल एवं विद्युत कार्य।	१२ वीं योजना	रु.७२.०० करोड़	पूर्ण

कमच्छा कॉम्पलेक्स, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

कमच्छा कॉम्पलेक्स में शिक्षा संकाय, सेन्ट्रल हिन्दू ब्वायज स्कूल, सेन्ट्रल हिन्दू गर्ल्स स्कूल, रणवीर संस्कृत पाठशाला, कोल्हुआ प्राईमरी स्कूल, बैजनत्था कालोनी, डॉ. ए.बी. छात्रावास व डॉ. आर.पी. छात्रावास इत्यादि।

राजीव गाँधी दक्षिणी परिसर, बरकछा, मीरजापुर

राजीव गाँधी दक्षिणी परिसर, बरकछा लगभग २७०० एकड़ भूमि में फैला हुआ है। यहाँ पर शैक्षणिक कार्य का शुभारम्भ सन् २००६ ई. में हुआ। अधिक संख्या में भवन, छात्रावास, व्याख्यान कक्ष, महिला छात्रावास, प्रशासनिक, भवन, केन्द्रीय पुस्तकालय भवन, किसान आवास, टिसू कल्चर भवन, अतिथि गृह, बीज भण्डार, जलपान गृह इत्यादि पूर्णरूप से तैयार हैं। कुछ पहले से पूर्ण हो चुके हैं और वर्तमान में इस्तेमाल भी हो रहा है। प्रशिक्षण क्रिया-कलाप २००५-०६ से चल रहा है। राजीव गाँधी दक्षिणी परिसर, बरकछा में बहुत ही तीव्र गति से विकास कार्य चल रहा है।

वर्तमान में भवन निर्माण, रोड, जल-आपूर्ति और विद्युतीकरण का कार्य, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय-डाइवर्सिटी पार्क तथा वृहद् बीज भण्डार के निर्माण का कार्य युद्ध स्तर पर किया गया।

विश्वविद्यालय निर्माण विभाग ने दस लाख रू से ऊपर के कार्य को एवार्ड करने के लिये ई.टेण्डरिंग प्रक्रिया प्रारम्भ कर दिया है। विश्वविद्यालय निर्माण विभाग द्वारा आवासीय भवनों, संकायों व विभागीय भवनों इत्यादि के रखरखाव सम्बन्धी शिकायतों को मोबाइल फोन, कम्प्यूटर सिस्टम द्वारा प्राप्त संदेशों के आधार पर दूर करने की योजना बनाई जा रही है।

वर्तमान वित्तीय वर्ष में जो मुख्य निर्माण कार्य शुरू किये गये उन का विवरण निम्नलिखित है:

क्र.सं.	कार्य का नाम	वित्त पोषण	व्यय	स्थिति
१.	प्रथम एवं द्वितीय तल सेमिनार हाल एवं पन्द्रह शिक्षक कक्ष का निर्माण, विधि संकाय, का.हि.वि.वि.	ओ.बी.सी. मद	रु.४.६८ करोड़	प्रगति पर
२.	ओ.बी.सी १०० महिला छात्रावास का निर्माण राजीव गाँधी दक्षिणी परिसर, बरकछा	१२ वीं योजना	रु.३.५२ करोड़	प्रगति पर
३.	ओ.बी.सी. १०० छात्रों के छात्रावास का निर्माण कार्य, राजीव गाँधी दक्षिणी परिसर, बरकछा	१२ वीं योजना	रु.३.५२ करोड़	प्रगति पर
४.	वेटनरी एवं पशु संकाय के शिक्षण भवन (फेस-१) का निर्माण कार्य, राजीव गांधी दक्षिणी परिसर, बरकछा	१२ वीं योजना	रु.६.५७ करोड़	प्रगति पर
५.	वेटेनरी एवं पशु संस्थान के लिये पशु भवन (फेस-२) का निर्माण राजीव गाँधी दक्षिणी परिसर, बरकछा	१२ वीं योजना	रु.९.५२ करोड़	प्रगति पर
६.	वेटेनरी एवं पशु संस्थान के शिक्षण भवन (फेस-१) का निर्माण कार्य, राजीव गाँधी दक्षिणी परिसर, बरकछा	१२ वीं योजना	रु.९.८६ करोड़	प्रगति पर
७.	शहरी निकाय के लिये चार मंजिल भवन का निर्माण कार्य, का.हि.वि.वि.	१२ वीं योजना	रु.२.११ करोड़	प्रगति पर
८.	दृश्य कला संकाय एवं मंच कला संकाय के लिये १५० कमरों के महिला छात्रावास का निर्माण कार्य।	१२ वीं योजना	रु.१४.७१ करोड़	प्रगति पर
९.	भारत अध्ययन केन्द्र (आधार +५तल) के भवन का निर्माण कार्य, का.हि.वि.वि.	१२ वीं योजना	रु.१०.७७ करोड़	प्रगति पर
१०.	अन्तर्राष्ट्रीय छात्रावास (१५० कमरा) के भवन का निर्माण कार्य, का.हि.वि.वि.	१२ वीं योजना	रु.२०.७१ करोड़	प्रगति पर
११.	नये स्विमिंग पूल का निर्माण कार्य, का.हि.वि.वि.	१२ वीं योजना	रु.१.०२ करोड़	प्रगति पर
१२.	टीचर्स फ्लैट (१६ नं) के भवन का निर्माण कार्य, राजीव गाँधी दक्षिणी परिसर, बरकछा	१२ वीं योजना	रु.३.०५ करोड़	प्रगति पर
१३.	बायोकेमिस्ट्री विभाग (आधार +एक तल), विज्ञान संस्थान के भवन का निर्माण कार्य, का.हि.वि.वि.	१२ वीं योजना	रु.५.०० करोड़	प्रगति पर

विश्वविद्यालय यंत्र समुच्चय विज्ञान केन्द्र

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली द्वारा विश्वविद्यालय विज्ञान यंत्र समुच्चय केन्द्र (यूसिक) लेवल-II वर्ष १९८० में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में केन्द्रीय सुविधा के रूप में स्थापित किया गया। यूसिक लेवल-II एक गैर-शैक्षणिक विभाग के अन्तर्गत आता है। भवन का निर्माण सन् १९८२-८३ तथा तकनीकी कर्मचारियों की नियुक्ति वर्ष १९८५ के अन्त में पूरी हुयी।

क्रिया-कलाप

विश्वविद्यालय यंत्र समुच्चय विज्ञान केन्द्र सम्बन्धित सेवाएं त्वरित प्रदान करता है

- इलेक्ट्रानिक्स / इलेक्ट्रिकल / मैकेनिकल / एनलिटिकल यंत्रों/ उपकरणों / मशीनों का मरम्मत एवं रख-रखाव करना।
- यू.वी. विसिवुल स्पेक्ट्रोफोटोमीटर तथा डबल डिस्टिल्ड वाटर इत्यादि।

संकायों/संस्थानों तथा इकाईयों इत्यादि की सूची जहाँ यूसिक कर्मचारी सेवाएं देते हैं -

- कृषि विज्ञान संस्थान
- बी.एच.यू. प्रेस
- विज्ञान संस्थान
- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान
- चिकित्सा विज्ञान संस्थान

१ अप्रैल २०१६ से ३१ मार्च २०१७ के अंतर्गत यूसिक द्वारा किये गये मरम्मत कार्यों का विवरण तालिका तथा बार-ग्राफ के माध्यम से दिया जा रहा है:

क्रम. सं.	विभाग/संकाय का नाम	कार्यों की संख्या
१.	कृषि विज्ञान संस्थान	१४
२.	बी.एच.यू. प्रेस	१२
३.	विज्ञान संस्थान	०७
४.	भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान	०२
कुल		३५



संस्थान/इकाई में यूसिक द्वारा किये गये कार्य
(१ अप्रैल २०१६ से ३१ मार्च २०१७ तक)

९.१२. स्वास्थ्य देखभाल

सर सुन्दरलाल चिकित्सालय

९६ शैय्या के साथ सन् १९२६ में इस चिकित्सालय की स्थापना हुई। वर्तमान में यह १५०० शैय्या युक्त एक आधुनिक अस्पताल है। यह अस्पताल पूर्वी उत्तर प्रदेश, पश्चिमी बिहार, छत्तीसगढ़, झारखण्ड, मध्य प्रदेश और पड़ोसी देश नेपाल सहित लगभग २० करोड़ लोगों की स्वास्थ्य जरूरतों को पूरा करने वाला एकमात्र रेफरल अस्पताल है। इस अस्पताल में आधुनिक चिकित्सा एवं भारतीय आयुर्वेद चिकित्सा दोनों ही है। हाल ही में इसमें ६० शैय्या वाली वातानुकूलित ईओपीडी भवन का निर्माण हुआ है।

यह चिकित्सालय विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से मिलने वाले नियमित रखरखाव अनुदान व तदर्थ विकास अनुदान से संचालित होता है। इसके अलावा, यह अस्पताल मरीजों की सेवाओं हेतु लिए जाने वाले शुल्क की अपनी कमाई के परिक्रामी निधि के जरिये अपनी वित्तीय जरूरतों के एक हिस्से की पूर्ति करता है। बहुत सी स्पेशल क्लीनिक विशेष आवश्यकताओं की पूर्ति करते हैं यथा-स्वस्थ शिशु क्लीनिक एवं टीकाकरण केन्द्र, जेरियाटिक क्लीनिक, डी-एडिक्शन क्लीनिक, घाव क्लीनिक, डॉट्स क्लीनिक, एडोलसेन्ट एण्ड मेनोपालिक क्लीनिक, हेमटोलॉजी क्लीनिक, ग्लूकोमा क्लीनिक, क्षार सूत्र क्लीनिक, एआरटी क्लीनिक, पोस्ट पार्टम क्लीनिक, डायबेटिक काम्प्लीकेशन क्लीनिक, पेडियाट्रिक मेकटोलॉजी, आंकोलॉजी यूनिट एवं थेलेसिमिया डे केयर यूनिट, रूमैटोलॉजी क्लीनिक एवं डायबेटिक क्लीनिक।

चिकित्सालय में असंख्य नैदानिक सुसज्जित सेवाएं उपलब्ध हैं; जैसे-कोवाल्ड थेरेपी, हेमोडायलिसिस, लिथोट्रिप्सी (ईएसडब्लूएल), कीडनी प्रत्यारोपण, १६ शैय्या युक्त आधुनिक सघन चिकित्सा यूनिट, कार्डियाक पेस मेकर प्रयोगशाला, कार्डियाक कैथ प्रयोगशाला, ओपेनहर्ट सर्जरी, निओनैटोलॉजी/निओनैटल सर्जरी सघन चिकित्सा इकाई, दंत चिकित्सा, सेवाएं (स्थापना स्थल के निकट स्थापना स्थल परिसर में नवनिर्मित भवन २५.०१.२०१५), फीजियोथेरेपी एवं पुनर्वास सेवाएं, पेडियाट्रिक सघन चिकित्सा इकाई, वीडियो इंडोस्कोपी एवं पेडियाट्रिक यूरालॉजी यूनिट, न्यूरो नेविगेशन सिस्टम, न्यूरोइंडोस्कोपी, एआरटी केन्द्र, पोस्ट पार्टम कार्यक्रम, नेत्र बैंक एवं कार्निया प्रत्यारोपण, यूरो डायनामिक प्रयोगशाला, रक्तसंघटक थेरेपी, आयुर्वेदिक पंचकर्म थेरेपी एवं लीच थेरेपी, क्षार सूत्र थेरेपी । बाह्य रोगियों का प्रवेश टिकट, जांच शुल्क संग्रहण तथा ओपीएस पर्ची काम एचएमआईएस के जरिए कमश: ३०.०१.२०१५, ०१.०१.२०१६ एवं २५.०१.२०१६ से जारी है।

कुछ चिकित्सीय सेवाएं सार्वजनिक निजी भाजीदारी (पीपीपी) अथवा आउटसोर्सिंग से संचालित हो रही हैं, ये सुविधाएं हैं - अस्पताल कैंटीन (आईआरसीटीसी), २४ घंटे दवा दुकान, पंचकर्म (केरला आयुर्वेद), जैव चिकित्सीय कूड़ा प्रबंधन, २४ घंटे-६४ स्लाइस सीटी स्कैन केन्द्र, अन्नपूर्णा भोजनालय, नेस्ले कॉफी कार्नर, अमूल पार्लर, जन सुविधाएं (शौचालय व स्नानागार), आपात ओपीडी में २४ घंटे फूड कोर्ट, विस्तारित डायलिसिस सुविधा।

नई उपलब्धियां

- अस्पताल में मरीजों के लिए नियमित जांच समेत विशेष जांच, यथा- खून, पेशाब,मल , प्रतिरक्षात्मक, सूक्ष्म जैविक, ईसीजी, २४ घंटे यूएसजी इत्यादि के लिए एकल खिड़की सुविधा ।
- आपातकालीन चिकित्सा हेतु आने वाले मरीजों के तत्काल इलाज के लिए एक ही जगह पर पंजीकरण, इलाज व जांच की सुविधा है और यहां एक-आध घंटे में रिपोर्ट भी तैयार हो जाती है। (कार्डियाक प्रोफाइल, इलेक्ट्रोलाइट के साथ एबीजी, डेंगू की त्वरित जांच, सीबीसी, पैरा चेक, यूएसजी आदि)
- एमसीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार अस्पताल में शैय्या की संख्या १२५४ से बढ़ाकर १५०० की गई है।
- दो दशक बाद पहली बार अस्पताल में आने वाले गरीब मरीजों को मुफ्त भोजन (मध्याह्न व रात्रि दोनों) देना प्रारम्भ किया गया है।
- वर्तमान में १६ शैय्या की उच्च तकनीक से अद्यतित सघन चिकित्सा इकाई बनाई गई है।
- अस्पताल में वृक्षारोपण और इसके आस-पास सुन्दरीकरण।
- मरीजों की सुविधा के लिए अस्पताल के अलग-अलग हिस्सों में २० नये जल प्रशीतक लगाए गए हैं।
- मरीजों के शैक्षिक कार्यक्रम हेतु अस्पताल के विभिन्न क्षेत्रों में एल.ई.डी. टी.वी. संस्थापित किए गए।
- रक्त बैंक सुविधाओं में बढ़ोत्तरी। रक्त बैंक में AbA1c जाँच की नई इकाई शुरू की गयी।

- नेत्र, ई.एन.टी व प्रसव कक्ष में वातानुकूलन का कार्य पूर्ण किया गया तथा वह काम भी कर रहा है।
- ५०० बिस्तरों वाले शताब्दी अतिविशिष्ट संकुल हेतु २०० करोड़ की मंजूरी। दिनांक २२.१२.२०१६ को माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा नींव रखी गयी।
- टेलीमेडिसिन के क्षेत्रीय संसाधन केन्द्र हेतु १०३ करोड़ की मंजूरी।
- सर सुन्दर लाल अस्पताल (१५०० बिस्तर) के लिए वार्षिक बिस्तर आवंटन ०१ लाख से बढ़कर प्रति बिस्तर ०२ लाख हो गया।
- परिचर्या कार्मिकों के ५०० पदों की मंजूरी दी गयी, भर्ती प्रक्रियारत है।

अस्पताल में निम्नलिखित का उनके सम्मुख दर्शाई गई तिथियों को उद्‌घाटन किया गया :

नया दर्द शामक वार्ड	- २९ अप्रैल, २०१६
पुनरोद्धरित उच्च तकनीकीयुक्त आईसीयू	- २९ अप्रैल, २०१६
नया आपातकालीन चिकित्सा भवन	- ०६ जुलाई, २०१६
रसोई घर	- ०६ जुलाई, २०१६
स्ट्रोक वार्ड	- ०६ जुलाई, २०१६

अस्पताल सांख्यिकी

कुल बहिरंग रोग	- १३,५२,३८०
भर्ती रोग	- ५१,०८७
कुल आपरेशन (मेजर,माइनर और अन्य प्रक्रिया)	- २६,९८८
कुल जन्म	- २,७३८
कुल मृत्यु	- २,८९१
आपात चिकित्सा बहिरंग रोगी	- ५०,८९५
कुल जांच	- १७,९८,६६६
शैय्या की संख्या	- १,५००

विश्वविद्यालय छात्र स्वास्थ्य निगरानी संकुल द्वारा उपलब्ध करायी जाने वाली सेवाएं/सुविधायें

विश्वविद्यालय छात्र स्वास्थ्य सेवा संकुल छात्रावास मार्ग पर स्थित है तथा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श के साथ-साथ विभिन्न चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराता है। स्वास्थ्य सेवा संकुल में विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सकों तथा प्रशिक्षित व समर्पित पैरामेडिकल स्टाफ के द्वारा मरीजों की देखभाल की जाती है। मुख्यचिकित्सा अधिकारी प्रभारी की देख-रेख में संचालित होने वाला विश्वविद्यालय छात्र स्वास्थ्य सेवा संकुल प्रत्येक कार्यदिवस पर प्रात: ८ बजे प्रारम्भ होकर सांय काल ८ बजे तक अपनी आकस्मिक चिकित्सा सुविधा प्रदान करता है। विश्वविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को स्वास्थ्य पुस्तिका निर्गत कर बहिरंग विभाग के साथ-साथ आवश्यकता होने पर भर्ती मरीज के रूप में भी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाती हैं। स्वास्थ्य सेवा संकुल में सामान्य सर्जरी के साथ-साथ अस्थि रोग के भी चिकित्सक अपनी सेवाएं प्रदान करते हैं। संकुल में रक्त तथा अन्य से संबंधित सभी जांच की सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। विश्वविद्यालय परिसर के साथ-साथ विद्यार्थियों को राजीव गांधी दक्षिणी परिसर, बरकछा में भी स्वास्थ्य केन्द्र की सुविधाएं उपलब्ध करायी जाती हैं। विद्यार्थियों से स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए रूपये ३५०.०० वार्षिक उनके फीस के माध्यम से लिये जाते हैं। वर्तमान सत्र में कुल २ लाख ६० हजार विद्यार्थियों को स्वाथ्य संकुल की सेवाएं प्रदान की गईं।

स्वास्थ्य संकुल में उपलब्ध सुविधाएं

- सामान्य बहिरंग रोगी परामर्श विशेषज्ञ चिकित्सकों के माध्यम से
- आपातकालीन सुविधा रात्रि ८ बजे तक
- लघु शल्य सेवाएं
- अस्थि रोग संबंधित प्लास्टर तथा अन्य सुविधायें
- श्वास रोग क्लीनिक
- विशिष्ट चिकित्सा परामर्श (जनरल मेडिसिन, सर्जरी, आर्थोपेडिक, टी.बी. एवं चेस्ट तथा महिला रोग एवं अन्य)
- फार्मेसी एवं दवा वितरण सेवाएं
- दुर्घटना एवं सामान्य परिस्थिति में ड्रेसिंग सेवाएं
- हेपेटाइट्सि-बी, टिटेनस, टाइफाइड, रैबीज इत्यादि टीकाकरण सेवाएं
- इंजेक्शन और टीकाकरण सेवाएं
- दंत रोग विशेषज्ञ द्वारा आधुनकि उपकरणों के साथ दंत क्लीनिक का संचालन
- होमियोपैथी क्लीनिक
- योग क्लिनिक
- फिज़ियोथेरेपी क्लीनिक सुविधा
- डिज़िटल एक्सरे क्लीनिक सुविधा
- स्वास्थ्य सलाह परामर्श सेवाएं

स्वास्थ्य सेवा संकुल में संचालित लैब सुविधा में टाइफाइड, डेंगू, लीवर, लिपिड प्रोफाइल, यूरिन आदि की जांच हेतु आधुनिक उपकरण के माध्यम से जांच की सुविधा उपलब्ध है।

अन्य सुविधाएं

- मेडिकल फिट्नेस प्रमाण पत्र
- चिकित्सा प्रतिपूर्ति
- आकस्मिक चिकित्सा हेतु दवा क्रय
- विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले विभिन्न खेल कूद एवं अन्य आयोजनों के अवसर पर आवश्यकता होने पर चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध करायी जाती है।

आगामी सुविधाएं

विश्वविद्यालय छात्र स्वास्थ्य सेवा संकुल में अतिशीघ्र ४० बिस्तरों का वातानुकूलित अंतरंग विभाग प्रारम्भ किया जाना है।

विश्वविद्यालय कर्मचारी स्वास्थ्य निगरानी संकुल में उपलब्ध सेवायें

कर्मचारी स्वास्थ्य सेवा संकुल में विश्वविद्यालय के नियमित व सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं उनके आश्रितों, रेसिडेन्ट डॉक्टर व केन्द्रीय विद्यालय (बी.एच.यू.) के कर्मचारियों को चिकित्सकीय सुविधा प्रदान की जाती हैं।

वर्तमान में लगभग ८५००० लाभार्थी कर्मचारी स्वास्थ्य सेवा संकुल में नामांकित हैं तथा स्वास्थ्य केन्द्र में ०६ चिकित्सकों के माध्यम से १,१४,५७६ रोगियों को चिकित्सा परामर्श उपलब्ध कराया गया है। स्वास्थ्य केन्द्र में मार्डन मेडिसिन एवं आयुर्वेदिक औषधियों का वितरण योग्य फार्मासिस्टों द्वारा किया जाता है।

वर्तमान में विश्वविद्यालय कर्मचारी स्वास्थ्य सेवा संकुल में निम्नलिखित सेवाएं उपलब्ध हैं:

- सामान्य बहिरंग रोगी परामर्श
- शल्य परामर्श
- आर्थोपेडिक सेवायें
- विशेष चिकित्सा परामर्श
- स्त्री रोग परामर्श
- फार्मेसी सेवायें
- ड्रेसिंग सुविधा
- इंजेक्शन व टीकाकरण की सुविधा
- चिकित्सा प्रमाण पत्र
- चिकित्सकीय दावा प्रतिपूर्ति
- महिलाओं में होने वाले गर्भाशय कैंसर की जाँच सुविधा
- ई.सी.जी. जाँच की सुविधा, नेबुलाईजेशन व ऑक्सीजन की सुविधा
- क्लिनिकल आब्जर्वेशन रूम में इलाज की सुविधा
- एक्सरे सुविधा
- डेन्टल क्लिनिक
- फिजियोथेरेपी

विश्वविद्यालय कर्मचारी स्वास्थ्य सेवा संकुल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (प्रभारी) की योजनाओं में आने वाले समय में स्वास्थ्य केन्द्र में रक्त एवं मूत्र इत्यादि परीक्षण सुविधा, फिजियोथेरेपी तथा आयुर्वेदिक बहिरंग रोगी परामर्श की सुविधा प्रारंभ करने की योजना है।

क्रियाकलाप

- **ओपीडी :** १,१४,५७६ पेसेंट प्रेजेंट (कर्मचारी, पेंशनर, सुपर पेंशनर, जे.आर. रेजिडेंट, एस.आर. रेजिडेंट, के.वी. बी.एच.यू. एवं उनके परिवार
- **ईसीजी :** ६६७
- **आरबीएस :** ३६१४
- **एक्स-रे :** ४२८९
- **ड्रेसिंग :** २०९५
- **प्रतिपूर्ति बिल की सं :** १३२५६
- **दवाएं और ड्रेसिंग सामान :** १,३५,००,०००/- (लगभग)

९.१३ विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद्

कुलपति, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद का गठन १९७५ में किया गया, जिसका मूल में नाम विश्वविद्यालय एथलेटिक संघ था। क्रीड़ा परिषद का उदेद्श्य सहायक निदेशकों/उपनिदेशकों एवं उच्च स्तरीय प्रशिक्षित प्रशिक्षकों द्वारा शिक्षण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करना था जिससे कि विश्वविद्यालय की टीम अन्तर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में एवं राज्य स्तरीय/राष्ट्रीय स्तर में प्रतिभागिता कर उच्च स्तर को प्राप्त करे। परिषद आवश्यकतानुसार अतिरिक्त प्रशिक्षकों, जो कि राष्ट्रीय क्रीड़ा संस्थान से प्रशिक्षित हों, की सेवाएँ अल्प अवधि के लिए लेता रहता है।

पूर्वी क्षेत्र अन्तर विश्वविद्यालयी, प्रतियोगिता विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाली टीमों का विवरण

क्रम संख्या	खेल का नाम	पुरुष/ महिला	अवधि	प्रतियोगिता का स्थान	स्थिति
१	हाकी	पुरुष	०९-१२.०१.२०१७	पंडित रवि शंकर शुक्ला, विश्वविद्यालय, रायपुर	सहभागिता
२	फुटबाल	पुरुष	०३-१०. ०२.२०१७	विद्या सागर विश्वविद्यालय, मीदिनापुर	सहभागिता
३	बास्केटबाल	पुरुष	०५-०९.११.२०१६	महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी	सहभागिता
४	बास्केटबाल	महिला	०९-१२.१०.२०१६	के.आई.आई.टी. भुवनेश्वर	सहभागिता
५	बैडमिंटन	पुरुष	०९-१२.१०.२०१६	के.आई.आई.टी. भुवनेश्वर	सहभागिता
६	बैडमिंटन	महिला	०९-१२.१०.२०१६	के.आई.आई.टी. भुवनेश्वर	सहभागिता

क्रम संख्या	खेल का नाम	पुरुष/ महिला	अवधि	प्रतियोगिता का स्थान	स्थिति
७	कबड्डी	पुरुष	०१-०८.१२.२०१६	वी.बी.एस. पूर्वान्चल वि.वि. जौनपुर	सहभागिता
८	कबड्डी	महिला	२०-२४.११.२०१६	महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी	सहभागिता
९	वालीबाल	पुरुष	०५-०८.११.२०१६	गुवाहाटी विश्वविद्यालय, गुवाहाटी	सहभागिता
१०	वालीबाल	महिला	१७-२२.०१.२०१७	वी.बी.एस. पूर्वान्चल वि.वि. जौनपुर	सहभागिता
११	शतरंज	पुरुष	०९-१२.१०.२०१६	के.आई.आई.टी. भुवनेश्वर	सहभागिता
१२	शतरंज	महिला	०९-१२.१०.२०१६	के.आई.आई.टी. भुवनेश्वर	**द्वितीय स्थान**
१३	क्रिकेट	पुरुष	०५-१४.०१.२०१७	विद्या सागर विश्वविद्यालय, मीदिनापुर	सहभागिता
१४	टेनिस	पुरुष	०९-१२.१०.२०१६	के.आई.आई.टी. भुवनेश्वर	सहभागिता
१५	खो-खो	महिला	२९.०१.२०१७-०२.०२.२०१७	विश्व भारती विश्वविद्यालय	सहभागिता
१६	हैंडबाल	पुरुष	२६-३०.११.२०१६	महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी	सहभागिता
१७	हैंडबाल	महिला	१२-१६.११.२०१६	महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी	सहभागिता
१८	टेबुल टेनिस	पुरुष	०९-१२.१०.२०१६	के.आई.आई.टी. भुवनेश्वर	सहभागिता
१९	टेबुल टेनिस	महिला	०९-१२.१०.२०१६	के.आई.आई.टी. भुवनेश्वर	सहभागिता

अखिल भारतीय एवं अन्तर क्षेत्रीय अन्तर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की भागीदारी

क्रम संख्या	खेल का नाम	पुरुष/महिला	अवधि	प्रतियोगिता का स्थान
१	स्वीमिंग	पुरुष	२४-२८.१०.२०१६	पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़
२	स्वीमिंग	महिला	२४-२८.१०.२०१६	पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़
३.	एथलेटिक्स	पुरुष	१०-१५.०१.२०१७	अन्ना विश्वविद्यालय, चेन्नई
४	एथलेटिक्स	महिला	१०-१५.०१. २०१७	अन्ना विश्वविद्यालय, चेन्नई
५	बाक्सिंग	पुरुष	३०.०१.२०१७-०४.०२.२०१७	लवली प्रोफेशनल विश्वविद्यालय पंजाब
६	बाक्सिंग	महिला	२५-२९.०१.२०१७	लवली प्रोफेशनल विश्वविद्यालय, पंजाब
७	आर्चरी	पुरुष	१५-१९.०२.२०१७	कृष्णा विश्वविद्यालय, मछलीपटनम
८	आर्चरी	महिला	१५-१९.०२.२०१७	कृष्णा विश्वविद्यालय, मछलीपटनम
९	कुश्ती	पुरुष	२५-२७.०२.२०१७	चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय, सिरसा
१०	ताइक्वान्डो	पुरुष	१५-२१.०३.२०१७	एम.डी.यू., रोहतक
११	ताइक्वान्डो	महिला	१५-२१.०३.२०१७	एम.डी.यू., रोहतक
१२	शुटिंग	पुरुष	०८-१२.११.२०१६	जी.एन.डी.यू., अमृतसर
१३	शुटिंग	महिला	०८-१२.११.२०१६	जी.एन.डी.यू., अमृतसर
१४	वुशू	पुरुष	२६-२८.०९.२०१६	पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला
१५	वुशू	महिला	२६-२८.०९.२०१६	पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला

५-१२ फरवरी, २०१७ को आयोजित ३०वाँ फेडरेशन कप वालीबाल चैम्पियनशिप

उपरोक्त के अतिरिक्त प्रतिष्ठापरक ३०वीं फेडरेशन कप वालीवाल चैम्पियनशिप ०५-१२ फरवरी २०१७ तक विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद द्वारा आयोजित की गयी। जिसका विधिवत् उद्घाटन उत्तर प्रदेश के राज्यपाल माननीय श्री राम नाईक द्वारा किया गया।

विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद द्वारा प्रथम पैरालिम्पिक दिव्यांग खेल कूद प्रतियोगिता २०१६-१७ दिनांक २४-३० अक्टूबर, २०१६ तक आयोजित की गयी। विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद द्वारा हॉकी का एस्ट्रो टर्फ लगवाने की प्रक्रिया तेजी पर हैं जबकि सौ बिस्तरो का खेलकूद-छात्रावास तैयार हो चुका है।

९.१४ छात्र अधिष्ठाता कार्यालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की संस्थापना का मूल मंत्र है कि अध्ययन के साथ-साथ चरित्र निर्माण भी हो। संस्थापक पूज्य पंडित मदन मोहन मालवीयजी के अनुसार ज्ञान व चरित्र दोनों का मेल होने पर संसार में मान होगा और गौरव प्राप्त होगा। जीवन का सर्वांगीण विकास शिक्षा का मूलमंत्र है। शिक्षा की ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए कि विद्यार्थी अपनी भावनात्मक, शारीरिक एवं मानसिक शक्तियों का विकास करते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सके। सच्चाई और ईमानदारी से अपना जीवन निर्वाह कर सके, कलापूर्ण सौहार्द जीवन व्यतीत कर सके, समाज में आदरणीय व विश्वासपात्र बन सके। देश भक्ति व राष्ट्रीयता से, जो मनुष्य को उच्चकोटि की सेवा को प्रेरित करती हो, अपने जीवन को अलंकृत कर राष्ट्र की सेवा कर सके।

तदनुरूप काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में अनेक विधाओं से उत्सव, समारोह एवं विभिन्न प्रतियोगितायें आयोजित की जाती हैं, जिससे विद्यार्थियों की सृजनात्मकता को उचित प्रोत्साहन मिले तथा वे एक चरित्रनिष्ठ युवा के रूप में देश की सेवा कर सकें। वर्तमान सत्र में आयोजित क्रियाकलापों का विवरण निम्नवत है:

उत्सव एवं समारोह प्रकोष्ठ के अधीन आयोजित कार्यक्रम

- **वर्तमान शैक्षणिक सत्र का शुभारम्भ:** विश्वविद्यालय की परम्परा के अनुरूप नये शैक्षणिक सत्र के शुभारम्भ के अवसर पर माननीय कुलपति महोदय ने दिनांक ०४ जुलाई २०१६ को प्रातः परिसर स्थित श्री विश्वनाथ मंदिर में रुद्राभिषेक एवं पूजन किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिवार के अध्यापक, अधिकारी, कर्मचारी व विद्यार्थीगण उपस्थित रहे तथा नये शैक्षणिक सत्र की सफलता हेतु भगवान विश्वनाथ से प्रार्थना किये।
- **नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को कुलपति जी द्वारा उद्बोधन:** विश्वविद्यालय के कुलपति महोदय ने वर्तमान सत्र के नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को ११ अगस्त २०१६ को स्वतंत्रता भवन में सम्बोधित किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने छात्रों को महामना द्वारा स्थापित काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में पढ़ने के महत्व को बताते हुए उनके उज्जवल एवं सफल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर स्वतंत्रता भवन छात्रों से पूर्णतया भरा रहा।
- **कैंडिल मार्च का आयोजन: स्वतंत्रता** दिवस की पूर्वसंध्या पर एक कैंडिल मार्च का आयोजन दिनांक १४.०८.२०१७ को किया गया। कैंडिल मार्च मालवीय भवन से शुरू होकर बी.एच.यू. मेन गेट एवं वहां से वापस होकर मालवीय भवन पर संपन्न हुई। इस अवसर पर कुलपति प्रो. गिरीश चन्द्र त्रिपाठी ने कैंडिल मार्च में शामिल विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए देश के स्वतंत्रता की रक्षा की शपथ दिलायी। कैंडिल मार्च में विश्वविद्यालय के कुलसचिव, विभिन्न संस्थानों के निदेशकगण, संकायों के संकायप्रमुख, महिला महाविद्यालय की प्राचार्या, अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र- छात्राओं ने भारी तादात में हिस्सा लिया।
- **स्वतंत्रता दिवस समारोह:** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एम्पीथियेटर मैदान में एन.सी.सी. के कैडेटों द्वारा भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि माननीय कुलपति महोदय ने प्रातः ९ बजे राष्ट्रध्वज फहराया व राष्ट्रगान के साथ तिरंगे को सलामी दी। एन.सी.सी. के ग्रुप कमांडर ने माननीय कुलपति जी का स्वागत किया एवं कुलपति जी ने एन.सी.सी. कैडेटों की परेड का निरीक्षण किया। तत्पश्चात समारोह में उपस्थित दर्शकों को कुलपति महोदय ने संबोधित किया। एन.सी.सी. के आर्मी, नेवी व एयरविंग के कैडेटों ने विविध प्रदर्शन किये।

का.हि.वि.वि. में स्वतंत्रता दिवस समारोह

राष्ट्रगान व वन्देमातरम् की प्रस्तुति संगीत व मंचकला संकाय द्वारा की गयी। उक्त अवसर पर राष्ट्रभक्ति गीत व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया।

- **श्री कृष्ण जन्माष्टमी समारोहः** दिनांक २५.०८.२०१६ को मालवीय भवन में सायं ५ बजे से श्री कृष्ण जन्माष्टमी समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आचार्य नरेन्द्र नाथ पाण्डेय, पूर्व कुलपति, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय ने श्री कृष्ण की लीलाओं का वर्णन करते हुए उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। विधिवत पूजन के उपरान्त कुलपति महोदय ने सभी को प्रसाद वितरित किया। हर वर्ष की भाँति छात्रावासों में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर झांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसके परिणाम निम्नवत रहे :-
- त्रिवेणी संकुल को प्रथम पुरस्कार, महिला महाविद्यालय को द्वितीय पुरस्कार तथा रानी लक्ष्मी बाई गर्ल्स हास्टल को तृतीय पुरस्कार मिला। प्रोत्साहन पुरस्कार मैनेजमेंट छात्रावास एवं आई.एन. गुर्टू छात्रावास को प्रदान किया गया। राजीव गांधी दक्षिणी परिसर स्थित छात्रावासों की प्रतियोगिता में ओवरआल चैम्पियन विन्ध्याचल छात्रावास एवं प्रोत्साहन पुरस्कार नीलगिरी गर्ल्स छात्रावास को प्रदान किया गया।
- **शिक्षक दिवस समारोहः** डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर ५ सितंबर २०१६ को विश्वविद्यालय में शिक्षक दिवस समारोह मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ. जे.वी. नार्लीकर ने अवकाश प्राप्त शिक्षकों को अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह तथा प्रशस्ति पत्र द्वारा सम्मानित किया। के.एन. उडुप्पा प्रेक्षागृह में समारोह की अध्यक्षता करते हुए कुलपति महोदय ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तृत प्रकाश डाला।
- **गांधी जयन्तीः** २ अक्टूबर २०१६ को गांधी जयन्ती के अवसर पर विश्वविद्यालय का मुख्य आयोजन मालवीय भवन में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रोफेसर वी. एस. चौहान. नई दिल्ली ने अपने विचार व्यक्त किये। समारोह में सर्व धर्म प्रार्थना के साथ ही राष्ट्रपिता का प्रिय भजन 'वैष्णव जन ....' की प्रस्तुति की गयी। गांधी जयन्ती के अवसर पर कुलपति महोदय ने विश्वविद्यालय के १०१ प्रज्ञाचक्षु विद्यार्थियों को शिक्षण सहायता के रूप में रु.५०००/- (पाँच हजार), ३८ अतिविकलांग विद्यार्थियों को तिपहिया साईकिल क्रय करने हेतु रू.४०००/- (चार हजार) तथा १६ मूकबधिर विद्यार्थियों को रु.३०००/- (तीन हजार) प्रत्येक को नगद प्रदान किया।
- **महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जी की पुण्य तिथिः** राष्ट्रीय हिन्दी पंचांग के अनुसार मार्गशीर्ष, कृष्णपक्ष, चतुर्थी, दिनांक १८ नवम्बर, २०१६ को मालवीय भवन सभागार में महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जी की पुण्य तिथि आयोजित की गयी। इस अवसर पर संस्थानों के निदेशक, संकायों के प्रमुख, प्राचार्या, महिला महाविद्यालय, छात्र अधिष्ठाता, मुख्य आरक्षाधिकारी सहित अध्यापकों व विद्यार्थियों द्वारा महामना की प्रतिमा पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की साथ ही शांति एवं गीता का पाठ किया गया तथा दो मिनट का मौन रखा गया।
- **महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जयंतीः** विश्वविद्यालय के संस्थापक महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जयंती दिनांक १४.१२.२०१६ से २५.१२.२०१६ तक बड़े ही हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। दिनांक १४.१२.२०१६ को देवादिपूजन के साथ सप्ताहव्यापी श्रीमद्भागवत परायण एवं श्रीमद्भागवत् प्रवचन का शुभारम्भ एवं २१.१२.२०१६ को हवन पूर्णाहुति एवं प्रसाद वितरण माननीय कुलपतिजी द्वारा किया गया। मालवीय जयंती पखवाड़ा के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएँ- तत्काल चित्र कला, फैन्सी ड्रेस, लोकगीत व समूहगान, तत्काल स्लोगन, शास्त्रार्थ, संगीतमय कण्ठस्थ गीतापाठ आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। २५ दिसंबर २०१६ को मालवीय दीपावली का उद्घाटन माननीय कुलपति प्रो. गिरीश चन्द्र त्रिपाठी जी द्वारा किया गया। इस दौरान भजन, भक्ति संगीत व वेदशाखास्वाध्याय का भी आयोजन किया गया। उपरोक्त प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण कुलपति जी द्वारा २५.१२.२०१६ को किया गया। मालवीय जयंती के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएँ राजीव गाँधी दक्षिणी परिसर में भी आयोजित की गईं।
- **गणतंत्र दिवस समारोहः** दिनांक २६ जनवरी २०१७ को एम्फीथियेटर मैदान में गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया गया। प्रातः ९.०० बजे एन.सी.सी. के ग्रुप कमांडर ने समारोह के मुख्य अतिथि माननीय कुलपति, प्रो. गिरीश चन्द्र त्रिपाठी जी का स्वागत किया। तदुपरान्त राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया तथा राष्ट्रगान के उपरान्त कुलपति जी ने परेड का निरीक्षण किया।

सुश्री आकांक्षा चौरसिया, मनोविज्ञान विभाग, सामाजिक विज्ञान संकाय, को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक ज्ञान, उत्तम साधारण बोध एवं सर्वोत्तम आचरण के लिये पूर्व राष्ट्रपति डॉ. शंकर दयाल शर्मा स्वर्ण पदक २०१५-१६ तथा प्रमाण-पत्र द्वारा अलंकृत किया गया।

श्री आलोक कुमार मिश्रा, वैदिक दर्शन विभाग, संस्कृत विद्या धर्म विज्ञान संकाय को संस्कृत में आयोजित निबन्ध प्रतियोगिता मे सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने पर महामना संस्कृत पुरस्कार २०१६-१७ तथा प्रमाण-पत्र द्वारा अलंकृत किया गया।

सुश्री गुमा कुमारी थापा, शारीरिक शिक्षा विभाग, कला संकाय, का.हि.वि.वि. को सर्वोत्तम एथलीट के रूप मे मेज़र एस.एल. दर स्वर्ण पदक २०१६-१७ तथा प्रमाण-पत्र द्वारा अलंकृत किया गया।

३ यू.पी. आर्मड स्क्वैडन एन.सी.सी, का.हि.वि.वि. के यू.पी.एस.डी./१४/२८२१०३ एसयूओ रचित कुमार जैन को सर्वोत्तम एन.सी.सी कैडेट के रूप मे मेज़र एस.एल. दर रजत पदक २०१६-१७ तथा प्रमाण-पत्र द्वारा अलंकृत किया गया।

समारोह में निम्नलिखित गैर शिक्षण कर्मचारियों को उनके सराहनीय सेवाओं के लिये ''सर्वोत्तम कर्मचारी पुरस्कार'' प्रदान किया गया :

- श्री ए. एस. पिल्लई, वैयक्तिक सहायक, कुलपति कार्यालय, तृतीय श्रेणी लिपिकीय वर्ग
- श्री सन्त लाल, तकनीकी सहायक, अनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन विभाग, कृषि विज्ञान संस्थान को तृतीय श्रेणी तकनीकी वर्ग
- श्री सुरेश कुमार, अनुसेवक, संगणक केन्द्र को चतुर्थ श्रेणी लिपिकीय वर्ग
- श्री सुनील कुमार सिंह, प्रयोगशाला परिचारक, रचना शरीर विभाग, आयुर्वेद संकाय को चतुर्थ श्रेणी तकनीकी वर्ग
- **स्थापना दिवस समारोह:** परम्परा के अनुसार बसंत पंचमी के अवसर पर विश्वविद्यालय स्थापना दिवस समारोह का आयोजन दिनांक ०१.०२.२०१७ को स्थापना स्थल पर किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम स्थापना स्थल पर हवन-पूजन करने के उपरान्त माननीय कुलपति महोदय द्वारा सरस्वती पूजन किया गया। विश्वविद्यालय परिवार के अध्यापक, अधिकारी, कर्मचारी तथा विद्यार्थी भी पूजन समारोह में उपस्थित रहे। विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न छात्रावासों में भी माँ सरस्वती की पूजा एवं झांकी का प्रदर्शन किया गया। कुलपति, कुलसचिव, छात्र अधिष्ठाता तथा मुख्य आरक्षाधिकारी महोदय भी छात्रावासों में सरस्वती पूजन में उपस्थित रहे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों एवं विभागों द्वारा परिसर में झांकियां निकाली गई। इन झांकियों का प्रारम्भ बिरला तथा रूइया छात्रावास के बीच से होकर मधुवन लान पर संपन्न हुआ। मालवीय भवन, महिला महाविद्यालय होते हुए यात्रापथ में विश्वविद्यालय परिसर सहित भारी संख्या में वाराणसी की जनता ने झांकियों का अवलोकन किया।
- **छात्रावास उत्कृष्टता पुरस्कार:** छात्रावासों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा तथा स्वच्छता के साथ सुविधाओं की उपलब्धता को बनाये रखने के लिये प्रतिवर्ष छात्रावास उत्कृष्टता पुरस्कार प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष दिनांक २२ से २५ फरवरी, २०१७ तक छात्रावास उत्कृष्टता पुरस्कार प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल ६६ छात्रावासों (महिला व पुरुष) को शामिल किया गया। प्रतियोगिता के निष्पक्ष निर्णय के लिये विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेजों एवं अन्य पी.जी. एवं डिग्री कॉलेजों के शिक्षकों को निर्णायक मण्डल के सदस्य के रुप में रखा गया। प्रतियोगिता में छात्रावास रखरखाव, स्वच्छता, उपलब्ध सुविधाएँ, खेल, छात्रों की संतुष्टि आदि विषयों पर मूल्यांकन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन तीन वर्गों क्रमश: पुरूष छात्रावास, महिला छात्रावास एवं दक्षिणी परिसर के सभी छात्रावासों में कराया गया। इस प्रतियोगिता का परिणाम निम्नलिखित है।

पुरुष छात्रावास

डालमियां छात्रावास	प्रथम पुरस्कार
डॉ. एस.आर.के. छात्रावास	द्वितीय पुरस्कार
डॉ. भगवान दास छात्रावास	तृतीय पुरस्कार
बाल गंगाधर तिलक छात्रावास	प्रोत्साहन पुरस्कार
भाभा छात्रावास	प्रोत्साहन पुरस्कार
ब्रोचा छात्रावास	प्रोत्साहन पुरस्कार
मैनेजमेंट छात्रावास	प्रोत्साहन पुरस्कार
पुनर्वसु आत्रेय छात्रावास	प्रोत्साहन पुरस्कार

महिला छात्रावास

रानी लक्ष्मी बाई छात्रावास	प्रथम पुरस्कार
न्यू डाक्टर्स (गर्ल्स) छात्रावास	द्वितीय पुरस्कार
ज्योतिकुंज छात्रावास	तृतीय पुरस्कार
गंगा छात्रावास (त्रिवेणी संकुल)	प्रोत्साहन पुरस्कार
गोमती छात्रावास (त्रिवेणी संकुल)	प्रोत्साहन पुरस्कार
जे.सी. बोस छात्रावास	प्रोत्साहन पुरस्कार
मैत्रेयी छात्रावास	प्रोत्साहन पुरस्कार
स्वस्तिकुंज छात्रावास	प्रोत्साहन पुरस्कार

राजीव गाँधी दक्षिणी परिसर

विंध्यवासिनी गर्ल्स छात्रावास	ओवरआल चैम्पियन
विन्ध्याचल छात्रावास	प्रोत्साहन पुरस्कार

छात्रों के बहुमुखी व्यक्तित्व विकास एवं कल्याण के कार्यक्रम

पूर्वी क्षेत्र अन्तर्विश्वविद्यालयीय युवा महोत्सव: अन्तर्विश्व-विद्यालयीय ३२वां ईस्ट जोन राष्ट्रीय युवा महोत्सव २०१६-१७ भारतीय विश्वविद्यालय संघ तथा युवा मामले एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान में २७ से ३१ दिसंबर, २०१६ तक विद्यासागर विश्वविद्यालय मिदनापुर में आयोजित किया गया जिसमें काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के ४० सदस्यीय दल ने भाग लिया।

स्वामी विवेकानन्द जयन्ती 'युवा दिवस': काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के शताब्दी वर्ष में स्वामी विवेकानन्द जयन्ती 'युवा दिवस' के अवसर पर ''भारतीय चिन्तन और राष्ट्रनिर्माण: स्वामी विवेकानन्द की दृष्टि में'' विषय पर व्याख्यान का आयोजन १२ जनवरी, २०१७ को मालवीय भवन में किया गया। इसके मुख्य अतिथि प्रो. अवधेश प्रधान तथा काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गिरीश चन्द्र त्रिपाठी अध्यक्ष थे।

अन्तर्विश्वविद्यालयीय राष्ट्रीय युवा महोत्सव: अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा आयोजित ३२वां अन्तर्विश्वविद्यालयीय राष्ट्रीय महोत्सव शिवाजी राव विश्वविद्यालय कोल्हापुर में १० से १४ फरवरी २०१७ तक आयोजित हुआ जिसमें विश्वविद्यालय की २० सदस्यीय टीम ने भाग लिया।

अन्तर संकाय युवा महोत्सव ''स्पंदन-२०१७'': दिनांक २६.०३.२०१७ से ३०.०३.२०१७ तक अंतर संकाय युवा महोत्सव ''स्पंदन-२०१७'' का आयोजन किया गया। इस आयोजन में सभी १७ संकाय, महिला महाविद्यालय, राजीव गाँधी दक्षिणी परिसर व संबद्ध महाविद्यालयों के कुल २३ टीमों के लगभग २००० विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु इस अयोजन में संगीत, नृत्य, नाट्य, दृश्य कला व साहित्यिक स्पर्धाओं की कुल ३७ प्रतियोगिताओं को शामिल किया गया। दिनांक २७.०३.२०१७ को एम्फी थियेटर मैदान में औपचारिक उद्‌घाटन समारोह के मुख्य अतिथि प्रख्यात हास्य कलाकार श्री राजू श्रीवास्तव ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। माननीय कुलपति प्रो. गिरीश चन्द्र त्रिपाठी ने मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

दिनांक ३०.०३.२०१७ को आयोजित स्पंदन-२०१७ समापन समारोह की मुख्य अतिथि विश्व रिकार्ड स्थापित करने वाली कथक नृत्यांगना सुश्री सोनी चौरसिया थी। विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मुख्य अतिथि एवं कुलपति जी द्वारा पुरस्कृत किया गया।

छात्र-अधिष्ठाता कार्यालय द्वारा सह आयोजित कार्यक्रम

लाला लाजपत राय पाठशाला में नि:शुल्क गर्म वस्त्रों का वितरण: महामना पण्डित मदन मोहन मालवीय जी व उनके तत्कालीन सहयोगियों द्वारा समाज के पिछड़े व दलित वर्ग के उत्थान हेतु सुन्दर बगिया में स्थापित लाला लाजपत राय पाठशाला में विश्वविद्यालय व आसपास रहने वाले गरीब परिवारों के विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। सभी विद्यार्थियों को पाठशाला में नि:शुल्क शिक्षा प्रदान की जाती है। गत दिसंबर १७, २०१६ को माननीय कुलपति महोदय द्वारा विद्यालय के विद्यार्थियों को नि:शुल्क स्वेटर वितरित किया गया।

छात्र कल्याण योजना के अधीन विद्यार्थियों को प्रदान की जाने वाली सुविधाएं

- छात्र कल्याण योजना के अंन्तर्गत दिनांक २ अक्टूबर २०१६ को मालवीय भवन में आयोजित गाँधी जयंती के अवसर पर माननीय कुलपति महोदय ने विश्वविद्यालय में अध्ययनरत १०१ प्रज्ञाचक्षु विद्यार्थियों को पठन सामग्री क्रय किये जाने हेतु रु ५०००/- प्रति विद्यार्थी प्रदान किये।
- छात्रावासों में रहने वाले समस्त प्रज्ञाचक्षु विद्यार्थियों को उनके संबंधित मेसों में २ अक्टूबर २०१६ से ३० अप्रैल २०१७ तक नि:शुल्क भोजन उपलब्ध कराया गया। विकलांग विद्यार्थियों को भी उनके संबंधित मेसों में रियायती भोजन प्रदान किया गया। निर्धन व मेधावी विद्यार्थियों को 'छात्र कल्याण योजना' के अधीन विश्वविद्यालय स्थित श्री अन्नपूर्णा भोजनालय में नि:शुल्क मध्याह्न एवं रात्रि भोजन प्रदान किया गया। इस योजना के अन्तर्गत मुख्य परिसर व राजीव गाँधी दक्षिणी परिसर के लगभग ३५० विद्यार्थी लाभान्वित हुए।
- छात्र कल्याण योजना के अंन्तर्गत विश्वविद्यालय के अतिविकलांग विद्यार्थियों को तिपहिया साईकिल प्रदान किये जाने का प्रावधान है। इस वर्ष गाँधी जयंती के अवसर पर माननीय कुलपति महोदय ने ३८ अतिविकलांग विद्यार्थियों को तिपहिया साईकिल क्रय किये जाने हेतु रु.४०००/- प्रति विद्यार्थी प्रदान किये।
- गाँधी जयंती के अवसर पर माननीय कुलपति महोदय द्वारा १६ मूकबधिर विद्यार्थियों को भी रु.३०००/- प्रति विद्यार्थी नगद उपकरण हेतु सहायता प्रदान किया गया।
- विभाग स्तर पर विद्यार्थियों के लिये आयोजित किये जाने वाले सेमिनार, कार्यशाला व व्याख्यान हेतु विभिन्न संबंधित विभागों को रु.५०००/- का आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया।
- शोधार्थी एवं परास्नातक विद्यार्थियों को सम्मेलन, सेमिनार, कार्यशाला आदि में शामिल होने व पंजीकरण हेतु छात्र कल्याण योजना के अंतर्गत आर्थिक सहायता प्रदान की गई।
- केन्द्रीय ग्रन्थालय में प्रज्ञाचक्षु विद्यार्थियों से संबंधित पठन सामग्री की आडियो रिकार्डिंग के कार्य में संलग्न विद्यार्थियों को 'अर्न वाइल लर्न' योजना के तहत लगभग रु.६८०००/- पारिश्रमिक प्रदान किया गया।

९.१५. कैरियर विकास केन्द्र

विश्वविद्यालय के छात्रों के बहुमुखी कैरियर निमार्ण और संपूर्ण व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कुलपति के आदेश से विश्वविद्यालय में कौशल विकास केन्द्र की स्थापना हुई। कौशल विकास केन्द्र की स्थापना अधिसूचना नं. आर/जीएडी/कौशल विकास केन्द्र/४२१८१ दिनांक १९.०१.२०१६ द्वारा अधिसूचित है– बाद में कौशल विकास केन्द्र का नाम बदलकर कैरियर विकास केन्द्र हो गया। कैरियर विकास केन्द्र विश्वविद्यालय के हॉबी केन्द्र में स्थित है। प्रतिवेदन की अवधि में कैरियर विकास केन्द्र में विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए १४१ व्यक्तित्व विकास सत्र, ६५ एन्ड्रायड प्रयोग विकास सत्र, ६९ मूलभूत कम्प्यूटर सत्र, ५७ सी-प्रोगामिंग सत्र, ३३ वेबसाइट निमार्ण सत्र, ७ सफाई अभियान, ९ एप्टीट्यूड सत्र, गीता पर साप्ताहिक सत्र, योगा पर दैनिक सत्र, इन्टरप्रेन्योरशिप पर ५ सत्र, ४ अंग्रेजी बोलना सीखें सत्र, आई.आर.डी.एम. के परास्नातक विद्यार्थीयों के लिए १ समूह

छात्र अधिष्ठाता द्वारा आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम

चर्चा का सत्र, परास्नातक छात्रों के लिए लोक प्रशासन हेतु 'माक इन्टरव्यू' संघ लोक सेवा आयोग के तैयारी करने वाले छात्रों के लिए ९ सत्र आयोजित किया। इसके अलावा कैरियर विकास केन्द्र ७ नवम्बर २०१६ के समर्थ ग्राम अभियान से जुड़ा रहा। इससे जुड़े मुख्य कार्य निम्नलिखित है-

- ८ क्षेत्रीय दौरों में लगभग ४० गॉवों का भ्रमण किया।
- ४/११/२०१६ को जैविक कृषि सम्मेलन।
- २७/०१/२०१७ को मधुपुर और भूटादेव में दन्त्य स्वास्थ्य शिविर और पौध रोपण।
- ०२/०२/२०१७ को तारापुर और नरोत्तमपुर में महिला स्वास्थ्य शिविर और पौधरोपण।
- ०४/०२/२०१७ को साघान में पशु स्वास्थ्य शिविर।

९.१६. जलपान गृह

मैत्री जलपान गृह की कई शाखाएँ हैं, जो कि विश्वविद्यालय के विभिन्न स्थानों पर स्थित है, जिनका संचालन विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त प्रबंध समिति द्वारा होता है। मैत्री जलपान गृह का संचालन लाभार्जन के उद्देश्य से नहीं किया जाता है। यहाँ पर खाद्य पदार्थो की पूर्ति साफ-सफाई को ध्यान में रखकर ही की जाती है। जलपान गृह के द्वारा विश्वविद्यालय के शिक्षकों, गैर-शिक्षण कर्मचारियों एवं छात्रों को नाश्ता, दोपहर का भोजन तथा अन्य खाद्य पदार्थो की पूर्ति की जाती है। ये सुविधाएँ विश्वविद्यालय के प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों को भी दी जाती हैं। जब कभी विश्वविद्यालय में सेमिनार, कान्फ्रेंस होते हैं, तब इसके लिए आवश्यकता के अनुरूप नाश्ते एवं भोजन की व्यवस्था भी मैत्री जलपान गृह के द्वारा की जाती है।

इस समय का.हि.वि.वि. परिसर में निम्न कैन्टीन कार्यरत हैं:

१. मैत्री जलपान गृह एवं इसकी निम्नलिखित शाखाएँ

- चिकित्सा विज्ञान संस्थान जलपान गृह
- विश्वविद्यालयी चिकित्सालय जलपान गृह
- चिकित्सा ऑपरेशन थियेटर जलपान गृह
- रूचिरा, महिला महाविद्यालय जलपान गृह
- मधुबन जलपान गृह
- केन्द्रीय कार्यालय जलपान गृह
- केन्द्रीय विद्यालय जलपान गृह

२. एग्रो जलपान गृह

९.१७. राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.)

- राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यालय पर १५ अगस्त २०१६ को स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- २४ सितम्बर को राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रेष्ठ कार्यक्रम अधिकारी के तौर पर डॉ. कविता आर्या तथा श्रेष्ठ स्वयं सेवक के रूप में विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।
- राष्ट्रीय सेवा योजना, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयन्ती दिनांक २ अक्टूबर, २०१६ को लाला लाजपत राय प्राथमिक पाठशाला, सुन्दर बगिया, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में आयोजित की गयी। स्वच्छता अभियान का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो. गिरीश चन्द्र त्रिपाठी, कुलपति, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय द्वारा किया गया। उन्होंने छात्रों को अपने घर से महाविद्यालय तक स्वच्छ रखने पर जोर दिया एवं सभी छात्रो एवं छात्राओं को स्वच्छता शपथ ग्रहण कराया।
- स्वयंसेवकों/स्वयंसेविकाओं के चयन काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ एवं सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा किया गया। चयन शिविर में श्री अयोध्या प्रसाद, युवा अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय केन्द्र, लखनऊ (भारत सरकार), डॉ. राजनाथ, डॉ. कविता आर्य, कार्यक्रम अधिकारी भी उपस्थित थे। तीन स्वयंसेवको का चयन किया गया जिसमें एक महिका फत्याल, महिला महाविद्यालय की थी। चयनित छात्र एवं छात्राओं ने जनवरी २०१७ में गणतंत्र दिवस परेड शिविर में सहभागिता किया।
- राष्ट्रीय सेवा योजना, कला संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर डॉ. नेहा पाण्डेय कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में आयोजित किया गया।
- छठवें दिन क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अशोक श्रोती ने स्वयंसेवकों के कार्य की सराहना की और अपने क्षेत्र में प्राथमिक पाठशालाओं के शिक्षा स्तर सुधारने के उद्देश्य से पाठशाला गोद लेने का सुझाव दिया। डॉ. अचर्ना शर्मा ने कन्या भ्रूण हत्या जैसे सामाजिक मुद्दे पर स्वयंसेवकों को संबोधित किया।
- शहीदे आजम भगत सिंह की ११० जयंती नशाखोरी न करने की प्रतिबद्वता के साथ मनायी गयी।
- दिनांक १४.०४.२०१६ को राष्ट्रीय सेवा योजना, कृषि विज्ञान संस्थान, ने संविधान दिवस का आयोजन किया जिसके मुख्य अतिथि डॉ. बी पी अशोक, सुपरिंटेंडेंट ऑफ पुलिस, चुनार, एवं विशिष्ट अतिथि प्रो. रवि प्रताप सिंह, निदेशक, कृषि विज्ञान संस्थान थे।
- री- इमेजिंग एन.एस.एस. ऐज फिफ्थ स्पेस'' कार्यशाला का आयोजन स्वयं सेवी संस्था प्रवाह और वाई पी फाउंडेशन ने अंतर्राष्ट्रीय संस्था यूनाइटेड नेशन फण्ड फॉर पापुलेशन एक्टिविटी के सहयोग से गत १२-१३ दिसम्बर को किया गया। जिसमें बीएचयू के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. प्रमोद कुमार शर्मा द्वारा नामित कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजीव मिश्र और डॉ. अरूणा कुमारी को भाग लेने हेतु आमंत्रित किया गया था। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के ६३ एनएसएस यूनिट में से दो यूनिट को पायलट परियोजना में चुना गया। इसका उद्देश्य युवाओं का व्यक्तित्व विकास और सामुदायिक विकास करना है। इस पायलट परियोजना के प्रथम चरण में वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली के उच्च शिक्षण संस्थानों से पाँच-पाँच कार्यक्रम अधिकारियों का चयन करने की योजना है।

- कार्यशाला के द्वितीय चरण में महाविद्यालयों के चुने हुए स्वयंसेवक प्रशिक्षण लेंगे जो अपने-अपने कॉलेज में जाकर स्वयंसेवको को प्रशिक्षित करेंगे ताकि जन जागरूकता कार्यक्रमों में प्रभावी सहभागिता हो सके। समाज के बड़े समूहों तक पहुँचने के लिए एन.एस.एस. टीम महिला स्वयंसेवी संगठनों को शामिल करेंगी।
- बीएचयू के राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं द्वारा 'मेरा मोबाइल मेरा बटुआ' जन जागरूकता आरम्भ किया गया।
- भारत के माननीय प्रधानमंत्री के आह्वान पर स्टेट बैंक आफ इंडिया द्वारा वित्तीय साक्षरता अभियान चलाया जिसमें चालीस स्वयंसेवको ने भाग लिया। इसका उद्देश्य नकदीरहित लेन देन को बढ़ावा देना था।
- राष्ट्रीय सेवा योजना सामाजिक विज्ञान संकाय काशी हिन्दू विश्वविद्यालय इकाई द्वारा दिनांक ११.०१.२०१७ को विश्वविद्यालय परिसर में स्थित दुकानदारों को डॉ. अरूणा कुमारी, कार्यक्रम अधिकारी और मुख्य प्रबन्धक श्री शशांक कुमार के नेतृत्व में जागरूक और प्रशिक्षित किया।
- मतदाता जागरूकता कार्यक्रम: बीएचयू कला संकाय एनएसएस शाखा द्वारा मतदाता जागरूकता हेतु कला संकाय के प्रांगण में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गयी, स्वयंसेवकों के लिए एक स्लोगन प्रतियोगिता रखी गयी, जिसका विषय एथिकल वोटिंग था।
- राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा विशेष शिविर कार्यक्रम का आयोजन: इस वर्ष ५१ इकाई विशेष शिविरों का आयोजन अधिगृहीत ग्रामों एवं शहर की मलिन बस्तियों में किया गया।
- सात दिवसीय विशेष शिविर के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविरार्थियों द्वारा विशेषकर कन्दवा, सुसुवाही, आदित्य नगर, के कुओं, तालाबों और घाटों पुष्कर तालाब, कुरूक्षेत्र तालाब के साथ बी.एच.यू. परिसर के विभिन्न स्थानों पर सफाई की गयी।
- विशेष शिविर के दौरान एड्स जागरूकता, मतदाता जागरूकता, जल संरक्षण एवं साम्प्रदायिक सद्भाव रैलियों का आयोजन महिला

महाविद्यालय, बसन्त कन्या महाविद्यालय, वसन्त महिला महाविद्यालय राजघाट, आर्य महिला एवं डी.ए.वी. डिग्री कालेज विज्ञान संकाय, कला एवं समाज विज्ञान संकाय द्वारा किया गया।

- शिविरों में शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता जागरूकता एवं अन्य कई प्रकार के कार्यक्रम भी किये गये। राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े बीएचयू के सामाजिक विज्ञान संकाय के स्वयंसेवकों ने 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं' का आह्वान किया।

९.१८. राष्ट्रीय कैडेट कोर (एन.सी.सी.)

एन.सी.सी. ग्रुप हेडक्वार्टर 'ए' की स्थापना काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में १४ फरवरी १९६३ को हुआ। ग्रुप हेडक्वार्टर ए की नौ यूनिटें हैं जिनमें से पाँच यूनिट काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के प्रांगण में, दो यूनीटें बलिया, एक गाजीपुर तथा एक मुगलसराय में स्थित है। उपरोक्त सभी यूनिटों का उदय वर्ष १९६३ से पहले हुआ। उल्लेखनीय है कि २ उ.प्र. ई.म.ई कम्पनी की स्थापना ०५ अगस्त १९२१ को बनारस इंजिनियरिंग कालेज (बीईएनसीओ) के रूप में हुई थी। इस ग्रुप हेडक्वार्टर के प्रथम ग्रुप कमान्डर लेफ्टिनेन्ट कर्नल बृजपाल सिंह (राजपूत रेजीमेन्ट) थे। तब से अब तक २४ ग्रुप कमांडर अपनी सेवा ग्रुप हेडक्वांटर को दे चुके हैं। ०१ फरवरी २०१६ से ब्रिगेडियर ए के गोयल ग्रुप कमांडर हैं।

राष्ट्रीय कैडेट कोर का विस्तार

ग्रुप हेडक्वाटर 'ए' का मुख्यालय काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में स्थित है। इसमें वाराणसी, चन्दौली, गाजीपुर, बलिया तथा मऊ जनपद के कुल ६२३४ लड़के तथा २५०० लड़कियाँ कैडेट के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। इस मुख्यालय का विस्तार ३ विश्वविद्यालय, १६ विद्यालय, ६३ इण्टर तथा डिग्री कॉलेजों में है। इस मुख्यालय तथा उसके अधीनस्थ एनसीसी इकाईयों में १२ सैन्य कमीशंड अधिकारी, ३३ कनिष्ठ कमीशंड अधिकारी, ८८ नान कमीशंड अधिकारी, ४८ वरिष्ठ डिवीजन सहयोगी एनसीसी अधिकारी, २५ कनिष्ठ डिवीजन सहयोगी एनसीसी अधिकारी तथा १२९ असैन्य कर्मचारी हैं।

उपलब्धियाँ

वर्तमान वर्ष में इस मुख्यालय द्वारा निम्नलिखित उपलब्धियां अर्जित की गई हैं -

- इस मुख्यालय को इस वर्ष एन.सी.सी. निदेशालय, उत्तर प्रदेश में सातवाँ स्थान प्राप्त हुआ।
- आठ कैडेट ने थल सैनिक शिविर, दिल्ली में भाग लिया।
- ११ कैडेटों ने नौ-सैनिक शिविर, विशाखापटनम में भाग लिया।
- सात कैडेटों ने गणतंत्र दिवस शिविर, नई दिल्ली में भाग लिया।
- एक कैडेट ने भारतीय सैन्य अकादमी, देहरादून में २१ जून से ०२ जुलाई २०१६ तक विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया।
- १५ संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए गए जिसमें ५१६६ कैडेटों ने भाग लिया।
- राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में ११८ कैडेटों ने भाग लिया, जिनका आयोजन अखिल भारतीय स्तर पर हुआ था।
- २३१ कैडेटों ने आर्मी अटैचमेन्ट कैम्पों के माध्यम से सेना की गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की।
- ४४ कैडेटों ने दो अलग-अलग ट्रेकिंग में भाग लिया, जिसका आयोजन अलग-अलग एनसीसी निदेशालयों द्वारा किया गया।
- ६७ भूतपूर्व एनसीसी कैडेटों ने एनसीसी के 'ए', 'बी' तथा 'सी' प्रमाणपत्र के आधार पर सेना में तथा केन्द्र एवं राज्य सरकार की नौकरियां प्राप्त की।
- १२ सहयोगी एन.सी.सी. अधिकारियों को आपदा प्रबन्धन का प्रशिक्षण ११ बटालियन एनडीआरएफ, वाराणसी में दिया गया।
- १७ कैडेटों ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित एनसीसी नैशनल गेम्स, नई दिल्ली में भाग लिया। इसकी पूर्व कड़ी में आयोजित इंटर ग्रुप फुटबाल, हाकी एवं खो-खो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा हैंडबाल में द्वितीय स्थान रहा।
- इस मुख्यालय के अंतर्गत ७ उ.प्र. नौसेना युनिट ने उत्तर प्रदेश इंटर यूनिट नौसेना प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।
- अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस-२०१७ के अवसर पर ६९३७ कैडेटों ने भाग लिया।
- कर्नल यू के पन्त, कमान अधिकारी, ९२ उ.प्र. एनसीसी बटालियन, गाजीपुर द्वारा भारत सरकार के यूथ एक्सचेंज कार्यक्रम के तहत ०१ से २७ दिसम्बर २०१६ तक बांगलादेश में तथा कैडेट रचित कुमार जैन, ३ उ.प्र. आर्मड एनसीसी ने इसी कार्यक्रम के तहत २५ सितम्बर से ०८ अक्टूबर २०१६ तक कजाकिस्तान देश का भ्रमण किया।

सम्मान एवं पुरस्कार

- कैडेट रचित कुमार जैन, ३ उ.प्र. आर्मड एन.सी.सी. को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय द्वारा मेजर एस.एल. दार रजत पदक से सम्मानित किया गया।
- इस मुख्यालय के दो कैडेटों को एनसीसी दिवस के उपलक्ष्य में १८ नवम्बर २०१६ को एनसीसी निदेशालय, लखनऊ के अतिरिक्त महानिदेशक द्वारा सम्मानित किया गया।

इस मुख्यालय के दो कैडेटों को राजभवन, लखनऊ के समारोह में ०७ फरवरी २०१७ को सम्मानित किया गया।

९.१९. बैंक एवं डाक घर

बैंक

विश्वविद्यालय परिसर में दो राष्ट्रीयकृत बैंकों की शाखाएँ हैं जो छात्रों, कर्मचारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों को बैंकिंग सुविधाएँ प्रदान कर रही हैं।

१. भारतीय स्टेट बैंक की निम्नलिखित चार शाखाएँ परिसर में कार्यरत हैं:

- बी.एच.यू. मुख्य शाखा
- शापिंग सेन्टर बी.एच.यू. शाखा
- आई.एम.एस. बी.एच.यू. शाखा
- आई.टी. शाखा (बी.एच.यू.)

२. बैंक आफ बड़ौदा, सर सुन्दरलाल चिकित्सालय परिसर, का.हि.वि.वि.

उपरोक्त बैंकों के ४ एटीएम केन्द्र भी विश्वविद्यालय परिसर में कार्यरत हैं।

डाकघर

विश्वविद्यालय परिसर में डाकघर (कोर बैंकिंग सर्विस) निम्नलिखित तीन शाखाएँ कार्यरत हैं:

- मुख्य विश्वविद्यालय डाकघर
- बी.एच.यू. चिकित्सालय डाकघर
- मालवीयनगर डाकघर

एच.वी.वी. डाकघर में उपलब्ध सुविधाएँ :

- सभी तरह की बचत बैंक सुविधाएँ
- मेघदूत मिलेनियम
- बिजनेस पोस्ट
- खुदरा पोस्ट
- बी.एन.पी.एल. सर्विस
- डाक जीवन बीमा पॉलिसी
- वेस्टर्न यूनियन मनी ट्रांसफर
- मनीग्राम पेमेन्ट

९.२०. बी.एच.यू. कम्प्यूटरीकृत रेलवे आरक्षण केन्द्र

बी.एच.यू. परिसर स्थित उत्तर रेलवे के आरक्षण केन्द्र ने १३ जून, २००६ से कार्य प्रारम्भ किया। इस केन्द्र में प्रात: ९ बजे से अपराह्न ३ बजे तक (रविवार को छोड़कर) परिसर एवं परिसर के बाहर के लोगों को रेलवे आरक्षण की सुविधा प्राप्त होती है। इस केन्द्र द्वारा समाप्त हुए वित्तीय वर्ष २०१४-१५ में कुल रु. ६४,७३६ यात्रियों का आरक्षण हुआ एवं रु. ४६३२२ मांग-पत्रों का निस्तारण किया गया।

९.२१. हवाई पट्टी एवं हेलीपैड

विश्वविद्यालय के छात्रों के बहुआयामी व्यक्तित्व को निखारने के उद्देश्य से परिसर में एक हवाई पट्टी/हेलीपैड की भी व्यवस्था है, जहाँ ७ यू.पी. एयर स्क्वाड के सहयोग से ९०० एयर फ्लाईट कैडेटों (७०० सीनियर डिविजन एवं २०० जूनियर डिविजन) को हवाई जहाज उड़ाने एवं इससे सम्बन्धित तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाता है। ३३% सीटें महिला कैडेटों के लिए आरक्षित हैं।

९.२२. विपणन संकुल

मरीजों एवं उनके सहयोगियों, आगन्तुओं, छात्रों एवं विश्वविद्यालय कर्मचारियों को उच्च गुणवत्तायुक्त अल्पाहार, शीतल पेय, कॉफी, चाय इत्यादि प्रदान करने के लिए ५ नेस्ले काइस्क (जिसमें से एक साईबर ग्रन्थालय में स्थित है) एवं ५ अमूल पार्लर (जिनमें से एक राजीव गांधी दक्षिणी परिसर बरकछा में स्थित) है।

९.२३. काशी हिन्दू विश्वविद्यालय क्लब

महामना ने एक समग्र एवं अनूठे शैक्षणिक संस्थान के रूप में इस विश्वविद्यालय की स्थापना की जहाँ पूर्वी धर्म तथा पाश्चात विचार आपस में घुलमिल सकें और उनके बीच जीवन्त संवाद हो सके। यह मेल जोल और संवाद न केवल पृथक-पृथक माध्यम से हो बल्कि एक महत्वपूर्ण सामूहिक भवन के जरिए अनौपचारिक तरीके से हो जिसे वह विश्वविद्यालय क्लब कहा करते थे। उन्होनें सन् १९३४ में इसकी स्थापना इस उद्देश्य से की थी कि यह क्लब योग्यता व उत्कृष्टता की संस्थागत विचारधारा की पूर्ति अपने बहु-विषयी श्रेष्ठ ज्ञान के आदान–प्रदान के जरिए करेगा। तब से लेकर पिछली शताब्दी के अन्त तक, यह क्लब अनिवार्य रूप से एक संवाद केन्द्र रहा है, जहाँ काली चाय का स्वाद लेते हुए, विविध प्रदेशों के सदस्य इनडोर खेलो, जिसमें दाव रहित ताश के खेल भी शामिल थे, का आनन्द लेते थे, विभिन्न मतावलंबी काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के सम्पूर्ण शैक्षणिक तथा प्रशासनिक समुदाय के प्रति अपनेपन के भाव के साथ एक विशेष माहौल पैदा करते थे। यह एक अनौपचारिक मिलन केन्द्र था, जहाँ एक समय किसी को भी यह 'लघु भारत' प्रतीत होता था, समवेत रूप में सुन्दरतम् सांस्कृतिक अभिव्यक्ति थी। विभिन्न त्योहोरों तथा आयोजनों पर, इसके सदस्य परिवार सहित, विभिन्न प्रकार के दावतों का आनंद उठाते थे। तथा विविध गतिविधियों में बिना किसी पदानुक्रम के नियमों के, अनुशासित रूप से, विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते थे। विश्वविद्यालय क्लब अपने संकाय तथा प्रशासकों के सुन्दरतम् सांस्कृतिक शिष्टता को प्रतिबिंबित करता था।

नई शताब्दी के आरंभ के साथ ही, विश्वविद्यालय क्लब की भूमिका भी परिवर्तित हो गयी है। जहाँ पहले इसकी भूमिका विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि के रूप में थी, वही अब यह विश्वविद्यालय के लिए आय का स्रोत बन गया है। प्रतिवर्ष इसमें विवाह तथा अन्य कार्यक्रमों के आयोजन से अच्छी–खासी आय प्राप्त हो जाती है। विश्वविद्याल क्लब विश्वविद्यालय के सामासिक संस्कृति का कई वर्षों से प्रतिनिधित्व कर रहा है।

९.२४ छात्र कल्याण

९.२४.१ संस्थापन सेवा

कृषि विज्ञान संस्थान

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् (आईसीएआर) की प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से कृषि अनुसंधान सेवा के लिए संस्थान के पांच छात्रों का अंतिम रूप से चयन किया गया। इसके अलावा, ११ कम्पनियों और एनजीओ जिन्होंने संस्थान के प्लेसमेंट सेल के माध्यम से कैंपस साक्षात्कार का आयोजन किया, के द्वारा एक या दूसरी सेवा के लिए ५२ नव स्नातक/स्नातकोत्तर छात्रों का चयन किया गया, ०७ छात्र सहायक प्रोफेसर/वैज्ञानिक और ३५ छात्रों को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् की कनिष्ठ अनुसंधान अध्येतावृत्ति (आईसीएआर-जेआरएफ) परीक्षा और अन्य प्रतिष्ठित बिजनेस स्कूल की परीक्षाओं में सफलता मिली।

पर्यावरण एवं संपोष्य विकास संस्थान

शिक्षण और अनुसंधान गतिविधियों के अलावा, अन्य विश्वविद्यालयों के एमएससी/एमफिल शोध प्रबंध के लिए ग्रीष्मकालीन

सामुदायिक विकास और सामाजिक सेवा योजना

इस मुख्यालय ने निम्नलिखित सामाजिक सेवा गतिविधियों में सक्रियता से भाग ग्रहण किया-

आयोजन	इकाईयाँ	अवधि	कैडेटों की संख्या
तंबाकू निषेध दिवस	सभी इकाईयाँ	३१ मई २०१६	१५३५
विश्व पर्यावरण दिवस	सभी इकाईयाँ	०५ जून २०१६	५३५
ड्रग निषेध दिवस	सभी इकाईयाँ	२६ जून २०१६	१६२१
रक्तदान दिवस, कारगिल विजय दिवस के अवसर पर	वाराणसी	१४ अगस्त २०१६	१६५
स्वच्छता पखवाड़ा	सभी इकाईयाँ	०१-१५अगस्त २०१६	७८४
स्वच्छता सप्ताह	वाराणसी	२८सितम्बर२०१६	२२५
विश्व मधुमेह दिवस	सभी इकाईयाँ	१४ नवम्बर २०१६	३१६
वृक्षारोपण कार्यक्रम	वाराणसी	१२अगस्त२०१६	६०
तंबाकू निषेध जागरूकता	वाराणसी	१२अगस्त२०१६	३०
राष्ट्रीय युवा दिवस : ईपेमेंट जागरूकता अभियान	सभी इकाईयाँ	०६-१२ जनवरी२०१७	१५०
गणतंत्र दिवस कीर्तिगान दौड़	सभी इकाईयाँ	१८-२१जनवरी २०१७	९०२
विश्व जल दिवस	सभी इकाईयाँ	२० मार्च २०१७	३५०

प्रशिक्षण के एक भाग के रूप में आईईएसडी के प्रशिक्षित छात्र वैज्ञानिक कार्यों के लिए प्रशिक्षित छात्र हैं। छह एमएससी टेक एनवायरनमेंटल साइंस और टेक्नोलॉजिकल अंतिम वर्ष के छात्रों को वर्तमान सत्र में हैदराबाद में रामकी एनविरो इंजीनियर्स लिमिटेड, में रखा गया है।

प्रबन्धशास्त्र संस्थान

संकाय के छात्रों ने प्रतिवर्ष अपनी योग्यता का प्रदर्शन किया है। सभी छात्र संकाय की प्रबल शैक्षणिक संस्कृति की सुदृढ़ता प्रदान करते हुए भारतीय विश्वभर की प्रतिष्ठित संगठनों द्वारा भर्ती किए गए है। संकाय सदस्यों की समन्वित चेष्टाएँ छात्रों के परिसर स्थापन में भलिभांति प्रतिबिंबित हुई है। संकाय की उद्योग जगत में पहुंच बढ़ रही है हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक भी संकाय के प्रतिष्ठित एंव अग्रणी स्थापन संस्थाओं में जुड़ गया है। लगभग चालीस संगठनों ने वर्तमान सत्र के दौरान संकाय का भ्रमण किया। छात्रों द्वारा प्राप्त किये गए औसत वेतनमान की सीमा ६.५ लाख रूपये वार्षिक तक बढ़ गई है। छात्रों का प्रस्तावित कार्य प्रालेख भी विस्तृत हो रहा है।

विज्ञान संस्थान

संगणक विज्ञान विभाग

कई छात्रों को विभिन्न सॉफ्टवेयर कंपनियों में कैम्पस प्लेसमेंट मिला है। विभाग में ३ कम्पनियां कैंपस चयन के लिए आयीं टी.सी.एस., थ्रेडसोल एवं वेबकूल जिनसे क्रमश: ८, २ एवं ३ छात्रों का चयन हुआ।

भूगर्भ विज्ञान विभाग

अच्छी संख्या में विभाग के एम.एस.सी.(टेक) एवं एम.एस.सी. विद्यार्थियों का ओ.एन.जी.सी., कोल इंडिया, ए एम डी, एम ई सी एल, बार्क, एच जेड एल मोनेट इस्पात, विप्रो, टाटा स्टील जैसी कम्पनियों से नौकरी के प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं।

इसके अतिरिक्त अनेक प्रतिष्ठित शोध संस्थान तथा निजी कम्पनियाँ विद्यार्थियों को ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण प्रदान करती है। वाडिया इंस्टिट्यूट आफ हिमालयन जिओलॉजी, राष्ट्रीय भूभौतिकी शोध संस्थान (एन जी आर आई), भौतिकीय शोध प्रयोगशाला (पी आर एल), सिम्फर, जी एस आई, इसरो एवं बार्क इत्यादि इनमें शामिल है।

भू-भौतिकी विज्ञान विभाग

अन्तिम वर्ष के एम.एससी.(टेक.) भू-भौतिकी के छात्रों का विभिन्न सरकारी, अर्धसरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में चयन हुआ। इसमें ९ विद्यार्थियों का कैम्पस साक्षात्कार (२३-२४ नवम्बर २०१६) के द्वारा ओ.एन.जी.सी. में चयन हुआ तथा ०५ पूर्व विद्यार्थियों का चयन भारतीय भू-सर्वेक्षण विभाग में संघ लोकसेवा आयोग की परीक्षा के द्वारा हुआ।

प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्रों का शैक्षणिक भ्रमण एवं फील्ड ट्रेनिंग समेस्टर ब्रेक के दौरान दिसम्बर २०१६ एवं जनवरी २०१७ में कराया गया।

आनुवांशिकी विकार केन्द्र

हमारे पिछले बैच के छात्रों को एस.जी.पी.जी.आई. लखनऊ, आईएमएस, बीएचयू, विज्ञान संस्थान, बीएचयू, सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली जैसे संस्थानों में नियुक्ति मिला है।

राजीव गांधी दक्षिणी परिसर

परिसर में एक अनुस्थापन समिति का गठन किया गया है जो विद्यार्थियों को सत्र के दौरान प्रशिक्षण एवं नियुक्ति हेतु आवश्यक अवसरों का उपलब्ध कराती है।

- एम.बी.ए. (ए.बी.) के छात्र एवं छात्राओं की नियुक्ति औसत वार्षिक पैकेज ४.५ लाख रूपये के साथ इण्डोगल्फ फर्टिलाइजर, अंसल ए पी आइ, ड्यू प्वाइंट, सावन सीड, महिंद्रा टेक, पैन सीड, धनुका, बंधन माइक्रोफाइनेस सिनोकेमए चम्बल फर्टिलाइजर, एवं पर्ल अकादमी द्वारा की गई।
- बी.फार्म. आयुर्वेद के छात्र एवं छात्राओं की नियुक्ति श्री बैद्यनाथ आयुर्वेद भवन प्राइवेट लिमिटेड, इमामी प्राइवेट लिमिटेड, चरक फार्मा जैसी प्रतिष्ठित कंपनीयों में हुई।

२६.०७.२०१६ को एन.सी.सी./एन.एस.एस. कैडेटों द्वारा रक्तदान

खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी केन्द्र

- दो विद्यार्थियों को खाद्य सुरक्षा अधिकारी के रूप में चयन हुआ।
- दो विद्यार्थियों को बैंक में नौकरी प्राप्त हुई।
- बहुत से विद्यार्थियों का ख्याति प्राप्त खाद्य उद्योगों में चयन हुआ।

९.२४.२. विश्वविद्यालय सेवायोजन सूचना एवं मंत्रणा केन्द्र

'माडल ब्यूरो' के नाम से ख्याति-प्राप्त विश्वविद्यालय सेवायोजन सूचना एवं मन्त्रणा केन्द्र देश का सम्भवत: प्रथम केन्द्र है, जिसकी स्थापना जून १९५९ में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, रुइया हॉस्टल, मेडिकल ब्लाक में की गयी थी। राष्ट्रीय नियोजन सेवा की ऐसी इकाईयां इस समय देश के लगभग ८२ विश्वविद्यालयों में कार्यरत हैं। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग तथा शिक्षा मन्त्रालय, भारत सरकार का प्रयास है कि देश के सभी विश्वविद्यालयों में सेवायोजन सूचना एवं मंत्रणा केन्द्रों की स्थापना की जाय। विश्वविद्यालयी जीवन में इस केन्द्र की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण तथा चुनौतियों से भरपूर है। शिक्षित नवयुवकों तथा युवतियों को समुचित शैक्षणिक और व्यावसायिक मार्ग निर्देशन देकर, उनका भविष्य निर्माण करना, इन केन्द्रों का प्रमुख दायित्व है। विश्वविद्यालय के छात्र तथा छात्राओं को परिसर में ही शैक्षणिक तथा व्यावसायिक मार्ग निर्देशन सेवाएं उपलब्ध की जा सकें, इस उद्देश्य से इस केन्द्र का सूत्रपात किया गया था। विश्वविद्यालय की प्राचीन परम्पराओं तथा गरिमा के अनुकूल छात्रोपयोगी सेवाएं प्रदान करने की दिशा में केन्द्र सर्वथा समर्पित रहा है।

- पंजीयन, सम्प्रेषण और प्लेसमेण्ट
- कॅरियर स्टडीज एंव व्यावसायिक शोध
- रोजगार एवं स्वरोजगार सम्बन्धी सूचना
- शिक्षण-प्रशिक्षण, छात्रवृत्ति/अधिवृत्ति से सम्बन्धित सूचना
- व्यावसायिक निर्देशन एवं कैरियर काउंसिलिंग : व्यक्तिगत एवं सामूहिक
- कैम्पस भर्ती

व्यावसायिक सूचना कक्ष की स्थापना एक बड़े हाल में की गयी है। इस कक्ष को केन्द्र की सूचना सेवाओं का मेरूदण्ड कहना अधिक उपयुक्त होगा। कक्ष में कुल ८० फोल्डर है जिनका वर्गीकरण संकाय, उद्योग, संस्था तथा विभिन्न अनुभागों में किया गया है। कक्ष का महिला अनुभाग, अपना रोजगार अनुभाग, चिकित्सा तथा प्राविधिक शिक्षा अनुभाग प्रतियोगितात्मक अनुभाग, राष्ट्रीय विकास और प्रतिरक्षा अनुभाग, रोजगार क्षेत्र सूचना अनुभाग आदि छात्रों में विशेश लोकप्रिय है। देश तथा विदेशों में उपलब्ध शिक्षा, प्रशिक्षण, रोजगार, छात्रवृत्ति, अधिवृत्ति आदि सम्बन्धित सूचना वर्गीकृत रूप से कक्ष में उपलब्ध की गयी है।

मॉडल कॅरियर सेन्टर,बी.एच.यू.,वाराणसी नेशनल कॅरियर सर्विस,रोजगार एवं श्रम मंत्रालय के अन्तर्गत बनाया गया है।

नेशनल कॅरियर सर्विस (एन.सी.एस.) का मुख्य उद्देश्य यह है कि रोजगार बाजार आने वाली परेशानियों एवं उसके क्वालिटी पर ध्यान देना है।

मॉडल कॅरियर सेन्टर, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

वर्ग	प्राप्त आनलाइन शिकायत	समाधान किया गया
अनुसूचित जाति	०३	०३
अनुसूचित जनजाति	०२	०२

एन.सी.एस. पोर्टल पर कार्य

- **अभ्यर्थियों का ऑनलाइन पंजीयन:** पैन और आधार नम्बर पर अभ्यर्थियों का पंजीयन सत्यापन, आर्नलाइन रोजगार एवं काउंसलर को खोजना, रोजगार मेला आयोजित कराना एवं कॅरियर काउसंलिंग एवं मार्गनिर्देशन प्रदान करना।
- **नियोजकों का ऑनलाइन पंजीयन:** नियोजकों द्वारा अपनी रिक्तियॉ पोर्टल पर आनलाइन प्रदर्शित करना एवं अभ्यर्थियों के योग्यतानुसार रोजगार सहायता प्रदान करना।
- **काउंसलर का आनलाइन पंजीयन:** काउंसलर का पैन और आधार नं के आधार पर पंजीयन करना एवं अभ्यर्थियों को काउंसलिंग की सुविधा प्रदान करना।
- लोकल सर्विस प्रोवाइडर (पलम्बर,ड्राईवर,इलैक्ट्रीशियन आदि) का आनलाइन पंजीयन करना।
- इन्टरनेट एवं मोबाइल के द्वारा मॉडल कॅरियर सेन्टर प्राप्त किया जा सकता है।
- पोर्टल द्वारा मोबाइल एवं मेल पर रोजगार सम्बन्धी सूचना प्रदान करना।

व्यावसायिक सूचनाओं का संकलन, अध्ययन, अनुशीलन, संदर्शन, वर्गीकरण तथा संरक्षण करना केन्द्र का प्रमुख दायित्व है। केन्द्र की समस्त सूचना तथा निर्देशन सेवाएं उपयुक्त सूचना साहित्य की उपलब्धि तथा उपादेयता पर ही आधारित है। छात्रों की व्यक्तिगत तथा सामूहिक आवश्यकताओं के अनुसार ही सूचना साहित्य का संग्रहण तथा सन्दर्शन किया जाता है। वांछित सूचना तत्काल उपलब्ध न होने पर सम्बन्धित स्थानों से मंगा कर अभ्यर्थियों को उपलब्ध करायी जाती है।

व्यावसायिक परामर्श इकाइयों का संचालन केन्द्र के निर्देशन में, विश्वविद्यालय से सम्बद्ध विद्यालयों तथा महाविद्यालयों में किया जा रहा है। ऐसी इकाईयां हमारी सेवाओं को लघु रूप में अपने छात्रों को उपलब्ध कराती हैं। किशोरावस्था में निर्देशन की महत्ता का अनुभव करते हुए केन्द्र इन इकाइयों को अधिकाधिक सूचना सम्पन्न तथा सुदृढ़ बनाने की दिशा में प्रयत्नशील है। केन्द्र इन्हीं के माध्यम से सम्बन्धित संस्थाओं में व्यावसायिक वार्ताओं का आयोजन कर, छात्रों को भावी जीवन की ठोस व्यावसायिक योजना बनाने में सहायता करता है।

केन्द्र के पुस्तकालय में कीमती तथा उपयोगी सन्दर्भ साहित्य उपलब्ध है। पत्र-पत्रिकाओं के अतिरिक्त विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रम, नियमावली, प्रतियोगितात्मक परीक्षाओं के निर्देशन-साहित्य, स्वत: नियोजन, व्यवसाय प्रोन्नयन, व्यावसायिक मार्ग निर्देशन, आत्मविकास आदि से सम्बन्धित छात्रोपयोगी साहित्य पुस्तकालय में एकत्रित किया जा रहा है।

केन्द्र द्वारा व्यावसायिक शोध, अध्ययन, साहित्य सृजन तथा प्रकाशन सम्बन्धी कार्य अनवरत रूप से किया जा रहा है। प्रकाशन की तीन मालाओं 'प्लान ए कैरियर सीरीज' 'नो योर सब्जेक्ट सीरीज' तथा 'गाइडेन्स लीफ्लेट सीरीज' मे अब तक कुल ५१ पुस्तकों, पुस्तिकाओं तथा विवरणिकाओं का प्रकाशन किया जा चुका है। समय-समय पर रोजगार सर्वेक्षण आयोजित कर प्रतिवेदन प्रकाशित किए जाते है। केन्द्र के प्रकाशन बेजोड़ माने जाते है। देश के कोने-कोने से प्राप्त मांग पत्रों से इन प्रकाशनों की लोकप्रियता स्वयं सिद्ध होती है।

प्लान ए कॅरियर सीरीज के अन्तर्गत प्रकाशित साहित्य की विषय-वस्तु अपेक्षाकृत अधिक विस्तृत तथा सारगर्भित होती है। ये पुस्तकें विविध पाठ्य-विषयों से सम्बन्धित उच्चशिक्षा, प्रशिक्षण, रोजगार, स्वत: रोजगार आदि के साथ-साथ विदेशों में उपलब्ध विशेषीकरण और व्यावसायिक अवसरों की जानकारी देती है। व्यक्तिगत निर्देशन के अवसर पर छात्रों तथा अभ्यर्थियों को उनकी आवश्यकतानुसार इन पुस्तकों की प्रतियां उपलब्ध करायी जाती है। केन्द्र के सभी प्रकाशन नि:शुल्क रूप से देश के समस्त व्यवसाय निर्देशन से सम्बन्धित अभिकरणों, प्रमुख पुस्तकालयों, संस्थाओं आदि को प्रेषित किए जाते है।

पत्राचार निर्देशन सेवा केन्द्र की विशिष्ट सेवाओं में एक है। देश के सभी भूभागों से छात्रों, अभ्यर्थियों, संस्थाओं तथा अभिभावकों से पृच्छायें प्राप्त होती रहती है, जिनका समुचित उत्तर दिया जाता है। कभी-कभी बड़ी जटिल तथा समस्यापरक पृच्छाओं का भी निराकरण केन्द्र को करना पड़ता है। ऐसी स्थिति में केन्द्र तथा अभ्यर्थी के बीच बराबर पत्राचार सम्पर्क बना रहता है।

विदेशों में उच्चाध्ययन तथा रोजगार के प्रति विश्वविद्यालय के छात्रों तथा अध्यापकों में विशेष आकर्षण दृष्टिगत होता है। सूचना कक्ष में अमेरिका, कनाडा, इंग्लैण्ड, आस्ट्रेलिया, जर्मनी, फ्रांस, रूस, जापान, आदि देशों से सम्बन्धित शिक्षा, छात्रवृत्ति, प्रवेश नियम, भौगोलिक परिस्थितियाँ आदि सम्बन्धी सूचना अलग-अलग पत्रावलियों में सन्दर्शित की गई है। विदेशी विनिमय, पारपत्र, वीजा, पूर्व परीक्षा आदि में भी अद्यावधिक जानकारी दी जाती है। रोजगार सूचना सहायता सभी इच्छुक अभ्यर्थियों को दी जाती है किन्तु पंजीयन की सुविधा केवल स्नातकोत्तर तथा व्यावसायिक स्नातकों (कृषि, चिकित्सा, तकनीकी, प्रौद्योगिकी, कानून, शिक्षा, पुस्तकालय विज्ञान, प्रबन्ध शास्त्र आदि) तक ही सीमित हैं।

नियोजन हेतु पंजीकृत अभ्यर्थियों के विवरण तथा आवेदन पत्र सम्बन्धित नियोजकों को, उनकी मांगों के सन्दर्भ में, प्रेषित किए जाते हैं। ऐसी रिक्तियों की सूचना केन्द्र को सीधे नियोजक से, स्थानीय तथा देश के अन्य सेवायोजन कार्यालयों तथा केन्द्रीय सेवायोजन कार्यालय, नई दिल्ली से प्राप्त होती है।

प्लेसमेन्ट सेल: केन्द्र में स्थापित प्लेसमेन्ट सेल द्वारा समय-समय पर विभिन्न कम्पनियों के लिए कैम्पस प्लेसमेन्ट पर कार्य किया जा रहा है। केन्द्र में आने वाले आगन्तुकों एवं अभ्यर्थियों को उनकी आवश्यकता अनुसार सेवायोजन, प्रवेश से सम्बन्धित जानकारी, छात्रवृत्ति/अधिवृत्ति आदि से सम्बन्धित सूचना इण्टरनेट के माध्यम से प्रदत्त की जाती हैं।

अपना व्यवसाय चुनिये पखवाड़ा: केन्द्र द्वारा ''अपना व्यवसाय चुनिये पखवाड़ा'' दिनांक १५.०८.२०१६ से ३१.०८.२०१६ तक मनाया गया। पखवाड़े के दौरान देश-विदेश में रोजगार एवं स्वरोजगार, उच्च शिक्षा, शिक्षण-प्रशिक्षण की सुविधा, छात्रवृत्ति/ अधिवृत्ति आदि से सम्बन्धित विशेषज्ञों की व्यावसायिक वार्ता विभिन्न विभागों, संस्थानों/विद्यालयों में करायी गयी।

- रनबीर संस्कृत कॉलेज,वाराणसी
- स्व. पतिराजी देवी श्री केदार सिंह कॉलेज,मिर्जापुर
- मॉ शान्ती देवी कॉलेज, नरायनपुर, मिर्जापुर
- स्वामी अडंगणानन्द वोमेन कॉलेज, मिर्जापुर
- मुनी जी कॉलेज, नरायनपुर, मिर्जापुर

कॅरियर काउंसिलिंग तथा व्यक्तित्व विकास (अवसर शिविर): केन्द्र द्वारा ''कॅरियर काउंसिलिंग तथा व्यक्तित्व विकास (अवसर शिविर)'' मनाया गया। काउंसिलिंग के दौरान २३ महाविद्यालयों में देश-विदेश में रोजगार एवं स्वरोजगार, उच्च शिक्षा, शिक्षण-प्रशिक्षण की सुविधा, छात्रवृत्ति/अधिवृत्ति आदि से सम्बन्धित विशेषज्ञों की व्यावसायिक वार्ता करायी गयी।

वर्तमान वर्ष में किये गये कार्यों का संक्षिप्त विवरण

• पंजीयन (एन.सी.एस. पोर्टल पर)	३८८
• व्यक्तिगत सूचना	३११५
• पंजीयन मार्गदर्शन (एन.सी.एस. पोर्टल)	३८८
• व्यक्तिगत मार्गदर्शन	०६
• सामूहिक मार्गदर्शन	१३०
• स्कूल/कॉलेज में वार्ता	२८
• विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में अभ्यर्थियों की संख्या	३०८८

- सूचनाकक्ष में आने वाले आगंतुक ३६८०
- विशिष्ट आगंतुक ६०
- सेवायोजन से सम्बन्धित सम्पर्क ३३
- व्यावसायिक मार्गदर्शन से सम्बन्धित सम्पर्क ४२
- कैम्पस प्लेसमेन्ट १११
- कैम्पस साक्षात्कार में भाग लेने वाले अभ्यर्थी ९२०

९.२४.३. छात्र परिषद् कार्यालय

छात्र परिषद् द्वारा वर्तमान सत्र में निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित किये गये:

''अर्न व्हाइल लर्न'' कार्यक्रम- ५०० जरूरतमंद एवं मेधावी छात्रों को विश्वविद्यालय परिसर के अन्दर विभिन्न स्थानों पर केवल धन अर्जित करने के लिए ही नहीं बल्कि अनुभव प्राप्त करने के लिए भी विभिन्न स्थानों पर जैसे- संकाय/विभाग कार्यालय, लाइब्रेरी, अस्पताल, साइबर कैफे, इत्यादि पर कार्य प्रदान किये गये।

'दृष्टि' शोध पत्रिका एवं रचनात्मक पत्रिका 'युवा आवाज' का सातवां संस्करण छात्र-परिषद्- छात्र-परिषद ''दृष्टि'' शोध पत्रिका का सातवां संस्करण प्रकाशित किये जाने हेतु तैयारी कर रहा है। इस संस्करण में शोध पत्र तीन भाषाओं (हिन्दी, संस्कृत, अंग्रेजी) में प्रकाशित किये जायेंगे। लगभग सभी शोध पत्रों को प्रेस में प्रकाशन हेतु भेज दिया गया है। छात्र परिषद् द्वारा विश्वविद्यालय के युवाओं के लिए एक रचनात्मक पत्रिका भी ''युवा आवाज'' के नाम से प्रकाशित की जाती है। इस पत्रिका में मुख्य रूप से काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा रचित प्रकाशित कविता एवं लघु कथा की जाती है, इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को लिखने हेतु प्रेरित करना है।

अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं मुशायरा - दिनांक ३१/०३/२०१७ को एम्फीथियेटर मैदान में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं मुशायरा का आयोजन किया गया, जिसमें विश्व प्रसिद्ध १० कवियों ने भाग लिया। इनके नाम हैं- पंडित हरिराम द्विवेदी, डॉ. कुँवर बेचैन, डॉ. सागर त्रिपाठी, श्री यश मालवीय, श्री ओम धीरज, श्री हरि नारायण सिंह 'हरीश', श्री वाहिद अली 'वाहिद', श्री भाल चन्द्र त्रिपाठी, सुश्री संदल अफरोज, सुश्री प्रियंका ओम नन्दिनी विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, अध्यापकों, अधिकारियों एवं विश्वविद्यालय परिवार के अन्य सदस्यों ने कवि सम्मेलन का आनन्द लिया। उन सभी छात्रों को भी कविता पाठ के लिए निमंत्रित किया गया जिन्होंने 'स्पंदन' में अपनी कृतियों को प्रस्तुत किया था तथा उसे वहाँ सराहा एवं पुरस्कृत किया गया था।

९.२४.४. नगर छात्र निकाय

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के ऐसे सभी छात्र जो छात्रावास में न रह कर शहर के विभिन्न अंचलों या विश्वविद्यालय परिसर में निवास करते हैं, उनका पंजीकरण नगर छात्र-निकाय के संरक्षण में किया जाता है। ऐसे छात्रों के शैक्षिक, सांस्कृतिक व बौद्धिक विकास के दायित्व का निर्वहन नगर छात्र-निकाय विभिन्न ईकाइयों के मुख्य संरक्षक एवं संरक्षकों की देख-रेख में किया जाता है। नगर छात्र निकाय की कुल पाँच इकाईयाँ निम्नलिखित है:

- पूर्वी निकाय
- पश्चिमी एवं डी.एल.डब्ल्यू. निकाय
- उत्तरी निकाय
- दक्षिणी एवं रामनगर निकाय
- महिला महाविद्यालय इकाई (केवल छात्राओं के लिए)

नगर छात्र निकाय नगरीय छात्रों के लिए टेबल-टेनिस, शतरंज, कैरम, फुटबॉल, बालीबॉल, कबड्डी व क्रिकेट इत्यादि खेलकूद के अतिरिक्त स्तरीय प्रतियोगी पत्रिकायें, दैनिक समाचार पत्र (हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा में) आदि छात्रों के अध्ययनार्थ हेतु उपलब्ध कराता है।

नगर छात्र निकाय द्वारा प्रतिवर्ष बहुउद्देश्यीय क्रिया-कलापों तथा विभिन्न प्रकार के साहित्यिक तथा सांस्कृतिक निबन्ध लेखन, प्रश्नोत्तरी, वाद-विवाद, सुभाषण, कार्टूनिंग पेंटिंग, फोटोग्राफी, पोस्टर मेकिंग, मेंहदी, रंगोली, वादन (सितार, तबला, बॉसुरी) एकल गायन व काव्य पाठ इत्यादि उन्मेष प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है।

इसी क्रम में वर्तमान सत्र में नगर छात्र निकाय द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं में ५४६ छात्रों ने सक्रियता से भाग लिया। प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी विशेष समारोह उन्मेष में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया है। वर्तमान सत्र वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह ८ अप्रैल, २०१७ को आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रो. विनोद शंकर सिंह, पूर्व विभागाध्यक्ष एवं संकाय प्रमुख, वाणिज्य संकाय, का.हि.वि.वि. ने किया। ९० विजेता प्रतिभगियों को पूर्व विभागाध्यक्ष एवं संकाय प्रमुख महोदय द्वारा प्रमाण-पत्र एवं चिन्ह प्रदान किया गया। इस समारोह के मौके पर छात्र अधिष्ठाता के अलावा कई प्रतिष्ठित व्यक्ति उपस्थित थे।

९.२४.५. छात्र कल्याण: समान अवसर एवं समावेशी पद्धति

(क) अनु.जाति/ अनु.जनजाति के लिए विशेष प्रकोष्ठ

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय में सम्पर्क अधिकारी के रूप में संयुक्त कुलसचिव के प्रभार के अन्तर्गत, अनु.जाति/अनु.जनजाति समुदाय के कर्मचारियों, छात्रों एवं शिक्षकों के हितों के लिए एक विशेष प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। जिसका कार्य भारत सरकार की आरक्षण सम्बन्धित नीतियों के क्रियान्वयन की देखरेख और सम्बन्धित सरकारी मंत्रालयों/ कार्यालयों को समय-समय पर सूचनाएँ उपलब्ध कराना है। कुलपति जी के निर्देश पर उप कुलसचिव, सामान्य प्रशासन के परिपत्र सं. आर/जीएडी/एससी/एसटी ग्रीवांस सेल/६७१०/६७२३ दिनांक ११-०५-२०१३ के द्वारा निम्नलिखित प्रकोष्ठों का गठन किया गया है:

- अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति विश्वविद्यालय स्तर पर शिकायत प्रकोष्ठ।
- अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति संकाय स्तर पर शिकायत समिति।
- अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति विभागीय स्तर पर शिकायत समिति।

(ख) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से सम्बन्धित विश्वविद्यालय स्तर पर क्रियान्वित की गयी आरक्षण नीति

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग/भारत सरकार द्वारा अधिसूचित अनिवार्य प्रावधानों को दृष्टिगत रखते हुये विश्वविद्यालय द्वारा अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के लिये क्रमश: १५ प्रतिशत एवं ७.५ प्रतिशत की दर से निम्नलिखित हेतु आरक्षण लागू किया गया है:

- विभिन्न पाठयक्रमों में प्रवेश हेतु
- छात्रावासों में कमरों के आवंटन हेतु
- शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों के आवासों के आवंटन हेतु
- शिक्षकों के चयन (असिसटेंट प्रोफेसर से प्रोफेसर स्तर तक) हेतु
- गैर शिक्षण कर्मचारियों के चयन हेतु

(ग) अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति हेतु स्थायी समिति

माननीय कुलपति के आदेशानुसार अधिसूचना सं.एससीटी/II/ ११.१२/२८८ दिनांक ०८.१०.२०११ द्वारा एक स्थायी समिति का पुनर्गठन किया गया है। माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति की स्थायी समिति की एक उप समिति भी गठित की गयी है जो विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों की प्रवेश समितियों द्वारा अग्रसारित संदिग्ध जाति प्रमाण-पत्रों की जाँच एवं सत्यापन का कार्य करती है। उप-समिति के निर्देशानुसार संदिग्ध जाति प्रमाण-पत्रों के सत्यापन के लिए मुख्य आरक्षाधिकारी, काशी हिन्दूविश्वविद्यालय के माध्यम से सक्षम अधिकारियों के पास भेजा जाता है।

(घ) अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति पर्यवेक्षक

विश्वविद्यालय में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति समुदाय के हितों की रक्षा के लिए विभिन्न प्रवेश समितियों/चयन समितियों/ छात्रावास आवंटन समिति/नियुक्ति सहित पदोन्नति हेतु गठित समितियों में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति श्रेणी के अध्यापकों में से एक व्यक्ति को पर्यवेक्षक के रूप में नामित किया जाता है। इसमें इस वर्ग से सम्बन्धित अध्यापकों की सूची इस प्रकोष्ठ द्वारा प्रत्येक वर्ष जुलाई माह में जारी की जाती है।

(ङ) आंकड़ों (डाटा) का संकलन

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ नियमित रूप से छात्रों के प्रवेश, छात्रावास सुविधा, अध्येतावृत्ति/छात्रवृत्ति एवं शिक्षण तथा गैर शिक्षण कर्मचारियों के आवासों से सम्बन्धित सांख्यिकीय आंकड़ों को उपलब्ध कराता रहता है, जिसे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अनुवीक्षण समिति द्वारा अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के लिये निर्धारित आरक्षण नीति निर्धारण एवं क्रियान्वयन के लिए उपयोग किया जाता है।

(च) शिकायत पंजिका

इस प्रकोष्ठ द्वारा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति समुदाय के छात्रों, कर्मचारियों तथा शिक्षकों से प्राप्त शिकायतों को प्रकोष्ठ में उपलब्ध शिकायत पुस्तिका में पंजीकृत कर, सम्बन्धित ईकाइयों को आख्या/आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित किया जाता है तथा प्रकरण पर की गयी प्रत्येक कार्यवाही का विवरण भी दर्ज होता है तथा समय-समय पर प्रकोष्ठ इन उपलब्ध आकड़ों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग एवं राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग को प्रेषित करता है।

(छ) ऑनलाइन शिकायत पंजिका

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के पत्र दिनांक १ मार्च २०१६ के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय द्वारा अनुसूचित जाति/जनजाति प्रकोष्ठ के अधीन ऑनलाइन शिकायत पंजिका विकसित की गयी है, जिसे bhu.ac.in पर देखा जा सकता है। आनलाइन शिकायत दर्ज करने के लिये http://internet.bhu.ac.in/scstobc/ complaint.php पर लॉगिन किया जा सकता है।

(ज) शिकायत निवारण प्रकोष्ठ का गठन

विश्वविद्यालय के अनुसूचित जाति/ जनजाति के सदस्यों की माँग पर शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्रों की शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार विश्वविद्यालय सामान्य प्रशासन द्वारा तीन स्तरों (विश्वविद्यालय स्तर, संकाय स्तर एवं विभाग स्तर) पर अनुसूचित जाति/जनजाति ग्रीवांस प्रकोष्ठ के गठन की अधिसूचना दिनांक ११ मई २०१३ को जारी की गयी है। सत्र २०१५-१६ विश्वविद्यालय स्तर पर गठित अनुसूचित जाति/जनजाति ग्रीवांस प्रकोष्ठ ने प्राप्त कुल ५ शिकायतों का निवारण किया।

अन्य पिछड़ा वर्ग

(क) अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए विशेष प्रकोष्ठ

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय में सम्पर्क अधिकारी के रूप में संयुक्त कुलसचिव के प्रभार के अन्तर्गत अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए निर्धारित आरक्षण नीति के क्रियान्वयन की निगरानी हेतु एक विशेष प्रकोष्ठ की स्थापना की गयी है। यह प्रकोष्ठ पहले अ.जा./अ.ज.जा. प्रकोष्ठ का ही अंग था परन्तु वर्तमान् में कुलपति जी के आदेशानुसार एवं सामान्य प्रशासन के परिपत्र संख्या आर/जीएडी/क्रीएशन आफ सेल्स/६६९९ दिनांक ११-५-२०१३ के अनुसार पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ का गठन किया गया है साथ ही वर्तमान में यह प्रकोष्ठ अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का भी कार्य दिया गया है।

(ख) अन्य पिछड़ी जाति से सम्बन्धित आरक्षण नीति

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग/भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी अधिसूचनाओं के क्रियान्वयन फलस्वरूप विश्वविद्यालय द्वारा चयन एवं प्रवेश प्रक्रियाओं में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए २७ प्रतिशत आरक्षण के अनिवार्य प्रावधान को विश्वविद्यालय द्वारा निम्नलिखित हेतु क्रियान्वित किया गया है:-

- विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश
- शिक्षक सदस्यों का चयन (असिस्टेंट प्रोफेसर स्तर तक)
- गैर-शिक्षण कर्मचारी पदों पर चयन

(ग) आंकड़ा (डाटा) संकलन

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और मानव संसाधन विकास मंत्रालय के निर्देशानुसार यह प्रकोष्ठ छात्रों के प्रवेश, अध्येतावृत्ति/ छात्रवृत्ति, शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों के चयन, जैसे-विभिन्न मामलों पर नियमित रूप से सांख्यिकीय आंकड़े उपलब्ध करता है।

(घ) शिकायत पंजिका

अन्य पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ में एक शिकायत पंजिका उपलब्ध है, जिसमें अन्य पिछड़ी जाति के अभ्यर्थियों से प्राप्त शिकायतों को पंजीकृत कर इन शिकायतों को संबंधित ईकाइयों में आख्या/आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजता है। इन शिकायतों का नियमानुसार निस्तारण एवं तद्नुसार जबाब प्रेषित करता है।

(च) संदिग्ध प्रमाण पत्रों के सत्यापन हेतु समिति का गठन

माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार अधिसूचना संख्या OBC/Misc/Caste Verification/२०१६/३२१/२२३८४ दिनांक अगस्त १२/१३, २०१६ द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग के संदिग्ध प्रमाण पत्रों की जाँच के लिये **''कमेटी फार वेरीफिकेशन ऑफ डाउटफुल ओबीसी सर्टिफिकेट''** का गठन किया गया है, जो विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों की प्रवेश समितियों द्वारा अग्रसारित संदिग्ध जाति प्रमाण-पत्रों की जाँच एवं सत्यापन का कार्य करती है।

रेमेडियल कोचिंग सेन्टर

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की नि:शुल्क कोचिंग योजना के अन्तर्गत निर्धारित निर्देशों के अनुसार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ी जाति (नॉन क्रीमी लेयर), अल्पसंख्यक समुदाय के लिए नेट (NET) परीक्षा की तैयारी के लिए माननीय कुलपति महोदय ने एक सात सदस्यीय सलाहकार समिति का गठन किया है। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ी जाति (नॉन क्रीमी लेयर) तथा अल्पसंख्यक छात्रों के लिए सामाजिक विज्ञान संकाय के मनोविज्ञान विभाग में एक रेमेडियल कोचिंग सेन्टर का संचालन हो रहा है।

रेमेडियल कोचिंग के तहत २०१५-१६ में नेट परीक्षा हेतु कुल २९९ छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षित किया गया। जिसमें २२५ अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर), ४६ अनुसूचित जाति, १६ अनुसूचित जनजाति एवं १२ अल्प संख्यक वर्ग के छात्र-छात्राओं ने सकुशल प्रशिक्षण प्राप्त किया।

वर्ष २०१५-१६ में सिविल सेवा परीक्षा हेतु कुल १५१ छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षित किया गया जिसमें ८८ अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर), ५० अनुसूचित जाति, ०७ अनुसूचित जनजाति एवं ०६ अल्प संख्यक वर्ग के छात्र-छात्राओं ने सकुशल प्रशिक्षण प्राप्त किया।

विकलांगता प्रकोष्ठ

उप सचिव, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली से प्राप्त पत्र संख्या एफ.६-१/२००२ (सीपीसी-द्वितीय) दिनांक २ मार्च, २००५ के अनुपालन में विकलांगजनों को संवैधानिक सुविधाओं को लागू करने हेतु विश्वविद्यालय में ''विकलांगता ईकाई'' का गठन किया गया। सामान्य प्रशासन के पत्र संख्या आर/जीएडी/प्रथम-विकलांग ईकाई/२६३७७ दिनांक २२.०९.२००६ द्वारा उपकुलसचिव (शिक्षण) को उक्त ईकाई का प्रभार सौंपा गया था। वर्तमान समय में इस प्रकोष्ठ के सम्पर्क अधिकारी संयुक्त कुलसचिव स्तर के अधिकारी हैं। भारत सरकार के नियमानुसार विकलांगजनों को ३% प्रतिशत (१% दृष्टि

बाधित के लिये, १% श्रवण बाधित के लिये तथा १% अस्थि बाधित के लिये) शिक्षण, गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति तथा प्रवेश परीक्षाओं में क्षैतिज आरक्षण दिया जाता है। भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुरूप विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त अन्य सुविधायें/छूट भी प्राप्त हो जाती है।

समान अवसर प्रकोष्ठ

कुलपति महोदय के निर्देशानुसार उपकुलसचिव, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति को समान अवसर प्रकोष्ठ का प्रभारी भी बनाया गया है (पत्र संख्या आर/डेव/मर्ज्ड स्किम/इ.ओ.सी./४१७४ दिनांक २९.०३.२०१०)। वर्तमान समय में उक्त प्रकोष्ठ के सम्पर्क अधिकारी विश्वविद्यालय के संयुक्त कुलसचिव स्तर के अधिकारी हैं।

समान अवसर प्रकोष्ठ का उद्देश्य/कार्य: इस प्रकोष्ठ का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक, विकलांग एवं अन्य पिछड़े वर्ग (नान क्रीमी लेयर) के छात्रों को सफल एवं रोजगारपरक बनाने हेतु विशिष्ट योजना के तहत कोचिंग चला कर उन्हें मुख्य धारा में लाना है।

भेद-भाव प्रतिरोधक अधिकारी

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशानिर्देश पर माननीय कुलपति महोदय ने अधिसूचना संख्या R/GAD/E.O.Cell/922 दिनांक अप्रैल ६, २०१६ द्वारा डॉ. एम.के. सिंह, प्रोफेसर को भेद-भाव मूलक अधिकारी (Anti Discrimination Officer), समान अवसर प्रकोष्ठ, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय नियुक्त किया है, जिससे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को इस कार्यालय के पत्र संख्या SCT/EOC/301B/२०१६/२८३७ दिनांक १८.०४.२०१६ द्वारा अवगत भी कराया जा चुका है।

अन्नदान योजनाकाशी

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय परिसर स्थित श्री विश्वनाथ मंदिर की स्थापना चैत्र कृष्ण अष्टमी तद् दिनांक ११ मार्च १९३१ को कृष्णाश्रम जी के कर-कमलों द्वारा किया गया। श्री कृष्णाश्रम जी काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के संस्थापक महामना पं. मदन मोहन मालवीय के निवेदन पर आये थे। श्री कृष्णाश्रमजी गंगोत्री से और आगे तपस्यारत थे। सफेद संगमरमर से निर्मित इस मंदिर को बिरला मंदिर के नाम से भी जाना जाता हैं क्योंकि इस मंदिर के निर्माण में बिरला परिवार का योगदान सर्वाधिक है। इस मंदिर की ऊँचाई २५२ फीट है। इस मंदिर में प्रतिदिन हजारों की संख्या में देश-विदेश से दर्शनार्थी आते हैं। श्रावण मास, श्री महाशिवरात्रि, कार्तिक मास में दर्शन करने आने वाले दर्शनार्थियों की संख्या अधिक रहती है। श्री विश्वनाथ मंदिर द्वारा अन्नदान नामक एक योजना संचालित की जाती है। इस योजना के अन्तर्गत काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के निर्धन एवं मेधावी छात्र को नि:शुल्क दोपहर एवं रात्रि का भोजन दिया जाता है। वर्ष २०१५-१६ में इस योजना का लाभ ६० छात्रों को प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त वर्ष २०१५-१६ में मंदिर में श्रावण महोत्सव, नवरात्र, दीपावली एवं अन्नकूट, मालवीय जयन्ती, श्री महाशिवरात्रि, श्री विश्वनाथ मंदिर का स्थापना दिवस, हनुमान जयन्ती आदि महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

९.२४.६.पाठ्येतर गतिविधियाँ

- इको क्लब– पर्यावरण और धारणीय विकास संस्थान, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी के राजीव गांधी दक्षिणी परिसर में इको क्लब का आयोजन हुआ।
- युवा महोत्सव (स्पन्दन २०१७) के अन्तर्गत फोटोग्राफी पर निबंध लेखन, वाद-विवाद, अंग्रेजी/हिन्दी कविता पाठ, प्रश्नोत्तरी, टर्न कोट्स मौके पर पेंटिंग, चित्र, रंगोली और मेंहदी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।
- विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में छात्रों के बीच पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन अस्सी घाट पर किया गया।
- डॉ. जय प्रकाश वर्मा, पर्यावरण एवं धारणीय विकास संस्थान, बीएचयू ने पूर्वी उत्तर प्रदेश के जौनपुर, आजमगढ़, चन्दौली और मिर्जापुर जिले के किसानों के कृषि उत्पादन को बढ़ाने के लिए जैव उर्वरक के बारे में प्रशिक्षण देना एवं इसका लोकप्रिय बनाना।
- विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस (बसन्त पंचमी) के उपलक्ष्य में पर्यावरण एवं धारणीय विकास संस्थान में झाँकी निकाली गयी। जिसका विषयवस्तु ''५आर का अर्थ: रिसाइकिल, रीयूज, रीडूस, रीफॉर्म'' था।

प्रबन्धशास्त्र संस्थान

संकाय द्वारा प्रत्येक सत्र पर्यन्त सह पाठयक्रम एवं पाठयक्रमेत्तर गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। इनमें राष्ट्रीय पर्वो पर छात्रों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम भी सम्मिलित है। शैक्षणिक आयोजन जैसे की सम्मेलन, संगोष्ठी, संकाय के वार्षिकोत्सव के साथ 'भूमा' का वार्षिक सम्मेलन भी मुख्य है। छात्र इनमें बढ़चढ़कर भाग लेते हैं तथा पुरस्कार प्राप्त करते है।

छात्र विश्वविद्यालय स्तर के कार्यक्रम स्पन्दन, स्पर्धा, जन्माष्टमी पर्व आदि अवसरों पर भी प्रतियोगिताओं में भाग लेते है तथा पुरस्कार प्राप्त करते है। भूमा के प्रादेशिक सम्मेलन भी आयोजित किए जाते है।

विज्ञान संस्थान

जैव प्रौद्योगिकी स्कूल

- स्थापना दिवस की झांकी
- स्वच्छ भारत अभियान में प्रतिभागिता
- नये भर्ती छात्रों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम
- अंतर-विभागीय खेल गतिविधियों में भाग लेना
- स्कूल गार्डेन में बागबानी
- कुछ छात्रों द्वारा अंतर विभागीय और अंतर-संकाय स्तर पर खेल और खेल (संस्कृति गतिविधियों) में भागीदारी।

वनस्पति विभाग

अतिरिक्त पाठ्यक्रम गतिविधियों के लिए प्रेरित करने वाले कार्यक्रम को चलाया गया था जो अग्रलिखित है बॉटनिकल गार्डेन, विभागा के विद्यार्थियों द्वारा सेंट्रल इंस्टुमेंट लैब का भ्रमण, कॉलेज और स्कूल के छात्रों के साथ ही अन्य विश्वविद्यालय और सरकार द्वारा उपकरणों का उपयोग, स्वच्छ भारत अभियान के अन्तर्गत बॉटनिकल गार्डेन की सफाई।

महिला महाविद्यालय

राष्ट्रीय सेवा योजना

राष्ट्रीय सेवा योजना में भाग लेने वाली छात्राओं ने एक दिवसीय शिविर के दौरान श्रमदान करते हुए परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। जागरूकता दिवस पर मतदाताओं को मत देने के लिए जागरूक किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष कार्यक्रम के तहत छात्राओं ने कुष्ठाश्रम और वृद्धाश्रम जाकर समाज के उपेक्षित वर्ग के लोगों के दु:ख दर्द को बाँटा सामाजिक सेवा के महान कारक रूप में महिला महाविद्यालय की छात्राओं के लिए 'रेड रिबन क्लब' को स्थापित किया गया। १४ नवम्बर २०१६ बाल दिवस के अवसर पर छात्राओं ने रक्त दान किया। राष्ट्रीय सेवा योजना की तरफ से छात्राओं ने पर्यावरण जागरूकता रैली निकली। मतदाता जागरूकता दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

राष्ट्रीय केडेट कोर

खेलकूद-गतिविधियाँ

इस वर्ष महिला महाविद्यालय के छात्राओं ने बास्केटबॉल, बैडमिन्टन कबड्डी, वॉलिबॉल और हैण्डबाल में युनिवर्सिटी में हिस्सा लिया।

सांस्कृतिक पर्व उत्सव

महिला महाविद्यालय के छात्रावास में बड़ी धूमधाम से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव झांकिया सजाकर सम्पन्न हुआ। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के 'स्थापना दिवस' बसंत पंचमी के दिन सरस्वती-पूजन हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ एवं झॉकी निकाली गई। रोज़ा इफ्तार का जश्न छात्राओं के बीच सद्भावना जगाने हेतु आयोजित किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कई पदाधिकारी, वरिष्ठ प्राध्यापिकाएँ एवं प्राध्यापक भी आमंत्रित थे।

ओरिण्टेशन, नवागत छात्राओं का स्वागत समारोह एवं बी.ए./बी.एस.सी./एम.एस.सी. अंतिम वर्ष की छात्राओं का विदाई समारोह सम्पन्न हुआ।

आर्य महिला महाविद्यालय

स्पीक मैके: स्पिक मैके चैप्टर, तथा आर्य महिला पी.जी. कॉलेज के संयुक्त तत्तवावधान में दिनांक २४.१०.२०१६ को उड़ीसा के सुप्रसिद्ध लोकनृत्य गोटीपुआ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उड़ीसा के बाल कलाकारों द्वारा वन्दना नृत्य, पल्लवी नृत्य और अभिनय नृत्य की मोहक छवियाँ प्रस्तुत की गयी।

तेजस्विनी: दिनांक २३.०२.२०१७ को तेजस्विनी प्रकोष्ठ की ओर से छात्राओं के निमित्त 'वुमेन एण्ड हेल्थ' विषय पर डॉ. वानी बाजपेयी के व्याख्यान का आयोजन किया गया तथा इस अवसर पर छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं डॉ. प्रियंवदा तिवारी, प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ, प्रो. रीता बहुगुणा जोशी, प्रो. रचना श्रीवास्तव, प्राचार्या, बी.के.एम., प्रो. रेवती साकलकर, संगीत एवं मंचकला संकाय, का.हि.वि.वि., हिन्दुस्तान की रिपोर्टर वीना तिवारी को भी सम्मानित किया गया।

पूर्व-छात्रा समागम: दिनांक २२ अप्रैल २०१७ को महाविद्यालय में पूर्व छात्रा समागम समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की पूर्व छात्राएँ डॉ. रमा पाण्डेय, दर्शनशास्त्र विभाग, बसंत कॉलेज फॉर वुमेन, डॉ. सुमिता चट्टर्जी, बांग्ला विभाग, का.हि.वि.वि., डॉ. संगीता जैन, अंग्रेजी विभाग, डी.ए.वी. पी.जी. कॉलेज, डॉ. रीता जायसवाल, संमाजशास्त्र विभाग, महिला महाविद्यालय, का.हि.वि.वि., प्रसिद्ध नृत्यांगना ममता टण्डन, डॉ. शारदा सिंह, (दर्शनशास्त्र) राज्यपाल पुरस्कार से पुरस्कृत तथा अन्य पूर्व छात्राओं की सहभागिता रही।

युवा महोत्सव: प्रति वर्ष की भॉति इस वर्ष भी (युवा महोत्सव) मेधा सांस्कृतिक संकुल का उद्घाटन दिनांक ८ फरवरी, २०१७ को प्रो. रेवती साकलकर, संगीत एवं मंचकला संकाय, का.हि.वि.वि. जी के करकमलों से सम्पन्न किया गया। इस युवा महोत्सव का समापन दिनांक ०९.०२.२०१७ को महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रचना दूबे ने सम्पन्न कराया।

स्पंदन: २६-३० मार्च, २०१७ तक काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में आयोजित अन्तर संकाय स्पन्दन प्रतियोगिता में संस्कृत वाद-विवाद प्रतियोगिता में पल्लवी एम.ए. पूर्वार्द्ध ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्कृत स्वरचित काव्य-पाठ में श्रद्धा तिवारी, एम.ए. उत्तरार्द्ध ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। शास्त्रीय सितारवादन में कुमारी दानिया आलम ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

खेलकूद

- दिनांक २९.०८.२०१६ को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आर्य महिला पी.जी. कॉलेज में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

- दिनांक ०८.०९.२०१६ से १०.०९.२०१६ तक काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में अंतर संकाय बैटमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय की तीन छात्राओं ने भाग लिया।
- दिनांक १५ से १७ सितम्बर २०१६ को कृषि विज्ञान संस्थान, का.हि.वि.वि. तथा आर्य महिला पी.जी. कॉलेज प्रतिस्पर्द्धा में महाविद्यालय की टीम ने विजय हासिल की।
- दिनांक ३ से ५ अक्टूबर, २०१६ को महाविद्यालय में आयोजित अंतर विभागीय बैण्डमिंटन प्रतियोगिता में वाणिज्य विभाग ने विजय हासिल की।
- महाविद्यालय में छात्राओं तथा शिक्षिकाओं के निमित्त जिम आरम्भ किया गया।

शैक्षणिक भ्रमण: महाविद्यालय के बी.ए. तृतीय वर्ष एवं एम.ए. प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की छात्राओं को दिनांक २२.०२.२०१७ से ०४.०३.२०१७ तक शैक्षणिक भ्रमण के निमित्त आगरा फोर्ट तथा नई दिल्ली ले जाया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना: महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की पाँच इकाइयाँ कार्यरत हैं, इन पॉच इकाइयों में ५०० छात्राओं का पंजीकरण किया गया है, प्रत्येक इकाई एक दिवसीय एवं सात दिवसीय शिविर तथा रक्तदान, सफाई, पौधा रोपड़ तथा अनाथ बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा, मलिन बस्तियों का सर्वे, भाषण प्रतियोगिता, व्याख्यान, निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित कर समाज को अपना योगदान प्रदान करता है।

वसन्त महिला महाविद्यालय

शैक्षणिक भ्रमण/पिकनिक: छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण पर राजस्थान (२५.०१.२०१७), कलकत्ता, पुरी एवं भुवनेश्वर ले जाया गया (२३.०२.२०१७ से ०२.०३.२०१७)।

राष्ट्रीय सेवा योजना: राष्ट्रीय सेवा योजना की पाँच इकाईयों द्वारा सात दिवसीय शिविर (२५ फरवरी से ३ मार्च २०१७) का आयोजन किया गया। इस शिविर में छात्राओं ने सरायमोहाना, कोटवॉ गाँव तथा सारनाथ का भ्रमण किया। शिविर में जागरूकता अभियान के अन्तर्गत स्वस्थ गाँव, बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओं, साक्षरता मिशन, पर्यावरण बचाओ कार्यक्रम एवं नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन (०१.०३.२०१७) भी किया गया।

स्पीक मैके: ४ सितम्बर २०१६: स्पीक मैके के तत्वाधान में इस वर्ष महाविद्यालय में प्रसिद्ध बाँसुरी वादक श्री रोनू मजूमदार ने अपनी प्रस्तुति दी। महाविद्यालय की छात्राओं ने एनटीपीसी स्कूल, दादरी, गाजियाबाद में आयोजित स्पीक मैके राज्य सम्मेलन में भाग लिया।

वसन्ताश्रम : 'वसन्ताश्रम' छात्रावास में श्री कृष्ण जन्माष्टमी, क्रिसमस, वसन्त पंचमी एवं होली त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। छात्राओं के बहुमुखी विकास हेतु बैग मेकिंग, ब्यूटीशियन कोर्स, कुकिंग एवं कॅरियर निर्देशन प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा डॉ. मीनाक्षी थापन, दिल्ली विश्वविद्यालय (२६ जुलाई २०१६) एवं लन्दन की डॉ. सुरैया (२७.०२.२०१७) का व्याख्यान आयोजित किया गया।

पुरातन छात्र सम्मेलन: महाविद्यालय द्वारा २१ मार्च २०१७ को अयोजित पुरातन छात्र सम्मेलन में वर्ष १९३५ से २०१६ के तकरीबन ५०० छात्राओं को आमंत्रित किया गया एवं विशेष पुरातन छात्राओं जैसे प्रो. पुष्पलता प्रताप, पूर्वप्रधानाचार्या, वसन्त कन्या महाविद्यालय, डॉ. मंजू सुन्दरम, प्रसिद्ध संगीतज्ञ, प्रो. विदुला जायसवाल, प्रसिद्ध पुरातत्वविद्, प्रो. कल्पलता पाण्डेय, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ एवं नीता नागर सहित कई पुरा छात्राओं ने अपने संस्मरण सुनाये एवं प्राचार्या द्वारा उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

खेल गतिविधियाँ: आर्य महिला पीजी कॉलेज, वसन्त कन्या महाविद्यालय एवं अन्य के साथ मैत्री खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अन्तर विश्वविद्यालय क्रीड़ा प्रतियोगिता में कु. श्रेया सिंह (हैण्डबॉल), शबनम बानो (हैण्डबॉल), अर्चना पटेल (कबड्डी) एवं मनु मंजुषा (बालीवॉल) चयनित हुई। बैडमिंटन एवं शतरंज प्रतियोगिता में दिव्यांग छात्राओं ने भाग लिया तथा द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा १२ छात्राओं कों ग्रीन बेल्ट तथा ३ छात्राओं को येलो बेल्ट प्रदान किया गया। प्रिया कुमारी (स्नातक, प्रथम वर्ष) ने के.ए.आई. राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता-२०१६, नई दिल्ली में ४० किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक तथा कराटे एसोशिएसन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता-२०१७ में तृतीय स्थान प्राप्त किया। २३ फरवरी २०१७ को वार्षिक क्रीड़ा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मार्चपास्ट, ताइक्वांडो, योग, सुई धागा, बोरी दौड़, म्युजिकल चेयर, तथा बास्केटबाल आदि विभिन्न खेलों का आयोजन हुआ।

अन्य गतिविधियाँ : अगस्त ३०, २०१६: बाढ़के दौरान छात्राओं एवं शिक्षण/गैर शिक्षण कर्मचारियों द्वारा वाराणसी के बाढ़प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री जैसे खाद्य पदार्थ, दवाईयाँ, जूस एवं कपड़े आदि का वितरण किया गया।

वसन्त कन्या महाविद्यालय

सर्जना

महाविद्यालय के साहित्यिक और सांस्कृतिक मंच, 'सर्जना' के अन्तर्गत इस वर्ष दो सत्रों में १५ प्रतियोगिताएँ आयोजित हुई। क्रमश: पहला सत्र २३.०९.२०१६, २४.०९.२०१६, २६.०९.२०१६, २७.०९.२०१६, ११.०२.२०१७, १३.०२.२०१७ को सम्पन्न हुआ। इसमें निबन्ध लेखन, भाषण, टर्नकोट, काव्य-पाठ, पोस्टर-निर्माण, रंगोली, मेंहदी, समूह-गीत, समूह नृत्य, नाटक और कोलाज प्रतियोगिताएँ हुई। उक्त प्रतियोगिताओं में बी.ए. व एम.ए. के कुल ५०० विद्यार्थियों ने सहभागिता की। चल वैजन्ती प्राप्त कर बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्राएँ विजेता बनी।

संस्कृत मातृ मण्डलम्

''संस्कृत मातृ मण्डलम्'' संस्कृत भाषा के शैक्षणिक उपयोग के साथ उसके व्यावहारिक प्रयोग पर भी बल देता है। इस सत्र में छात्राओं के भाषिक-कौशल की वृद्धि हेतु दिनांक १५.०९.२०१६ से दिनांक २४.०९.२०१६ तथा दिनांक २६.०९.२०१६ से दिनांक

११.१०.२०१६ तक दो कार्यशालाएँ आयोजित हुईं; जिनका उद्देश्य था-छात्राओं में संस्कृत भाषा के प्रति अभिरुचि व समझ उत्पन्न करना।

महिला अध्ययन प्रकोष्ठ ''उड़ान''

महिला प्रकोष्ठ ''उड़ान'' छात्राओं में उनके अधिकार और कर्तव्य के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के लिए कृतसंकल्प है। इसका उद्देश्य छात्राओं को सशक्त बनाते हुए उनके भीतर आत्मसम्मान उत्पन्न करना है; जिससे वे राष्ट्रनिर्माण में अपना अमूल्य योगदान दे सकें। इसके अन्तर्गत दिनांक १५.०९.२०१६ को एक काव्यपाठ प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसका शीर्षक था ''औरत होना''। इसमें ६५ छात्राओं ने सहभागिता की। दिनांक २२.०३.२०१७ को ''महिला सशक्तिकरण'' पर छात्राओं ने एक नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया।

एनी बेसेन्ट चेतना संवर्धन समिति

दिनांक ०१.१०.२०१६ को इस समिति ने डॉ. एनी बेसेन्ट का जन्म दिवस कार्यक्रम आयोजित किया।

पुरा छात्रा सम्मिलन ''आवर्तन''

दिनांक २२.०३.२०१७ को बारहवाँ पुराछात्रा सम्मिलन आवर्तन आयोजित हुआ। कार्यक्रम का प्रारम्भ डॉ. एनी बेसेन्ट के चित्र पर प्रबन्धक प्रो. सुशीला सिंह और प्राचार्या डॉ. रचना श्रीवास्तव द्वारा माल्यार्पण से हुआ। तत्पश्चात् प्राचार्या डॉ. श्रीवास्तव ने पुराछात्राओं को महाविद्यालय के नवीन ढंग से रचित वेबसाइट के विषय में जानकारी दी। इसके अतिरिक्त पूरे वर्ष भर आयोजित होने वाली प्रमुख शैक्षणिक और शिक्षणेतर कार्यक्रमों के विषय में भी सूचित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय पत्रिका ''वसंतश्री'' वितरित की गई। डॉ. संगीता देवडिया ने पावर प्वाइंट प्रस्तुतिकरण द्वारा आवर्तन के विषय में पुरा छात्राओं को जानकारी दी। महाविद्यालय की स्वर्ण-पदक प्राप्त तीन छात्राओं को इस आयोजन के अवसर पर सम्मानित किया गया। ये तीन छात्राएँ थीं कुमारी सुप्रिया मिश्रा, (हिन्दी आनर्स), कुमारी स्वाति यादव, (संस्कृत ऑनर्स) और कुमारी नेहा वर्मा (अंग्रेजी ऑनर्स)। समागत पुरा छात्राओं ने अपने अनुभव परस्पर बाँटते हुए विविध गतिविधियों में सहभागिता की।

राष्ट्रीय सेवा योजना

इस सत्र में महाविद्यालय की पाँच इकाइयों द्वारा दो एक दिवसीय और एक सात दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। पहला एक दिवसीय शिविर २५.१०.२०१६ को सम्पन्न हुआ जो राष्ट्रीय एकता पर आधारित था। एक क्रार्यक्रम ''राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका'' विषय पर आयोजित हुआ जिसमें छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ किया। महाविद्यालय की प्राचार्या और सभी कार्यक्रम अधिकारियों ने स्वयं सेविकाओं के साथ मिलकर वृक्षारोपण किया तथा पर्यावरण संरक्षण, उर्जा संरक्षण और पॉलिथीन मुक्त पर्यावरण हेतु शपथ ली। दूसरे सत्र में ''देशबन्धु फाउण्डेशन'' के कार्यकर्ताओं ने व्याख्यान द्वारा छात्राओं को नेतृत्व क्षमता के विकास के प्रति जागृत किया। तृतीय सत्र में डॉ. विजय कुमार ने ''बैकिंग के क्षेत्र में रोजगार के अवसर'' विषय पर व्याख्यान दिया।

दूसरा एक दिवसीय शिविर दिनांक ८.११.२०१६ को आयोजित हुआ, जिसमें ''लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल और मौलाना अबुल क़लाम आज़ाद- युवाओं के लिए प्रेरक व्यक्तित्व'' विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में छात्राओं ने उनके जीवन और चिन्तन पर विचार व्यक्त किये। इसके अतिरिक्त एक देश भक्ति गीत प्रतियोगिता भी आयोजित हुई। इन प्रतियोगिताओं में कुल २५ छात्राओं ने सहभागिता की और एक ''मोमबत्ती शान्ति मार्च'' भी निकाला।

दिनांक ०३.०२.२०१७ से ०९.०२.२०१७ तक एक सात दिवसीय शिविर आयोजित हुआ, जिसमें ''मतदाता जागरुकता'' विषय पर एक विमर्श आयोजित हुआ जिसमें स्वयं सेविकाओं ने मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा व्यक्तित्व विकास के विविध पक्ष पर एक समूह चर्चा भी की गयी।

दिनांक ०४.०२.२०१७ को ''योग और ताइक्वान्डा'' से जुडी कार्यशाला आयोजित हुई। इसके अतिरिक्त स्वयं सेविकाओं ने विभिन्न क्रीड़ा प्रतियोगिताओं जैसे कबड्डी, खो-खो आदि में उत्साहपूर्ण ढंग से सहभागिता की। ''पर्यावरण संरक्षण'' विषय पर पोस्टर और नारा लेखन प्रतियोगिताएँ आयोजित हुईं। इसके अतिरिक्त ''मतदाता जागरुकता'' कार्यक्रम तथा ''बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ''कार्यक्रम भी आयोजित हुआ।

दिनांक ०५.०२.२०१७ को स्वरचित और पररचित काव्य पाठ प्रतियोगिता आयोजित हुई। ''मेरे सपनों का महाविद्यालय'' विषयक भाषण प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. शिप्रा धर का ''महिला स्वास्थ्य'' विषय पर आधारित व्याख्यान हुआ। पोस्टर और नारा लेखन प्रतियोगितएँ भी आयोजित हुईं।

दिनांक ०६.०२.२०१७ को ''गंगा का महत्व: संरक्षण और चुनौतियाँ'' विषयक संगोष्ठी नगर आयुक्त श्री हरि प्रताप शाही के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुई। इस अवसर पर व.क.म. की प्रबन्धक प्रो. सुशीला सिंह तथा प्राचार्या डॉ. रचना श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। स्वयं सेविकाओं को ''गंगा एक्शन प्लान प्रोजेक्ट'' और ''स्वच्छता ऐप'' के विषय में जागरुक किया गया। इस अवसर पर ''रंगभूमि कला समूह'' के सदस्यों ने स्वच्छता पर एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया।

दिनांक ०७.०२.२०१७ को ''कठोर तप या ध्यान'' विषय पर एक शिविर आयोजित हुआ। पाँचों इकाइयों की स्वयं सेविकाओं ने ''मतदाता जागरुकता और स्वच्छता जागरुकता'' पर रैली निकाली तथा संत रघुवर नगर, शिवपुरवा, सुन्दरपुर और रानीपुर मलिन बस्तियों में जाकर उन्हे स्वास्थ्य और स्वच्छता से संबधित जानकारी देते हुये उन क्षेत्रों की सफाई भी की। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से छात्राओं ने स्वास्थ्य और स्वच्छता, मुद्राविहीन लेन-देन और पर्यावरण संरक्षण के विषय में जागरुक करते हुये मलिन बस्तियों में भोजन, कपड़े, पेन, पेन्सिल और किताबें भी वितरित कीं।

दिनांक ०८.०२.२०१७ को शिविर का आरम्भ रामकृष्ण मिशन के डॉ. श्यामनारायण और श्री सुनील छोगी के द्वारा ''ध्यान'' से जुड़े कार्यक्रम से हुआ। इस अवसर पर डॉ. सीमा वर्मा ने ''संगीत और अनुशासन'' विषय पर व्याख्यान दिया। इसके अतिरिक्त ''भविष्य

निर्माण और तनाव प्रबंधन'' पर श्री आर. पी. सोनकर का, ''अर्थशास्त्र में रोज़गार के अवसर'' विषयक व्याख्यान डॉ. विजय कुमार का, ''पोषण सम्बन्धी समस्याएं'' विषय पर सुश्री प्रियंका का, और ''मानव संवेदना एवं काव्य'' विषय पर डॉ. सपना भूषण का व्याख्यान हुआ।

समापन समारोह दिनांक ०९.०२.२०१७ को डॉ. पी.के. शर्मा, कार्यक्रम समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना, का.हि.वि.वि. और डॉ. रचना श्रीवास्तव, प्राचार्या, व.क.म. की अध्यक्षता में सम्पन्न हआ। इस अवसर पर विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। पाँचो इकाइयों की २५० छात्राओं ने इसमें सहभागिता की।

वार्षिक क्रीड़ा दिवस

दिनांक ०१.०३.२०१७ से ०२.०३.२०१७ तक वार्षिक क्रीड़ा दिवस और मैडम ब्लैवेट्स्की वॉलीवाल प्रतियोगिता आयोजित हुई।

दिनांक ०१.०३.२०१७ को मैडम ब्लैवेट्स्की वॉलीवाल प्रतियोगिता का उद्घाटन जनपदीय क्रीड़ा अधिकारी श्री भगवान राय ने किया। शहर के विभिन्न महाविद्यालयों के ७ खेल समूहों ने इस प्रतियोगिता में सहभागिता की। प्रथम दिवस को मैडम ब्लैवेट्स्की वॉलीवाल प्रतियोगिता के अतिरिक्त १०० मीटर दौड़, लम्बी कूद, गोला फेंक, शतरंज, खो-खो और कबड्डी प्रतियोगिताएँ भी आयोजित हुईं।

दिनांक ०२.०३.२०१७ को ब्लैवेट्स्की वॉलीवाल प्रतियोगिता के समापन सत्र में वाराणसी के मुख्य विकास अधिकारी श्री पुलकित खरे मुख्य अतिथि थे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में वाराणसी विकास प्राधिकरण के सहसचिव श्री प्रकाशचन्द्र भी उपस्थित हुए। श्री खरे ने अपने सम्बोधन में छात्राओं के सर्वतोन्मुखी विकास के लिए क्रीड़ा के महत्त्व पर विशेष बल दिया। विशिष्ट अतिथि श्री पी.सी. श्रीवास्तव ने छात्राओं को उनकी सक्रिय सहभागिता के लिए बधाई देते हुए खेल को शिक्षा का अभिन्न अंग बताया। ब्लैवेट्स्की टूर्नामेन्ट का फाइनल मैच वसन्त कन्या महाविद्यालय और आर्य महिला पी.जी. कालेज के बीच खेला गया। आर्य महिला की छात्राएँ विजेता रहीं। छात्राओं ने विभिन्न गतिविधियों में सक्रियता से सहभागिता की। सभी प्रतियोगिताओं में ३०० छात्राओं ने हिस्सा लिया।

जयंतियाँ एवं दिवस

महाविद्यालय शैक्षणिक, सहशैक्षणिक और शिक्षणेतर गतिविधियों के अतिरिक्त छात्राओं के व्यक्तित्व में अनुशासन एवं परम्पराओं के प्रति आदर का भाव उत्पन्न करने हेतु महापुरुषों की जयंतियों और दिवसों का आयोजन भी करता है, जिससे छात्राओं को उन महापुरुषों के जीवन मूल्यों से संस्कारित किया जा सके। कार्यक्रम निम्न हैं:-

- हिन्दी विभाग ने दिनांक १०.०९.२०१६ को ''तुलसी जयंती'' का आयोजन किया। इस अवसर पर ''रामचरित मानस का आदर्श'' विषयक संगोष्ठी आयोजित हुई, जिसमें मुख्य वक्ता थे प्रो. बलिराज पाण्डेय, पूर्व अध्यक्ष, हिन्दी विभाग, का.हि.वि.वि.।
- हिन्दी विभाग ने दिनांक १४.०९.२०१६ को हिन्दी दिवस का आयोजन किया, जिसमें मुख्य वक्ता डॉ. सत्यपाल शर्मा, असिस्टेन्ट प्रोफेसर, हिन्दी विभाग, का.हि.वि.वि. का ''हिन्दी की चुनौतियाँ एवं प्रासंगिकता'' विषयक व्याख्यान हुआ। हिन्दी विभाग की समस्त छात्राएँ और अध्यापिकाएँ इस अवसर पर उपस्थित रहीं।
- दिनांक २१.०२.२०१७ को प्रो. चन्द्रकला त्रिपाठी, हिन्दी विभाग, का.हि.वि.वि., के मुख्य आतिथ्य में ''अन्तर्राष्ट्रीय मातृ भाषा दिवस'' आयोजित हुआ। इस अवसर पर आयोजित नारा लेखन और पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में हिन्दी विभाग की छात्राओं ने सहभागिता की।

डी.ए.वी. पी.जी. कॉलेज

सांस्कृतिक कार्यक्रम

- महाविद्यालय में एकदिवसीय युवा महोत्सव (हॉरमनी) का आयोजन किया गया। इसी प्रतियोगिता में से छात्रों का चयन 'स्पंदन-२०१७' के लिए किया गया।
- सभी विभागों के विद्यार्थियों ने विदाई समारोह एवं शिक्षक दिवस का आयोजन किया।

राष्ट्रीय सेवा योजना

एन एस एस कार्यक्रम: कॉलेज डॉ. पूनम सिंह, डॉ. संजय कुमार सिंह, डॉ. हबीबुल्लाह, डॉ. मधु सिसोदिया, डॉ. शैलजा सिंह, डॉ. हसन बानो, डॉ. आनन्द सिंह, डॉ. राहुल के संचालन में आठ यूनिट का संचालन कर रहा है। सत्र के दौरान प्रत्येक संगठित सात दिन के शिविर में कॉजेल के आसपास के स्थानों, रामकटोरा तालाब, चित्रकूट तालाब की सफाई; जागरूकता अभियान, मलिन बस्ती, सामाजिक और शैक्षिक सर्वेक्षण, साक्षरता अभियान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम- बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओं रैली, मतदाता जागरूकता, योग ध्यान, व्यक्तित्व का विकास, चाइनिज मांझा का बहिष्कार एव दहन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था।

९.२५ हिन्दी प्रकाशन समिति (भौतिकी प्रकोष्ठ)

हिन्दी प्रकाशन समिति (भौतिकी प्रकोष्ठ), विज्ञान संस्थान, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना विश्वविद्यालय के महान संस्थापक महामना पं. मदन मोहन मालवीय जी द्वारा सन् १९३० में की गयी। इसकी स्थापना के पीछे विज्ञान, प्रौद्योगिकी, कृषि एवं चिकित्सा शिक्षा की पुस्तकों को छात्र/छात्राओं के लिए हिन्दी में उपलब्ध कराना था। यह प्रकोष्ठ हिन्दी में विज्ञान लेखन, पुस्तक लेखन एवं अंग्रेजी में लिखी पुस्तकों के अनुवाद में संलग्न है। प्रकोष्ठ द्वारा पिछले तीन वर्षों से *विज्ञान-गंगा* (ISSN 2231-2455) का प्रकाशन किया जा रहा है। जिसमें विज्ञान के लोकप्रिय लेख हिन्दी में होते हैं। यह विज्ञान पत्रिका वर्ष में दो बार प्रकाशित की जाती है। अब तक *विज्ञान-गंगा* के ग्यारह अंक प्रकाशित किये जा चुके हैं।

केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा विज्ञान गंगा को विभिन्न केन्द्रीय विद्यालयों में क्रय हेतु संस्तुत किया गया है। इसके साथ ही प्रकोष्ठ द्वारा हिन्दी को लोकप्रिय बनाने के लिए समय-समय पर संगोष्ठी/ परिसंवाद/ कार्यशालाओं का भी आयोजन किया जाता है।

हाल ही में समिति ने 'मधुमेह के कारण और निवारण' तथा 'तरलन:एक सामान्य परिचय' नामक दो पुस्तकों का प्रकाशन किया है।

भाग - २

वार्षिक प्रतिवेदन २०१६-२०१७

परिशिष्ट - १

कोर्ट के सदस्य

(१०.०२.२०१६ और २७.०३.२०१७ से प्रभावी)

१. डॉ. कर्ण सिंह, कुलाधिपति (३०.११.२०१६ तक)
२. प्रो. जी.सी. त्रिपाठी, कुलपति
३. प्रो. कृष्ण प्रताप सिंह
४. श्री. आन्नद्रो अदशुल
५. श्री. नीरज शेखर
६. डॉ. रजनीश कुमार शुक्ला
७. डॉ. गिरीश चन्द्र सक्सेना
८. डॉ. प्रवीण कुमार
९. प्रो. (डॉ.) राजीव सजरीया
१०. डॉ. श्री राम वर्मा
११. डॉ. उमा श्रीवास्तव
१२. प्रो. जितेन्द्र प्रसाद
१३. डॉ. के.डी. त्रिपाठी
१४. प्रो. सन्तोष कुमार
१५. डॉ. राजेश शर्मा
१६. डॉ. पिजूशकान्ती पनिग्रही
१७. प्रो. (डॉ.) आशीष दहिया
१८. प्रो. रेखा चतुर्वेदी
१९. डॉ. हेमेन्द्र सिंह चंडालीया
२०. श्रीमती अरुणा शारस्वत
२१. प्रो. आनन्द पालीवाल
२२. श्री अंकित दिवाकर कले
२३. श्री सुमन कुमार
२४. डॉ. रक्षा सिंह
२५. श्री. इला पटनायक
२६. श्री विपिन विहारी
२७. प्रो. (डॉ.) सुधा सिन्हा
२८. प्रो. एस.एस.सवरीकर
२९. डॉ. के.वी.एस.एस. नारायण राव
३०. डॉ. सी.एच. गोपाल रेड्डी
३१. डॉ. एस.के.वर्मा
३२. डॉ. सी.के. सुब्बया
३३. डॉ. संगीत काले
३४. प्रो. चन्द्रकान्त दन्यन्देव लोखन्डे
३५. प्रो. महेन्द्र कुमार गुप्ता

- कार्यकारिणी परिषद् के सदस्य

(परिनियम १७(१) (i) के अन्तर्गत)

१. **प्रो. गिरीश चन्द्र त्रिपाठी**
कुलपति
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय
(कार्यकारिणी परिषद् के पदेन अध्यक्ष)

२. **डॉ. जगमोहन सिंह राजपूत**
पूर्व निदेशक,
एन.सी.ई.आर.टी., नई दिल्ली

३. **डॉ. महेश चन्द्र मिश्रा**
निदेशक,
अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान,
नई दिल्ली

४. **प्रो. डी.पी. सिंह**
निदेशक,
राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद्, बंगलुरु

५. **प्रो.वी. कुटुम्ब शास्त्री**
पूर्व कुलपति
सोमनाथ संस्कृत विश्वविद्यालय, गुजरात

६. **प्रो. सी.आर. ज्योतिषि**
पूर्व विभागाध्यक्ष, संगीत
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

७. **प्रो. मिशेल दनीनो**
आई.आई.टी.,
गॉधीनगर, गुजरात

८. **प्रो. धनन्जय पाण्डेय**
वस्तुपरक विज्ञान एवं अभियांत्रिकी स्कूल, प्रौद्योगिकी संस्थान
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

९. **डॉ.नचिकेता तिवारी**
भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान
कानपुर

III - विद्वत् परिषद् के सदस्य

कुलपति (परिनियम १७(१) (i) के अन्तर्गत)

प्रो. गिरीश चन्द्र त्रिपाठी

संस्थानों के निदेशक

(परिनियम १७(१) के अन्तर्गत)

१. **कृषि विज्ञान संस्थान**
प्रो. आर.पी. सिंह (२३.१२.२०१६ तक)
प्रो. ए. वैशम्पायन (२४.१२.२०१६ से)

२. **चिकित्सा विज्ञान संस्थान**
प्रो. एस.एस. पाण्डेय (०३.११.२०१६तक)
प्रो. वी.के.शुक्ला (०४.११.२०१६ से)

३. **पर्यावरण एवं संपोष्य विकास**
प्रो. कविता शाह

४. **प्रबन्ध शास्त्र**
प्रो. राजकुमार

